प्राकृतमार्गोपदेशिका

मूल लेखक :
अध्यापक बेचरदास जीवराज दोशी

हिन्दी में अनुवादिका
पं० साध्वी श्री सुव्रताजी
शिष्या
पं० साध्वी श्रीमृगावतीजी
शिष्या
स्व० साध्वी श्रीशीलवतीजी
श्री विजयवल्लभसूरि जी की
आज्ञानुवर्तिनी

प्रकाशक :
मोतीलाल बनारसीदास
दिल्ली वाराणसी पटना

प्रकाशक :
श्री सुन्दरलाल जैन,
मोतीलाल बनारसीदास
चौक, वाराणसी
बंगलो रोड, जवाहरनगर, दिल्ली-७
अशोक राजपथ, पटना

हिन्दी प्रथम संस्करण

ईस्वी सन्—१९६८
विक्रम वर्ष—२०२५
वीर संवत्—२४९५
मूल्य— MLBD
[illegible]

मुद्रक :
केशव मुद्रणालय
पाण्डेयपुर पिसनहरिया, वाराणसी कैण्ट।

श्री साध्वीजी शीलवतीजी

जन्म वर्ष—विक्रम संवत् १९५० पौष शु दि ११।
जन्मस्थल—राणपरडा (चौतल-काठियावाड)।
निर्वाण वर्ष—विक्रम संवत् २०२४ महा व दि ४ शनिवार।
निर्वाणस्थल—बम्बई-श्री महावीर स्वामी देरासर, पायधुना।
सर्व आयु—७४ वर्ष।

यथा नाम तथा गुणों से विभूषित मेरी मातामही
गुरुणीजी श्री स्व० श्री शीलवती जी
महाराज के चरणकमलों में

अनुगामिनी
प्रशिष्या
सुव्रता

प्रस्तावना

आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं के अध्ययन में प्राकृत का अध्ययन संस्कृत जैसा ही अपरिहार्य है। प्राकृत के अध्ययन के बिना आधुनिक आर्य भाषाओं की चर्चा पूर्ण नहीं हो पाती, इसलिए संस्कृत के साथ ही साथ मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं जैसे पालि, विभिन्न प्रकार की प्राकृत तथा अपभ्रंश का अवश्य अध्ययन किया जाना चाहिए। पालि की चर्चा भारतवर्ष में कई शतकों से लुप्त हो गई थी, लेकिन आजकल भारत में पालि के अध्ययन की व्यवस्था प्रारम्भ हो गई है। कलकत्ता विश्वविद्यालय इस विषय में पथ प्रदर्शक बना था। अब पालि की चर्चा भारत के अन्य विश्वविद्यालयों में पूर्णतया चालू हो गई है। पालि के मुख्य ग्रंथों के नागरी-लिपि में संस्करण निकल गये हैं और हिन्दी में पालि के लिए विशेष उपयोगी पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जैसे आनन्द कौसल्यायन जी की पुस्तकें और श्री लक्ष्मीनारायण तिवारी की पुस्तकें।

परन्तु हिन्दी संसार में प्राकृतों की चर्चा प्राय उतनी नहीं फैल पाई है। इसका एक मुख्य कारण यह था कि पालि जैसी ही प्राकृत की आलोचना भी हिन्दी भाषियों में प्राय बन्द हो गई थी। संस्कृत नाटकों के अध्ययन के समय प्राकृत के अध्ययन की कुछ आवश्यकता अवश्य पड़ती थी परन्तु हमारे संस्कृत के विद्वान् केवल संस्कृत छाया के सहारे किसी प्रकार काम चला लेते थे। प्राकृत का गम्भीर अध्ययन कहीं भी नहीं दिखाई पड़ता था। इसका एक अन्य कारण यह भी है कि पजाब और राजस्थान को छोड़कर अन्य हिन्दी भाषी प्रदेशों में ऐसे जैन लोग सख्या में बहुत कम हैं जिनकी धार्मिक भाषा प्राकृत मानी जाती है, परन्तु राजस्थान तथा गुजरात में जैन लोग सख्या में गरिष्ठ न हों, परन्तु भूयिष्ठ हैं और इनमें जैन यति और मुनि तथा अन्य विद्वान् बहुत सख्या में मिलते हैं, जो अपने धार्मिक विचार और शास्त्राध्ययन में निरन्तर व्यापृत रहते हैं और इन विषयों में जैसे प्राकृत धार्मिक तथा साहित्यिक ग्रंथों के संशोधन

और प्रकाशन में संलग्न रहते हैं और प्राकृत भाषा के व्याकरण की महत्त्वपूर्ण रचनाएँ प्रकाशित कराते हैं। इन विषयों में गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र के जैन पण्डितों की देन अपरिसीम है।

प्राकृत भाषा, विशेषकर अर्द्धमागधी, संस्कृत और पालिके साथ ही साथ एक मुख्य प्राचीन भाषा के रूप में छात्रों के अध्ययन के लिए नियत की गई थी, इसलिए प्राकृत के प्राध्यापकों ने अंग्रेजी में दो-चार अच्छी पुस्तकें प्रकाशित की थी। इसके अतिरिक्त गुजराती में जो मौलिक विचार के साथ ग्रंथ निकलते जाते हैं वे गुजरात के बाहर लोगों को दृष्टिगोचर नहीं होते।

हमारे श्रद्धास्पद मित्र पण्डित बेचरदास जीवराज दोशी गुजरात के प्रमुख भाषातात्त्विकों में गिने जाते हैं। आप गुजराती, संस्कृत, प्राकृत, मराठी, हिन्दी प्रभृति भाषाओं के प्रकाण्ड पण्डित हैं। गुजराती में आपने बहुत वर्ष पहले "गुजराती भाषा नी उत्क्रान्ति" नामक एक भाषाशास्त्रानुगत विचारपूर्ण ग्रन्थ लिखा था। मुझे इनके साथ परिचित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और जब उनसे मेरा पहला साक्षात्कार हुआ तभी से मैं उनका गुणग्राही रहा हूँ और उनके साथ पत्र-व्यवहार करता आया हूँ। "पुत्रे तोये यशसि च नराणाम् पुण्य-लक्षणम्" यह शास्त्रवचन इनके लिए सार्थक बना है। आप के सुपुत्र चिरंजीव प्रबोध ने अपने पिता के द्वारा अनुसृत वाक्‌तत्त्व विद्या को अपनाया है और इस विद्या में अनन्य साधारण योग्यता दिखाई है। जब श्री प्रबोधजी पूना के डेकन कॉलेज के भाषातत्त्व विभाग में अध्ययन, गवेषणा और अध्यापन करते थे उसी समय से उनसे मेरा गहरा परिचय रहा है। बाद में वे अमरीका जाकर आधुनिक अमरीकी शैली में पूर्ण रूप से निष्णात बन कर लौट आये और आजकल दिल्ली विश्वविद्यालय में भाषातत्त्व के मुख्याध्यापक नियुक्त किये गये हैं। इस प्रकार पिता की परम्परा पुत्र ने सुरक्षित रक्खी है।

प्रस्तुत पुस्तक श्रीमान् दोशीजी की गुजराती पुस्तक का हिन्दी अनुवाद है। इसके द्वारा हिन्दी संसार तथा छात्र-समाज का एक अभाव दूर हुआ। इसमें प्राकृत भाषा का साधारण विचार भली भाँति किया गया है और विभिन्न

प्राकृतों का वैशिष्ट्य दिखाया गया है। जैसे, उन्होंने लिखा है—"प्रस्तुत पुस्तक में प्राकृत, पालि, शौरसेनी, मागधी, पैशाची तथा चूलिकापैशाची और अपभ्रंश भाषा के व्याकरण का समावेश किया गया है, अत प्राकृत भाषा से उक्त सभी भाषाएँ समझनी चाहिए।" ऐसे इस पुस्तक को पिशेल के वृहत् *प्राकृत व्याकरण** (*जो जर्मन भाषा में लिखित इस विषय का सबसे प्रामाणिक* ग्रंथ माना जाता है) का एक गुटका सस्करण कहा जाय तो अत्युक्ति नहीं होगी।

मेरे विचार मे इस पुस्तक का प्रकाशन हिन्दी का महत्त्व बढ़ायेगा और हिन्दीभाषी इससे प्रचुर लाभ उठा सकेंगे और ग्रन्थकर्ता के आभारी रहेंगे। इस काम के लिए वाक्तत्त्वविद्या के एक अनुरागी की हैसियत से मैं भी पडित बेचरदासजी का आभारी हूँ। आशा है कि आप भविष्य में ऐसे और भी उपयोगी ग्रन्थ या निबंध प्रकाशित कराकर देश मे शिक्षा और ज्ञान फैलाने के काम में लगे रहेंगे और इसलिए हम सब उनके स्वस्थ दीर्घायुष्य की कामना करते हैं।

राष्ट्रीय ग्रन्थालय — सुनीति कुमार चाटुर्ज्या

कलकत्ता

वैशाखी पूर्णिमा (बुद्ध पूर्णिमा)

१२ मई १९६८

---

* पिशेल के जर्मन ग्रन्थ का अंग्रेजी अनुवाद डा० सुभद्र झा ने किया है और इसका हिन्दी अनुवाद डॉ० हेमचन्द्र जोशी ने।

मूल लेखक के दो शब्द

बनारस श्री यशोविजय जैन संस्कृत पाठशाला में जब मैं पढ़ रहा था तब की यह बात है अर्थात् आज से करीब ६० बरस पहले की बात है अतः थोड़े विस्तार से कहने की जरूरत महसूस होती है।

स्व० श्री विजयधमसूरिजी ने बड़े कड़े परिश्रम से उक्त संस्था काशी में स्थापित की थी। उसमें डॉ० पंडित सुखलालजी, पाइअसद्दमहण्णवो नामक प्राकृत शब्दकोश के रचयिता मेरे सहाध्यायी मित्र स्व० पं० हरगोविंददासजी सेठ और मैं उसी पाठशाला में पढ़ते थे।

शुरू में मैंने आचार्य हेमचंद्ररचित सिद्धहेमशब्दानुशासन लघुवृत्ति को पढ़ा, बाद में उसी व्याकरण की बृहद्वृत्ति को। उस व्याकरण में सात अध्याय तो केवल संस्कृत भाषा के व्याकरणसंबंधी है, आठवाँ अध्याय मात्र प्राकृत भाषा के व्याकरण का है। सात अध्याय पढ़ चुकने के बाद मेरा विचार आठवाँ अध्याय को पढ़ने का हुआ। आठवाँ अध्याय को वहाँ कोई पढ़ाने वाला न था अतः उसके लिए मैं ही अपना अध्यापक बना। जब आठवाँ अध्याय को पढ़ रहा था तब ऐसा अनुभव हुआ कि कोई विशिष्ट कठिन परिश्रम किये बिना ही आठवाँ अध्याय मेरे हस्तगत और कंठाग्र हो गया, फिर तो काशी में ही कई छात्रों को तथा मुनियों को भी उसे भली भांति पढ़ा भी दिया और प्राकृत भाषा मेरे लिए मातृभाषा के समान हो गई।

उन दिनों में संस्कृत को सरलता से पढ़ने के लिए स्व० रामकृष्णगोपाल भाण्डारकर महाशय ने संस्कृत मार्गोपदेशिका अंग्रेजी में बनाई थी। उसका गुजराती अनुवाद गुजरात की पाठशालाओं में चलता था। संस्कृत का प्राथमिक अध्ययन मैंने भी इसी पुस्तक द्वारा किया था। इससे मुझे ऐसा विचार आया कि संस्कृत मार्गोपदेशिका की तरह इसी शैली में प्राकृत मार्गोपदेशिका क्यों न

बनाई जाय ? इस काम को मैंने हाथ पर लिया और तीन-चार महिने में गुजराती प्राकृत मार्गोपदेशिका की एक पाडुलिपि तैयार कर दी।

फिर पाठशाला के व्यवस्थापकों ने उस पाडुलिपि को प्रकाश में लाने का निर्णय किया तब मैंने उसको सशोधित करके समुचित रूप से ठीक ठीक तैयार कर दी, बनारस से प्रकाशित प्राकृत मार्गोपदेशिका के सस्करण में ही मैंने अन्त में सूचित किया है कि विक्रम सवत् १६६७, ज्येष्ठ मास, पूर्णिमा, शुक्रवार के दिन यह पुस्तक सपन्न हो गया। इस प्रकाशन की प्रस्तावना में भी वीर सवत् २४३७ मैंने लिखा है अतः आज से करीब ५६-५७ वर्ष पहले यह प्रथम प्रकाशन हुआ।

प्राकृत भाषा को गुजराती भाषा द्वारा सीखने का सबसे यह प्रथम साधन तैयार कर सका इस हेतु मुझे प्रसन्नता हुई थी। यह प्रथम प्रकाशन मेरी विद्यार्थी अवस्था की कृति है और सबसे प्रथम मौलिक कृति है। इसमें कहीं भी सस्कृत भाषा का आश्रय नहीं लिया गया था। इसी प्रकाशन की दूसरी आवृत्ति यशोविजय जैन ग्रथमाला के व्यवस्थापकों ने की है ऐसा मुझे स्मरण है। प्रथम और दूसरे प्रकाशन में कोई भेद नहीं है। गुजरात देश की जैन पाठशालाओं में इसका उपयोग होता है तथा कई साधु-साध्वी भी इसे पढ़ते रहे।

बाद में जब मैंने न्यायतीर्थ और व्याकरणतीर्थ परीक्षा पास की तथा पालि भाषा में भी पडित की परीक्षा लका (कोलबो) जाकर लका के विद्योदय कालेज से पास की और सशोधन-सपादन इत्यादि व्यावहारिक प्रवृत्ति में लगा तब गुजराती प्राकृत मार्गोपदेशिका का नया सस्करण करने का प्रयत्न किया। उसमें सस्कृत भाषा का तुलनात्मक दृष्टि से पूरा उपयोग किया और नये सस्करणों में उत्तरोत्तर विशेष विशेष परिवर्तन करता गया। गुजराती प्राकृत मार्गोपदेशिका के कुल पाच सस्करण आज तक प्रकाशित हुए हैं। ये सब सस्करण अहमदाबाद के गुर्जर ग्रथरत्न कार्यालय के मालिकों और मेरे मित्र स्व० श्री शभूलाल भाई तथा उनके बंधु स्व० श्री गोविंदलाल भाई ने किये हैं, उसमें सस्कृत भाषा के उपयोग के उपरांत पालि भाषा के तथा शौरसेनी, मागधी वगैरह प्राचीन प्राकृत भाषा के नियमों का भी तुलनात्मक दृष्टि से यथास्थान निर्देश किया है तथा आचार्य हेमचद्र के व्याकरण के सूत्राक भी नियमों को समझने के लिए टिप्पण में दे

दिये हैं तथा पालि भाषा के नियमों को दिखाने के लिए सर्वत्र स्व० आचार्य श्री विधुशेखर भट्टाचार्यजी रचित पालिप्रकाश का ठीक ठीक उपयोग किया है।

प्रस्तुत हिन्दी संस्करण में भी प्राकृत, पालि, शौरसनी, मागधी, पैशाची तथा अपभ्रंश के पूरे नियम बताकर संस्कृत के साथ तुलनात्मक दृष्टि से विशेष परामर्श किया है और वेदों की भाषा, प्राकृतभाषा तथा संस्कृतभाषा—इन तिनों भाषाओं का शब्द समूह कितना अधिक समान है इस बात को यथास्थान दिखाने का भरसक प्रयास किया है तथा पृ० ११० से १३७ तक का जो खास संदर्भ दिया है वह भी उक्त तीनों भाषाओं की पारस्परिक समानता का ही पूरा सूचक है।

गुजराती प्राकृतमार्गोपदेशिका का यह हिन्दी संस्करण कैसे हुआ? यह इतिहास भी रोचक होने से संक्षेप में निर्देश कर देता हूँ:—

करीब छः वर्ष पहले पं० साध्वी श्री मृगावतीजी (जो अभी बंबई में विशिष्ट व्याख्यात्री के रूप में सुविश्रुत है) मेरे पास ही पढ़ने के लिए दिल्ली से अमदाबाद में आई। वह और उनकी शिष्या श्री सुव्रताजी मेरे पास करीब दो-अढाई वर्ष पढ़ती रहीं। जैनागम, तर्क के उपरांत प्राकृत व्याकरण भी पढ़ने का प्रसंग आया था। अमदाबाद में उनकी (श्री मृगावतीजी की) जन्म-माता तथा गुरुणी श्री शीलवतीजी तथा सहधर्मिणी साध्वी सुज्येष्ठाजी भी साथ में आई थीं। ये दोनों सरल प्रकृति तथा धर्म विचार की बड़ी जिज्ञासु रहीं। अवसर पाकर मैंने श्री मृगावतीजी से निवेदन किया कि गुजराती प्राकृत मार्गोपदेशिका का हिन्दी अनुवाद श्री सुव्रताजी कर देवें यही मेरी नम्र प्रार्थना है, सौभाग्यवश मेरी प्रार्थना उन्होंने स्वीकृत कर ली और यह हिन्दी अनुवाद तैयार भी हो गया।

अनुवाद तो हो गया पर प्रकाशक भी मिले तभी अनुवाद का साफल्य हो, दिल्लीवाले मोतीलाल बनारसीदास एक सुविख्यात पुस्तक प्रकाशक है और खास करके प्राच्यविद्या के ग्रन्थों के प्रकाशक हैं। वे श्री मृगावतीजी के गुणानुरागी श्रावक हैं। मेरा प्रथम परिचय उनसे वहीं पर श्रीमृगावतीजी के निमित्त से हुआ और मेरा भी उनसे संपर्क हो गया, उक्त फर्म के प्रतिनिधि भाई श्री सुन्दर-लालजी को मैंने सूचित किया कि इस हिन्दी प्राकृतमार्गोपदेशिका को आप क्यों

न प्रकाशित करें ? मेरी बात को उन्होंने मानली और इस हिन्दी प्राकृतमार्गोपदेशिका का प्रस्तुत संस्करण प्राकृतभाषा के अभ्यासी सज्जनों के करकमलों में रखने का मेरा मनोरथ पूर्ण हुआ।

मेरा निवास अहमदाबाद में, पुस्तक के मुद्रण प्रवृत्ति का केन्द्र काशी। शुरू शुरू में तो दूसरे फारम से दो-चार फारम अहमदाबाद मगाये गये पर प्रूफ का जाने-आने मे अधिक समय लगता रहा और काय म भी विलम्ब होने लगा। फिर तो काशी के पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान (जैनाश्रम) के कार्यकर्ता (शोध-सहायक) भाई कपिलदेव गिरेजी को इसके संशोधन का भार सौंपा गया सो उन्होंने बड़े परिश्रम से निबाहा। एतदर्थ वे भाई धन्यवाद के विशेष अधिकारी हैं। अनुवादिका श्रीसुव्रताजी भी धन्यवाद के योग्य हैं। और श्रीमृगावतीजी तथा भाई श्री सुन्दरलालजी का सहयोग न होता तो यह कार्य बन ही नहीं सकता अत उन दोनों का भी नामस्मरण विशेष आभार के साथ कर रहा हूँ।

इस छोटी सी पुस्तक की प्रस्तावना हमारे स्नेही मित्र गुणानुरागी डा० श्री सुनीतिकुमार चटर्जी (नेशनल प्रोफेसर—कलकत्ता) ने हिन्दी म ही लिख देने की महती कृपा की है। उनका आदरपूर्वक नामस्मरण करता हुआ इसके लिए उन्हें विशेष धन्यवाद देता हूँ।

मेरे बड़े पुत्र डा० भाई प्रबोध पंडित का भी इस प्रस्तावना लिखवाने में बड़ा सहयोग रहा है अत भाई प्रबोध का भी नामस्मरण करना आवश्यक समझता हूँ।

पालिप्रकाश का इसमें विशेष उपयोग किया गया है अतः उसके प्रणेता और मेरे मित्र स्व० श्री विधुशेखर भट्टाचार्यजी का अनुगृहीत हूँ।

पुस्तक के अन्त मे शब्दकोश तथा विशेष शब्दों की सूची भाई कपिलदेव गिरिजी ने तैयार कर दी है और इस सारे काम को उन्होंने बड़े प्रयत्न से पार पहुँचाया है अतः इनका नाम फिर फिर स्मरण में आ रहा है।

शुरू में शुद्धिपत्रक, अनुक्रमणिका तथा निर्दिष्ट संकेतों की सूची दे दी है।

मेरी आंख अच्छी नहीं, काशी और अहमदाबाद में काफी दूरी, अतः इसमें बहुतसी गलतियाँ रह गयी होंगी, अभ्यासीगण इनको सुधार करके पढ़ेंगे और कष्ट के लिए मुझे क्षमा प्रदान करेंगे।

मेरे मित्र और पाटण (उत्तर गुजरात) आर्टकालेज के अर्द्धमागधी के प्रधान अध्यापक भाई कानजीभाई मंछाराम पटेल एम० ए० ने ही शुद्धिपत्रक वगैरह तैयार कर दिया है अतः उनका भी नामस्मरण सस्नेह कर देता हूँ।

हिन्दी भाषा द्वारा प्राकृतभाषा को पढ़ने का यह एक विशिष्ट साधन तैयार करके प्राकृतभाषा के अध्यापक तथा छात्रों के सामने सविनय रख रहा हूँ। यदि सुधी पाठक इसका उपयोग करके मुझे उत्साहित करेंगे और देश में प्राकृतभाषा के अभ्यास को इससे थोड़ी-बहुत सहायता मिलेगी तो मेरा और अनुवादिका का परिश्रम सफल समझा जायेगा।

अन्त में, इस संस्करण के संबन्ध में जो कुछ सूचना या सुझाव देने हों तो मुझे नीचे के पते पर भेजने की कृपा करें यही मेरी प्रार्थना अध्यापक तथा विद्यार्थिबन्धुओं से है।

शिवमस्तु सर्वजगतः

बेचरदास दोशी

रिसर्च प्रोफेसर ला० द० भारतीय
संस्कृति विद्यामंदिर—
—स्कूल ओफ इंडोलोजी
अमदाबाद ९

१२।३, भारतीनिवास
सोसायटी
अमदाबाद ६

विषय-सूची

संकेतों का स्पष्टीकरण

संकेत :—

धा०=धातु

अप०=अपभ्रंश

क्रि० क्रिया०=क्रियापद

सं०=संस्कृत

शौ०=शौरसेनी

वै०=वैदिक

सं० भू० कृ०, सं० कृ०=सम्बन्धक भूत कृदन्त

मा०=मागधी

पै०=पैशाची

ना० धा०=नामधातु

गुज०=गुजराती

टि०=टिप्पण

चू०=चूलिका

प्रा०=प्राकृत

हे० प्रा० व्या०=हेमचन्द्र प्राकृत व्याकरण

पा० प्र०=पालिप्रकाश

नि०=नियम

पृ०=पृष्ठ

। पितरौ वन्दे ।

प्राकृतमार्गोपदेशिका

(अक्षरपरिवर्तन-व्याकरणविभाग)

वर्णविज्ञान

[1]प्राकृत-भाषा में प्रयुक्त होनेवाले स्वरों और व्यञ्जनों का परिचय इस प्रकार है :—

स्वर		उच्चारण-स्थान
ह्रस्व	दीर्घ	
अ	आ	कण्ठ—गला
इ	ई	तालु—तालु
उ	ऊ	ओष्ठ—होठ
ए[2]	ए	कण्ठ तथा तालु
ओ	ओ	कण्ठ तथा ओठ-होठ

---

१. प्रस्तुत पुस्तक में प्राकृत, पालि, शौरसेनी, मागधी, पैशाची, तथा चूलिका-पैशाची और अपभ्रंश भाषा के व्याकरण का समावेश किया गया है अतः प्राकृत भाषा से उक्त सभी भाषाएँ समझनी चाहिए।

२. एक्क, तेल्ल आदि शब्दों का 'ए' और सोत्त, तोच आदि शब्दों का 'ओ' ह्रस्व है।

१. प्राकृत-भाषा में स्वरों का प्लुत-उच्चारण नहीं होता है।

२. ऋ[1] तथा ऌ स्वर का प्रयोग नहीं होता है।

३. ऐ[2] तथा औ स्वर का प्रयोग नहीं होता है।

व्यञ्जन		उच्चारण-स्थान
क् ख् ग् घ् ङ्	(क वर्ग)	कण्ठ
च् छ् ज् झ् ञ्	(च वर्ग)	तालु
ट् ठ् ड् ढ् ण्	(ट वर्ग)	मूर्धा
त् थ् द् ध् न्	(त वर्ग)	दन्त—दाँत
प् फ् ब् भ् म्	(प वर्ग)	ओष्ट—होट
अन्तस्थ—अर्धस्वर }	य्	तालु
	र्	मूर्धा
	ल्	दन्त
	व्	दन्त ओष्ट
	स्	दन्त
	ह्	कण्ठ
य् ल् व् / ङ् ञ् ण् न् म् }		नासिका

४. प्राकृत-भाषा में कोई भी व्यञ्जन स्वर के बिना क् च् ट् त् प् रूप से अकेला प्रयुक्त नहीं होता। जो व्यञ्जन समान-वर्ग अथवा

---

१. अपभ्रंश-प्राकृत में 'ऋ' स्वर का उपयोग होता है। जैसे; तृण, सुकृत आदि।

२. केवल 'अयि' अव्यय के स्थान पर ही 'ऐ' का प्रयोग होता है। याने 'ए' सम्भावना अथवा कोमल सम्बोधन का सूचक है (हे० प्रा० व्या० ८।१।१६६।)।

समान आकार के होते हैं, वे बिना स्वर के भी संयुक्त रूप से प्रयुक्त होते हैं। समान वर्ग, जैसे —चक्क, वच्छ, वट्ट, तत्त, पुप्फ, अङ्क, कन्जा[1] मञ्च, कण्ठ, तन्तु, चम्पग आदि। समान आकार, जैसे :—अय्य[2], कल्लाण, सव्व, सिस्स इत्यादि।

५ किसी भी प्रयोग में अकेला स्वर सहित ङ अथवा दोहरा (संयुक्त) 'ङ्ङ' प्रयुक्त नहीं होता।

६ सामान्यतः क्य, त्र, प्ल, क्व, स्त ऐसे विजातीय संयुक्त व्यञ्जन प्राकृत भाषा में प्रयुक्त नहीं होते। लेकिन अपवादरूप से कुछ विजातीय संयुक्त व्यञ्जन प्राकृत अपभ्रंश, पालि और मागधी भाषा में प्रयुक्त होते हैं। इसके विषय में उदाहरण सहित निर्देश व्यञ्जनविकार के प्रकरण में दिये गये हैं।

७ प्राकृत भाषा में श तथा ष और विसर्ग का प्रयोग बिलकुल नहीं है।

८ 'ळ' व्यञ्जन का प्रयोग पालि तथा पैशाची भाषा में प्रचलित है।

९ संस्कृत के किस संयुक्त अक्षर के स्थान पर प्राकृत में साधारणतः कौन-सा अक्षर प्रयुक्त होता है। उदाहरणों सहित उनका प्रयोग इस प्रकार है—

(१) क्क, त्त, क्य, क्र, र्क, ल्क, क्ल और क्व के स्थान पर शब्द के

---

१ शब्द के अन्दर 'ञ्ञ' का प्रयोग पालि, मागधी और पैशाची भाषा में प्रचलित है।

२ अय्य (आर्य) शब्द केवल शौरसेनी और मागधी में ही प्रयुक्त होता है।

अन्दर डबल 'क्क' का और शब्द[1] के आदि में 'क' का प्रयोग होता है। जैसे :—उत्कण्ठा—उक्कण्ठा, मुक्त—मुक्क, वाक्य—वक्क, चक्र—चक्क, तर्क—तक्क, उल्का—उक्का, विक्लव—विक्कव, पक्व—पक्क, क्वचित्—कचि, क्वणति—कणति।

(२) त्ख, ख्य, क्ष, त्क्ष, क्ष्य, ष्क, स्क, स्ख, :ख के बदले क्ख तथा ख होता है। जैसे:—उत्खण्डित—उक्खण्डिअ, व्याख्यान—वक्खाण, क्षय—खय, क्षण—खण, अक्षि—अक्खि, उत्क्षिप्त—उक्खित्त, लक्ष्य—लक्ख, शुष्क—सुक्ख, आस्कन्दति—अक्खंदइ, स्कन्द—खंद, स्खलित—खलिअ, स्खलन—खलण, स्खलति—खलइ, दु:ख—दुक्ख।

(३) ड्ग, ग्ण, द्ग, ग्न, ग्म, ग्य, ग्र, र्ग, ल्ग के बदले ग्ग तथा ग का प्रयोग होता है। जैसे :—खड्ग—खग्ग, रुग्ण—रुग्ग, अथवा लुग्ग, मुद्ग—मुग्ग, नग्न—नग्ग, युग्म—जुग्ग, योग्य—जुग्ग, अग्र—अग्ग, ग्रास—गास, ग्रसते—गसते, वर्ग—वग्ग, वल्गा—वग्गा।

(४) द्घ, घ्न, घ्र, र्घ, के स्थान में ग्घ तथा घ होता है। जैसे :—उद्घाटित—उग्घाडिअ, विघ्न—विग्घ, शीघ्रम्—सिग्घं, घ्राण—घाण, अर्घ—अग्घ।

(५) च्य, र्च, श्च, त्य के स्थान पर च्च तथा च होता है। जैसे :—अच्युत—अच्चुअ, च्युत—चुअ, अर्चा—अच्चा, निश्चल—निच्चल, सत्य—सच्च, त्याग—चाय, त्यजति—चयइ।

(६) र्छ, छ्र, क्ष, त्क्ष, द्म, त्स, थ्य, त्स्य, प्स, श्च के स्थान में च्छ तथा छ होता है। जैसे :—मूर्छा—मुच्छा, कृच्छ्र—किच्छ, क्षेत्र—छेत्त,

---

१. यहाँ (इस विभाग में) दिये गये सभी उदाहरणों में डबल क्क, क्ख, ग्ग, ग्घ, आदि अक्षरों के प्रयोग के विषय में जो कहा गया है, उनका उपयोग शब्द के अन्दर करना चाहिए और जो इकहरा क, ख, ग, आदि कहा है उसका उपयोग शब्द के आदि में करना चाहिए।

अक्षि-अच्छि, उत्क्षिप्त-उच्छित्त, लक्ष्मी-लच्छी, क्षमा-छमा, वत्स-वच्छ, मिथ्या—मिच्छा, मत्स्य-मच्छ, लिप्सा-लिच्छा, आश्चर्य-अच्छेर।

(७) ब्ज, ज्ञ, ज्र, र्ज, ज्व, द्य, र्य, य्य के स्थान में ज्ज तथा ज होता है। जैसे :—कुब्ज-खुज्ज, सर्वज्ञ-सव्वज्ज, वज्र-वज्ज, वर्ज्य-वज्ज, गर्जति-गज्जइ, प्रज्वलित-पज्जलित, ज्वलित-जलिअ, विद्या-विज्जा, कार्य-कज्ज, शय्या-सेज्जा।

(८) ध्य, ध्व, ह्य, के स्थान में ज्झ तथा झ होता है। जैसे :—मध्य-मज्झ, साध्य-सज्झ, ध्यान-झाण, ध्यायति-झायइ, साध्वस-सज्झस, बाह्य-बज्झ, सह्य-सज्झ।

(९) र्त के स्थान में ट्ट होता है। जैसे :—नर्तकी-नट्टई।

(१०) ष्ट, ष्ठ, स्थ, स्त, के स्थान में ट्ठ तथा ठ होता है। जैसे :—दृष्टि-दिट्ठि, गोष्ठी-गोट्ठी, अस्थि-अट्ठि, स्थित-ठिअ, स्तम्भ-ठम,।

(११) र्त तथा र्द के स्थान में ड्ड होता है। जैसे :—गर्त-गड्ड, गर्दभ-गड्डह।

(१२) र्ध, द्ध, ग्ध, ब्ध तथा ढ्य के स्थान में ड्ढ होता है। जैसे :—अर्ध-अड्ढ, वृद्ध-वुड्ढ, दग्ध-दड्ढ, स्तब्ध-ठड्ढ, आढ्य-अड्ढ।

(१३) ज्ञ, म्न, न्न, ण्य, न्य, र्ण, ण्व, न्व के स्थान में ण्ण तथा ण अथवा न्न तथा न होता है। यथाः—सर्वज्ञ-सव्वण्णु-सव्वन्नु, यज्ञ-जण्ण-जन्न, ज्ञान-णाण-नाण, विज्ञान-विण्णाण-विन्नाण, प्रद्युम्न-पज्जुण्ण-पज्जुन्न, प्रसन्न-पसण्ण-पसन्न, पुण्य-पुण्ण-पुन्न, न्याय-णाय-नाय, अन्योऽन्य-अण्णोण्ण-अन्नोन्न, मन्यते-मण्णए-मन्नए, वर्ण-वण्ण-वन्न, कर्ण-कण्ण-कन्न, अन्वेषण-अण्णेसण-अन्नेसण, अन्वेषयति-अण्णेसेइ-अन्नेसेइ।

(१४) क्ष्ण, क्ष्म, श्न, ष्ण, स्न, ह्न, ह्ण, के स्थान में ण्ह अथवा न्ह होता है। यथा :—तीक्ष्ण–तिण्ह–तिन्ह, सूक्ष्म-सण्ह, प्रश्न–पण्ह–पन्ह, विष्णु–विण्हु–विन्हु, स्नान–ण्हाण–न्हाण, प्रस्नुत–पण्हुअ–पन्हुअ। प्रस्नव–पण्हव–पन्हव, पूर्वाह्ण–पुव्वण्ह–पुव्वन्ह, वह्नि–वण्हि–वन्हि।

(१५) क्त, प्त, त्न, त्म, त्र, त्व, र्त के स्थान में त्त तथा त होता है। जैसे :—भुक्त–भुत्त, सुप्त–सुत्त, पत्नी-पत्ती, आत्मा–अत्ता, त्राण–ताण, शत्रु–सत्तु, त्वं–तं, सत्त्व–सत्त, मुहूर्त–मुहुत्त।

(१६) क्थ, त्र, थ्य, र्थ, स्त, स्थ के स्थान में त्थ तथा थ होता है। जैसे :-- सिक्थक–सित्थअ, तत्र–तत्थ, तथ्य–तत्थ, पथ्य–पत्थ, स्तम्भ–थंभ, स्तुति–थुइ, स्थिति–थिति।

(१७) ब्द, द्र, र्द, द्व, के स्थान में द्द तथा द होता है। जैसे :— अब्द–अद्द, भद्र–भद्द, आर्द्र–अद्द, द्वि–दि, द्वैत–दइअ, अद्वैत–अदइअ, द्यौ–दो।

(१८) ग्ध, ब्ध, र्ध, ध्व, के स्थान में द्ध तथा ध होता है। जैसे :— स्निग्ध–निद्ध, लब्ध–लद्ध, अर्ध–अद्ध, ध्वनति–धणइ।

(१९) न्त के स्थान में न्द होता है (शौरसेनी भाषा में)। निश्चिन्त–निच्चिन्द, अन्तःपुर–अन्देउर। महत्–महन्त–महन्द, पचत्–पचन्त–पचन्द, प्रभाववत्–पभावन्त–पहावन्द, किन्तु–किन्दु।

(२०) त्प, त्म, प्य, प्र, र्प, ल्प, प्ल, क्म, ड्म के स्थान में प्प तथा प होता है। जैसे :—उत्पल–उप्पल, आत्मा–अप्पा, प्यायते–पायए, विज्ञप्य–विण्णप्प, प्रिय–पिय, अप्रिय–अप्पिय, अर्पयति–अप्पेइ, अल्प–अप्प, प्लव–पव, विप्लव–विप्पव, प्लवते–पवए, रुक्म–रुप्प, रुक्मिणी–रुप्पणी, कुड्मल–कुंपल।

(२१) त्फ, ष्प, ष्फ, स्प, स्फ के स्थान में प्फ तथा फ होता है। जैसे :—उत्फुल्ल–उप्फुल्ल, पुष्प–पुप्फ, निष्फल–निप्फल, स्पर्श–फंस, स्पृशति–फरिसइ, स्फुट–फुड, स्फुरति–फुरइ, स्फुरण–फुरण।

(२२) द्व, द्ब, र्व, ब्र, र्ब, ब्र के स्थान में ब्ब तथा व अथवा ब्ब तथा व होता है। जैसे :—उद्बन्ध–उब्बंधिय, द्वे–वे अथवा बे, द्वीनि–विन्नि, वेन्नि अथवा विन्नि बेन्नि, बर्बर–बब्बर, ब्राह्मण–बम्हण, अब्रह्मण्य–अब्बम्हण्ण, सर्व–सव्व सब्ब, व्रजति–वयइ, व्रज–वज।

(२३) ग्भ, द्भ, भ्य, र्भ, भ्र, ह्व के स्थान में भ्भ तथ भ होता है। जैसे :—प्राग्भार–पब्भार, सद्भाव–सब्भाव, सभ्य–सब्भ, गर्भ–गब्भ, भ्रम–भम, विभ्रम–विब्भम, विह्वल–विब्भल।

(२४) ग्म, ड्म, ण्म, न्म, म्य, र्म, म्र, ल्म के स्थान में म्म तथा म होता है। जैसे :—युग्म–जुग्म, दिङ्मुग्ध–दिम्मुह, वाङ्मय–वम्मय, षण्मुख–छम्मुह, जन्म–जम्म, मन्मन–मम्मण, गम्य–गम्म, सौम्य–सोम्म, धर्म–धम्म, कम्र–कम्म, म्रेडित–मेडिअ, जाल्म–जम्म, गुल्म–गुम्म।

(२५) क्ष्म, ष्म, स्म, और ह्म के स्थान में म्ह होता है। जैसे :—पक्ष्म–पम्ह, ग्रीष्म–गिम्ह, विस्मय–विम्हय, ब्राह्मण–बम्हण।

शब्द विभाग

सभी प्राकृत भाषाओं में दो प्रकार के शब्द होते हैं—संस्कृतसम और देश्य। जो शब्द संस्कृत भाषा से बिलकुल अथवा थोड़ी समानता से मिलते-जुलते हैं। वे संस्कृतसम कहलाते हैं और जो शब्द बहुत प्राचीन होने के कारण व्युत्पत्ति की दृष्टि से संस्कृत भाषा के साथ अथवा प्राकृत भाषा के साथ मेल नहीं खाते (अथवा मिलते-जुलते

नहीं हैं) वे देश्य शब्द माने जाते हैं। ये देश्य शब्द बहुत प्राचीन हैं। वेद आदि प्राचीन शास्त्रों में, संस्कृतभाषा के साहित्य में तथा कोषों मे देश्य शब्दों का प्रयोग बहुलता से हुआ है। देश्य शब्दों में बहुत से अनार्य तथा बहुत से द्राविड़ भाषा के शब्द भी मिले हुए है। श्री हेमचन्द्राचार्य ने ऐसे देश्य शब्दों का संग्रह कर 'देशी-शब्द-संग्रह' (देसी-सद्द-संगह) नाम से एक स्वतन्त्र कोश की रचना की है। उन्होंने स्वयं इस कोश की टीका भी लिखी है।

संस्कृतसम प्राकृत शब्दों के दो प्रकार हैं। कुछ तो संस्कृत से बिल्कुल मिलते हैं, लेकिन कुछ थोड़ी समानता लिये हुए हैं।

संस्कृत से मिलते-जुलते नामरूप शब्द

प्राकृत	संस्कृत
संसार	संसार
दाह	दाह
दावानल	दावानल
नीर	नीर
संमोह	संमोह
धूलि	धूलि
समीर	समीर इत्यादि

संस्कृत से मिलते-जुलते क्रियापद

प्राकृत	संस्कृत
भेदति	भेदति
हनति	हनति
धाति	धाति
मरते	मरते इत्यादि

कुछ समानता लिये हुए नामरूप शब्द

प्राकृत	संस्कृत
कणग	कनक
सुवएण-सुवन्न	सुवर्ण
विलया	वनिता
घर	गृह
इत्थी	स्त्री
रुक्ख	वृक्ष
वाणारसी	वाराणसी

कुछ मिलते-जुलते क्रियापद

कुणति	कृणोति (तृतीय पुरुष एकवचन)
नच्चति	नृत्यति
पुच्छति	पृच्छति
जीहति	जिह्वेति
वचति	वच्ति (प्रयोग में वर्जित)
मुज्झति मुज्झते मुय्यते	
वन्दित्ता	वन्दित्वा (सम्बन्धक भूतकृदन्त)
कत्तवे कातवे करित्तए	कर्तवे (हेत्वर्थक कृदन्त)

देश्य	संस्कृत	गुजराती	हिन्दी
खडकी		खडकी	खिड़की
खड्डा	गर्त	खाडो	खड्ड अथवा गड्ढा

ओज्झरी	होजरी	उदर (पेट)
अआलि अकाले (?)	एली-हेली-वरसादनी एली, बरसाती	
गडयडी	गडगडाट	गड़गड़ाहट कीड़ा
गागरी गर्गरी	गागर	गगरी, गागर
छासी	छाश	छाछ (मट्टा)
जोवारी	जुवार	जुआर, ज्वार (अनाज)

देश्य शब्दों में तामिल–तेलुगु और अरबी–फारसी आदि अनेक भाषाओं के शब्द भी होते हैं।

शब्द रचना

प्राकृत शब्दों को समझने के लिए प्राचीन काल से ही संस्कृत शब्दों के माध्यम से प्राकृत बनाने की जो परम्परा चली आयी है, प्रस्तुत पुस्तक में उसी परम्परा का आश्रय लिया गया है।

स्वरों का सामान्य परिवर्तन

जिन नियमों के साथ नागरी अंक लगे हुए हैं उन्हें सामान्य नियम समझना चाहिये और जिन नियमों के साथ अंग्रेजी अंक लगाये हुए हैं उन्हें विशेष-नियम समझना चाहिए। इसी प्रकार खास-खास भाषाओं के नाम लेकर परिवर्तन के जो नियम बनाये गये हैं वे सूचित नियम उन खास भाषाओं के साथ सम्बन्धित हैं और जो नियम किसी विशेष भाषा का नाम लिये बिना अथवा प्राकृत भाषा का नाम लेकर बताये गये हैं वे साधारणतः यहाँ बतायी गयी सभी भाषाओं के साथ सम्बन्ध रखते हैं। परन्तु इन नियमों के प्रयोग करने से पहले अपवादात्मक नियमों की ओर पूरा ध्यान देना अनिवार्य है।

ह्रस्व से दीर्घ[1]

संस्कृत	प्राकृत
कश्यप	कासव
पश्य	पास
आवश्यक	आवासय
मिश्र	मीस
विश्राम	वीसाम
संस्पर्श	सफास
अश्व	आस
विश्वास	वीसास
दुश्शासन	दूसासण
पुष्य	पूस
मनुष्य	मणूस
वर्ष	वास
वर्षा	वासा
कर्षक	कासअ
विष्वक्	वीसु
विष्वाण	वीसाण
निषिक्त	नीसित्त
कस्य	कास
सस्य	सास

१ हेमचन्द्र-प्राकृत व्याकरण ८।१।४३।

परिवर्तन के विधान को समझने के लिए सभी सूत्रों के अंक दिये गये हैं। अतः सूत्रों के जो जो उदाहरण यहाँ नहीं दिये गये हैं, वे सभी उदाहरण उन उन सूत्रों को देखकर समझ लें।

संस्कृत	प्राकृत
विस्रम्भ	वीसंभ
उस्र	ऊस
निस्व	नीस
विकस्वर	विकासर
निस्सह	नीसह

(पालि भाषा में भी ऐसा परिवर्तन होता है। जैसे; परामर्श—परामास—देखो पालि-प्रकाश, पृ० ११ टिप्पण)

दीर्घ से ह्रस्व[1]

(२)

संस्कृत	प्राकृत
आम्र	अम्ब
ताम्र	तम्ब
तीर्थ	तित्थ
मुनीन्द्र	मुणिन्द
चूर्ण	चुन्न-चुण्ण
नरेन्द्र	नरिंद
म्लेच्छ	मिलिच्छ, मिलिक्ख
नीलोत्पल	नीलुप्पल

(पालि भाषा में भी दीर्घ का ह्रस्व—ए का 'इ', ओ का 'उ' तथा औ का 'उ' होता है। देखो, पा० प्र०—पृ० ८, नियम ११, पृष्ट ५५ और पृ० ५)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।८४।

(३) आ को अ[1]

प्रकार	पयर	पयार
प्रचार	पयर	पयार
प्रहार	पहर	पहार
प्रवाह	पवह	पवाह
प्रस्ताव	पत्थव	पत्थाव

यहाँ यह नियम स्मरण में रखना चाहिए कि ये सभी नाम भाववाचक और नरजाति के ही हैं।

(४) इ को ए[2]

पिष्ट	पेट्ठ	पिट्ठ
सिन्दूर	सेन्दूर	सिंदूर
पिण्ड	पेंड	पिंड
विष्णु	वेण्हु	विण्हु
बिल्व	बेल्ल	बिल्ल

इन सभी उदाहरणों में 'इकार' संयुक्त अक्षर के पूर्व में आया हुआ है।

(पालि भाषा में भी ऐसा ही विधान है। देखा, पा० प्र० पृ० ३-इ=ए)

(५) उ को ऊ[3]

उत्सरति	ऊसरइ
उत्सव	ऊसव

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।६८, २. हे० प्रा० व्या० ८।१।८५।;
३. हे० प्रा० व्या० ८।१।११४।

उच्छ्वसति	ऊससइ
उच्छ्वास	ऊसास

इन उदाहरणों में 'उ' के पश्चात् त्स अथवा च्छ् आया हुआ है।

(६) उ को ओ[1]

कुट्टिम	कोट्टिम
तुण्ड	तोंड
पुद्गल	पोग्गल
मुस्ता	मोत्था
पुस्तक	पोत्थअ

इन उदाहरणों में 'उ' संयुक्त अक्षर के पूर्व में आया हुआ है।

(पालि भाषा में इसी प्रकार 'उ' को ओकार होता है। देखो, पा० प्र० पृ० ५४—उ=ओ)

(७) ऋ को अ[2]

घृत	घय
तृण	तण
कृत	कय

(पालि भाषा में भी 'ऋ' को 'अ' होता है। देखो, पा० प्र० पृ० १—ऋ=अ)

(८) ऋ को उ[3]

पितृगृहं	पिउघरं
मातृगृहम्	माउघरं
मातृष्वसा	माउसिया

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।११६।

२. हे० प्रा० व्या० ८।१।१२६। ; ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१३४।

(९) ऋ को रि[1]

ऋद्धि	रिद्धि
ऋक्ष	रिच्छ
सदृश	सरिस
सदृक्ष	सरिक्ख
सदृक्	सरि
ऋण	रिण–अण
ऋषभ	रिसह-उसह

(पालि भाषा में भी 'ऋ' को 'रि' होता है। देखो, पा० प्र० पृष्ठ ३—ऋ=रि टिप्पण)

सदृश आदि शब्दों में दकार लोप करने के बाद जो 'ऋ' शेष रहती है उसको 'रि' होता है।

पैशाची भाषा में सरिस (सदृश) के बदले सतिस रूप बनता है। इसी प्रकार जारिस (यादृश) के बदले यातिस, अन्नारिस (अन्यादृश) के बदले अन्नातिस आदि रूप बनते हैं (हे० प्रा० व्या० ८।४।३१७)।

(१०) लृ को इलि[2]

क्लृन्न	किलिन्न
क्लृप्त	किलित्त

(११) ऐ को ए[3]

शैल	सेल
कैलास	केलास
वैधव्य	वेहव्व

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१४०, १४१, १४२.।

२. हे० प्रा० व्या० ८।१।१४५। ; ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१४८।

(पालि भाषा में भी 'ऐ' को 'ए' होता है। देखो, पा० प्र०–पृ० ३—ऐ=ए)

(१२) औ को ओ[1]

कौशाम्बी	कोसंबी
यौवन	जोव्वण
कौस्तुभ	कोत्थुह

(पालि भाषा में भी 'औ' को 'ओ' होता है। देखो, पा०–प्र० पृ० ५–औ=ओ)

अपभ्रंश[2] प्राकृत भाषा में स्वरों का परिवर्तन व्यवस्थित रूप से नहीं होता। याने कहीं तो 'आ' को 'अ' होता है, कहीं 'ई' को 'ए' होता है, कहीं 'उ' को 'अ' तथा 'आ' होता है। 'ऋ' को 'अ', 'इ' तथा 'उ' होता है कहीं 'ऋ' भी रहती है। 'लृ' को 'इ' तथा 'इलि' 'ए' को 'इ' तथा 'ई' और 'औ' को 'ओ' तथा 'अउ' होता है।

'आ' को 'अ'–काच–कच्चु, काच्चु अथवा काच्च।
'ई' को 'ए'–वीणा–वेण, वीण, वीणा।
'उ' को 'अ' तथा 'आ'–बाहु, बाह, बाहा, बाहु।
ऋ को 'अ', 'इ', 'उ'–पृष्टी–पट्टि, पिट्टि, पुट्टि,
तृण–तणु, तिणु, तृणु,
सुकृत–सुकिदु, सुकिउ, सुकृदु।
लृ को 'इ', 'इलि'–क्लृन्न, किन्नउ, किलिन्नउ।
ए को 'इ', 'ई',–लेखा / रेखा } लिह, लीह, लेह।
औ को 'ओ' तथा 'अउ'–गौरी, गोरि, गउरि।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१५९। ; २. हे० प्रा० व्या० ८।४।३२९, ३३०.।

अपभ्रंश प्राकृत में किसी भी विभक्ति के आने के पश्चात् नामरूप शब्द का अन्त्य स्वर ह्रस्व हो तो दीर्घ हो जाता है और दीर्घ हो तो ह्रस्व हो जाता है। जैसे :—

धवल–ढोल्ला	(अ को आ)	प्रथमा विभक्ति
श्यामल–सामला	(,, ,,)	,,
दीर्घ–दीहा	(अ को आ)	द्वितीया विभक्ति
रेखा–रेह	(आ को अ)	प्रथमा विभक्ति
भणिता–भणिअ	(आ को अ)	,,

देखिये—हे० प्रा० व्या० ८।४।३३०।

—: ० :—

स्वरों का विशेष–आपवादिक–परिवर्तन

१. 'अ' का परिवर्तन

'अ' को 'आ'[1]

अभियाति	आहियाइ	अहियाइ
दक्षिण	दाहिण	दक्खिण
प्ररोह	पारोह	परोह
प्रवचन	पावयण	पवयण
पुनः	पुना	पुण
समृद्धि	सामिद्धि	समिद्धि आदि

(पालि भाषा में भी 'अ' को 'आ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५२–अ=आ)

'अ' को 'इ'[2]

उत्तम	उत्तिम
कतम	कइम

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।४४, ४५ तथा ६५। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।४६, ४७, ४८, ४९।

मरिच	मिरिश्र
मध्यम	मज्झिम
दत्त	दिएण
अङ्गार	इंगार, अंगार
पक्व	पिक्क, पक्क
ललाट	णिडाल, णडाल

(पालि भापा में भी 'अ' को 'इ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृष्ठ ५२–अ=इ।)

'अ' को 'ई'[1]

हर–हीर, हर सं० हीर

'अ' को 'उ'[2]

ध्वनि	झुणि
कृतज्ञ	कयएणु

(पालि भापा में भी 'अ' को 'उ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५२–अ = उ)

'अ' को 'ए'[3]

अत्र	एत्थ	
शय्या	सेज्जा	पालि–सेय्या
वल्ली	वेल्ली सं० वेल्लि।	
कन्दुक	गेंदुअ सं०[4] गेन्दुक, गिन्दुक।	

(पालि भापा में भी 'अ' को 'ए' होता है। देखिये–पा० प्र० पृ० ५२–अ = ए)

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।५१। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।५२, ५३, ५४, ५५, ५६। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।५७, ५८, ५६, ६०। ४. सं० संस्कृत भापा।

'अ' को 'ओ'[1]

नमस्कार	नमोक्कार
परस्पर	परोप्पर
पद्म	पोम्म
अर्पयति	ओप्पेइ, अप्पेइ
स्वपिति	सोवइ, सुवइ
अर्पित	ओप्पिअ, अप्पिअ

'अ' को 'अइ'[2]

विषमय	विसमइअ
सुखमय	सुहमइअ

'अ' को 'आइ'[3]

पुनः पुणाइ, पुणा, पुण
न पुनः न उणाइ, न उणा, न उण

'अ' का लोप[4]

अरण्य	रण्ण	अरण्ण
अलाबू	लाऊ	अलाऊ

—: * :—

२. आ का परिवर्तन

'आ' को 'अ'[5]

श्यामाक	सामअ सं० श्यामक।
महाराष्ट्र	मरहट्ठ

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।६१, ६२, ६३, ६४। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।५०। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।६५। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।६६। ५. हे० प्रा० व्या० ८।१।६७।६८,७०,७१।

कालक	कलअ, कालअ
कुमार	कुमर, कुमार सं० कुमर
हालिक	हलिअ, हालिअ
प्राकृत	पयय, पायय
चामर	चमर, चामर सं० चमर
वा	व, वा
यथा	जह, जहा
तथा	तह, तहा
अथवा	अहव, अहवा

(पालि भाषा में भी 'आ' को 'अ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५२–आ=अ)

'आ' को 'इ'[1]

आचार्य	आइरिअ, आयरिअ
निशाकर	निसिअर, निसाअर

'आ' को 'ई'[2]

खल्वाट	खल्लीड
स्त्यान	ठीण, थीण

'आ' को 'उ'[3]

आर्द्र	उल्ल
स्तावक	थुवअ
सास्ना	सुण्हा

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।७२,७३। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।७४। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।७५।८२।

'आ' को 'ऊ'[१]

आर्या	अज्जू
आधार	ऊधार, आधार

'आ' को 'ए'[२]

ग्राह्य	गेज्झ
पारापत	पारेवअ, पारावअ
द्वार	देर, दार
असहाय्य	असहेज्ज, असहज्ज
पुराकर्म	पुरेकम्म, पुराकम्म
मात्र	मेत्त

(पालि भाषा में भी 'आ' को 'ए' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५३-आ=ए)

'आ' को 'ओ'[३]

आर्द्र	ओल्ल, अल्ल

---

३. इ का परिवर्तन

'इ' को 'अ'[४]

इति	इअ
तित्तिरि	तित्तिर सं० तित्तिर
पथिन्	पह

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।७६, ७७। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।७८, ७६, ८०, ८१। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।८२, ८३। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।६१, ८८, ८६, ६०।

हरिद्रा	हलद्दा
इङ्गुद	अंगुअ, इङ्गुअ
शिथिल	सढिल, सिढिल

(पालि भाषा में भी 'इ' को 'अ' होता है। देखिये—पालि प्र० पृ० ५३—इ=अ)

'इ' को 'ई'[1]

जिह्वा	जीहा (अवेस्ता भाषा में हिज्वा)
सिंह	सीह
निस्सरति	नीसरइ, निस्सरइ

'इ' को 'उ'[2]

द्वि	दु
इक्षु	उच्छु, इक्खु
नि	नु, णु
युधिष्ठिर	जहुट्ठिल, जहिट्ठिल
द्वितीय	दुइअ, बिइअ
द्विगुण	दुउण, बिउण

(पालि भाषा में भी 'इ' को 'उ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५३—इ=उ तथा पृष्ठ ३२ टिप्पण)

'इ' को 'ए'[3]

मिरा	मेरा
किंशुक	केसुअ, किंसुअ

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।९२।९३। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।९४, ९५, ९६। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।८७, ८९।

(पालि भाषा में भी 'इ' को 'ए' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५३–इ=ए)

'इ' को 'ओ'[1]

द्विवचन	दोवयण
द्विधा	दोहा, दुहा
निर्झर	*ओज्झर, निज्झर

(पालि भाषा में भी 'इ' को 'ओ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५३–इ=ओ)

---

४. ई का परिवर्तन

'ई' को 'अ'[2]

हरीतकी	हरडई (पालि हरीटकी)

(पालि भाषा में 'ई' को 'अ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५३–ई=अ)

'ई' को 'आ'[3]

कश्मीर	कम्हार

'ई' को 'इ'[4]

द्वितीय	दुइय
गम्भीर	गहिर
व्रीडित	विलिअ
पानीय	पाणिअ, पाणीअ

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।९७, ९४, ९८। * यहाँ 'न' सहित इ को 'ओ' समझना चाहिये। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।९९। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१००। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।१०१।

जीवति	जिवइ, जीवइ
उपनीत	उवणिअ, उवणीअ

'ई' को 'उ'[1]

जीर्ण	जुण्ण, जिण्ण

'ई' को 'ऊ'[2]

तीर्थ	तूह, तित्थ
हीन	हूण, हीण सं० हूण
विहीन	विहूण, विहीण

'ई' को 'ए'[3]

विभीतक	वहेडअ
पीयूष	पेऊस सं० पेयूष
नीड	नेड, नीड

---

५. उ का परिवर्तन

'उ' को 'अ'[4]

गुडूची	गलोई
युधिष्ठिर	जहुट्ठिल
मुकुट	मउड सं० मकुर
उपरि	अवरिं, उवरिं
गुरुक	गरुअ, गुरुअ

(पालि भाषा में 'उ' को 'अ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५३–उ = अ–मुकुल–मकुल)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१०२। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१०३, १०४। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१०५, १०६। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१। १०७, १०८, १०९।

'उ' को 'इ'[1]

पुरुष	पुरिस यास्क-पुरिशय
भ्रुकुटि	भिउडि

(पालि भाषा में 'उ' को 'इ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५४-उ=इ)

'उ' को 'ई'[2]

क्षुत	छीअ

'उ' को 'ऊ'[3]

मुसल	मूसल
सुभग	सूहव, सुहअ

'उ' को 'ओ'[4]

कुतूहल	कोउहल, कुऊहल

(पालि भाषा में भी 'उ' को 'ओ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५४-उ=ओ)

---

६. ऊ का परिवर्तन

'ऊ' को 'अ'[5]

दुकूल	दुअल्ल, दुऊल

(पालि भाषा में भी 'ऊ' को 'अ' होता है। देखिये—पा० प्र० ० ५५-ऊ=अ)

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।११०, १११। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।११२। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।११३, ११५। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।११७। ५. हे० प्रा० व्या० ८।१।११८, ११६।

'ऊ' को 'ई'[1]

उद्व्यूढ	उव्वीढ, उव्वूढ

'ऊ' को 'उ'[2]

भ्रू	भु
हनूमत्	हणुमन्त
+ कण्डूया	कंडुया
कुतूहल	कोउहल, कोऊहल
मधूक	महुअ, महूअ सं० मधुक

'ऊ' को 'ए'[3]

नूपुर	नेउर, नूउर

'ऊ' को 'ओ'[4]

कूर्पर	कोप्पर (पालि कप्पर)
गुडूची	गलोई (पालि गोलोची)
तूण	तोण, तूण
स्थूणा	थोणा, थूणा

(पालि भाषा में भी 'ऊ' को 'ओ' होता है। देखिये—प्रा० प्र० पृ० ५५—ऊ=ओ)

———

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१२०। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१२१,१२२। + यहाँ 'कण्डूय' धातु भी समझना चाहिए। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१२३। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।१२४,१२५।

७ ऋ का परिवर्तन

ऋ' को 'आ'[1]

कृशा	कासा, किसा
मृदुत्व	माउक्क, मउत्तण

ऋ को 'इ'[2]

उत्कृष्ट	उक्किट्ठ
ऋषि	इसि
ऋद्धि	इड्ढि
शृगाल	सिआल
हृदय	हिअय
धृष्ट	धिट्ठ, धट्ठ
पृष्ठि	पिट्ठि, पट्ठि
बृहस्पति	बिहप्फइ, बहप्फइ
मातृष्वसृ	माइसिआ, माउसिआ
मृगांक	मियंक, मयंक

(पालि भाषा में भी 'ऋ' को 'इ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ०–२, ऋ=इ)

पैशाची[3] भाषा में हृदय के बदले हितप रूप बनता है। हृदय–हितप। हृदयक, हितपक।

१ हे० प्रा० व्या० ८।१।१२७। २ हे० प्रा० व्या० ८।१।१२८, १२९, १३०। ३ हे० प्रा० व्या० ८।४।३१०।

'ऋ' को 'उ'[1]

भ्रातृ	भाउ
वृद्ध	वुड्ढ
वृद्धि	वुड्ढि
पितृ	पिउ
पृथिवी	पुहई
मृषा	मुसा, मोसा
वृषभ	उसह, वसह
बृहस्पति	बुहप्फइ, बहप्फइ

(पालि भाषा में भी 'ऋ' को 'उ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ०—२, ऋ=उ)

'ऋ' को 'ऊ'[2]

मृषा	मूसा, मुसा

'ऋ' को 'ए'[3]

वृन्त	वेंट, विंट

(पालि भाषा में भी 'ऋ' को 'ए' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ०—३, ऋ=ए)

'ऋ' को 'ओ'[4]

मृषा	मोसा, मुसा
वृन्त	वोंट, विंट

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१३१, १३२, १३३, १३५, १३६, १३७, १३८। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१३६। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१३६। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।१३६, १३६।

'ऋ' को 'अरि'[1]

दृप्त	दरिअ

'दृ' को 'ढि'[2]

आदृत	*आढिअ

---

८. ए का परिवर्तन

'ए' को 'इ'[3]

वेदना	विअणा
देवर	दिअर

'ए' को 'ऊ'[4]

स्तेन	थूण, थेण

(पालि भाषा में किसी-किसी शब्द में 'ए' को 'ओ' होता है। द्वेष-दोस, देखिये—पा० प्र० पृ० ५५-ए = ओ)

---

९. ऐ का परिवर्तन

'ऐ' को 'अअ'[5]

उच्चैस्	उच्चअ
नीचैस्	नीचअ

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१४४। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१४३। * आदृत शब्द के रूप का विकास आरिअ-आढिअ-आढिअ इस तरह से होना चाहिए ? (?) ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१४६। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।१४७। ५. हे० प्रा० व्या० ८।१।१५४।

'ऐ' को 'इ'[१]

शनैश्चर	सणिच्छर
सैन्धव	सिंधव
सैन्य	सिन्न, सेन्न

(पालि भाषा में 'ऐ' को 'इ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ४–ऐ–ई)

'ऐ' को 'ई'[२]

धैर्य	धीर
चैत्यवन्दन	चीवंदण, चेइयवंदण

(पालि भाषा में भी 'ऐ' को 'ई' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ४–ऐ=ई)

'ऐ' को 'अइ'[३]

चैत्र	चइत्त, चेत्त
वैशम्पायन	वइसंपायण, वेसंपायण
कैलास	कइलास, केलास
वैर	वइर, वेर
दैव	दइव्व, देव्व

---

१० ओ का परिवर्तन

'ओ' को 'अ'[४]

अन्योन्य	अन्नन्न, अन्नुन्न

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१४६,१५०। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१५५। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१५१, १५२, १५३। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।१५६।

आतोद्य	आवज्ज, आउज्ज
मनोहर	मणहर, मणोहर

'ओ' को 'ऊ'[1]

सोच्छ्वास	सूसास

'ओ' को 'अउ, आअ'[2]

गोक	गउअ
गो	गउ
गो	गाअ, गाई (मादा जाति)

---

११. औ का परिवर्तन

'औ' को 'अउ'[3]

पौर	पउर
मौन	मउण
गौरव	गउरव
गौड	गउड
कौरव	कउरव

'औ' को 'आ'[4]

गौरव	गारव, गउरव

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१५७। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१५८।
३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१६२। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।१६३।

(पालि भाषा में 'औ' को 'आ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५० औ = आ; कहीं-कहीं 'औ' को 'अ' भी हो जाता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५-टिप्पण)

'औ' को 'उ'[1]

शौद्धोदनि	सुद्धोअणि
सौवर्णिक	सुवण्णिअ
दौवारिक	दुवारिअ
सौन्दर्य	सुन्देर
कौक्षेयक	कुच्छेअय, कोच्छेअय

(पालि भाषा में 'औ' को 'उ' होता है। देखो—पा० प्र० पृ० ५–औ = उ)

'औ' को 'आव'[2]

नौ	नावा
गौ	गावी

—:*:—

व्यञ्जन का परिवर्तन

अन्त्य व्यञ्जन और दो स्वरों के बीच में रहनेवाले (असंयुक्त) व्यञ्जन का सामान्य परिवर्तन।

१. लोप

(क) शब्द के अन्तिम व्यञ्जन का लोप हो जाता है।[3]

तमस्	तम सं० तम
तावत्	ताव
अन्तर्गत	अन्तग्गय
पुनर्	पुण
अन्तर्-उपरि	अन्तोवरि

(पालि भाषा में भी शब्द के अन्तिम व्यञ्जन का लोप हो जाता है : विद्युत्—विज्जु। देखिये—पा० प्र० पृ० ६, नियम ७)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१६०, १६१। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१६४। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।११।

(ख) दो स्वरों के मध्य में आए हुए क, ग, च, ज, त, द, प, ब, य और व का लोप होता है[१]।

सं०	प्रा०	सं०	प्रा०
लोक	लोअ	मदन	मयण
नगर	नयर	रिपु	रिउ
शची	सई	विबुध	विउह
गज	गअ	वियोग	विओग
रसातल	रसायल	वडवानल	वलयाणल

लोप करते समय जहाँ अर्थ भ्रांति का सम्भावना हो वहाँ लोप नहीं करना चाहिए। जैसे —सुकुसुम,प्रयाग, सुगत, सचाप, विजण, सुतार, विदुर, सगार, समवाय, देव, दानव आदि।

पालि, शौरसेनी मागधी, पैशाचा, चूलिका-पैशाची और अपभ्रंश भाषाओं में यह नियम सार्वत्रिक नहीं–सापवाद है। इसे यथास्थान सूचित करेंगे।

(ख) के अपवाद

उपर्युक्त लोप का नियम, तथा इस प्रकरण में आनेवाले नियम और जहाँ कोई विशेष विधान सूचित न किया गया हो ऐसे दूसरे भी सामान्य और विशेष नियम पैशाची भाषा में नहीं लगते[२]।

पैशाची	प्राकृत
मकरकेतु	मयरकेउ
सगरपुत्तवचन	सयरपुत्तवयण
विजयसेन	विजयसेण
लपित	लविअ

---

१ हे० प्रा० व्या० ८।१।१७७। २ हे० प्रा० व्या० ८।४।३२४।

पाप	पाव
आयुध	आउह आदि

शौरसेनी में दो स्वरों के मध्य में स्थित 'त' को 'द' होता है[१]।

संस्कृत	शौरसेनी	प्राकृत
कथित	कधिद	कहिअ
ततः	तदो	तओ
प्रतिज्ञा	पदिण्णा	पइण्णा
मन्त्रित	मंतिद	मंतिअ

आपवादिक नियमों को छोड़ शौरसेनी में जिन परिवर्तनों के नियम बताए गए हैं वे सब मागधी, पैशाची, चूलिका-पैशाची और अपभ्रंश भाषा में भी समझने चाहिए[२]।

(पालि भाषा में भी 'त' को 'द' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५६—त = द)

मागधी भाषा में 'ज' को 'य' होता है।[3]

संस्कृत	मागधी	प्राकृत
जनपद	यणवद	जणवअ
जानाति	याणदि	जाणइ
गर्जित	गय्यिद	गज्जिअ

(पालि भाषा में भी 'ज' को 'य' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५७—ज = य)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६०। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।३०२, ३२३, ४४६। ३. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६२।

पैशाची भाषा में और चूलिका पैशाची भाषा में 'त' कायम रहता है तथा 'द' को भी 'त' हो जाता है[१]।

सं०	पै०–चू० पै०	प्रा०
भगवती	भगवती	भगवई
मदन	मतन	मयण
कन्दर्प	कतप्प	कदप्प
दामोदर	तामोतर	दामोअर

(पालि भाषा में 'द' को 'त' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ६०–द=त)

चूलिका पैशाची भाषा में 'ग' को 'क', 'ज' को 'च', और 'ब' को 'प' होता है[२]।

सं०	पै०	चू० पै०	प्रा०
गिरितट,	गिरितट	किरितट	गिरितड
नगर	नगर	नकर	नगर, नयर
नाग	नाग	नाक	नाग, नाय
जीमूत	जीमूत	चीमूत	जीमूअ
जर्जर	जज्जर	चच्चर	जज्जर
राजा	राजा	राचा	राया
बालक	बालक	पालक	बालअ
बर्बर	बब्बर	पप्पर	बब्बर
बान्धव	बधव	पधव	बधव

कुछ वैयाकरण मानते हैं कि चूलिका पैशाची भाषा में आदि में

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।३०७, ३२५। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।३२५।

आए हुए वर्गीय तृतीय व्यंजन का प्रथम व्यंजन और चतुर्थ व्यंजन का द्वितीय व्यंजन नहीं होता तथा युज् धातु के 'ज्' को भी 'च्' नहीं होता।[1]

सं०	पै०	चू० पै०	हेमचन्द्र चू० पै०	प्रा०
गति	गति	गति	कति	गइ
गिरि	गिरि	गिरि	किरि	गिरि
जीमूत	जीमूत	जीमूत	चीमूत	जीमूअ
ढक्का	ढक्का	ढक्का	ठक्का	ढक्का
बालक	बालक	बालक	पालक	बालअ
नियोजित	नियोजित	नियोजित	नियोचित	नियोजिअ

(पालि भाषा में 'ग' को 'क' तथा 'ज' को 'च' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५५,५७–ग=क तथा ज = च)

अपभ्रंश भाषा में किसी-किसी प्रयोग में 'क' को 'ग' होता है।[2]

संस्कृत	अपभ्रंश	प्राकृत
विक्षोभकर	विच्छोहगर	विच्छोहयर

२. अन्तिम व्यञ्जन को 'अ'

कुछ शब्दों में अन्त्य-व्यञ्जन को 'अ' होता है।[3]

सं०	प्रा०
शरत्	सरअ
भिषक्	भिसअ (पालि भिसक)

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।३२७। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।३९६। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१८।

३. मध्यम व्यञ्जन को य

जिसके पूर्व में और अन्त में 'अ' तथा 'आ' हो ऐसे 'क', 'ग', 'च', 'ज' आदि के[1] लोप हो जाने पर शेष बचे 'अ' को 'य' और 'आ' को 'या'[2] होता है। जैसे :—

सं०	प्रा०	सं०	प्रा०
तीर्थंकर	तित्थयर	पाताल	पायाल
नगर	नयर	गदा	गया
कचग्रह	कयग्गह	नयन	नयण
प्रजा	पया	लावण्य	लायण्ण

(पालि भाषा में 'क' और 'ज' को भी 'य' होता है। देखिए— पा० प्र० पृ० ५१, ५७—क = य, तथा ज = य)

४. दो स्वरों के बीच में आए हुए 'ख', 'घ', 'थ', 'ध' तथा 'भ' को 'ह' होता है।[3] जैसे :—

मुख—मुह, मेघ—मेह, कथा—कहा, साधु—साहु, सभा—सहा।

अपवाद

शौरसेनी भाषा में 'थ' को 'ह' होता है और कहीं 'ध' भी होता है तथा 'ह' को कहीं 'ध' होता है।[4]

सं०	शौ०	प्रा०
नाथ	नाध, नाह	नाह
राजपथ	राजपध, राजपह	राजपह
इह	इध	इह

(पालि भाषा में 'ध', 'घ' और 'भ' को 'ह' होता है। देखिये— पा० प्र० पृ० ५६—घ=ह, पृ० ६०—ध=ह, पृ० ६२—भ = ह)

---

१. देखिए— पृ० ३३ लोप (ख)। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१८०। ३ हे० प्रा० व्या० ८।१।१८७। ४. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६७ तथा २६८

चूलिका-पैशाची भाषा में 'घ' को 'ख', 'झ' को 'छ', 'ड' को 'ट', 'ढ' को 'ठ', 'ध' को 'थ' और 'भ' को 'फ' होता है।[1]

सं०	चू० पै०	पै०	प्रा०
घर्म	खम्म	घम्म	घम्म
मेघ	मेख	मेघ	मेह
व्याघ्र	वक्ख	वग्घ	वग्घ
झर्झर	छच्छर	झज्झर	झज्झर
निर्झर	निच्छर	निज्झर	निज्झर, ओज्झर
प्रतिमा	पटिमा	पतिमा	पडिमा
तडाग	तटाक[2]	तडाग	तडाय
मण्डल	मंटल	मंडल	मंडल
डमरुक	टमरुक	डमरुक	डमरुअ
गाढ	काठ	गाढ	गाढ
षण्ढ	संठ	संढ	संढ
ढक्का	टक्का	ढक्का	ढक्का
मधुर	मथुर	मधुर	महुर
धूलि	थूलि	धूलि	धूलि
बान्धव	पंथव	बंधव	बंधव
रभस	रफस	रभस	रहस
रम्भा	रम्फा	रंभा	रंभा
भगवती	फकवती	भगवती	भगवई

(पालि भाषा में 'ब' को 'प' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ६२—ब=प)

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।३२५। २. 'तटाक' शब्द संस्कृत में भी है।

५. दो स्वरों के बीच में आए हुए 'ट' को 'ड' होता है[१]।

घट–घड, घटते–घडइ, नट–नड, मट–मड।

(पालि भाषा में 'ट' को 'ड' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ५८–ट = ड)

पैशाची भाषा में 'टु' को 'तु' भी होता है[२]।

सं०	पै०	प्रा०
कुटुम्ब	कुतुंब, कुटुंब	कुडुंब
कटुक	कतुअ, कटुक	कडुअ
पटु	पतु, पटु	पडु

६. दो स्वरों के बीच में आए हुए 'ठ' को 'ढ' होता है[३]।

मठ–मढ, कुठार–कुढार, पठति–पढइ।

७. दो स्वरों के बीच में आए हुए 'ड' को 'ल' होता है[४]।

तडाग–तलाय, गरुड–गरुल, क्रीडति–कीलइ।

(पालि भाषा में भी 'ड' को 'ळ' होता है और 'ण' को 'न' होता है। देखिए—क्रमशः पा० प्र० पृ० ४३–ड = ळ; पा० प्र० पृ० ५८–ण = न)

८. दो स्वरों के बीच में आए हुए 'न' को 'ण' नित्य तथा शब्द के आदि में रहे 'न' को 'ण' विकल्प से होता है[५]।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१६५। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।३११। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१६६। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।२०२। ५. हे० प्रा० व्या० ८।१।२२८, २२६।

सं०	प्रा०	सं०	प्रा०
कनक	कणय	नदी	णई, नई
वचन	वयण	नर	णर, नर
वदन	वयण	नयति	णेइ, नेइ

(पालि भाषा में 'ण' को 'न' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ६१–न=ण)

पैशाची भाषा में 'ण' को 'न' होता है[1]।

सं०	पै०	प्रा०
गुण	गुन	गुण
गण	गन	गण

९. 'अ' तथा 'आ' के बाद आनेवाले 'प' को[2] 'व' ही होता है[3]।

कपिल–कविल, कपाल–कवाल, तपति–तवइ।
ताप–ताव, पाप–पाव, शाप–साव.

१०. दो स्वरों के बीच में आए हुए 'प' को 'व' होता है[4]।

उपसर्ग–उवसग्ग, उपमा–उवमा, गोपति–गोवइ, प्रदीप-पईव, महिपाल–महिवाल।

(पालि भाषा में 'प' को 'व' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ६१, प=व)

अपभ्रंश भाषा में 'प' को 'व' भी होता है[5]।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।३०६। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१७६। ३. पृ० ३३–लोप (ख) का अपवाद है। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।२३१। ५. हे० प्रा० व्या० ८।४।३९६।

सं०	अप०	प्रा०
शपथ	सवध-सवध	सवह

११. प्राकृत और अपभ्रंश भाषा में दो स्वरों के बीच में आए हुए 'फ' को 'भ' अथवा 'ह' होता है।[1]

रेफ–रेभ, रेह। शिफा–सिभा, सिहा। मुक्ताफल–मुत्ताहल। 'मुत्ताभल' नहीं होता है। शफरी–सभरी, सहरी। सफल–सभल, सहल। अप० सभलअ।

१२. दो स्वरों के मध्य में आए हुए 'ब' को 'व' होता है।[2]

शबल–सवल, अलाबू–अलावू (पालि अलापू)

(पालि-भाषा में भी 'प' को 'व' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ६२, प=व)

अपभ्रंश भाषा में दो स्वरों के बीच में आए हुए 'म' को विकल्प से 'वँ' होता है।[3]

सं०	अप०	प्रा०
कमल	कवँल, कमल	कमल
भ्रमर	भवँर, भमर	भमर
यथा	जिवँ, जिम	जह, जहा
कुमर	कुवँर, कुमर	कुमर
तथा	तिवँ, तिम	तह, तहा

१३. शब्द के आदि में 'य' को 'ज' होता है।[4]

यज्ञ–जन्न, यशस्–जसो, याति–जाइ। यम–जम, यथा–जहा।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२३६। तथा ८।४।३६६। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२३७। ३. हे० प्रा० व्या० ८।४।३६७। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।२४५।

(पालि भाषा में भी 'य' को 'ज' होता है। गवय=गवज देखिए—पा० प्र० पृ० ६२)

मागधी भाषा में शब्द के आदि 'य' का 'य' ही रहता है।[1]

सं०	मा०	प्रा०
याति	यादि	जाइ
यथा	यधा	जहा
यान	याण	जाण

मागधी भाषा में 'र' के स्थान में 'ल' होता है[2]।

सं०	मागधी	प्रा०
कर	कल	कर
विचार	विआल	विआर
नर	नल	नर

चूलिका-पैशाची में 'र' के स्थान में विकल्प से 'ल' होता है[3]

सं०	चू० पै०	प्रा०
हर	हल, हर	हर

पैशाची भाषा में 'ल' के स्थान मे 'ळ' होता है[4]।

सं०	पै०	प्रा०
कमल	कमळ	कमल
कुल	कुळ	कुल
शील	सीळ	सील

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६२। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।२८८। ३. हे० प्रा० व्या० ८।४।३२६। ४. हे० प्रा० व्या० ८।४।३०८।

वैदिक भाषा में 'ड' के स्थान में 'ळ' हो जाता है।

"अग्निमीळे पुरोहितम्" ऋग्वेद का प्रारम्भिक छन्द।

(पालि भाषा में भी 'ड' को 'ल' हो जाता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ४३, ड=ळ)

१४. मागधी भाषा को छोड़कर सभी प्राकृत भाषाओं में 'श' तथा 'ष' के स्थान में 'स' होता है[1]।

कुश–कुस। दश–दस। विंशति–विसइ। शब्द–सद्द। शोभा–सोहा। कषाय–कसाय। पाप–पाव। निकष–निकस। पण्ड–संढ। पोष–पोस। विशेष–विसेस। शेष–सेस। नि:शेष–नीसेस।

मागधी भाषा में 'श', 'ष' तथा 'स' के स्थान में केवल 'श' ही बोला जाता है[2]।

सं०	मा०	प्रा०
शोभन	शोभण	सोहण।
श्रुत	शुद	सुअ।
सारस	शालश	सारस।
हंस	हंश	हंस।
पुरुष	पुलिश	पुरिस।

१५. यदि अनुस्वार से परे 'ह' आया हो तो उसके स्थान में 'घ' भी हो जाता है[3]।

सिंह सिंघ, सीह। संहार संघार, संहार।

१६ (अपवादनियम को छोड़कर सामान्य प्राकृत में बताए सभी नियम शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची और अप-

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२६० तथा ८।४।३०६। २ हे० प्रा० व्या० ८।४।२८८, ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।२६४।

अंश भाषा में भी लागू होते हैं। जैसेः—१४ वाँ नियम शौरसेनी, पैशाची, चूलिका-पैशाची और अपभ्रंश में भी लागू होता है।)

—:०:—

शब्द के बीच में स्थित असंयुक्त व्यञ्जन के *विशेष परिवर्तन।

१. [1]'क' का परिवर्तन

'क' को 'ख' कर्पर—खप्पर। कील—खील। कीलक—खीलअ। कुब्ज—खुज्ज (खुज्ज=कुबडा)।

'क' को 'ग' असुक—असुग। असुक—असुग। आकर्ष—आगरिस। आकार—आगार। उपासक—उवासग। एक—एग। एकत्व—एगत्त। कन्दुक—गेन्दुअ। सं० गेन्दुक। तीर्थ-कर—तित्थगर। दुकूल—दुगुल्ल। मदकल—मयगल। मरकत—मरगय। श्रावक—सावग। लोक—लोग।

'क' को 'च' किरात—चिलाअ (चिलाअ याने भील)।

'क' को 'भ' शीकर—सीभर, सीअर।

'क' को 'म' चन्द्रिका—चन्दिमा। सं० चन्द्रिमा।

'क' को 'व' प्रकोष्ठ—पवट्ठ, पउट्ठ।

'क' को 'ह' चिकुर—चिहुर। सं० चिहुर। निकष—निहस। स्फटिक—फलिह। शीकर—सीहर, सीअर।

(पालि भाषा में 'क' को 'ख' तथा 'ग' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ५५, क=ख तथा क=ग)

---

*जहाँ परिवर्तन का विशेष नियम लागू होता है वहाँ परिवर्तन का सामान्य नियम नहीं लगता ऐसी बात नहीं है। जैसे:—तीर्थकर-तित्थयर। लोक—लोअ आदि। देखिए—पृ० ३३, सामान्य नियम १. (ख) तथा पृ० ३७, ३। १. हे० प्रा० व्या० ८।१।१८१, १८२, १८३, १८४, १८५, १८६।

२. [1]'ख' का परिवर्तन

'ख' को क शृङ्खला-सकला। शृङ्खल-संकल

३. [2]'ग' का परिवर्तन

'ग' को 'म' भागिनी-भामिणी। स० भामिनी। पुंनाग-पुंनाम।
'ग' को 'ल' छाग-छाल। स० छगल। छागो-छाली।
'ग' को 'व' सुभग-सुहव, सुहअ। दुर्भग-दूहव, दुहअ।

४. [3]'च' का परिवर्तन

'च' को 'ज' पिशाची-पिसजी, पिसाई।
'च' को 'ट' आकुञ्चन-आउटण तथा आउण्टण।
'च' को ल्ल पिशाच-पिसल्ल, पिसाअ।
'च' को 'स' खचित-खसिअ, खइअ।

५. [4]'ज' का परिवर्तन

'ज' को झ' जटिल-झडिल, जडिल।

६. [5]'ट' का परिवर्तन

'ट' को 'ढ कैटभ-केढव। सकट-सयढ। सटा-सढा।
'ट' को 'ल स्फटिक-फलिह†। चपेटा-चविला, चविडा।
+पाटयति-फालेइ, फाडेइ

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१८६। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१९०, १९१,१९२। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१९३। तथा हे० प्रा० व्या० ८।१।१७७ इति। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।१९४। ५. हे० प्रा० व्या० ८।१।१९६, १९७, १९८। †देखो पृ० ४४-'क' का परिवर्तन। +यहाँ पाट् धातु समझना चाहिए। अतः इस धातु के सभी रूपों में यह नियम लागू होता है।

(पालि भाषा में 'ट' को 'ल' तथा 'ळ' दोनों होते हैं। देखिए— पालि प्र० पृ० ५८ – ट=ल, ट=ळ)

७. [1]'ठ' का परिवर्तन

'ठ' को 'ल्ल'	अङ्कोठ	अंकोल्ल
'ठ' को 'ह'	पिठर	पिहड, पिढर×

८. [2]'ण' का परिवर्तन

'ण' को 'ल' वेणु—वेलु, वेणु। वेणुग्गाम—वेलुग्गाम (वेलगांव)

(पालि भाषा में 'ण' को 'ळ' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ५८—ण = ळ)

९. [3]'त' का परिवर्तन

'त' को 'च' तुच्छ—चुच्छ, तुच्छ

'त' को 'छ' तुच्छ—छुच्छ, तुच्छ

'त' को 'ट' तगर—टगर

तूवर—टूवर

त्रसर—टसर

(पालि भाषा में 'त' को 'ट' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ५८ – त = ट)

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२००, २०१। × देखिए नियम ६. पृ० ३९ 'ट' का सामान्य परिवर्तन। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२०३। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।२०४, २०५, २०६, २०७, २०८, २१०, २११, २१२, २१३, २१४, १५६।

'त' को 'ड' पताका-पडाया
प्रति-पडि (पालि पटि)
÷प्रतिमा-पडिमा
प्रतिपत्-पडिवया (पडिवा-तिथि)
प्रतिहार-पडिहार

प्रभृति-पहुडि। प्राभृत-पाहुड। विभीतक-बहेडअ। मृतक-मडअ। व्यापृत-वावड। सूत्रकृत-सुत्तगड। श्रुतकृत-सुअगड। हरीतकी-हरडई। अपहृत-ओहड, ओहय। अवहृत-अवहड, अवहय। आहृत-आहड, आहय। कृत-कड, कय। दुष्कृत-दुक्कड, दुक्कय। मृत-मड, मय। वेतस-वेडिस, वेअस। सुकृत-सुकड, सुकय। हृत-हड, हय।

'त' को 'ण' अतिमुक्तक-अणिउंतय। गर्भित-गब्भिण।

'त' को 'र' सप्तति-सत्तर।

'त' को 'ल' अतसी-अलसी। सातवाहन-सालाहण। स० साअवाहन। सातवाहनी-सालाहणी। पलित-पलिल, पलिअ।

त' को 'व' आतोद्य-आवज्ज, आउज्ज
पीतल-पीवल, पीअल

'त' को 'ह' वितस्ति-विहत्थि
(पालि भाषा में 'विदत्थि' होता है। देखिये-पा० प्र० पृ० ५६-त=द)
कातर काहल, कायर
भरत भरह, भरय
मातुलिंग-माहुलिंग, माउलिङ्ग
वसति-वसहि, वसइ

÷ जिन शब्दों में 'प्रति' लगा हो उन सभी शब्दों में यह नियम लगता है। जैसे :—प्रतिपत्ति-पडिवत्ति आदि।

१० [1]'थ' का परिवर्तन

'थ' को 'ढ' प्रथम–पढम। मेथि–मेढि। सं० मेथि। शिथिल–सिढिल। निशीथ–निसीढ, निसीह। पृथिवी–पुढवी, पुहवी।

(पालि में 'पठवी' होता है। देखिये–पा० प्र० पृ० ५६–थ=ठ)

'थ' को 'ध' पृथक्—पिधं, पिहं।

११ [2]'द' का परिवर्तन

'द' को 'ड' ÷दंश्–डंस्। दह्–डह्। कदन–कडण, कयण। दग्ध–दड्ढ, दड्ढ। दण्ड–डंड, दंड। दम्भ–डंभ, दंभ। दर्भ–डब्भ, दब्भ। दष्ट–डट्ठ, दट्ठ आदि।

(पालि भाषा में 'द' को 'ड' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५६–द=ड)

'दित' को 'एण' रुदित–रुएण।

'द' को 'ध' ÷दीप्–धीप्, दीप्।

'द' को 'र' एकादश–एआरह। द्वादश–बारह।
*त्रयोदश–तेरह। +कदली–करली।
गद्गद्–गग्गर।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२१५, २१६, १८८। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२१८, २१७, २०६, २२३, २१६, २२०, २२१, २२२, २२४, २२५। ÷ इस चिह्न वाले शब्द धातु हैं, अतः इन धातुओं के सभी रूपों में यह नियम लगता है। * यहाँ दकार वाले सभी शब्दों को संख्यावाचक समझना चाहिए। जो शब्द संख्यावाचक नहीं है उनको यह नियम नहीं लगता। + यहाँ कदली का अर्थ 'केले का वृक्ष' नहीं है।

'द' को 'ल' प्रदीप–पलीव। दोहद–दोहल। कदम्ब–कलंब, कयब, सं० कलम्ब।

(पालि भाषा में 'द' को 'ळ' होता है। देखिए–पा० प्र० पृ० ६०–द = ळ)

'द' को 'व' कदर्थित–कवट्टिअ।

'द' को 'ह' ककुद–कउह।

१२. [1] 'ध' का परिवर्तन

'ध' को 'ढ' निषध–निसढ। औषध–ओसढ, ओसह।

१३ [2] 'न' का परिवर्तन

'न' को 'ण्ह' नापित–ण्हाविअ, नाविअ। सं० स्नापक।

'न' को 'ल' निम्ब–लिंब, निंब।

(पालि भाषा में 'न' को 'ल' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ६१–न=ल)

१४ [3] 'प' का परिवर्तन

'प' को 'फ' पनस–फणस। सं० पनस तथा फणस।
—पाट् (धातु) फाड।
पाटयति–फाडेइ।
पाटयित्वा–फाडेऊण।
परुष–फरुस।
परिखा–फलिहा।

---

१ हे० प्रा० व्या० ८।१।२२६, २२७। २ हे० प्रा० व्या० ८।१।२३०। ३ हे० प्रा० व्या० २३२, २३३, २३४, २३५।

(पालि भाषा में भी 'प' को 'फ' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ४०—प=फ)

'प' को 'म' आपीड–आमेल, आवेड।
नीप–नीम, नीव।
'प' को 'व' प्रभूत–वहुत्त।
'प' को 'र' पापर्द्धि–पारद्धि।

१५. [1]'व' का परिवर्तन

'व' को 'भ' विसिनी–भिसिणी

(पालि भाषा में 'व' को 'भ' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ६२—व=भ)

'व' को 'म' कवन्व–कमंध, कयंध।

१६. [2]'भ' का परिवर्तन

'भ' को 'व' कैटभ–केढव।

१७. [3]'म' का परिवर्तन

'म' को 'ढ' विपम–विसढ, विसम।
'म' को 'व' मन्मथ–वम्मह।
अभिमन्यु–अहिवन्नु, अहिमन्नु।
'म' को 'स' भ्रमर–भसल, भमर; सं० भसल।
'म' को 'अनुनासिक' अतिमुक्तक–अणिउँतय।
कामुक–काउँअ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२३८, २३९। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२४०। ३. हे० प्रा० व्या ८।१ २४१, २४२, २४३, २४४,१७८।

चामुण्डा–चाउँडा ।
यमुना–जउँणा ।

१८. [1]'य' का परिवर्तन

'य' को 'आह' कतिपय–कइवाह ।

(पालि भाषा में 'कतिपयाह' शब्द का 'कतिपाह' रूप बनता है। देखिए–पा० प्र० पृ० ६२–नियम–६४)

'य' को 'ज्ज' उत्तरीय–उत्तरिज्ज, उत्तरीअ ।
तृतीय–तइज्ज, तइअ ।
द्वितीय–बिइज्ज, बीअ ।
करणीय–करणिज्ज, करणीअ ।
पेया–पेज्जा, पेआ ।

'य' को 'त' युष्मद्–तुम्ह ।
युष्मदीय–तुम्हकेर ।
युष्मादृश–तुम्हारिस ।

'य' को 'र' स्नायु–ण्हारु ।

(पालिभाषा में भी 'य' को 'र' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ४७–टिप्पण–स्नायु–न्हिारु)

'य' को 'ल' यष्टि–लट्ठि ।

(पालिभाषा में भी 'य' को 'ल' होता है। देखिए–पा० प्र० पृ० ६३–य=ल)

'य' को 'व' कतिपय–कइअव ।

(पालिभाषा में 'य' को 'व' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ६३–य=व)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२५०, २४८, २४६, २४७, २४६ ।

'य' को 'ह' छाया—छाही, छाया (छाही = वृक्ष की छाया। छाया = वृक्ष की छाया तथा शरीर की कान्ति)।

१९. [1]'र' का परिवर्तन

'र' को 'ड' किरि—किडि ; सं० किटि।
पिठर—पिढड, पिढर।
भेर—भेड; सं० भीरु।

'र' को 'डा' पर्याण—पडायाण, पल्लाण ; सं० पल्ययन।

'र' को 'ण' करवीर—कणवीर ; सं० कणवीर।

'र' को 'ल' अङ्गार—इंगाल।
करुण—कलुण।
चरण—चलण।
दरिद्र—दलिद्द।
परिघ—फलिह।
भ्रमर—भसल, भमर ; सं० भसल।
मुखर—मुहल।
युधिष्ठिर—जहुट्ठिल।
रुग्ण—लुक्क।
वरुण—वलुण।
स्थूर—थूल, थोर।
हरिद्रा—हलिद्दा इत्यादि।
जठर—जढल, जढर।
बठर—बढल, बढर।

---

१. है० प्रा० व्या० ८।१।२५१, २५२, २५३, २५४, २५५।

निष्ठुर-निट्ठुल, निट्ठुर[1]।

२० [2]'ल' का परिवर्तन

'ल' को 'ण' ललाट-णलाड, णिलाड (पालि-नलाट)।
लाङ्गल-णगल, लङ्गल (पालि-नागल)।
लाङ्गूल-णगूल, लगूल।
लाहल-णाहल, लाहल।

(पालिभाषा में 'ल' को 'न' होता है। देखिए-पा० प्र० पृ० ६२-ल=न)

'ल' को 'र' स्थूल-थोर ; स० स्थूर।

२१. [3]'व' का परिवर्तन

'व' को 'भ' विह्वल-भिब्भल, विब्भल, विहल।
'व' को 'म' शबर-समर।
'व' को 'म' नीव्री-नीमी, नीवी।
स्वप्न-सिमिण, सुमिण, सिविण।

२२. [4]'श' का परिवर्तन

'श' को 'छ' शमी-छमी।
शाव-छाव

---

१. संस्कृत भाषा में भी 'र' का 'ल' होता है—परिघ.-पलिघः। पर्यङ्क-पल्यङ्कः। कपरिका-कपलिका-सिद्धहेम० सं० व्या० २।३।९९ से २।३।१०४। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२५७, २५६, २५५। ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।५८। तथा हे० प्रा० व्या० ८।१।२५८, २५९। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।२६५, २६२।

शिरा–छिरा, सिरा (यह शब्द पैशाची भाषा में भी बोला जाता है।)

(पालि में भी 'श' को 'छ' होता है। देखिए–पा० प्र० पृ० ६३–श = छ)

'श' को 'ह' दश–दह, दस। एकादश–एआरह, एआरस। दशबल–दहबल, दसबल।

२३. [1]'ष' का परिवर्तन

'ष' को 'छ' षट्–छ। षट्पद–छप्पअ। षष्ठ–छट्ठ।
'ष' को 'ण्ह' स्नुषा–सुण्हा, सुसा।
'ष' को 'ह' पाषाण–पाहाण, पासाण। प्रत्यूष–पच्चूह, पच्चूस।

२४. [2]'स' का परिवर्तन

'स' को 'छ' सप्तपर्ण–छत्तिवण्णो। सुधा–छुहा।
'स' को 'ह' दिवस–दिवह, दिअह, दिवस।

२५. [3]'ह' का परिवर्तन

'ह' को 'र' उत्साह–उत्थार, उच्छाह।

२६. [4]स्वर सहित व्यञ्जनों का लोप

(यह नियम पैशाचीभाषा में भी लगता है।)

'क' तथा 'का' का लोप व्याकरण–वारण, वायरण। प्राकार–पार, पायार।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२६५, २६१, २६२ तथा ८।२।१४। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२६५, २६३। ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।४८। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।२६७, २६८, २६९, २७०, २७१। शब्दान्तर्गत सस्वर व्यंजन के लोप करने की प्रक्रिया यास्कने स्वीकृत की है तथा

'ग' का लोप आगत–आअ, आगअ।

'ज' का लोप दनुज–दणु, दणुअ।
दनुजवध–दणुवह, दणुअवह।
भाजन–माण, भायण।
राजकुल–राउल, रायउल।

'द', 'दु' तथा पादपीठ–पावीढ, पायवीढ।

'दे' का लोप पादपतन–पावडण, पायवडण।
उदुम्बर–उंबर, उउंबर, स० उम्बर।
दुर्गादेवी–दुग्गावी, दुग्गाएवी अथवा दुग्गादेवी।

'य' का लोप किसलय–किसल, किसलय, स० किसल।
काल + आयस = कालायस–कालास, कालायस।
हृदय–हिअ, हिअअ।
सहृदय–सहिअ, सहिअय।

'व' का लोप अवट–अड, अवड।
आवर्तमान–अत्तमाण, आवत्तमाण।
एवमेव–एमेव, एवमेव।
तावत्–ता, ताव।
देवकुल–देउल, देवउल।
प्रावारक–पारअ, पावारअ।
यावत्–जा, जाव।

'वि' का लोप जीवित–जीअ, जीविअ।

संस्कृतभाषा में भी ऐसी प्रक्रिया सम्मत है—आगता = आता, दिशावाचक शब्द–दारक। स० उदुम्बर–उम्बुरक अथवा उम्बर। मुदत्त–मुत्त। प्रदत्त–प्रत्त।

२७. आदि व्यञ्जन का लोप

जिस शब्द के प्रारम्भ में व्यञ्जन रहता है उसका अर्थात् शब्द के आदि व्यंजन का कहीं-कहीं लोप[1] हो जाता है। जैसे :—

च—अ।

चिह्न—इंध।

पुनः—उण, उणा।

१. संयुक्त व्यञ्जनों का सामान्य परिवर्तन

पूर्ववर्ती व्यञ्जन का लोप

क्, ग्, ट्, ड्, त्, द्, प्, श्, ष् और स् व्यञ्जनों का किसी भी संयुक्त व्यञ्जन के पूर्ववर्ती होने पर लोप हो जाता है[2] और लोप होने के बाद शेष बचा व्यञ्जन यदि शब्द के आदि में न हो तभी उनका द्वित्व (डबल) होता[3] है। द्वित्व हुआ अक्षर ख्ख, छ्छ, ट्ठ, थ्थ और फ्फ हो तो उसके स्थान में क्रमशः क्ख, च्छ, ट्ठ, त्थ और प्फ हो जाता है[4]। अगर द्वित्व हुआ अक्षर घ्घ, झ्झ, ढ्ढ, ध्ध, तथा भ्भ हो तो उसके स्थान में क्रमशः ग्घ, ज्झ, ड्ढ, द्ध, तथा ब्भ हो जाता है। जैसे :—

पूर्ववर्ती 'क' का लोप भुक्त—भुत—भुत्त*। मुक्त—मुत—मुत्त।
शक्त—सत—सत्त। सिक्थ—सिथ—सिथ्थ—सित्थ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१७७। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।७७।
३. हे० प्रा० व्या० ८।२।८९। ४. हे० प्रा० व्या० ८।२।९०।

*इन उदाहरणों में जो अन्तिम रूप है वही प्रयोग में व्यवहार करने योग्य है। बीच का कोई भी रूप प्रयोग में नहीं आता है।

पूर्ववर्ती 'ग' का लोप दुग्ध–दुध–दुद्ध–दुद्द।
मुग्ध–मुध–मुद्ध–मुद्द।
" 'ट' " षट्पद–छपअ–छप्पअ।
कट्फल–कफल–क्फल, कप्फल।
" 'ड' " खड्ग–खग–खग्ग। षड्ज–सज–सज्ज।
" 'त' " उत्पल–उपल–उप्पल।
उत्पाद–उपाअ–उप्पाअ। धात्री–धारी[1]।
" 'द' " मुद्गर–मुगर–मुग्गर। मुद्ग–मुग–मुग्ग।
" 'प' " गुप्त–गुत–गुत्त। सुप्त–सुत–सुत्त।
" 'श' " निश्चल–निचल, निच्चल–(पालि–निच्चल)।
श्मशान–मसाण। श्च्योतति–चुअइ।
श्मश्रु–मस्सु।
" 'ष' " निष्ठुर–निठुर–निठ्ठुर–निट्ठुर।
शुष्क–सुक–सुक्क। षष्ठ–छठ–छट्ठ–छट्ठ।
" 'स' " निस्पृह–निपह–निप्पह। स्तव–तव।
स्नेह–नेह। स्कन्द–कंद।

(पालि भाषा में भी संयुक्त व्यंजन के पूर्ववर्ती क्, ग् आदि व्यंजनों का लोप होता है तथा उनका द्वित्व वगैरह भी प्राकृत भाषा के अनुसार होता है देखिए—पा० प्र० पृ० ४१, २४ (नियम ३०), २५ (नि० ३१), ३८, ५१, २६ (नि० ३२), ३७, ३५, ३६, २८। और पालि भाषा में श्मश्रु–मस्सु। शुष्क–सुक्ख। स्कन्द–खद तथा खध ऐसे प्रयोग होते हैं)।

परवर्ती व्यञ्जन का लोप

संयुक्त व्यञ्जन के परवर्ती 'म्', 'न्', और 'य्' का लोप हो जाता

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।८१।

है[1] और लोप होने के पश्चात् शेष बचे व्यञ्जन का तभी द्वित्व होता है यदि वह व्यञ्जन शब्द के आदि में न हो।

परवर्ती 'म' का लोप युग्म–जुग–जुग्ग* । स्मर–सर ।
रश्मि–रसि–रस्सि । स्मेर–सेर ।
,, 'न' ,, नग्न–नग–नग्ग । लग्न–लग–लग्ग ।
धृष्टद्युम्न–धट्ठज्जुण* ।
,, 'य' ,, कुड्य–कुड–कुड्ड । व्याध–वाह । श्यामा–सामा । चैत्य–चइत्त, चेइअ ।

(पालिभाषा में 'न' तथा 'य' के लोप के लिए देखिए–पा० प्र० पृ० ५० तथा पृ० ४८–(नि० ६६), पृ० २१–(नि० २६) ।

पूर्ववर्ती तथा परवर्ती व्यञ्जन का लोप

ब, व, र, ल तथा विसर्ग किसी भी संयुक्त व्यञ्जन के पूर्ववर्ती हो अथवा परवर्ती हो तो उनका लोप हो जाता है[2] और लोप होने के बाद शेष बचे व्यञ्जन का द्वित्व तभी होता है यदि वह शब्द के आदि में न हो।

पूर्ववर्ती 'द' का लोप अब्द–अद–अद्द* । शब्द–सद–सद्द ।
स्तब्ध–थध–थध्ध–थद्ध और ठद्ध ।
लुब्धक–लुधअ–लुध्धअ–लुद्धअ और लोद्धअ ।
परवर्ती 'व' ,, ध्वस्त–धत्थ । पक्व–पक्क और पिक्क ।
ध्वज–धअ । श्वेटक–खेडअ । श्वोटक–खोडअ ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।७८ । *विशेष सूचना के लिए देखिए पृ० ५६ की *टिप्पणी । *'ण' का द्वित्व नहीं होता है । २. हे० प्रा० व्या० ८।२।७९ ।

पूर्ववर्ती 'र' का लोप	अर्क-अक-अक्क। वर्ग-वग-वग्ग।
	दीर्घ-दिघ-दिग्घ-दिग्घ। वार्ता-वता-वत्ता।
	सामर्थ्य-सामथ-सामत्थ-सामत्थ।
परवर्ती 'र' ,,	क्रिया-किया। ग्रह-गह। चक्र-चक-चक्क।
	रात्रि-रति-रत्ति। धात्री-धाती और धाई।
पूर्ववर्ती 'ल' ,,	उल्का-उका-उक्का। वल्कल-वकल-वक्कल।
परवर्ती 'ल' ,,	विक्लव-विकव-विक्कव। श्लक्ष्ण-सण्ह।
विसर्ग का लोप	दुःखित—दुखिअ—दुखिअ—दुक्खिअ।
	दु.सह-दुसह-दुस्सह। नि.सह-निसह-निस्सह।
	नि.सरइ-निसरइ-निस्सरइ।

(पालिभाषा में होने वाले ऐसे रूपान्तरों के लिए देखिए—पालिप्रकाश पृ० २६, ३०, ३१ (नि० ३६, ३७), पृ० ३२, ३३ (नि० ३८, ३६), पृ० ३५ (नि० ४२), पृ० १० (नि० १२), पृ० १२ (नि० १५, १६)।

[सूचना :—जहाँ पूर्ववर्ती और परवर्ती दोनों प्रकार के व्यञ्जनों के लोप होने का प्रसंग आ जाय वहाँ प्रचलित प्रयोगों को ध्यान में रख कर लोप करना उचित है। जैसे—उद्विग्न, द्विगुण, द्वितीय इत्यादि शब्दों में 'द्व' में 'द्' पूर्ववर्ती है और 'व्' परवर्ती है अतः यहाँ 'द्' तथा 'व' दोनों के लोप का प्रसंग है। उद्विग्न का 'उव्विग्ग', द्विगुण का 'विउण' तथा द्वितीय के 'बिईय' प्रयोग बनते हैं इस लिए उन शब्दों में केवल पूर्ववर्ती 'द्' का ही लोप करना चाहिए परवर्ती 'व्' का लोप नहीं। 'व्' का लोप करने से उद्दिग्ग प्रयोग बनता है और ऐसा प्रयोग विशेषतः नहीं मिलता है। इसलिए 'व्' का लोप न करके 'द्' का ही लोप करना उचित है।]

निम्नलिखित शब्दों में भी यही नियम है :—

पूर्ववर्ती 'ल' का लोप कल्मष-*कमस-कम्मस। शुल्व-सुव-सुव्व।
पूर्ववर्ती 'र' ,, ,, सर्व-सव-सव्व। सार्व-सव-सव्व।
परवर्ती 'य' ,, ,, काव्य-कव-कव्व। माल्य-मल-मल्ल।
परवर्ती 'व' ,, ,, द्विप-दिअ। द्विजाति-दुआइ।

पूर्ववर्ती तथा परवर्ती का क्रमशः लोप

पूर्ववर्ती 'ग' का लोप उद्विग्न-उव्विण-उव्विण्ण*।
,, 'द्' ,, ,, द्वार-वार अथवा बार।
परवर्ती न ,, ,, उद्विग्न-उव्विग-उव्विग्ग
,, व ,, ,, द्वार-दार।

केवल 'ज्ञ' के ञ् तथा 'द्र' के 'र' का लोप विकल्प से होता है।[1] यथा:—

ज्ञ-ज[2], ण[3]।
ज्ञात-जात अथवा णात, णाय।
ज्ञातव्य-जातव्व अथवा णातव्व, णायव्व।
ज्ञाति-जाति ,, णाति, णाइ।
ज्ञान-जाण ,, णाण।
ज्ञानीय-जाणीअ ,, णाणीअ।

---

*वही पृ० ५६ की * सूचना। १. हे० प्रा० व्या० ८।२।८३। तथा ८०। २. 'ज्' तथा 'ञ्' मिलकर 'ज्ञ' बनता है अतः 'ज्ञ' में से 'ञ्' का लोप होने पर शेष 'ज' बचे, यह स्वाभाविक है। ३. जब 'ज्ञ' में से 'ज्' का लोप हो जाय तब 'ञ्' बचे यह भी स्वाभाविक है और बचा हुआ 'ञ', 'ञ' के रूप में न रह कर 'न' के रूप में (अर्थात् अपने मूल रूप में) आ जाता है तब उसका 'ण' होता है देखिए- नियम ८ 'ण' विधान पृ० ३६।

ज्ञानीय–जाणिज ,, णाणिज ।
ज्ञापना–जावणा ,, णावणा ।
ज्ञेय–जेय ,, णेय ।
अभिज्ञ–अहिज्ज, ,, अहिएणु ।
अल्पज्ञ–अप्पज्ज ,, अप्पएणु ।
आत्मज्ञ–अप्पज्ज ,, अप्पएणु ।
इङ्गितज्ञ–इगिअज्ज ,, इगिअएणु ।
आज्ञा–अज्जा ,, आणा ।
दैवज्ञ–देवज्ज ,, देवएणु ।
दैवज्ञ–दइवज्ज ,, दइवएणु ।
प्रज्ञा–पज्जा ,, पएणा ।
मनोज्ञ–मणोज्ज ,, मणोएण ।
संज्ञा–सज्जा ,, सएणा, सणा ।
सप्रज्ञ–सपज्ज ,, संएण ।
सर्वज्ञ–सव्वज्ज ,, सव्वएणु ।

(पालि भाषा में भी 'ज्ञ' को 'ज' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० २४—टिप्पण प्रज्ञान–पञान)

'द्र' के 'र' का लोप चन्द्र–चंद, चन्द्र । रुद्र–रुद, रुद्र ।
समुद्र–समुद, समुद्र । भद्र–भद, भद्र ।
द्रव–दव, द्रव । द्रह–दह, द्रह । द्रुम–दुम, द्रुम ।

अपभ्रंश भाषा में संयुक्त अक्षर में परवर्ती 'र' का लोप विकल्प से होता है।[1] प्रिय–पिउ अथवा प्रिउ । प्राकृत भाषा में–पिय ।

अः को ओ।[2]

शब्द के अंत में आये हुए 'अ' का 'ओ' होता है। जैसे :—

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।३९८। २ हे० प्रा० व्या० ८।१।३७।

अग्रतः–अग्गतो[1] । अद्यतः–अज्जतो । अन्ततः–अंततो । आदितः–आदितो । इतः–इतो[2] । इतः इतः–इदो इदो (शौर०) । कुतः–कुतो । कुदो (शौर०) । ततः–ततो । तदो । तदो तदो । पुरतः–पुरतो । पृष्ठतः–पिट्ठतो । मार्गतः–मग्गतो । सर्वतः–सव्वतो ।

नाम के रूप

जिनः–जिणो । देवः–देवो । भवतः–भवतो । भवन्तः–भवन्तो । भगवन्तः–भगवन्तो । रामः–रामो । सन्तः–संतो इत्यादि ।

२. 'ख' विधान

यह बात विशेष ध्यान में रखनी चाहिए कि यहाँ जो जो विधान किये जा रहे हैं उन सब में एक अक्षर के–असंयुक्त अक्षर के–विधान (जैसे ख, च, छ इत्यादि के विधान) शब्द के आदि में अर्थात् शब्द के प्रारम्भ में किये गये हैं और दोहरे (डबल) अक्षर के सभी विधान–(जैसे क्ख, ग्ग, च्च, च्छ इत्यादि के विधान) शब्द के अन्दर किये गये हैं ऐसा समझना चाहिए ।

'क्ष[3]' को 'ख' क्षण–खण (= समय का छोटा भाग) । क्षमा–खमा (= क्षमा याने सहन करना) । क्षय–खअ । क्षीण–खीण । क्षीर–खीर । क्ष्वेटक–खेडअ । क्ष्वोटक–खोडअ ।

'क्ष' को 'क्ख' इक्षु–इक्खु । ऋक्ष–रिक्ख । मक्षिका–मक्खिआ । लक्षण–लक्खण ।

---

१. पृ० ३३ नियम (ख) के अनुसार अग्गओ, तओ, सव्वओ ऐसे भी रूप होते हैं । २. पृ० ३४–शौरसेनी भाषा में 'त' का 'द' होता है–इस नियम से अग्गदो, तदो, सव्वदो, पुरदो ऐसे भी रूप होते हैं । ३. है० प्रा० व्या ८।२।३ ।

मागधी भाषा में 'च' के स्थान में जिह्वामूलीय[1] अक्षर—≍ 'क' बोला जाता है।

सं०	मा०	प्रा०
यक्ष	य≍क	जक्ख
राक्षस	ल≍कश	रक्खस

'ष्क'[2] को 'ख' निष्क–निक्ख। पुष्कर–पोक्खर।
पुष्करिणी–पोक्खरिणी। शुष्क–सुक्ख।

'स्क' को 'ख' स्कन्द–खंद। स्कन्ध–खंध।
स्कन्धावार–खंधावार।

'स्क' को 'क्ख' अवस्कन्द–अवक्खंद। प्रस्कन्देत्–पक्खंदे।
उपस्कर–उवक्खर। उपस्कृत–उवक्खड।
अवस्कर–अवक्खर याने पुरीष=विष्ठा।

(पालि भाषा में 'ष्क' को 'क्ख', 'स्क' को 'ख' तथा 'क्ख' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ३६, ३७।)

मागधी भाषा में[3] जहाँ-जहाँ संयुक्त 'ष' अथवा 'स' आता है वहाँ सर्वत्र 'स' ही बोला जाता है।

संयुक्त 'ष'	सं	मा०	प्रा०
	उष्मा	उस्मा	उम्हा।
	धनुष्खण्ड	धनुस्खंड	धणुक्खंड।
	कष्ट	कस्ट	कट्ठ।
	निष्फल	निस्फल	निप्फल।
	विष्णु	विस्नु	विण्हु।
	शष्प	शस्प	सप्फ।
	शुष्क	शुस्क	सुक्क।

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२९६। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।४।
३. हे० प्रा० व्या० ८।४।२८९।

सं०	मा०	प्रा०
प्रस्खलति	पस्खलदि	पक्खलइ ।
वृहस्पति	बुहस्पदि	बुहप्फइ ।
मस्करी	मस्कली	मक्खरी ।
विस्मय	विस्मय	विम्हय ।
हस्ती	हस्ती	हत्थी ।

(पालि भाषा में इस विधान के लिए देखिए—पा० प्र० पृ० ५१-नि० ६८) ।

३. 'च' विधान

'त्य'[1] को 'च' त्याग-चाय । त्यागी-चाई । त्यजति-चयइ ।
'त्य' को 'च्च' प्रत्यय-पच्चय । प्रत्यूष-पच्चूह । सत्य-सच्च ।
'त्व' को 'च' कृत्वा-किच्चा । ज्ञात्वा-णच्चा । दत्वा-दच्चा ।
भुक्त्वा-भोच्चा । श्रुत्वा-सोच्चा । चत्वर-चच्चर ।

(पालि भाषा में त्य को च, च्च तथा त्व को च, च्च, होता है । देखिए—पा० प्र० पृ० २० तथा पृ० ३४ टिप्पण ।)

४. 'छ' विधान

'क्ष'[2] को 'छ' क्षण-छण (=उत्सव) । क्षत-छय ।
क्षमा-छमा (=पृथिवी)। क्षार-छार । क्षुत-छीअ ।
'क्ष' को 'च्छ' अक्षि-अच्छि । इक्षु-उच्छु । उक्षा-उच्छा ।
ऋक्ष-रिच्छ । कुक्षि-कुच्छि ।

(पालि भाषा में 'क्ष' को 'क', 'ख', 'क्ख' तथा 'क्ष' को 'च' 'छ' तथा 'च्छ' भी होता है । देखिये—पा० प्र० पृ० १७-क्ष-ख, क्ष-च, क्ष-छ, तथा क्ष को झ टिप्पण पृ० १७ । तथा ऋक्ष-अच्छ, इक्क । ध्वाङ्क्ष-धंक । लाक्षा-लाखा देखिए पा० प्र० पृ० १८ ।)

---

१. है० प्रा० व्या० ८।२।१३ तथा १५ ।२. है० प्रा० व्या० ८।२।३ तथा २०, १८, १६ ।

'श्व' [1]को 'च्छ' पृथ्वी–पिच्छी।

'थ्य' [2]को 'च्छ' पथ्य–पच्छ। पथ्या–पच्छा। मिथ्या–मिच्छा। सामर्थ्य–सामच्छ, सामच्छ।

'श्च' को 'च्छ' आश्चर्य–अच्छेर। पश्चात्–पच्छा। पश्चिम–पच्छिम। वृश्चिक–विंछिअ।

'त्स' को 'च्छ' उत्सव–उच्छव। उत्साह–उच्छाह। उत्सुक–उच्छुअ चिकित्सति–चिइच्छइ। मत्सर–मच्छर। संवत्सर–संवच्छर।

'प्स' को 'च्छ' अप्सरा–अच्छरा। जुगुप्सति–जुगुच्छइ। लिप्सति–लिच्छइ। जुगुप्सा–जुगुच्छा। लिप्सा–लिच्छा। ईप्सति–इच्छइ।

मागधी भाषा में 'च्छ' के स्थान में 'श्च' प्रयुक्त[3] होता है:—

सं०	मा०	प्रा०
गच्छ	गश्च	गच्छ
पिच्छिल	पिश्चिल	पिच्छिल
पृच्छति	पुश्चदि	पुच्छइ
वत्सल	वश्चल	वच्छल
उच्छलति	उश्चलदि	उच्छलइ
तिर्यक्	तिरिश्चि	तिरिच्छि

(पालि भाषा में 'थ्य' को 'च्छ', 'श्च' को 'च्छ', 'त्स' को 'च्छ' तथा 'प्स' को 'च्छ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० २१, २८, २६।)

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१५। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।२१।
३. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६५।

५. 'ज' विधान

'द्य'[1] को 'ज' द्युति–जुइ। द्योत–जोअ।
'द्य' को 'ज्ज' वैद्य–वेज्ज। मद्य–मज्ज। अद्य–अज्ज। अवद्य–अवज्ज।
'य्य' को 'ज्ज' शय्या–सेज्जा। जय्य–जज्ज।
'र्य' को 'ज्ज' आर्य–अज्ज। कार्य–कज्ज। पर्याप्त–पज्जत्त। भार्या–भज्जा। मर्यादा–मज्जाया। आर्यपुत्र–अज्जउत्त।

शौरसेनी भाषा में 'र्य' के स्थान में विकल्प से 'य्य'[2] भी बोला जाता है।

सं०	शौ०	प्रा०
आर्यपुत्र	अय्यउत्त, अज्जउत्त	अज्जउत्त।
आर्य	अय्य, अज्ज	अज्ज।
कार्य	कय्य, कज्ज	कज्ज।
सूर्य	सुय्य, सुज्ज	सुज्ज।

(मागधी भाषा में 'द्य', 'ज्ज', तथा 'य' के स्थान पर विकल्प से आदि में 'य' और शब्द के अन्दर 'य्य'[3] बोला जाता है।)

सं०	मा०	प्रा०
अद्य	अय्य	अज्ज।
मद्य	मय्य	मज्ज।
विद्याधर	विय्याहल	विज्जाहर।
यथा	यधा	जहा
कुरु	कलेय्यदि	करेज्जदि

(पालि भाषा में 'द्य' को ज, ज्ज और य्य भी होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० १८ और १६ वें का टिप्पण। पालि भाषा में र्य को यिर, य्य अथवा रिय होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० १५, १६।)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।२४। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६६।
३. हे० प्रा० व्या ८।४।२९२।

६. 'झ' विधान

'ध्य' को 'झ' ध्यान–झाण। ध्यायति–झायइ।
'ध्य'[1] को 'ज्झ' उपाध्याय–उवज्झाय। बध्यते–बज्झइ।
विन्ध्य–विंझ। साध्य–सज्झ। स्वाध्याय–सज्झाय।
'ह्य' को 'झ' नह्यति–नज्झति। गुह्य–गुज्झ। मह्यं–मज्झं।
सह्य–सज्झ।
'ह्य[2]' को 'य्ह' गुह्य–गुय्ह, गुज्झ। सह्य–सय्ह, सज्झ।
'क्ष[3]' को 'झ' क्षीण–झीण। क्षीयते–झिज्जइ।
'क्ष' को 'ज्झ' प्रक्षीण–पज्झीण।

(पालि भाषा में भी ध्य को झ और ह्य को य्ह होता है। क्रमशः देखिये—पा० प्र० पृ० १६—ध्य=झ, ध्य=ज्झ। पा० प्र० पृ० २२—ह्य=य्ह)

७. 'ट' विधान

'र्त'[4] को 'ट्ट' कैवर्त–केवट्ट। नर्तकी–नट्टई। वर्ती–वट्टी।
वर्तुल–वट्टुल। वार्ता–वट्टा।

(कुछ शब्दों में 'र्त' के 'रेफ' का लोप हो जाता है। जैसे :— आवर्तक–आवत्तअ। मुहूर्त–मुहुत्त। मूर्ति–मुत्ति। धूर्त–धुत्त। कीर्ति–कित्ति। कार्तिक–कत्तिअ। कर्तरी–कत्तरी इत्यादि)

(पालि भाषा में 'त' को 'ट' होता है। देखिए–प्रा० प्र० पृ० ५८) शौरसेनी भाषा में किसी-किसी प्रयोग में 'न्त' को 'न्द'[5] हो जाता है। जैसे :—

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।२६। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१२४। ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।३। ४. हे० प्रा० व्या० ८।२।३०। ५. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६१।

सं०	शौ०	प्रा०
अन्तःपुर	अन्देउर	अन्तेउर।
निश्चिन्त	निश्चिन्द	निच्चिन्त।
महान्-महन्त	महन्द	महन्त।

८. 'ठ' विधान

'ष्ट'[1] को 'ट्ठ' इष्ट–इट्ठ। अनिष्ट–अणिट्ठ। कष्ट–कट्ठ।
दष्ट–दट्ठ। दृष्टि–दिट्ठी। पुष्ट–पुट्ठ।
मुष्टि–मुट्ठि। यष्टि–लट्ठि। सुराष्ट्र–सुरट्ठ।
सृष्टि–सिट्ठि।

(अपवाद :—इष्टा–इट्टा। उष्ट्र–उट्ट। संदष्ट–संदट्ट।)

मागधी भाषा में 'ट्ट' तथा 'ष्ट' के स्थान में 'स्ट'[2] बोला जाता है।

'ट्ट' को 'स्ट' पट्ट–पस्ट, प्रा० पट्ट। भट्टारिका–भस्टालिया, प्रा० भट्टारिया। भट्टिनी–भस्टिणी, प्रा० भट्टिणी।

'ष्ट' को 'स्ट' कोष्ठागार–कोस्टागाल, प्रा० कोट्ठागार।
सुष्ठु–शुस्टु, प्रा० सुट्ठु।

पैशाची भाषा में 'ष्ट' के बदले 'सट'[3] बोला जाता है।

कष्ट–कसट, प्रा० कट्ठ। दृष्ट–दिसट प्रा० दिट्ठ।

(पालि भाषा में 'ष्ट' को 'ट्ठ' होता है। देखिये पा० प्र० पृ० २६ तथा उसी पृष्ठ की टिप्पण)

९. 'ण' विधान

'ज्ञ'[4] को 'ण' आज्ञा–आणा। ज्ञान–णाण। संज्ञा–संणा।
'ज्ञ' को 'ण्ण' विज्ञान–विण्णाण। प्रज्ञा–पण्णा।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।३४। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।२९०।
३. हे० प्रा० व्या० ८।४।३१४। ४. हे० प्रा० व्या० ८।२।४२।

'म्न' को 'ण्ण'　　निम्न-निण्ण ।　　प्रद्युम्न-पज्जुण्ण ।

मागधी भाषा में न्य, ण्य, ज्ञ और ञ्ज—इन चार अक्षरों की जगह 'ञ्ञ'[1] बोला जाता है तथा पैशाची भाषा में न्य, ण्य, तथा ज्ञ—इन तीन अक्षरों के स्थान में 'ञ्ञ'[2] बोला जाता है।

		सं०	मा०पै०	प्रा०
मागधी } पैशाची }	'न्य' को 'ञ्ञ'	अभिमन्यु	अभिमञ्ञु	अहिमन्नु ।
		कन्यका	कञ्ञका	कन्नका ।
,,	'ण्य' को 'ञ्ञ'	पुण्य	पुञ्ञ	पुण्ण ।
		पुण्याह	पुञ्ञाह	पुण्णाह ।
		पुण्यकर्म	पुञ्ञकम्म	पुण्णकम्म ।
'ज्ञ' को 'ञ्ञ'		प्रज्ञा	पञ्ञा	पण्णा ।
		सर्वज्ञ	शव्वञ्ञ सव्वञ्ञ	सव्वण्णु ।
मागधी	'ञ्ज' को 'ञ्ञ'	अञ्जलि	अञ्ञलि	प्रा० अञ्जलि ।
		धनञ्जय	धनञ्ञय	प्रा० धणंजय ।
		प्राञ्जल	पञ्ञल	प्रा० पंजल ।

(पालि भाषा में 'ज्ञ' को 'ण' तथा 'म्न' को 'न्न' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० २४ टिप्पण तथा ४८। तथा ज्ञ, ण्य, और न्य को 'ञ्ञ' भी होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० २३, २४।)

'श्न'[3] को 'ण्ह'　　प्रश्न-पण्ह । शिश्न-सिण्ह ।
'ष्ण' को 'ण्ह'　　कृष्ण-कण्ह । विष्णु-विण्हु ।
　　जिष्णु-जिण्हु । उष्णीष-उण्हीस ।
'स्न' को 'ण्ह'　　स्नात-ण्हाअ । ज्योत्स्ना-जोण्हा ।
　　प्रस्नुत-पण्हुअ ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२९३ । २. हे० प्रा०व्या० ८।४।३०३ तथा ३०५ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।७५ ।

'ह्न' को 'ण्ह' जह्नु–जण्हु । वह्नि–वण्हि ।
'ह्ण' को 'ण्ह' अपराह्ण–अवरण्ह । पूर्वाह्ण–पुव्वण्ह ।
'क्ष्ण' को 'ण्ह' तीक्ष्ण–तिण्ह । श्लक्ष्ण–सण्ह ।
'क्ष्म' को 'ण्ह' सूक्ष्म–सण्ह ।

(पैशाची भाषा में स्न के स्थान में 'सिन'[1] बोला जाता है ।)

सं०	पै०	प्रा०
स्नान	सिनात	ण्हाअ
स्नुषा	सिनुसा, सुनुषा	ण्हुसा, सुण्हा ।

(पालि भाषा में इस रूपान्तर के लिए देखिये—क्रमशः प्रा० प्र० पृ० ४६ (नि० ६३) तथा पृ० ४७ श्न=ण्ह, ष्ह तथा ष्ण–ण्ह पृ० ४८ टिप्पण=तीक्ष्ण–तिण्ह, तिक्ख, तिक्खिण तथा पृ० ४९ टिप्पण–पूर्वाह्ण–पुव्वण्ह ।)

(पालि भाषा में स्नान–सिनान । स्नुषा–सुणिसा, सुण्हा, हुसा ऐसे तीन रूप होते हैं । देखिये— पा० प्र० पृ० ४६ नियम ६३ ।)

१० 'थ' विधान

'स्त[2]' को 'थ' स्तव–थव, तव । स्तम्भ–थंभ ।
स्तब्ध–थद्ध, ठद्ध । स्तुति–थुई । स्तोक–थोअ ।
स्तोत्र–थोत्त । स्त्यान–थीण ।

'स्त' को 'त्थ' अस्ति–अत्थि । पर्यस्त–पल्लत्थ, पल्लट्ट । प्रशस्त–पसत्थ । प्रस्तर–पत्थर । स्वस्ति–सत्थि । हस्त–हत्थ ।
(अपवादः–समस्त–समत्त, स्तम्ब–तंब)

(मागधी भाषा में 'र्थ' तथा 'स्थ' के स्थान में 'स्त'[3] बोला जाता है)

---

१. है० प्रा० व्या० ८।४।३१४ । २. है० प्रा० व्या० ८।२।४५ ।
३. है० प्रा० व्या० ८।४।२९१ ।

	सं०	मा०	प्रा०
'र्थ' को 'त्त'	अर्थपति	अत्तवदि	अत्थवई।
	सार्थवाह	शत्तवाह	सत्थवाह।
'स्थ' को 'त्त'	उपस्थित	उवस्तिद	उवट्ठिअ।
	सुस्थित	सुस्तिद	सुट्ठिअ।

(पालि भाषा में 'स्त' को 'थ' और 'त्थ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० २७)

११. 'प' विधान

'ड्म'[1] को 'प' कुड्मल—कुंपल।

'क्म' को 'प्प' रुक्म—रुप्प। रुक्मिणी—रुप्पिणी। रुक्मी—रुप्पी, रुच्मी।

'ष्प'[2] को 'प्प' निष्पाप—निप्पाव। निष्पुंसन—निप्पुंसण।
निष्प्रभ—निप्पह। निष्प्राण—निप्पाण।

'स्प' को 'प्प' परस्पर—परोप्पर। बृहस्पति—बुहप्पइ। निस्पृह—निप्पिह।

(पालि भाषा में 'ड्म' को 'ड्डुम' और 'क्म' को 'क्कुम' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ४९ कुड्मल—कुड्डुमल अथवा कुटुमल। रुक्म—रुक्कुम तथा रुक्म देखिये, पा० प्र० पृ० ४१ टिप्पण)

१२. 'फ' विधान

'ष्प'[3] को 'प्फ' निष्पाव—निप्फाव। निष्पेष—निप्फेस।
पुष्प—पुप्फ। शष्प—सप्फ।

'स्प' को 'फ' स्पन्दन—फंदण। स्पन्द—फंद। स्पर्धा—फद्धा।
स्पन्दते—फंदए। स्पर्धते—फद्धए।

'स्प' को 'प्फ' प्रतिस्पर्धी—पडिप्फद्धी। प्रतिस्पर्धा—पडिप्फद्धा।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।५२। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।५३।
३. हे० प्रा० व्या० ८।२।५३।

प्रतिस्पर्धते–पडिप्फद्धए। बृहस्पति–बुहप्फइ, बिहप्फइ, बुहप्पइ, बिहप्पइ। वनस्पति–वणप्फइ।

(पालि भाषा में ष्प को प्फ तथा स्फ को फ और प्फ होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ३६)

१३. 'भ' विधान

'ह्व'[1] को 'भ' ह्वान–भाण। ह्वयते–भयए

'ह्व' को 'ब्भ' आह्वान–अब्भाण। आह्वयते–अब्भयते। जिह्वा–जिब्भा, जीहा। विह्वल–विब्भल, भिब्भल, विहल।

(पालि भाषा में भी ह्व को भ होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ६४ तथा गह्वर–गब्भर पृ० ३५ टिप्पण।)

१४. 'म' विधान

'ग्म'[2] को 'म्म' युग्म–जुम्म, जुग्ग। तिग्म–तिम्म, तिग्ग।

'न्म' को 'म्म' जन्म–जम्म। मन्मथ–वम्मह। मन्मन–मम्मण।

(पालि भाषा में ग्म को गुम तथा न्म को म्म होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० क्रमशः ४९ तथा ४६)

'द्म' को 'म्ह' पद्म–पम्ह। पद्मल–पम्हल।

'श्म' " " कश्मीर–कम्हार। कुश्मान–कुम्हाण।

'ष्म' " " उष्मा–उम्हा। ग्रीष्म–गिम्ह।

'स्म' " " अस्मादृश–अम्हारिस। विस्मय–विम्हय।

'ह्म' " " ब्रह्म–बम्ह। ब्राह्मण–बम्हण।
ब्रह्मचर्य–बम्हचेर, बंभचेर। सुह्म–सुम्ह।

(अपभ्रंश भाषा में पूर्वनिर्दिष्ट म्ह के स्थान में 'म्भ'[3] भी बोला जाता है।)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।५७,५८। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।६२, ६१, ७४। ३. हे० प्रा० व्या० ८।४।४१२।

सं०	अप०	प्रा०
ग्रीष्म	गिम्ह, गिम्भ	गिम्ह
श्लेष्म	सिम्ह, सिम्भ	सिम्ह
पद्म	पम्ह, पम्भ	पम्ह
पद्मल	पम्हल, पम्मल	पम्हल।
ब्राह्मण	बम्हण, बंभण	बम्हण

(पालि भाषा में श्म=म्ह, ष्म-म्ह, स्म=म्ह होता है और कहीं-कहीं श्म और स्म को स्स तथा स होता है। देखिये पा० प्र० पृ० ५०)

१५. 'ल्ह' विधान

'ह्'[1] को 'ल्ह' कह्लार-कल्हार। प्रह्लाद-पल्हाअ।

(पालि भाषा में 'ह्' के बदले 'हिल' बोला जाता है :—ह्लाद-हिलाद। देखिये—पा० प्र० पृ० ३२)

१६. कुछ संयुक्त व्यञ्जनों के मध्य में स्वरों का आगम

'क्ल'[2] के स्थान में 'किल' क्लाम्यति-किलम्मइ। क्लाम्यत्-किलमत। क्लिष्ट-किलिट्ठ। क्लिन्न-किलिन्न। क्लेश-किलेस। शुक्ल-सुकिल, सुक्ल।

'ग्ल' के स्थान मे 'गिल' ग्लायति-गिलाइ। ग्लान-गिलाण।

'प्ल' के " " 'पिल' प्लुष्ट-पिलुट्ठ। प्लोष-पिलोस।

'म्ल' " " " 'मिल' अम्ल-अविल। म्लान-मिलाण। म्लायति-मिलाइ।

'श्ल' " " " सिल' श्लेष-सिलेस। श्लेष्मा-सिलिम्हा। श्लोक-सिलोग। श्लिष्ट-सिलिट्ठ।

'र्य'[3] के स्थान में 'रिअ' अथवा 'रिय' आचार्य-आयरिअ। गाम्भीर्य-गंभीरिअ। गाभीर्य-गहीरिअ। ब्रह्मचर्य-बम्हचरिअ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।७६। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१०६।
३. हे० प्रा० व्या० ८।२।१०७।

भार्या–भारिआ। वर्य–वरिअ। वीर्य–वीरिअ। स्थैर्य–थेरिअ।
सूर्य–सूरिअ। सौन्दर्य–सुंदरिअ। शौर्य–सोरिअ।

उपर्युक्त सभी उदाहरणों में 'रिय' भी समझना चाहिए। लेकिन यह विधान व्यापक न होकर प्रयोगानुसारी है देखिए—त विधान नियम–५। पैशाची भाषा में 'र्य' के स्थान में 'रिय'[1] भी बोला जाता है।

सं०	पै०	प्रा०
भार्या	भारिया, भज्जा	भज्जा

'र्श[2]' के स्थान में 'रिस' आदर्श–आयरिस, आयंस। दर्शन–दरिसण, दंसण। सुदर्शन- सुदरिसण, सुदंसण।
'र्ष' " " " वर्ष–वरिस, वास। वर्षशत--वरिससय, वाससय। वर्षा--वरिसा, वासा।
'र्ह' " " " रिह अर्हति--अरिहइ। अर्ह--अरिह। गर्हा–गरिहा। वर्ह--वरिह।

[3]स्त्रीलिङ्गी पद के संयुक्त व्यञ्जनों में स्वरों का आगम

'घ्वी' के	स्थान	में	'घुवी'		लघ्वी—लघुवी, लहुवी।
थ्वी	"	"	"	थुवी	पृथ्वी—पुथुवी, पुहुवी।
द्वी	"	"	"	दुवी	मृद्वी—मिदुवी, मिउवी।
न्वी	"	"	"	णुवी	तन्वी—तणुवी।
र्वी	"	"	"	रुवी	गुर्वी—गुरुवी।
ह्वी	"	"	"	हुवी	वह्वी—वहुवी।

(पालि भाषा में भी कई संयुक्त व्यञ्जनों के बीच में स्वरों का आगम होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ४६ (नि० ६२), पृ० ३२, पृ० ११, पृ० २६२ स्त्री प्रत्यय।)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।३१४। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१०५। १०४। ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।११३।

संयुक्त व्यञ्जनों का विशेष परिवर्तन

१. क्क[1]

'क्त' को 'क्क' मुक्त–मुक्क, मुत्त। शक्त–सक्क, सत्त।
'ग्ण' " 'क्क' रुग्ण–लुक्क, लुग्ग।
'त्व' " 'क्क' मृदुत्व–माउक्क, माउत्तण।
'ष्ट' " " दष्ट–डक्क, दट्ठ।

[सूचना :—जहाँ दो-दो रूप दिए हैं वहाँ विकल्प से समझना चाहिए।]

(पालि भाषा में भी शक्त–सक्क। प्रतिमुक्त–पतिमुक्क। देखिये—पा० प्र० पृ० ४१ (टिप्पणी)। रुग्ण–लुग्ग पृ० ४६ टिप्पण)

२. क्ख[2]

'क्ष्ण' को 'क्ख' तीक्ष्ण–तिक्ख, तिण्ह देखिये—'ण्ह' विधान नियम क्ष्ण को ण्ह, पृ० ७०।

(तीक्ष्ण–तिक्ख, तिण्ह, तिखिण देखिए पा० प्र० पृ० ४८ टिप्पण)

३. ख[3]

'स्त' को 'ख' स्तम्भ–खंभ, थंभ।
'स्थ' " " स्थाणु–खाणु अर्थात् ठूँठ वृक्ष, थाणु (=महादेव)।
'स्फ' को " स्फेटक–खेडअ। स्फोटक–खोडअ। स्फेटिक–खेडिअ।

४. ग्ग[4]

'क्त' को 'ग्ग' रक्त–रग्ग, रत्त।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।२। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।३।
३. हे० प्रा० व्या० ८।२।८,७,६। ४. हे० प्रा० व्या० ८।२।१०।

५. ङ्ग[1]

'ल्क' को 'ङ्ग' शुल्क–सुङ्ग, सुंग, सुक* ।

(शुल्क— सुंक देखिए पा० प्र० पृ० ३० टिप्पण)

६. च्च[2]

'त्त' को 'च्च' कृत्ति–किच्ची ।
'थ्य' " 'च्च' तथ्य–तच्च, तच्छ ।

७. छ तथा च्छ[3]

'स्थ' को 'छ' स्थगित–छइअ, थइअ ।
'स्प' " " स्पृहा–छिहा । स्पृहावत्–छिहावंत ।
'स्प' " 'च्छ' निस्पृह–निच्छिह, निप्पिह ।

८. ञ्ज तथा ञ्ञ[4]

'न्य' को 'ञ्ज', 'ञ्ञ' अभिमन्यु–अहिमञ्जु, अहिमञ्ञु, अहिमंजु, अहिमन्नु ।
मागधी[5] में अभिमन्यु–अहिमञ्ञु ।
(अभिमन्यु–अभिमञ्जु देखिये—पा० प्र० पृ० २३)

९. ज्झा[6]

'न्ध' को 'ज्झा' इन्ध–इज्झाइ । (तृतीय पुरुष, एकवचन, वर्तमानकाल)
सम्+इन्ध—समिज्झाइ ,,
वि+इन्ध—विज्झाइ ,,

१०. ञ्चु[7]

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।११ । *तुलना कीजिए–हिन्दी-'चुंगी' से ।
२. हे० प्रा० व्या० ८।२।१२,२१ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।१७,२३ ।
४. हे० प्रा० व्या० ८।२।२५ । ५. हे० प्रा० व्या० ८।४।२९३ । ६. हे० प्रा० व्या० ८।२।२८ । ७. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६ ।

'श्चि' को 'ञ्चु' वृश्चिक—विञ्चुश्र, विंचुश्र, विछिश्र।
(वृश्चिक—विच्छिक देखिये—पा० प्र० पृ० ३८)

११. ट्ट[1]

'त्त' को 'ट्ट' पत्तन—पट्टण। मृत्तिका—मट्टिआ। वृत्त—वट्ट।
'र्थ' ,, ,, कदर्थित—कवट्टिश्र।
'स्त' ,, ,, पर्यस्त—पल्लट्ट।
(देखिए पा० प्र० पृ० ५८ र्त=ट्ट, वर्ति—वट्टि।)

१२ ठ—ट्ठ[2]

'स्त' को 'ठ' स्तम्भयते—ठंभिज्जइ (=गतिहीन)। स्तब्ध—ठड्ढ[3]।
(याने निस्पद—गतिहीन, हिन्दी में खड़ा)
स्तम्भ्—ठम्, ठमइ क्रियापद।
स्तम्भ—टम, खंभ। स्त्यान—ठीण, थीण।
'स्थ' को 'ठ' विसंस्थुल—विसंठुल।
'र्थ' को 'ट्ठ' अर्थ—श्रट्ठ (=प्रयोजन), अत्थ (=धन)।
चतुर्थ—चउट्ठ, चउत्थ।
'स्थ' को 'ट्ठ' अस्थि—श्रट्ठि।

(देखिये—पा० प्र० पृ० २७ टिप्पण, परिवस्तव्य—परिवठव्व। अर्थ—श्रट्ठ, श्रट्ठ देखिये—पा० प्र० पृ० १० टिप्पण। वयस्थ—वयट्ठ, अस्थि—श्रट्ठि देखिए पा० प्र० पृ० २८ स्थ=ठ तथा पृ० २६ स्थ=ट्ठ।

१३. ड्ड[4]

'र्त' को 'ड्ड' गर्त—गड्ड। गर्ता—गड्डा।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।२९, ४७। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।६, ८, ३२, ३३, ३९। ३. तुलना—हिन्दी—ठाढो—"सूरदास द्वारे ठाढो आंधरो भिखारी"। ४. हे० प्रा० व्या० ८।२।३५,३६,३७।

'र्द' ,, ,, कपर्द—कवड्ड । छर्द—छड्डइ (क्रियापद) ।
छर्दि—छड्डि । मर्दित—मड्डिअ । वितर्दि—विअड्डि ।
गर्दभ—गड्डह, गद्दह ।

१४. ढ, ड्ढ[1]

'र्ध' को 'ढ' मूर्ध--मुंढा, मुद्ध ।
'र्ध' ,, 'ड्ढ' अर्ध--अड्ढ, अद्ध ।
'ग्ध' ,, ,, दग्ध—दड्ढ । विदग्ध-विअड्ढ ।
'द्ध' ,, ,, ऋद्धि-इड्ढि, इद्धि । वृद्ध-वुड्ढ, विद्ध । वृद्धि-वुड्ढि ।
श्रद्धा-सड्ढा, सद्धा ।
'ब्ध' ,, ,, स्तब्ध-ठड्ढ ।

(देखिए—पा० प्र० पृ० ४२-वृद्धि-वुड्ढि । वर्धमान-वड्ढमान । अर्ध-अड्ढ । दग्ध-दड्ढ आदि । द्ध=ड्ढ, र्ध=ड्ढ, ग्ध=ड्ढ ।

१५. ण्ट, ण्ड, ण्ण[2]

'न्त' को 'ण्ट' वृन्त-वेण्ट अथवा वेंट । तालवृन्त-तालवेण्ट ।
'न्द' ,, 'ण्ड' कन्दरिका—कण्डलिया । भिन्दिपाल-भिण्डिवाल ।
'ञ्च' ,, 'ण्ण' पञ्चदश—पण्णरह । पञ्चाशत्-पण्णासा ।
'त्त' ,, 'ण्ण' दत्त—दिण्ण (जहाँ ण्ण न हो वहाँ दत्त पद समझना चाहिए । जैसे, दत्तं । परन्तु देवदत्त, चारुदत्त आदि नामों में 'त्त' का परिवर्तन नहीं होता है ।)
'ह्न' ,, 'ण्ण' मध्याह्न—मज्झण्ण, मज्झण्ह ।
(देखिए—पा० प्र० पृ० ५८-वृन्त-वण्ट—नियम ८५ ।)

१६. त्थ[3]

'त्स' को 'त्थ' उत्साह—उत्थाह ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२,४१,४०,३९ । २. हे० प्रा० व्या० ८।२। ३१, ३८, ४३, ८४ तथा ८।१।४६ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।४८ ।

'त्म' ,, ,, अध्यात्म-अज्झप्प, अज्झत्त।

(देखिये—पालि प्र० पृ० ३० टिप्पण उत्साह-उस्साह।)

१७. न्त[1]

'न्य' को 'न्त' मन्यु-मन्तु अथवा मंतु, मन्तु।

१८. ढ्ढ[2]

'ष्ट' ,, 'ढ्ढ' आश्लिष्ट-आलिद्ध।

१९. न्ध[3]

'ह्न' ,, 'न्ध' चिह्न-चिन्ध, चिंध, चिण्ह।

चिह्नित-चिन्धिअ, चिंधिअ, चिण्हिअ।

२०. प्प, प्फ, फ[4]

'त्म' को 'प्प' आत्मा-अप्पा, अत्ता। आत्मानः-अप्पाणो, अत्ताणो।

'क्म' ,, 'प्प' रुक्म-रुप्प, रुक्म।

'ष्म' ,, 'प्फ' भीष्म-भिप्फ।

'ष्म' ,, 'फ' श्लेष्मन्-सेफ, सिलिम्ह।

(समानता-'श्ले' और 'ष्म' के बीच में 'अ' का प्रवेश करने पर श्लेषम-गुजराती में 'सलेखम')

(आत्मा-अत्ता, आतुमा देखिये—पा० प्र० पृ० ५० नियम ५०। श्लेष्मा-सिलेतुमा, सेम्ह देखिये—पा० प्र० पृ० ४६।)

२१. ब्भ, म्ब, म्भ[5]

'र्ध्व' को 'ब्भ' ऊर्ध्व-उब्भ, उद्ध।

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।४४। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।४९।
३. हे० प्रा० व्या० ८।२।५०। ४. हे० प्रा० व्या० ८।२।५१,५४,५५।
५. हे० प्रा० व्या० ८।२।५६, ५९, ६०, ७४।

'म्र' ,, 'म्व' आम्र--अम्व । ताम्र--तम्ब ।
'श्म' ,, 'म्भ' कश्मीर--कम्भार, कम्हार ।
'ह्म' ,, 'म्भ' ब्राह्मण--बम्भण, बम्हण ।
ब्रह्मचर्य--बम्भचेर, बम्हचेर ।

(आम्र--अम्ब, ताम्र--तम्ब देखिये—पा० प्र० पृ० १५ नियम १८)

२२. र[1]

'त्र' को 'र' धात्री--धारी ।
'र्य' को 'र' आश्चर्य–अच्छेर । तूर्य–तूर । धैर्य–धीर, धिज्ज ।
पर्यन्त–पेरन्त, पज्जंत । ब्रह्मचर्य-बंभचेर ।
शौण्डीर्य-सोंडीर, सं० शौण्डीर । सौन्दर्य–सुंदेर ।
'ह' को 'र' उत्साह–उत्थार ।
'र्ह' को 'र' दशार्ह–दसार ।

(देखिए—पा० प्र० पृ० १४ टिप्पण—धात्री–धाती । पा० प्र० पृ० ४ इस्सेरं, मच्छेरं)

२३. ल, ल्ल[2]

'ण्ड' को 'ल' कूष्माण्ड–कोहल, कोहंड । कूष्माण्डी–कोहली, कोहंडी ।
'र्य' को 'ल्ल' पर्यस्त–पल्लट्ट, पल्लत्थ । पर्याण–पल्लाण, सं० पल्ययन ।
सौकुमार्य–सोगमल्ल, सोअमल्ल, सं० सौमाल्य ।

(देखिए—पा० प्र० पृ० १६ टिप्पण–पर्यस्तिका–पल्लत्थिका आदि)

२४. स्स[3]

'स्प' को 'स्स' बृहस्पति–बहस्सइ, बहप्फइ ।
वनस्पति--वणस्सइ, वणप्फइ ।

(देखिए—पा० प्र० पृ० ३९, वनस्पति–वनप्पति, नियम ४८)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।८१, ६६,६४,६३,६५,४८,८५ । २. हे० प्रा०व्या० ८।२।७३,६८ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।६९।

२५ ह[1]

'क्ष' को 'ह्' दक्षिण–दाहिण, दक्खिण ।
'ख' ,, 'ह्' दुःख–दुह, दुक्ख । दुःखित–दुहिअ, दुक्खिअ ।
'ष्प' ,, 'ह्' बाष्प–बाह (अश्रु–असु गु०, आँसू) तथा बाष्प–बप्फ (=भाफ) ।
'ष्म' को 'ह्' कुष्माण्ड–कोहण्ड । कुष्माण्डी–कोहण्डी ।
र्घ ,, ,, दीर्घ–दीह, दिग्घ ।
र्थ ,, ,, तीर्थ–तूह, तित्थ ।
र्ष ,, ,, कार्षापण–काहापण ।
(देखिये–पा० प्र० पृ० ८, दुःख–दुक्ख)

२६. द्विर्भाव[2]

कुछ शब्दों में 'र' और 'ह' को छोडकर इकहरे व्यञ्जन को द्वित्व हो जाता है । द्वित्व का ही अपर नाम द्विर्भाव है । यह द्विर्भाव कुछ शब्दों में नित्य होता है और कुछ में वैकल्पिक ।

नित्य द्विर्भाव —ऋजु–उज्जु । तैल–तेल्ल । प्रभूत–बहुत्त । प्रेम–पेम्म । मण्डूक–मंडुक्क । यौवन–जुव्वण । विचकिल–वेइल्ल । व्रीडा–विड्डा इत्यादि ।

वैकल्पिक द्विर्भाव :—एक–एक्क, इक्क, एअ, एग । कणिकार–कण्णिआर, कणिआर । कुतूहल–कोउहल्ल, कोउहल । चैत्र–चित्त, चित्तअ, चिअ । चैत्र–चेत्त, चेत्त, चेअ । तूष्णीक–तुण्हिक्क, तुण्हिक । दैव–दइव्व, दइव । नख–नक्ख, नह । निहित–निहित्त, निहिअ । नीड–नेड्ड, नीड । मूक–मुक्क, मूअ । सेवा–सेव्वा, सेवा ।

---

१ हे० प्रा० व्या० ८।२।७२, ७०, ७३, ६१, ७१ । २. हे० प्रा० व्या० ८।२।८६, ६५, ६८, ९७, ६२, ८।१।२२ ।

स्थूल–थुल्ल, थूल । स्थाणु–खण्णु, खाणु । हूत–हुत्त, हूअ इत्यादि ।

सामासिक शब्दों में द्विर्भाव :—आलानस्तम्भ–आणालक्खंभ, आणालखंभ । कुसुमप्रकर–कुसुप्पयर, कुसुमपयर । देवस्तुति–देवत्थुइ, देवथुइ । नदीग्राम–नइग्गाम, नइगाम । हरस्कन्द–हरक्खंद, हरखंद इत्यादि ।

जिस इकहरे व्यञ्जन के पूर्व दीर्घ अथवा अनुस्वार हो तो उसे द्वित्व नहीं होता है । जैसे :—

क्षिप्त–छूढ का छुड्ढ नहीं होता है ।
स्पर्श–फास ,, फस्स ,, ,,
त्र्यस्त्र–तंस ,, तस्स ,, ,,
संध्या–संझा ,, संज्झा ,, ,,

(पालि भाषा में भी द्विर्भाव की प्रक्रिया है । देखिये पा० प्र० पृ० १०, नियम १२ ।)

२७. शब्दों में विशेष परिवर्तन[1]

अयस्कार–एक्कार । आश्चर्य–अच्छअर, अच्छरिअ, अच्छरिज्ज, अच्छरीअ । उदूखल–ओहल, उऊहल । उलूखल–ओक्खल, उलूहल । कमल–केल, कमल । कदली–केली, कयली । कर्णिकार–कण्णेर, कणिआर, कण्णिआर । चतुर्गुण–चोग्गुण, चउग्गुण । चतुर्थ–चोत्थ, चउत्थ । चतुर्दश–चोद्दस, चउद्दस । चतुर्वार–चोव्वार, चउव्वार । त्रयस्त्रिंशत्–तेत्तीसा । त्रयोदश–तेरह ।

(पालि में अच्छरिय, अच्छयिर देखिये पा० प्र० पृ० ४४ टिप्पण ।)

---

१. प्रा० व्या० ८।१।१६६, १६५, १६७, १६८, १७०, १७१, १७४, १७५ तथा ८।२।६६, ६७ ।

त्रयोविंशति–तेवीसा। त्रिंशत्–तीसा। नवनीत–नोणीअ, लोणीअ। नवफलिका–नोहलिआ। नवमालिका—नोमालिआ। निषण्ण–णुमण्ण। पूगफल–पोप्फल। पूतर–पोर। प्रावरण–पगुरण, पाउरण, पावरण। बदर–बोर। मयूख–मोह। रुदित–रुण्ण। लवण–लोण। विचकिल–वेइल्ल। विंशति–वीसा। सुकुमार–सोमाल (स० सोमाल)। स्थविर–थेर।

(देखिये पा० प्र० पृ० ४४ नियम ५७, लवण–लोण तथा पृ० ६२, लयन–लेन। देखिये—पा० प्र० पृ० २८ नि० ३४, स्थविर–थेर।)

२८ शब्दों में विविध परिवर्तन[1]

अधस्–हेट्ठ। अप–ओ। अप्सरस्–अच्छरसा, अच्छरा। अयि–ऐ, अइ। अव–ओ। अवधि–ओहि। आयुष्–आउस। आरब्ध–आढत्त, आरद्ध। इदानीं–एण्हिं, एत्ताहे, दाणि, इआणि (शौरसेना–दाणि)। ईषत्–कूर, ईसि, ईसि। उत–ओ। उप–ऊ, ओ। उपाध्याय–ऊज्झाय ओज्झाय, उवज्झाय। उभय–अवह, उवह, उभयो। ककुभ्–कउहा। क्षिप्त–छूढ, खित्त। क्षुध्–छुहा। गृह–घर। गृहस्वामी–घरसामी। राजगृह–रायघर। गृहपति–गहवइ। छुप्त–छिक्क, छुत्त। तिर्यक्–तिरिया, तिरिच्छ। त्रस्त–हित्थ, तट्ठ, तत्थ। दिश–दिसा। दुहिता–धूआ, दुहिआ। दंष्ट्रा–दाढा (स० दाढा)।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१४१। ८।१।१७२, २०, १६६, १७२, २०। ८।२।१३८, १३४। ८।४।२७७। ८।२।१२९। ८।१।१७२, १७३। ८।२।१३८।

धनुष्—धणुह, धणु। धृति—दिहि। पदाति—पाइक्क, पयाइ। प्रावृष्—पाउस। पितृष्वसा—पिउच्छा, पिउसिआ। पूर्व—पुरिम, पुव्व (शौरसेनी—पुरव)। बहिस्—बाहि, बाहिरं। बृहस्पति—भयस्सइ, बहस्सइ। भगिनी—बहिणी, भइणी। मलिन—मइल, मलिण। मातृष्वसा—माउच्छा, माउसिआ। मार्जार—मञ्जर, वञ्जर, मञ्जार। वनिता—विलया, वणिआ। विद्रुत—विद्दाअ। वृक्ष—रुक्ख, वच्छ। वैडूर्य—वेरुलिय, वेडुज्ज। शुक्ति—सिप्पि, सुत्ति। स्तोक—थेव, थोव, थोक्क, थोअ। स्त्री—इत्थी, थी। श्मशान—सीआण, सुसाण, मसाण[1]।

[2]अपभ्रंश भाषा में निम्नलिखित शब्दों का विशेष परिवर्तन इस प्रकार है :—

सं०	प्रा०	अपभ्रंश
अन्यादृश	अन्नारिस	अन्नाइस
अपरादृश	अवरारिस	अवराइस

(देखिये—पा० प्र० पृ० ५६ नि० ७८, गृह—घर। गृहणी—घरणी। पृ० १६, तिर्यक्—तिरिय। पृ० ३४ टिप्पण, पितृष्वसा—पितुच्छ। पृ० २७, स्तोक—थोक। पृ० ५१ टिप्पण—श्मशान—मसान, सुसान।)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२१। ८।२।१२७, ८।१।१७, ८।२।१४४, ८।२।१३८, ८।२।१४३, ८।२।१३६। ८।१।१९, ८।२।१२६, ८।२।१३६, ८।१।२२, ८।२।१३१, ८।२।१३८, ८।१।१६, ८।२।१४२, ८।२।१३५, ८।४।२७०, ८।२।१४०, ८।२।१३७, ८।२।१२६, ८।२।१३८, ८।२।१४२, ८।२।१३२, ८।२।१२८, ८।१।१०७, ८।२।१२७, ८।२।१३३, ८।२।१३८, ८।२।१२५, ८।२।१३०, ८।२।८६। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।४१३, ८।४।४०३, ८।४।४०२, ८।४।४२१।

ईदृश	एरिस	अइस, एह
कीदृश	केरिस	कइस, केह
तादृश	तारिस	तइस, तेह
यादृश	जारिस	जइस, जेह
वत्म	वट्ट	विच्च
विषण्ण	विसण्ण	वुन्न

•

आगम

कुछ शब्दों के संयुक्त व्यञ्जनों के बीच में स्वरों का आगम होता है। इसे स्वर-प्रक्षेप वा अन्तःस्वरवृद्धि अथवा स्वर-भक्ति कहते हैं।

[1]अ का आगमः—अग्नि–अगणि, अग्गि। अर्हन्–अरहंत। कृष्ण–कसण, कण्ह (अर्थात् काला रंग)। क्ष्मा–छमा। प्लक्ष–पलक्ख। रत्न–रतन, रयण। शार्ङ्ग–सारंग। श्लाघा–सलाहा। स्निग्ध–सणिद्ध। सूक्ष्म–सुहम। स्नेह–सणेह, नेह।

[2]इ का आगमः—अर्हत्–अरिहंत। कृत्स्न–कसिण, कण्ह। क्रिया–किरिया, किया। चैत्य–चेइअ। तप्त–तविअ। दिष्ट्या–दिट्ठिआ। भव्य–भविअ, भव्व। वज्र–वइर, वज्ज। श्री–सिरी। स्निग्ध–सिणिद्ध, निद्ध। स्याद्–सिआ। स्याद्वाद–सिआवाअ। स्वप्न–सिविण, सिमिण, सुमिण। ह्यः–हिओ। ह्री–हिरी।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१०२, ८।२।१११, ८।२।११०, ८।२।१०१, ८।२।१०३, ८।२।१०१, ८।२।१००, ८।२।१०१, ८।२।१०९, ८।२।१०१, ८।२।१०२। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१११, ८।२।११०, ८।२।१०४, ८।२।१०७, ८।२।१०५, ८।२।१०४, ८।२।१०७, ८।२।१०५, ८।२।१०४, ८।२।१०६, ८।२।१०७, ८।२।१०८, ८।२।१०४।

[1]ई का आगमः—ज्या–जीआ।

[2]उ का आगमः—अर्हत्–अरहत। छद्म–छउम। द्वार–दुवार, दुआर, दार, देर, वार। पद्म–पउम, पोम्म। मूर्ख–मुरुक्ख, मुक्ख। स्व–सुवे। स्नुषा–सुनुसा, सुण्हा, ण्हुसा, सुसा। सूक्ष्म–सुहुम, सुहम, सण्ह, सुण्ह। सुघ्न–सुरुग्घ। स्व–सुव।

२९. [3]विशेष शब्दों में अनुस्वार का आगम—अतिमुक्तक–अइमुंतय, अइमुत्तय। अश्रु–अंसु। उपरि–अवरिं, उवरि। कर्कोट–थकोड। कुड्मल–कुंपल। गुच्छ–गुंछ। गृष्टि–गिंठि, गिट्ठि। त्र्यस्र–तंस,। दर्शन–दंसण, दरिसण। देवनाग–देवनाग। पर्शु–पंसु, परिसु। पुच्छ–पुंछ, पुच्छ। प्रति-श्रुत–पडंसुआ। बुध्न–बुंध। मनस्वि–मणंसि। मन-स्विनी–मणंसिणी। मनःशिला–मणंसिला, मणसिला, मणासिला, मणोसिला। मूर्धन्–मुंढ, मुद्ध। मार्जार–मंजार, मज्जार। वक्र–वंक, वक्क। वयस्य–वयंस, वयस्स। वृश्चिक–विंछिअ, विंचुअ। श्मश्रु–मंसु, मस्सु।

[4]शौरसेनी भाषा में णकार का विकल्प से आगम—

सं०	प्रा०	शौ०
युक्तम् इदम्	जुत्तं इणं	जुत्तं णिमं, जुत्तं इणं।
सदृशम् इदम्	सरिसं इणं	सरिसं णिमं, सरिसं इणं।
किम् एतद्	किं एअं	किं णेदं, किं एदं।
एवम् एतद्	एवं एअं	एवं णेदं, एवं एदं।

१ हे० प्रा० व्या० ८।२।११५। २ हे० प्रा० व्या० ८।२।१११, ८।२।११२, ८।२।११४, ८।२।११३, ८।२।११४। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।२६। ४ हे० प्रा० व्या० ८।४।२७६।

[1]अपभ्रंश भाषा में विशेष शब्दों के किसी-किसी प्रयोग में स्वर अथवा व्यञ्जन का आगमः—

सं०	प्रा०	अप०
उक्त	उत्त	वुत्त—'व' का आगम
परस्पर	परोप्पर	अपरोप्पर—'अ'का आगम
व्यास	वास	व्रास—'र' का आगम

३०. [2]अक्षरों का व्यत्यय (व्यतिक्रम) :—

अचलपुर—अलचपुर । आलान—आणाल । करेणु—कणेरु महाराष्ट्र—मरहट्ठ । लघुक—हलुअ, लहुअ । ललाट—णडाल, णलाड । वाराणसी—वाणारसी, सं० वराणसी, वाणारसी, वराणसि । हरिताल—हलिआर, हरिआल । ह्रद—द्रह, हर ।

०

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।४२१, ८।४।४०६, ८।४।३९९। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।११८, ८।२।११७, ८।२।११६, ८।२।११९, ८।१।१२२, ८।२। १२३, ८।२।११६, ८।२।१२१, ८।२।१२० ।

लिंगविचार

कुछ[1] शब्दों के लिंग में जो परिवर्तन होता है वह इस प्रकार है :—

जिन शब्दों के अन्त में स् अथवा न् हो वे सभी शब्द पुंलिंग में होते हैं।

सं०	पु०	सं०	पु०
यशस्	जसो	जन्मन्	जम्मो
पयस्	पयो	नर्मन्	नम्मो
तमस्	तमो	मर्मन्	मम्मो
तेजस्	तेओ	वर्म्मन्	वम्मो
उरस्	उरो	धामन्	धामो

'जसो', 'पयो' आदि शब्दों के अन्त में 'ओकार' नर जाति (पुंलिंग) सूचित करता है।

अपवाद :—दामन्–दामं। शर्मन्–सम्मं। चर्मन्–चम्मं। शिरस्–सिरं। सुमनस्–सुमण।

प्रावृष्–शरद् और तरणि शब्द पुंलिंग में प्रयुक्त होते हैं। प्रावृष्–पाउसो। शरद्–सरओ। तरणि–तरणी। 'आँख' अर्थवाले सभी शब्द पुंलिंग में विकल्प से प्रयुक्त होते हैं।

सं०	पुं०	नपुं०
अक्षि	अक्खी	अक्खि
अक्षि	अच्छी	अच्छि
चक्षु	चक्खू	चक्खुं

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।३२, ८।१।३१, ८।१।३३, ८।१।३४, ८।१।३५।

नयन	नयणो	नयणं
लोचन	लोयणो	लोयणं

निम्नलिखित शब्द पुंलिग में विकल्प से प्रयुक्त होते हैं।

वचन	वयणो	वयणं
विद्युत्	विज्जुणा	विज्जुए (तृतीया विभक्ति)
कुल	कुलो	कुलं
छन्द	छंदो	छंदं
माहात्म्य	माहप्पो	माहप्पं
दुःख	दुक्खो	दुक्खं
भाजन	भायणो	भायणं

निम्नलिखित शब्द नपुंसकलिग में विकल्प से प्रयुक्त होते हैं।

गुण	गुणं	गुणो
देव	देवं	देवो
विन्दु	विन्दुं	विन्दू
खड्ग	खग्गं	खग्गो
मण्डलाग्र	मंडलग्गं	मंडलग्गो
कररुह	कररुहं	कररुहो
वृक्ष	रुक्खं	रुक्खो

जिन शब्दों के अन्त में भाववाची 'इमा' प्रत्यय हो तो वे शब्द स्त्रीलिंग में विकल्प से प्रयुक्त होते है।

सं०	पुंलिग	स्त्रीलिंग
गरिमन्	गरिमा	गरिमा
महिमन्	महिमा	महिमा
निर्लज्जिमन्	निल्लज्जिमा	निल्लज्जिमा
धूर्तिमन्	धुत्तिमा	धुत्तिमा

अञ्जलि आदि शब्द स्त्रीलिंग में विकल्प से प्रयुक्त होते हैं।

सं०		स्त्रीलिंग
अञ्जलि	अंजलि	अंजली
पृष्ठ	पिट्ठं	पिट्ठी
अक्षि	अच्छि	अच्छी
प्रश्न	पण्हो	पण्हा
चौर्य	चोरिअ	चोरिआ
कुक्षि	कुच्छी	कुच्छी
बलि	बली	बली
निधि	निही	निही
रश्मि	रस्सी	रस्सी
विधि	विही	विही
ग्रन्थि	गंठी	गंठी

•

सन्धि

सन्धि अर्थात् परस्पर मिल जाना, एक दूसरे में मिल जाना अथवा एक दूसरे में छिप जाना।

प्रथम पद के अन्तिम स्वर और पिछले पद के पूर्व स्वर के मिल जाने पर जो परिवर्तन होता है उसे स्वर-सन्धि कहते हैं।

पद के अन्दर के व्यञ्जन का अपने पीछे आनेवाले व्यञ्जन के कारण जो परिवर्तन होता है उसे व्यञ्जन-सन्धि कहते हैं। जैसे:—

कंठ—कण्ठ। चंद—चन्द। कंकण—कङ्कण। संख—सङ्ख।
गंगा—गङ्गा आदि।

अर्धमागधी में संस्कृत की भाँति पृथक्-पृथक् व्यञ्जनों की सन्धि नहीं होती।

१. एक पद में सन्धि नहीं होती है[१]:

प्राकृत भाषा के अनेकानेक शब्द स्वरबहुल होते हैं ऐसे पदों में सन्धि करने से अर्थभ्रम होता है अतः इस भाषा में एक पद में सन्धि नहीं होती है। जैसे:—

नई (नदी), पइ (पति), कइ (कवि), गअ (गज), गउआ (गो=गाय), काअ (काक), लोअ (लोक), रुइ (रुचि), रइ (रति) आदि।

अपवादः—कुछ शब्दों में एक पद में भी स्वरसन्धि हो जाती है। जैसे:—

---

१. हे० प्रा० व्या ८।१।४।

वि + ईअ = बीअ } द्वितीय (दूसरा)
वि + इअ = विइअ

काहि + इ = काही } करेगा (करिष्यति)
काहिइ

थ + इर = थेर (वृद्ध = स्थविर)

च + उ + द्दस = चोद्दस (चौदह = चतुर्दश)

कुम्भ + आर = कुम्भार (कुम्हार = कुम्भकार)

चक्क + आअ = चक्काअ (चक्रवाक् = चकवा पक्षी)

साल + आहण = सालाहण (शालिवाहन राजा)

२. क्रियापद के स्वर को स्वर परे रहनेपर सन्धि नहीं होती है।[3] जैसे :—

होइ + इह = होइ इह । सं० भवति + इह = भवति इह ।

३. 'ई अथवा उ, ऊ' के पश्चात् कोई भी विजातीय स्वर आ जावे तो सन्धि नहीं होती[4] । जैसे :—

इ—जाइ + अन्ध = जाइअंध (जाति अन्ध—जात्यन्ध = जन्मान्ध)

ई—पुढवी + आउ = पुढवीआउ (पृथ्वी—आप = पृथ्वी और पानी)

उ—बहु + अट्ठिअ = बहुअट्ठिअ (बहुअस्थिक = बहुत-सी हड्डियोंवाला)

ऊ—बहू + अवगूढ = बहूअवगूढ (वधू अवगूढ)

४. 'ए और ओ' के बाद स्वर परे होने पर सन्धि नहीं होती[5] । जैसे :—

ए—महावीरे + आगच्छइ । एगे + आया । एगे + एवं ।

ओ—अहो + अच्छरियं । गोयमो + आघवेइ ।

आलक्खिमो + इण्हि ।

---

१. देखिये, पिछले उदाहरणों में नियम २७ के अन्तर्गत । २. हे० प्रा० व्या० ८।१।८ । ३ हे० प्रा० व्या० ८।१।६ । ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।६ । ५. हे० प्रा० व्या० ८।१।७।

५. दो पदों में भी व्यञ्जन के लोप होने पर शेष स्वरों की सन्धि नहीं होती[१]। जैसे :—

निशाकर—निसा + अर = निसाअर। निसि + अर = निसिअर।

रजनीकर—रयणी + अर = रयणीअर।

रजनीचर—रयणी + अर = रयणीअर।

निशाचर—निसा + अर = निसाअर। निसि + अर = निसिअर।

गन्धपुटी—गंध + उडी = गंधउडी।

६. 'अ और आ' के बाद अ और आ रहने पर दीर्घ आकार हो जाता है[२]। जैसे :—

(अ + अ = आ। अ + आ = आ। आ + अ = आ। आ + आ = आ।)

अ—जीव + अजीव = जीवाजीव।

विसम + आयव = विसमायव (विषम + आतप)।

आ—गंगा + अहिवइ = गंगाहिवइ।

जउणा + आणयण = जउणाणयण (यमुना + आनयन)।

७. 'इ और ई' के परे इ और ई हो तो दीर्घ ईकार हो जाता है[५]। जैसे :—

(इ + इ = ई। इ + ई = ई। ई + इ = ई। ई + ई = ई।)

इ—मुणि + इयर = मुणियर। पुहवी + ईस = पुहवीस।

दहि + ईसर = दहीसर। पुहवी + इसि = पुहवीसि।

८. 'उ और ऊ' के बाद उ तथा ऊ रहने पर दीर्घ ऊकार हो जाता है[६]। जैसे :—

(उ + उ = ऊ। उ + ऊ = ऊ ऊ + उ = ऊ। ऊ + ऊ = ऊ।)

बहु + उदग = बहूदग। बहु + उपमा = बहूपमा।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।८। २.–५. हे० सं० सिद्धहेम० ल० वृ० १।२।१। ३. सिद्धहे० सं० व्या० १।२।१।

साउ + उदग=साऊदग । वहू + ऊसास=वहूसास ।
वहु + ऊसास=वहूसास ।

९. स्वर के बाद स्वर रहने पर पूर्वस्वर का लोप भी हो जाता है।[1] जैसे :—

नर + ईसर—नर् + ईसर = नरीसर, नरेसर ।
तिदस + ईस—तिदस् + ईस=तिदसीस, तिदसेस ।
निसास + ऊसास—नीसास् + ऊसास=नीसासूसास ।
रमामि + अह—रमामह । तम्मि + असहर=तम्मसहर ।
उवलमामि + अहं = उवलमामहं ।
देविंद + अभिवंदिअ = देविंदभिवंदिअ ।
ददामि + अहं = ददामहं । ण + एव = णेव ।

१०. जहाँ दो स्वर पास-पास आते हों वहाँ कई स्थानों पर पिछले पद के पहले स्वर का लोप हो जाता है।[2] जैसे :—
फासे + अहियासए = फासे हियासए ।
बालो + अवरज्झइ = बालो वरज्झइ ।
एस्सति अणतसो = एस्सति णतसो ।

११. सर्वनाम सम्बन्धी स्वर अथवा अव्यय सम्बन्धी स्वर पास-पास आये हों तो दो में से किसी एक का लोप हो जाता है।[3] जैसे :—
तुब्भे + इत्थ = तुब्भित्थ । जे + एत्थ = जेत्थ ।
अम्हे + एत्थ = अम्हेत्थ । जइ + अहं = जइहं ।
जे + इमे = जेमे । जइ + इमा = जइमा ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१० । २. सिद्धहे० सं० व्या० १।२।२७ । इस सूत्र से मिलता-जुलता यह नियम है । ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।४० ।

१२. किसी भी पद के बाद में आये हुए 'अपि' अथवा 'अवि' अव्यय के 'अ' का विकल्प से लोप होता है।[१] जैसे :—
किं + अपि = किंपि, किमवि। केण + अवि = केणवि, केणावि।
केहं + अपि = कहंपि, कहमवि।

१३. किसी भी पद के बाद में आये हुए 'इति' अव्यय के 'इ' का लोप हो जाता है।[२]
जं + इति = जंति। जुत्तं + इति = जुत्तंति। दिट्ठं + इति = दिट्ठंति।

१४. यदि स्वरान्त पद के पश्चात् 'इति' अव्यय आ जाय तो 'इ' का लोप होने पर 'ति' का डबल (द्वित्व) 'त्ति' हो जाता है।[३]
तहा + इति = तहत्ति[४]। पुरिसो + इति = पुरिसोत्ति। पिओ + इति= पिओत्ति।

१५. भिन्न-भिन्न पदों में अ अथवा आ से परे इ अथवा ई हो तो 'ए' (गुण) हो जाता है।[५]
न + इच्छति=नेच्छति। जाया + ईस=जायेस। वास + इसि=वासेसि। खट्टा + इह = खट्टेह (खट्वा + इह)। दिण + ईस = दिणेस।

१६. भिन्न-भिन्न पदों में अ और आ के बाद उ अथवा ऊ रहने पर 'ओ' (गुण) हो जाता है।[६] जैसे :—
सिहर + उवरि = सिहरोवरि। गंगा + उवरि = गंगोवरि। एग + ऊण = एगोण। वीस + ऊण = वीसोण। पाअ + ऊण = पाओण। पउन (=तीन पाव)

१७. पद के अन्तिम 'अ' का अनुस्वार होता है।[७]
जलम् = जलं। फलम् = फलं। गिरिम् = गिरिं।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।४१। २—३. हे० प्रा० व्या० ८।१।४२।
४. देखिये—नियम (२)। ५-६. सि० हे० सं० व्या० १।२।६।
७. हे० प्रा० व्या० ८।१।२३।

अपवाद —वणम्मि–वणमि, वणम्मि।

१८ यदि पद के अन्तिम 'म्' के पश्चात् स्वर आ जाये तो उसका विकल्प से अनुस्वार होता है।[1]

उगमम् + अजिअ = उसम अजिअ, उसममजिअ। नगरम् + आगच्छइ = नगर आगच्छइ, नगरमागच्छइ।

१९. कुछ शब्दों के अन्तिम व्यञ्जन का अनुस्वार हो जाता है[2]। जैसे :—

साक्षात्–सक्खं	पृथक्–पिहं
यत्–जं	सम्यक्–सम्मं
तत्–तं	ऋधक्–इहं
विष्वक्–वीसुं	ऋधक्क्–इहयं

२०. ङ्, ञ्, ण् तथा न् के बाद व्यञ्जन परे रहने पर अनुस्वार हो जाता है[3]। जैसे :—

षड्ख–सङ्ख, सख।	षण्मुख–छण्मुह, छमुह।
कञ्चुक–कञ्चुअ, कंचुअ।	सन्ध्या–सझा।

२१. कुछ शब्दों में अनुस्वार का लोप हो जाता है[4]। जैसे :—

विंशति–वीसा।	एवम्–एवं–एव, एव।
त्रिंशत्–तीसा।	नूनम्–नूनं–नूणं, नूण।
संस्कृत–सक्कय (सं० संस्कृत)।	इदानीम्–इआणिं–
संस्कार–सक्कार (सं०संस्कार)।	इआणि, इआणिं,
मांस–मास, मस।	दाणि, दाणिं।
मांसल–मासल, मसल।	किम्–किं, कि, किं।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२४। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२४।
३. हे० प्रा० व्या० ८।१।२५। ४ हे० प्रा० व्या० ८।१।२८,२९।

कांस्य–कास, कंस।	संमुख–समुह, संमुह।
पांशु–पासु, पंसु।	किंशुक–केसुअ, किंसुअ।
कथम्–कथं, कह, कहं।	सिंह–सीह, सिंघ।

२२. अनुस्वार के बाद वर्ग के किसी भी व्यञ्जन के परे रहने पर विकल्प से वर्ग का पाँचवाँ अक्षर हो जाता है[1]। जैसे:—

पंक–पङ्क, पंक	कंड–कण्ड, कंड
संख–सङ्ख, संख	संढ–सण्ढ, संढ
अंगण–अङ्गण, अंगण	अंतर–अन्तर, अंतर
लंघण–लङ्घण, लंघण	पंथ–पन्थ, पंथ
कंचुअ–कञ्चुअ, कंचुअ	चंद–चन्द, चंद
लंछण–लञ्छण, लंछण	बंधु–बन्धु, बंधु
अंजन–अञ्जण, अंजण	कंप–कम्प, कंप
संझा–सञ्झा, संझा	गुंफ–गुम्फ, गुंफ
कंटअ–कण्टअ, कंटअ	कलंब–कलम्ब, कलंब
कंठ–कण्ठ,कंठ	आरंभ–आरम्भ, आरंभ

२३. कुछ शब्दों में दो पदों के बीच 'म्' का आगम हो जाता है[2]। जैसे :—

अन्न + अन्न = अन्नम् अन्न–अन्नमन्न।

एग + एग = एगम् एग–एगमेग।

चित्त + आणंदिय = चित्तम् आणंदिय–चित्तमाणंदिय।

जहा + इसि = जहाम् इसि–जहामिसि।

इह + आगअ = इहम् आगअ–इहमागअ।

हट्ठतुट्ठ + अलंकिअ = हट्ठतुट्ठम् आलंकिय–हट्ठतुट्ठमालंकिय।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।३०। २. हे० प्रा० व्या० ८।३।१०।

अणेगछन्दा + इह = अणेगछदाम् इह–अणेगछदामिह ।

जुव्वण + अप्फुण्ण = जुव्वणम् अप्फुण्ण–जुव्वणमप्फुण्णे ।

२४. कुछ शब्दों का अन्तिम व्यञ्जन लोप होने की अपेक्षा पास वाले स्वर में ही मिल जाता है[1]। जैसे :—

किम् + इहं = किमिह　　　निर् + अन्तर = निरन्तर।

यद् + अस्ति = यदत्थि, जदत्थि　दुर् + अतिक्रम = दुरतिक्कम ।

पुनर् + अपि = पुणरवि　　　दुर् + अइक्कम = दुरइक्कम ।

२५. यहाँ सन्धि के जो-जो नियम बताये गये हैं उनका उपयोग दो पदों में ही करना चाहिये। जहाँ एक से अधिक नियम लागू हों वहाँ प्रचलित प्रयोगों के अनुसार सन्धि करनी चाहिए जिससे अर्थभ्रम न हो। अक्षरपरिवर्तन तथा लोप के नियम का उपयोग करते समय भी अर्थभ्रम न हो इसका ख्याल रखना जरूरी है।

●

---

१. स्वरहीन परेण संयोज्यम्। तथा हे० प्रा० व्या० ८।१।१४।

समास[1]

समास का अर्थ है संक्षेप याने थोड़े शब्दों में अधिक अर्थ बतानेवाली शैली का नाम समास है। जिसमे लिखना और बोलना कम पड़ता है फिर भी विशेप अर्थ समझने में किसी प्रकार की कोई न्यूनता न रहे ऐसी शैली की खोज में समास शैली की शोध हुई। इस शोध का विकास पण्डितों की शैली में विशेप रूप से हुआ। बोलचाल की लोकभापा में इस शैली का प्रचार बहुत कम दिखाई देता है। परन्तु जब लोकभापा केवल साहित्य की भी भापा बन जाती है तब उसमें भी इसका प्रयोग प्रचुर मात्रा मे होता है।

'न्याय का अधीश' कहना हो तो समास विहीन शैली में 'नायस्स अधीसो' कहा जाएगा। जब कि समासशैली में 'नायाधीसो' कहा जाएगा अर्थात् जिस अर्थ को बताने के लिए समास विहीन शैली में छः अक्षरों की आवश्यकता पड़ती है उसी अर्थ को बताने के लिए समासशैली में केवल चार अक्षरों से ही काम चल जाता है।

इसी प्रकार "जिस देश में बहुत से वीर हैं वह देश" कहना हो तो समास विहीन शैली में "जम्मि देसे बहवो वीरा सन्ति सो देसो" इतना लम्बा वाक्य कहना पड़ता है जब कि उसी अर्थ को बताने के लिए समास-शैली में "बहुवीरो देसो" इतने कम अक्षरों से ही काम चल जाता है। अर्थात् जिस अर्थ को बताने के लिए समास विहीन शैली में चौदह अक्षरों की आवश्यकता पड़ती है, उसी अर्थ को संपूर्ण रूप से बताने वाली समास-शैली में केवल छः अक्षरों से ही सुन्दर रूपेण काम चल जाता है। समास-शैली की यही सब से बड़ी विशेपता है।

---

१. सिद्धहेम० सं० व्या० ३।१।१ से १६३–सम्पूर्ण समास प्रकरण।

इसके अतिरिक्त समासशैली की और भी अनेक विशेषताएँ हैं जैसे 'अहिणउलं' (अहिनकुलम्) में एकवचनी द्वन्द्व समास साँप और नकुल दोनों के जातिगत स्वाभाविक विरोध को प्रकट करता है—जब कि 'देवासुरं' में एकवचनी द्वन्द्व समास देव और असुरों में मात्र विरोध को ही सूचित करता है।

इसके अतिरिक्त कई बार जब समास में पूर्वपद की विभक्ति का लोप नहीं होता तब वह किसी अर्थविशेष को बताता है; जैसे 'गेहेसूरो' समास मनुष्य को कायरता को सूचित करता है। "तित्थे कागो अत्थि" यह समास विहीन वाक्य कोई खास विशेष अर्थ नहीं बताता। जबकि 'तित्थकाग' (तीर्थकाक) सामासिक वाक्य तीर्थवासी मनुष्य की प्रधमता बतलाता है।

कहीं-कहीं समास में मध्यमपद के लोप होने पर भी उसका अर्थ बराबर सूचित होता रहता है। जैसे 'झसोदर' सामासिक शब्द का अर्थ "मछली के पेट की भाँति पेट है जिसका" ऐसा होता है। वस्तुत: ऐसा अर्थ बताने के लिए 'झसोदरोदर' (झस-मछली, उदर-पेट, उदर-पेट) शब्द प्रयुक्त होना चाहिए जब कि इसके बदले केवल 'झसोदर' शब्द ही उक्त अर्थ को पूर्णरूप से बता देता है। इस समास का ही यह एक चमत्कार है। ऐसे समास को 'मध्यमपद-लोपी' समास कहते हैं। इसके अतिरिक्त समासशैली की विशेषता बताने के लिए 'दंडादंडी' (दण्डादण्डि), केसाकेसी (केशाकेशि), अनुरूव (अणुरूव), जहासत्ति (यथाशक्ति) आदि अनेक उदाहरण दिये जा सकते हैं परन्तु उन सभी उदाहरणों को विस्तारपूर्वक देने का यह स्थान नहीं है।

इस बात का यहाँ विशेष ध्यान रखना चाहिए कि समासों की जो खूबी पण्डिताऊ भाषा में है वह खूबी एक समय की लोकभाषारूप इस प्राकृत भाषा में नहीं। परन्तु जब से यह भाषा भी साहित्यिक भाषा बनी तब से इसके ऊपर भी पण्डितों की भाषा के समासों का प्रभाव पर्याप्त रूप से पड़ा है और इसीलिए यहाँ समासों की थोड़ी चर्चा करना समुचित है।

समास के प्रसिद्ध चार भेद अथवा प्रकार निम्नलिखित हैं: १. दंद (द्वन्द्व), २. तप्पुरिस (तत्पुरुष), ३. वहुव्वीहि (वहुव्रीहि), ४. अव्वईभाव (अव्ययीभाव) । जिन शब्दों का समास किया जाता है उन्हें अलग-अलग कर देने को विग्रह कहते हैं, विग्रह याने अलग करना ।

१. द्वन्द्व समास :--

द्वन्द्व याने जोड़ा (युगल), द्वन्द्व समास के जोड़े में प्रयुक्त दो अथवा दो से भी अधिक शब्दों में कोई मुख्य अथवा गौण नहीं होता अर्थात् द्वन्द्व समास में प्रयुक्त सभी शब्दों की समान मर्यादा है । जैसे :—'माता-पिता', 'सगा-सम्बन्धी' ये दोनों उदाहरण द्वन्द्व समास के हैं । उसी प्रकार 'पुण्णपावाइं', 'जीवाजीवा', 'सुहदुक्खाइं', 'सुरासुरा' आदि उदाहरण भी द्वन्द्व समास के हैं । द्वन्द्व समास का विग्रह इस प्रकार है :—

पुण्णं च पावं च पुण्णपावाइं ।
जीवा य अजीवा य जीवाजीवा ।
सुहं च दुक्खं च सुहदुक्खाइं ।
सुरा य असुरा य सुरासुरा ।

द्वन्द्व समास द्वारा वने शब्द अधिकतर वहुवचन में प्रचलित हैं । इसी प्रकार 'हत्थपाया' (हस्तपादाः), 'लाहालाहा' (लाभालाभाः), 'सारासारं' (सारासारम्), 'देवदाणवगंधव्वा' (देवदानवगन्धर्वाः) आदि ।

द्वन्द्व समास के विग्रह में य, अ अथवा च प्रयुक्त होता है ।

२. तप्पुरिस समास :—

जिस समास का पूर्वपद अपनी-विभक्ति के सम्बन्ध से उत्तरपद के साथ मिला हुआ हो वह तत्पुरुष समास कहलाता है । इस समास का पूर्वपद द्वितीया विभक्ति से लेकर सप्तमी विभक्ति तक होता है । पूर्वपद जिस विभक्ति का हो उसी नाम से तत्पुरुष समास कहा जायेगा । जैसे:—

बिईया तप्पुरिस (द्वितीया तत्पुरुष), तईया तप्पुरिस (तृतीया-तत्पुरुष), चउत्थो तप्पुरिस (चतुर्थी तत्पुरुष), पचमी तप्पुरिस (पञ्चमी तत्पुरुष), छट्ठी 'तप्पुरिस (षष्ठी तत्पुरुष) और सत्तमी तप्पुरिस (सप्तमी तत्पुरुष)।

इन सभी के उदाहरण क्रमश. इस प्रकार हैं।

बिईया तप्पुरिस —

इ दिय अतीतो–इदियातीतो । वीर अस्सिओ–वीरस्सिओ (वीराश्रित)।
सुह पत्तो–सुहपत्तो । खण सुहा–खणसुहा (क्षणसुखा) ।
दिव गतो–दिवगतो ।

तईया तप्पुरिस —

ईसरेण कडे–ईसरकडे (ईश्वरकृत) । मायाए सरिसो–माउसरीसो
दयाए जुत्तो–दयाजुत्तो । कुलेण गुणेण सरिसो–कुलगुणसरिसो ।
गुणेहिं संपन्नो–गुणसपन्नो । रूवण समाणा–रूवसमाणा ।
रसेण पुण्ण–रसपुण्ण ।

चउत्थो तप्पुरिस —

लोगाय हितो–लोगहितो । बहुजणस्स हितो–बहुजणहितो ।
लोगस्स सुहो–लोगसुहो । धमाय कट्ठ–धमकट्ठ ।

पचमी तप्पुरिस —

दमणाओ भट्ठो–दंसणभट्ठो । वग्घाओ भय–वग्घभय ।
अन्नाणाओ भय–अन्नाणभय । रिणाओ मुत्तो–रिणमुत्तो (मुक्त) ।
ससाराओ भीओ–ससारभीओ ।

छट्ठी तप्पुरिस —

देवस्स मदिर–देवमन्दिर । लेहस्स साला–लेहसाला ।
कन्नाए मुह–कन्नामुह । विज्जाए ठाण–विज्जाठाण ।

नरस्स इंदो–नरिन्दो । समाहिणो ठाणं–समाहिठाणं ।
देवस्स इंदो–देविंदो ।

सत्तमी तत्पुरिसः—

कलासु कुसलो–कलाकुसलो । जिणेसु उत्तमो–जिणोत्तमो ।
वंभणेसु उत्तमो–वंभणोत्तमो । दिएसु उत्तमे–दिओत्तमे
नरेसु सेट्ठो–नरसेट्ठो ।

उववय समास (उपपद समास) तत्पुरुप समास के अन्दर ही समाविष्ट हो जाता है। उववय (उपपद) समास में अन्तिम पद कृदन्तसाधित होता है यही इसकी विशेपता है ।

उववय समास के कुछ उदारहण :—

कुंभगार	(कुम्भकार)	भासगार	(भाष्यकार)
सव्वण्णु	(सर्वज्ञ)	निण्णया	(निम्नगा)
पायव	(पादप)	नीयगा	(नीचगा)
कच्छव	(कच्छप)	नम्मया	(नर्मदा)
अहिव	(अधिप)	सगटभि	(स्वकृतभित्)
गिहत्थ	(गृहस्थ)	पावनासग	(पापनाशक)
सुत्तगार	(सूत्रकार)	वुत्तिगार	(वृत्तिकार) आदि ।

विशेपण और विशेष्य का समास भी तत्पुरुप के भीतर समा जाता है उसका दूसरा नाम 'कम्मधारय समास' है। उसके उदारहणः—

पीअं च तं वत्थं च–पीअवत्थं ।
रत्तो च सो घडो च–रत्तघडो ।
गोरो च सो वसभो च–गोरवसभो ।
महंतो च सो वीरो च–महावीरो ।
वीरो च सो जिणो च–वीरजिणो ।

महंतो च सो रायो च–महारायो ।

कण्हो च सो पक्खो च–कण्हपक्खो ।

सुद्धो च सो पक्खो च–सुद्धपक्खो ।

कभी इस समास में दोनों विशेषण भी होते हैं ।

रत्तपीअं वत्थं–(रक्तपीत वस्त्रम्) ।

सीउण्हं जलं–(शीतोष्ण जलम्) ।

कई बार पूर्वपद उपमासूचक होता है ।

चन्दो इव मुहं–चंदमुहं ।

घणो इव सामो–घणसामो ।

वज्ज इव देहो–वज्जदेहो (वज्रदेह.) ।

कई बार अन्तिम पद उपमासूचक होता है ।

मुहं चंदो इव–मुहचंदो । जिणो इंदो इव–जिणिंदो ।

कई बार पूर्वपद केवल निश्चयबोधक होता है ।

संजमो एव धणं–संजमधणं ।

तवो च्चिअ धणं–तवोधणं ।

पुण्णं चेअ पाहेज्जं–पुण्णपाहेज्जं (पुण्यपाथेयम्) ।

कम्मधारय समास का प्रथमपद यदि संख्यासूचक हो तो उसको द्विगुसमास कहते हैं ।

नवण्हं तत्ताणं समाहारो–नवतत्तं ।

चउण्हं कसायाणं समूहो–चउक्कसायं ।

तिण्हं लोआण समूहो–तिलोई ।

तिण्हं लोगाणं समूहो–तिलोग ।

अभाव या निषेधार्थक 'अ' अथवा 'अण' के साथ संज्ञा शब्दों के समास को नञ्प्पुरिस (नञ् तत्पुरुष) समास कहते हैं । जैसे.—

न लोगो–अलोगो ।　　न इट्ठं–अणिट्ठं ।
न देवो–अदेवो ।　　न दिट्ठं–अदिट्ठं ।
न आयारो–अणायारो ।　　न इत्थी–अणित्थी ।

(जिस शब्द के आदि में स्वर हो वहीं 'अण' का प्रयोग करना चाहिए) ।

प, अइ, अव, परि और नि आदि उपसर्गों के साथ संज्ञा शब्दों के समास को पादितप्पुरिस (प्रादि तत्पुरुष) समास कहते हैं ।

पगतो आयरियो–पायरियो ।　　उग्गओ वेलं–उव्वेलो ।
संगतो अत्थो–समत्थो ।　　निग्गओ कासीए–निक्कासि ।
अइक्कंतो पल्लंकं–अइपल्लंको ।

पुणोपवुड्ढो (पुनःप्रवृद्धः), अंतब्भूओ आदि भी इसी प्रकार समझना चाहिए ।

३. बहुव्वीहि समास :—

इस समास में दो से भी अधिक पदों का उपयोग होता है । 'बहुव्वीहि' यानी बहुत व्रीहि (चावल) है जिसके पास ऐसा जो कोई हो वह 'बहुव्वीहि' कहलाता है । 'बहुव्वीहि' का जैसा अर्थ है वैसा ही इस समास द्वारा तैयार किये हुए शब्दों का अर्थ भी है । तात्पर्य यह है कि इस समास का पूर्वपद अधिकतर विशेषणरूप अथवा उपमासूचक होता है और प्रथम-पद के पश्चात् आनेवाला पद विशेष्य रूप होता है और समास हो जाने पर जो एक संपूर्ण शब्द तैयार होता है वह भी किसी दूसरे का विशेषण ही होता है । इस समास में प्रयुक्त शब्द प्रधान नहीं होते, परन्तु उनसे पृथक् अन्य कोई अर्थ प्रधान होता है इसलिए इस समास को अन्यपदार्थ-प्रधान समास भी कहते हैं । उपर्युक्त 'बहुव्वीहि' पद का अर्थ ही इस बात को स्पष्ट करता है । जब इस समास में प्रयुक्त शब्द समान विभक्ति वाले हों तो उसे समानाधिकरण बहुव्वीहि समास कहते हैं और जब शब्द

अलग-अलग विभक्ति वाले हों तो उसे वहिकरण (व्यधिकरण) बहुव्रीहि कहते हैं ।

समानाधिकरण बहुव्रीहि के उदाहरण —

आरूढो वाणरो जं रुक्खं सो आरूढवाणरो रुक्खो (वृक्ष) ।
जिआणि इंदियाणि जेण सो जिइंदिया मुणी ।
जिओ कामो जेण सो जिअकामो महादेवो ।
जिआ परीसहा जेण सो जिअपरीसहो गोयमो ।
भट्ठो आयारो जस्स सो भट्ठायारो जणो ।
नट्ठो मोहो जस्स सो नट्ठोमोहो साहू ।
घोर बमचेरं जस्स सो घोरबमचेरो जंबू ।
सम चउरस सठाण जस्स सो समचउरससठाणो–रामो ।
कओ अत्थो जस्स सो कयत्थो कण्हो ।
आसा अबरं जेसिं ते आसबरा ।
सेय अबर जेसि ते सेयबरा ।
महंता बाहुणो जस्स सो महाबाहू ।
पच वत्ताणि जस्स सो पचवत्तो–सीहो ।
चत्तारि मुहाणि जस्स सो चउम्मुहो-बम्हा ।
एगो दंतो जस्स सो एगदंतो-गणेसो ।
वीरा नरा जम्मि गामे सो गामो वीरणरो ।
मुत्तो सिंघो जाए सा मुत्तसीहा गुहा ।

वधिकरण बहुव्रीहि —

चक्क पाणिम्मि जस्स सो चक्कपाणी ।
गडीवं करे जस्स सो गडीवकरो अज्जुणो ।

उपमान जिसके प्रथम पद में हैं ऐसे बहुव्रीहि के उदाहरण —

मिगनयणाइ इव नयणाणि जाए सा मिगनयणा ।

इसी प्रकार कमलनयणा, गजाणणो, हंसगमणा, चंदमुही आदि ।

न वहुव्वीहि :—

न-कार सूचक 'अ' और 'अण' के साथ भी वहुव्वीहि समास होता हैं। जैसे :—

न अत्थि भयं जस्स सो अभयो ।
न अत्थि पुत्तो जस्स सो अपुत्तो ।
न अत्थि नाहो जस्स सो अणाहो ।
न अत्थि पच्छिमो जस्स सो अपच्छिमो ।
न अत्थि उयरं जीए सा अणुयरा ।

स वहुव्वीहि :—

इसी प्रकार सहसूचक 'स' अव्यय के साथ वहुव्वीहि समास होता है।

पुत्तेण सह सपुत्तो राया ।
सीसेण सह ससीसो आयरियो ।
पुण्णेण सह सपुण्णो लोगो ।
पावेण सह सपावो रक्खसो ।
कम्मणा सह सकम्मो नरो ।
फलेण सह सफलं ।
मूलेण सह समूलं ।
चेलेण सह सचेलं ण्हाणं ।
कलत्तेण सह सकलत्तो नरो ।

प, नि, वि, अव, अइ, परि आदि उपसर्गों के साथ जो वहुव्वीहि समास होता है उसे पादिवहुव्वीहि समास कहते हैं :—

प (पगिट्ठं) पुण्णं जस्स सो पपुण्णो जणो
नि (निग्गया) लज्जा जस्स सो निल्लज्जो
वि (विगओ) धवो जीए सा विधवा
अव (अवगतं) रूवं जस्स सो अवरूवो (अपरूप:)
अइ (अइक्कंतो) मग्गो जेण सो अइमग्गो रहो
परि (परिगतं) जलं जाए सा परिजला परिहा ।

४ अव्वईभाव समास :—

जब युद्ध, अथवा झगडा बताने के लिए बराबर क्रिया बतानी हो तब इस समास का उपयोग होता है। जैसे भाषा में प्रचलित 'मारा-मारी', 'मुक्का-मुक्की' आदि शब्द इस समास के माने जाते हैं। प्रस्तुत में 'केसाकेसि', 'दण्डादण्डि' आदि शब्द हैं। इस समास में जिन दो शब्दों का समास होता है दोनों शब्द बिलकुल एक जैसे होने चाहिए। यही इसकी विशेषता है 'हत्थ' और 'पाय' ऐसे अलग-अलग शब्दों का यह समास नहीं हो सकता। यह समास अव्यय के समान ही माना जाता है।

इसके अतिरिक्त अव्ययों के साथ भी यह समास होता है।
उव—गुरुणो समीवं उवगुरु।
अणु—भोयणस्स पच्छा अणुभोयणं।
अहि (अधि)—अप्पसि अतो अज्झप्पं।
जहा—सत्ति अणइक्कमिऊण जहासत्ति।
जहा—विहिं अणइक्कमिऊण जहाविहि।
जहा—जुग्गय अणइक्कमिऊण जहारिहं
पइ—पुरं पुरं पइ पइपुर।

समास में अधिकतर प्रथम शब्द के अन्तिम स्वर में ह्रस्व हो तो दीर्घ हो जाता है और दीर्घ हो तो ह्रस्व हो जाता है।[1] जैसे—

ह्रस्व को दीर्घ :—

अन्तर्वेदि—अंतावेइ	भुजयन्त्र—भुआयत, भुअयत।
सप्तविंशति—सत्तावीसा	पतिगृह—पईहर, पइहर।
वारिमती—वारीमई, वारिमई।	वेणुवन—वेलूवण, वेलुवण।

---

१. दे० प्रा० व्या० ८।१।४।

दीर्घ को ह्रस्व :—

यमुनातट—जँउणयड, जंउणायड

नदीस्रोतस्—नइसोत्त, नईसोत्त

गोरीगृह—गोरिहर, गोरीहर

वधूमुख—वहुमुह, वहूमुह

संस्कृत भाषा में भी समास में ह्रस्व का दीर्घ और दीर्घ का ह्रस्व होने का विधान पाणिनिकाल से पाया जाता है—

ह्रस्व का दीर्घ :—

अष्टकपालम्—अष्टाकपालम् ।

अष्टगवम्—अष्टागवम् ।

अष्टपदः—अष्टापदः, इत्यादि ।

दीर्घ का ह्रस्व :—

दर्शनीया + भार्याः—दर्शनीयभार्यः ।

अता + थ्यम्—अतथ्यम् ।

पचन्ती + तरा—पचन्तितरा ।

नर्तकी + रूपा—नर्तकिरूपा ।

स्त्री + तरा—स्त्रितरा, इत्यादि ।

दीर्घका ह्रव—देखिए–काशिका ६।३।३४, ६।३।३, ६।३।४४, ६।३।४५।
ह्रस्व का दीर्घ—देखिए–काशिका ६।३।११५ से ६।३।१३२, ६।३।४६।

इसके अतिरिक्त इस समास के और भी बहुत से प्रयोग पण्डितों की भाषा में उपलब्ध होते हैं परन्तु उन सबका यहाँ कोई उपयोग नहीं होने से नहीं दिये गये है । इस प्रकार समासों के विषय में उपयोगिता की दृष्टि से आवश्यकतानुसार स्पष्टता हो जाती है ।

वैदिक तथा लौकिक संस्कृत भाषा के साथ प्राकृत भाषा की तुलना

१ वैदिक संस्कृत और प्राकृत भाषा में अधिक समानता है। जिस प्रकार वैदिक संस्कृत के धातुओं में किसी प्रकार का गणभेद नहीं है उसी प्रकार प्राकृत भाषा में भी धातुओं में गणभेद नहीं है। जैसे :—

पाणिनीय धातुरूप	वैदिक धातु रूप	प्राकृत धातु रूप
हन्ति	हनति	हनति, हणति
शेते	शयते	सयते, सयए
भिनत्ति	भेदति	भेदति, भेदइ
म्रियते	मरते	मरते, मरए

—देखिये, वैदिक प्रक्रिया सू० २।४।७३, ३।४।८४, २।४।७६, ३।४।११७, ऋग्वेद पृ० ४७४ महाराष्ट्र संशोधन मण्डल।

२. वैदिक संस्कृत में और प्राकृत भाषा में आत्मनेपद तथा परस्मैपद का भेद नहीं है। जैसे :—

पाणि० स०	वै० स०	प्रा० भा०
इच्छति	इच्छति, इच्छते	इच्छति, इच्छते
युध्यते	युध्यति, युध्यते	जुज्झति, जुज्झते

—देखिये, वैदिक प्रक्रिया ३।१।८५।

३ वैदिक संस्कृत के तथा प्राकृत भाषा के क्रियापदों में अन्य पुरुष का (तृतीय पुरुष का) एक वचन 'ए' प्रत्यय लगाने से पाणि० सं० 'शेते' के स्थान में वेदों में शये तथा पाणि० स० ईष्टे के स्थान में वेदों में 'ईशे' क्रियापद होते हैं। इसी

प्रकार प्राकृत भाषा में 'शेते' के स्थान में 'सए' तथा 'ईष्टे' के स्थान में 'ईसे' अथवा -ईसए' प्रयोग होते हैं।

—देखिये, वैदिकप्रक्रिया सू० ७।१।१। तथा ऋग्वेद पृ० ४६८ महाराष्ट्र संशोधन मण्डल।

४. वर्तमानकाल, भूतकाल वगैरह कालों की वेदों में तथा प्राकृत भाषा में कोई नियमिता नहीं है अर्थात् वैदिक क्रियापद में वर्तमान के स्थान में परोक्ष भी होता है—म्रियते के स्थान में ममार—देखिये, वै० प्र० ३।४।६।

इसी प्रकार प्राकृत भाषा में परोक्ष के स्थान में वर्तमान का प्रयोग भी होता है—प० प्रेक्षांचक्रे के स्थान में व० पेच्छइ। प० आवभाषे के स्थान में व० आभासइ तथा व० शृणोति के स्थान में भू० सोहीअ—देखिये, हे० व्या० ८।४।४४७।

५. काल के व्यत्यय की तरह वैदिक नामों के रूपों में तथा प्राकृत भाषा के नामों के रूपों में विभक्तियों का भी व्यत्यय होता रहता है। वेदों में और प्राकृत में चतुर्थी विभक्ति के स्थान में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग विहित है।

—देखिये वै० प्र० सू० २।३।६२ तथा हैम० प्रा० व्या० ८।३।१३१।

वेदों में तृतीया विभक्ति के स्थान में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग होता है —वै० प्र० २।३।६३ तथा है० प्रा० व्या० ८।३।१३४। १३५, १३६, १३७ तथा कच्चायण पालिव्याकरण कारककप्प कां ६, सू० २०, ३६, ३७, ३८, ३६, ४०, ४१, ४२।

६. सब प्रकार के विधानों में वैदिक व्याकरण में बहुलम् का व्यवहार होता है। इसी प्रकार प्राकृत भाषा के व्याकरण में सर्वत्र बहुलम् का व्यवहार होता है। देखिये—बहुलं छन्दसि २।४।३९ तथा ७३।

है० प्रा० व्या० ८।१।२ तथा ३। कच्चायण पालिव्या० नामकप्प-काड १, सू० १, संधिक्प्प काड ४, सू० ९।

७. वैदिक शब्दों में अन्तिम व्यञ्जन का लोप होता है। इसी प्रकार प्राकृत भाषा में अन्त्यव्यंजन का लोप व्यापक है।

वैदिक रूप :—

परचात्—परचा, परचार्ध—वै० प्र० ५।३।३३।
उच्चात्—उच्चा—तैत्ति० स० २।३।१४।
नीचात्—नीचा—तैत्ति० सं० १।२।१४।
विद्युत्—विद्यु—अन्त्यलोपः छान्दस., ऋग्वेद पृ० ४६६ म० सं० मं०।
युष्मान्—युष्मा—वाज० सं० १।१३।१। शत० ब्रा० १।२।६।
स्यः—स्य—वै० प्र० ६।१।१३३।

प्राकृत रूप :—

तावत्—ताव।
यावत्—जाव।
तमस्—तम।
चेतस्—चेत, इत्यादि।

—देखिए पृ० १२ व्यंजन का परिवर्तन-लोप।

८. वैदिक भाषा में 'स्प' को 'प' हो जाता है। प्राकृतिक भाषा में भी स्प को प हो जाता है।

वै०	प्रा०
स्पृशान्य—पृशान्य।	स्पृहा—पिहा, निस्पृह—निप्पह।
—ऋग्वेद पृ० ४६६ म० स०।	—देखिए, पृ० ५७। पूर्ववर्ती 'स' का लोप।

९. 'र' का लोप :—

वै०	प्रा०
अप्रगल्भ—अपगल्भ	क्रिया—किया
—तै० सं० ४।५।६।१ ।	—देखिए पृ० ५९–परवर्ती 'र' का लोप।

१०. 'य' का लोप :—

वै०	प्रा०	
त्र्यृचः—तृचः	श्याम—साम	—देखिए पृ० ५८–परवर्ती व्यंजन का लोप।
—वै० प्र० ६।१।३४ ।	व्याघ—वाह	

११. 'ह' को 'ध' :—

वै०		प्रा०
सह—सध सहस्य—सधस्य	वै० प्र० ६।३।९६ ।	इह—इध
गाह—गाध वहू—वधू	–निरुक्त पृ० १०१	तायह—तायध देखिए पृ० ३७—चतुर्थ नियम का अपवाद।
शृणुहि–शृणुधि—वै० प्र० ६।४।१०२ ।		

१२. 'थ' को 'ध' तथा 'ध' का 'थ' :—

वै०	प्रा०
माधव—माथव	नाथ—नाध
—शत० ब्रा० १।३।३।१०, ११, १७ ।	देखिए पृ० ३७ चतुर्थ नियम का अपवाद।

१३. 'द्य' को 'ज' :—

वै०	प्रा०
द्योतिस्–ज्योतिस्	द्युति–जुति
—अथर्व० सं० ४।३७।१० ।	उद्योत–उज्जोत
;निरुक्त पृ० १०१, १२ ।	—देखिए पृ० ६६, 'ज' विधान ।

द्योतते–ज्योतते

—निरुक्त पृ० १७०, १६ ।

अवद्योतयति–अवज्योतयति

—शत०ब्रा० १, २, ३, १६ ।

द्योतय–ज्योतय

अवद्योत्य–अवज्योत्य

—का० श्रौ० ४।१४।५ ।

१४. 'ह्' को 'घ' तथा 'भ' :—

वै०	प्रा०
आहुणि–आघृणि ।	दाह, दाघ
—निरुक्त पृ० ३८२, ३६ ।	(प्राकृत में ये दोनों शब्द प्रचलित हैं ।)
विदेह–विदेघ ।	
—शत० ब्रा० १।३।३, १०।११।१२।	
मेह–मेघ ।	विह्वल–विब्भल ।
—निरुक्त पृ० १०१,१ ।	जिह्वा–जिब्भा।।

गृहीत–गृभीत ।
गृहाण–गृभाण्य ।
जहार–जभार ।
} वै० प्र० ३।१।८४ । —देखिए पृ० ७२ 'भ' विधान

१५. 'ड' को 'ळ' तथा 'ढ' को 'ळ्ह'.—

वै०	प्रा०
ईडे–ईळे	ईडे, ईले, ईळे ।
अहेडमान –अहेळमान. ।	अहेळमानो ।

दृढ–दृळह ।	दळह ।
सोढा–साळहा ।	सोळहा
—वै० प्र० ६।३।११३ ।	देखिए पृ० ३६, नियम ७ तथा पृ० ४२, ४३ ।

१६. अनादिस्थ 'य' तथा 'व' का लोप :—

वै०	प्रा०
प्रयुग–पउग	प्रयुग–पउग
—वा० सं० १५-६ ।	पृथुज्रवः–इस प्रयोग में 'व' का
'सिव्' धातु का—सीमहि	लोप होकर फिर शेष 'अ' की
—ऋ०वे० पृ० १३५, ३ ।	'य' श्रुति हुई है जैसे लावण्य–
पृथुजवः–पृथुज्रयः	लायण्ण । देखिए—पृ० ३३
—निरुक्त पृ० ३८३, ४० ।	(ख) तथा पृ० ३७ नियम ३ ।

१७. अभूतपूर्व 'र' का आगम :—

अविगु–अध्रिगु ।	
—निरुक्त पृ० ३८७, ४३ ।	
पृथुजवः–पृथुज्रयः ।	अपभ्रंश-प्राकृत में व्यास का
इन रूपों में अभूतपूर्व 'र'	व्रास तथा चैत्य का चैत्र जैसे
का आगम हो गया है ।	रूपों में अभूतपूर्व 'र' का आगम
	हो गया है । देखिये—नियम
	२९ आगम–पृ० ८८ ।

१८. 'क' तथा 'च' का लोप :—

वै०	प्रा०
याचामि–यामि	कचग्रह–कयग्गह
—निरुक्त पृ० १००, २४१ ।	शची–सई
अन्तिक–अन्ति	लोक–लोअ
—ऋग्वेद पृ० ४६६ म० सं० ।	–देखिए पृ० ३३ (ख)

१९. आन्तर अक्षर का लोप —

वै०	प्रा०
शतक्रतव –शतक्रत्व	राजकुल–राउल
पशवे–पश्वे	प्राकार–पार
—वै०प्र० ७।३।९७।	दुर्गादेवी–दुग्गावी
निविविशिरे–निविविश्रे	आगत–आय
—ऋ० स० ८।१०।११८ ।	—देखिए पृ० ५४, नियम २६ ।
आगतः–आताः	
—निरुक्त पृ० १४२ दिशानाम ।	

२०. संयुक्त व्यञ्जनों के मध्य मे स्वरों का आगम :—

वै०	प्रा०
तन्वम्–तनुवम्	अर्हन्–अरहत
—तै० आ० ७।२२।१ ।	लघ्वी–लघुवी
स्वर्ग –सुवर्गः	
—तै० आ० ४।२।३ ।	
त्र्यम्बकम्–त्रियम्बकम्	आश्चर्य–अच्छरिय
—वै०प्र० ६।४।८६ ।	
विभ्वम्–विभुवम्	तन्वी–तणुवी
सुध्यो–सुधियो	अर्हन्–अरिहत
रात्र्या–रात्रिया	क्रिया–किरिया
सहस्र्य –सहस्रियः	दिष्ट्या–दिट्ठिआ
—यजु०वे० ।	
सुध्यासु–सुधियासु	भव्य–भविय
—वै० प्र० ४।४।११५ ।	—देखिए पृ० ७३ नियम १६ तथा पृ० ८६ आगम ।

२१. 'ऋ' को 'र' तथा 'उ' :—

वै०	प्रा०
ऋजिष्टम्–रजिष्टम्	ऋद्धि–रिद्धि
—वै० प्र० ६।४।१६२।	
वृन्द–वुन्द	वृन्द–वुन्द
—निरुक्त पृ० ५३२, अं० १२८।	
तृ–ततुरिः	ऋषभ–उसभ
	ऋतु–उतु
गृ–जगुरिः	वृद्ध–वुड्ढ
—वै०प्र० ७।१।१०३।	
वृणीत–वुरीत	—देखिए पृ० १४, १५ नियम–८, ९।
—शु०य०सं० पृ० ६२ मंत्र ८।	तथा पृ० २७, २८ 'ऋ' का
कृत–कुट	परिवर्तन।
—निरुक्त पृ० ४२२, ७०।	

२२. 'द' को 'ड' :—

वै०	प्रा०
दुर्दभ–दूडभ	दण्ड–डंड
—वा० सं० ३, ३६।	दंभ–डंभ
पुरोदाश–पुरोडाश	—देखिए—पृ० ४८ नियम ११
—शु० प्रा० ३।४४।	'द' का परिवर्तन।
वै० प्र० ३।२।९२।	

२३. 'अव' को 'ओ' तथा 'अय' को ए :—

वै०	प्रा०
श्रवणा–श्रोणा	अवहसित–ओहसित
—तै०ब्रा० १.५–१.४; ५.२.९।	

	नयति–नेति
अन्तरयति–अन्तरति	कयल–केल
—शत० ब्रा० १.२–३ १८,	अयस्कार–एक्कार
४ २०, ३.१.१६ ।	–देखिए पृ० ८२ नियम २७ ।

२४ सयुक्त के पूर्व का ह्रस्व —

वै०	प्रा०
रोदसीप्रा–रोदसिप्रा	तीर्थ–तित्थ
—ऋ० स० १०.८८.१० ।	ताम्र–तम्ब
अमात्र–अमत्र	–देखिए पृ०–१२ (२)।
ऋ० स० ३.३६ ४।	

२५. 'क्ष' को 'छ' —

वै०	प्रा०
अक्ष–अच्छ	अक्षि–अच्छि
—अथ० स० ३ ४.३ ।	ऋक्ष–अच्छ
	–देखिए पृ० ६४
	नियम ४–'छ' विधान

२६. अनुस्वार के पूर्व के दीर्घ का ह्रस्व :—

वै०	प्रा०
युवाम्–युवम्	मांस–मंस
—ऋ०स० १।१४-६ ।	मालाम्–मालं

२७ विसर्ग का 'ओ' :—

वै०	प्रा०
स चित्—सो चित् ।	दव अस्ति—देवो अत्थि ।
—ऋ० वै० पृ० १११२ म० स० ।	पुनः एति—पुणो एति ।

संवत्सरः अजायत—संवत्सरो अजायत —ऋ० सं० १-१९१-१०-११ । इत्यादि । देखिए पृ० ६१ अः को ओ ।

आपः अस्मान्—आपो अस्मान्
—वै० प्र० ६।१।११७

२८. ह्रस्व को दीर्घ तथा दीर्घ को ह्रस्व :—

वै०	प्रा०
एव, एवा	अहव, अहवा (अथवा)
अच्छ, अच्छा	एव, एवा (एव)
—वै० प्र० ६।३।१३६'।	जह, जहा (यथा)
घ, घा,	तह, तहा (तथा)
मक्षु, मक्षू	चतुरन्त–चाउरंत
कु, कू	
अत्र, अत्रा	परकीय–पारक्क
यत्र, यत्रा	—देखिये पृ० १६ तथा पृ० २० ।
तु, तू	विश्वास–वीसास
नु, नू	मनुष्य–मणूस
पुरुष, पूरुष	—देखिए पृ० ११ ।
—वै० प्र० ६।३।११३ तथा १३७ ।	
दुर्दभ, दूदभ	
दुर्लभ, दूळभ	
—वा० सं० ३ । ३६ । ऋ० सं० ४।६।८ ।	
दुर्णाश, दूणाश ।	
—शु० प्रा० ३।४३ ।	

२९. अक्षरों का व्यत्यय :—

वै०	प्रा०
निसृकर्त्य–निष्टर्क्य ।	आलान–आणाल ।

—वै०प्र० ३।१।१२३।

कर्तु—तर्कु।

—निरुक्त पृ० १०१-१३।

नमसा—मनसा।

—ऋग्वेद पृ० ४८६ म०स०।

तड्क्क—कड्क्त।

"तकतेर्गत्यर्थस्य वर्णव्यत्ययेन कन्क्त इति"

—ऋग्वेद पृ० ११०६ म० स०।

महाराष्ट्र—मरहट्ट।

वाराणसी—वाणारसी।

—देखिए पृ० ८८ अक्षरों का व्यत्यय।

३०. हेत्वर्थ कृदन्त के प्रत्यय में समानता —

वै०	प्रा०
कर्तुम्—कर्तवे।	कत्तवे, कातवे, कत्तिए।
—वै० प्र० ३।४।९	गणेतुये, दक्खितये
वै०प्र० ३।४।९ सूत्र में 'स', 'सेन्' और 'असे' प्रत्ययों का विधान 'तुम्' के स्थान में किया गया है।	नेतवे, निधातवे
इस नियम से 'इ' धातु का 'एसे' (एतुम्) रूप होगा।	एसे —देखिए पालिप्र० सकीर्णक० कृ० पृ० २५८।

३१. (क) क्रियापद के प्रत्ययों में समानता :—

वै०	प्रा०
अन्यपुरुष बहुवचन—दुह्+रे=दुह्रे। —वै०प्र० ७।१।८।	अन्यपुरुष के बहुवचन में 'रे' और 'इरे' प्रत्यय का भी व्यवहार होता है। गच्छ—गच्छरे, गच्छिरे। —हे०प्रा०व्या० ८।३।१४२ तथा पा० प्र० पृ० १७१।

(ख) आज्ञार्थसूचक 'इ' प्रत्यय :—

वै०	प्रा०
वोध् + इ = वोवि ।	वोध् + इ = वोधि, वोहि ।
	सुमर्—इ = सुमरि ।
	—देखिये हे० प्रा० व्या० ८।४।३७ ।

३२. संज्ञा शब्दों के रूपों में प्रत्ययों की समानता :—

वै०	प्रा०
देवेभिः	देवेभि, देवेहि ।
—वै० प्र० ७।१।१० ।	
पतिना	पतिना ।
—वै०प्र० १।४।६ ।	
गोनाम्	गोनं, गुन्नं ।
—वै० प्र० ७।१।५७ ।	
युष्मे	तुम्हे ।
अस्मे	अम्हे ।
—वै० प्र० ७।१।३९ ।	
त्रीणाम्	तिन्नं, तिण्हं ।
—वै० प्र० ७।१।५३ ।	
नावया	नावाय, नावाए ।
—वै० प्र० ७।१।३६ ।	
इतरम्	इतरं
—वै प्र० ७।१।२६ ।	
वाह + अन = वाहनः	वाहणओ, वोल्लणआ
('कर्ता' सूचक 'अन' प्रत्यय)	इत्यादि ।
—वै० प्र० ३।२।६५,६६ ।	

३३. अनुस्वारलोप :—

वै०	प्रा०
मास—मास	मास–मास, मस
—वैदिकग्रामर	–देखिए पृ० ६२
कण्डिका ८३–१	नियम २१

३४ भूतकाल में आदि मे 'अ' का अभाव —

वै०	प्रा०
अमथ्नात्–मथीत्	मथीअ
अरुजन्–रुजन्	रुजीअ
अभूत्–भूत्	भवीअ

—ऋ० वे० पृ० ४६४,४६५ म० स० ।

३५ इकारांत शब्द के प्रथमा विभक्ति का बहुवचन :—

वै०	प्रा०
अग्निणः	हरिणो

तृजन्तस्य 'अत्तृ' शब्दस्य (प्रथमा बहुवचन)
जस छान्दस 'इनुड्' आगम ।
ऋ० वे० पृ० ११३–५ सूत्र मेवम०

३६. 'कृ' का तथा 'जि' धातु का रूप :—

वै०	प्रा०
कृणोनि	कुणति—हे० प्रा० व्या० ८।४।६५।
जेप	जिणइ—हे० प्रा० व्या० ८।४।२४१।

–ऋ० वे० पृ० २२६–२२७।
तथा पृ० ४६५ ।

३७. अकारांत शब्द में लगनेवाला प्रत्यय ईकारान्त में भी लगता है :—

वै०	प्रा०
नद्यैः	नदीहि—हे० प्रा० व्या० ८।३।१२४
—वै० प्र० ७।१।१०। पाणि० काशिका ।	
इस रूपमें अकारान्त मे लगनेवाला प्रत्यय ईकारांत मे भी लगा है ।	प्राकृत में अकारान्त में लगने वाले प्रत्यय ईकारांत में भी लगते है ।

द्विवचन का रूप वहुवचन के समान :—

वै०	प्रा०
देवा	प्राकृतभापा में द्विवचन होता ही नहीं है ।
उमा	द्विवचन के सव रूप वहुवचन के समान
वेनन्ता	होते हैं—"द्विवचनस्य वहुवचनम्"
—ऋग्वेद पृ० १३६–६।	—हे० प्रा० व्या० ८।३।१३०
इन्द्रावरुणा	
—ऋ० सं० ७।८२।१।४ ।	
मित्रावरुणा	हत्था
या	पाया
दिविस्पृशा	थणया
अश्विना	नयणा, इत्यादि ।
—वै० प्र० ७।१।३९ ।	

तुलना—'आकारः छन्दसि द्विवचनादेशः' —तन्त्रवार्तिक पृ० १५७, आनन्दाश्रम ।

३८. विभक्तिरहित प्रयोग :—

वै०		प्रा०
आर्द्रे चर्मन् लोहिते चर्मन् परमे व्योमन्	सप्तमी का अप्रयोग ।	प्राकृत भाषा में भी अनेक प्रयोग विभक्तिरहित ही पाये जाते हैं ।
—वै० प्र० ७।१।३९ ।		गय—षष्ठी का बहुवचन
बीळु दळ्हा अभिज्ञु	द्वितीया का अप्रयोग ।	बहुगत— ,, ,, इत्यादि ।
—ऋ०वे० पृ० ४६४ तथा ४७२ म० सं० ।		

३९. समान अर्थयुक्त अव्यय —

वै०	प्रा०
कुह (कुत्र)	कुह (कुत्र)
न (उपमासूचक)	णं (उपमासूचक)
—ऋ०वे० पृ० ७३३ म० सं० ; तथा निरुक्त पृ० २२० ; तथा ऋ० वे० पृ० ४६०-४६२- ५२८ म० सं० ।	
दिवेदिवे	दिविदिवि —हे०प्रा०व्या० ८।४।२६६ ।

४०. संधि का विकल्प :—

वै०	प्रा०
ईषा + अक्षो	पदयोसन्धिर्वा
ज्या + इयम्	—हे० प्रा० व्या० ८।१।५ ।
पूषा + अविष्टु	
—वै०प्र० ६।१।१२६ ।	

संस्कृत और प्राकृत में स्वरों का समान परिवर्तन[1]

१. 'अ' का लोप :—

सं०	प्रा०
अलावू, लावू।	देखिए–पृ० १९ 'अ' का लोप।

२. 'अ' को 'आ :—

पति–पाति।	देखिए–पृ० १७ नि० १।

३. 'अ' को 'इ' :—

कन्दुक, गिन्दुक।	देखिए–पृ० १७ 'अ' को 'इ'।

४. 'आ' को 'अ' :—

कुमार, कुमर फाल, फल कलाज्ञ, कलज्ञ	देखिए–पृ० १३ नि० ३।

५. 'इ' को 'अ' :—

सं०	प्रा०
पेटिक, पेटक	देखिए–पृ० २१ नि० ३।

६. 'इ' को 'ए' :—

सं०	प्रा०
मुहिर, मुहेर गिन्दुक, गेन्दुक	देखिए–पृ० २२ 'इ' को 'ए'।

---

१. अर्थात् वैयाकरण जिसको अवैदिक संस्कृत कहते हैं ऐसी प्राचीन पुरोहितों की पंडिताऊ संस्कृतभाषा के शब्दों के साथ भी प्राकृतभाषा के शब्दों की तुलना।

७. 'ई' को 'ए' :—

सं०	प्रा०
पीयूष, पेयूष	देखिए–पृ० २४ 'ई' को 'ए'।

८. 'ऋ' को 'रि' —

सं०	प्रा०
ऋज, रिज	देखिए–पृ० १५ नि० (६)।

९. 'ऋ' को 'लृ' :—

सं०	प्रा०
ऋफिड, लृफिड	प्राकृत में भी 'र' का 'ल' होता है।—देखिए पृ० ५२ 'र' का परिवर्तन

(१०) 'औ' को 'उ' :—

सं०	प्रा०
कौतुक, कुतुक। कौङ्कण, कुङ्कण।	देखिये, पृ० ३२ 'औ' को 'उ'।

संस्कृत तथा प्राकृत में व्यंजनों का समान परिवर्तन

१. अन्त्यव्यजन का लोपः—

सं०	प्रा०
धामन्, धाम	
महस्, मह	
तमस्, तम	
सोमन्, सोम	देखिये, पृ० ३२ नि० (क)।
रोचिस्, रोचि	
शोचिस्, शोचि	
चर्मन, चर्म	
शवस्, शव	
होमन, होम	
तपस्, तप	

२. 'क' को 'ग' :—

सं०	प्रा०
दक्र, दग	
कन्दुक, गिन्दुक	देखिये, पृ० ४४ 'क' को 'ग'।
द्रकट, द्रगड	
काश्मरी, गम्भारी	

३. 'ख' को 'ह्' :—

मुखल, मुहल (मुसल) — देखिये, पृ० ३७ नि० ४।

४. 'घ' को ह् :—

घस्र, हस्र — देखिए ,, ,, ,,

५. 'द्' को ज :—

जम्पती, दम्पती (प्राचीन शब्द)। देखिए पा० प्र० पृ० ५७ ज-द तथा पृ० ६६ 'ज' विधान।

६. 'ट' को 'ड' :—

तटाक, तडाक
पेटा, पेडा — देखिए पृ० ३६, नि० ५।
कुटी, कुडी

७. 'ड' को 'ल' :—

जड, जल
विडाल, विलाल
कडत्र, कलत्र — देखिए पृ० ३६, नि० ६।
नाडी, नाली
कडेवर, कलेवर
वडिश, वलिश
वाडिश, वालिश
टुडि, टुलि
ताडक, तालक

८. 'ष' को 'ल' :—
श्लेष्मण, श्लेष्मल — देखिए पृ० ४६ नि० ८।

९. 'त' को 'ट' :—
विकृत, विकट (प्राचीन शब्द) — देखिए पृ० ४६ नि० ९।

१०. 'त' को 'थ' :—
पीती, पीथी — देखिए पा० प्र० पृ० ४६ त-थ।

११. 'त' को 'र' :—
प्रतिदान, परिदान — देखिए पृ० ४७ 'त' को 'र'।

१२. 'थ' को 'घ' :—
मथुरा, मधुरा — देखिए पृ० ३७ नि० ४—अपवाद।

१३. 'द' को 'त' :—
बादाम, बाताम — देखिए पृ० ३५, पैशाची तथा पालि।
राजादन, राजातन

१४. 'प' को 'ब' :—
तम्पा, तम्बा — देखिये पृ० ४९ 'प' का परिवर्तन।

१५. 'प' को 'व' :—
कपाट, कवाट — देखिए पृ० ४० नि० १०।
जपा, जवा
पारापत, पारावत
लिपि, लिवि

१६. 'भ' को 'ब' :—
करम्भ, करम्ब — दे० पृ० ५० 'भ' का परिवर्तन।

१७. 'म' को 'व' :—
श्रमण, श्रवण — दे० पृ० ५० 'म' का परिवर्तन।

१८. 'य' को 'ज' :—

यमन, जमन
यानि, जानि — दे० पृ० ४१ नि० १३।
यातु, जातु
यातुधान, जातुधान

१९. 'र' को 'ल' :—

पुरुष, पुलुष
तरुण, तलुन
क्षुधारु, क्षुधालु — दे० पृ० ५३ 'र' का परिवर्तन।
शीतारु, शीतालु
राक्षा, लाक्षा
रोम, लोम
चरण, चलन
ऋफिड, ऋफिल

२०. 'व' को 'ब' :—

द्वार, बार — प्राकृत भाषा में व और ब समान माने जाते हैं। दे० पृ० ४१ नियम १२।

२१. 'व' को 'म'

द्रविड, द्रमिड — दे० पृ० ४० 'व' का परिवर्तन।
यवनी, यमनी

२२. 'श' को 'स' :—

शूर्प, सूर्प (प्राचीन शब्द)
काशी, कासी
शाक, साक — दे० पृ० ४३ नि० १४।
शर्करा, सर्करा

शुम, सुम
शचो, सचो
शर्गरी, सर्वरी

२३. 'प' को 'श' :—
अभीषु, अभीशु — दे० पृ० ४३ मागधी प-श।
वेष्या, वेश्या

२४. 'प' को 'स' :—
वृपो, वृसो
चाप, चास — दे० पृ० ४३ नि० १४।
मपी, मसी

२५. 'स' को 'श' —
सूरि, शूरि
स्याल, श्याल — दे० पृ० ४३ मागधी स-श।
अस्र, अश्रु
दासी, दाशी

२६. 'ह्'को 'घ' :—
अंह्रि, अङ्घ्रि — दे० पृ० ४३ नि० १५।

संयुक्त व्यंजन का परिवर्तन

१. 'क' का 'लोप' :—
योक्त्र, योत्र — देखिए पृ० ५६ लोपविधान।

२ 'द' का 'लोप' —
कुद्दाल, कुदाल — दे० पृ० ५७ लोपविधान।

३ 'य' का 'लोप' —
स्याली, साली

मत्स्य, मत्स — दे० पृ० ५७ परवर्ती व्यंजन का लोप।
तूर्य, तूर
चैत्य, चैत्र

४. 'र' का 'लोप' :—

कुर्कुट, कुक्कुर — दे० पृ० ५९ लोपविधान।
कुर्कुर, कुक्कुर
वप्र, वप्प (वाप = पिता)
द्राढिका, दाढिका
प्रियाल, पियाल

५. 'ल' का लोप :—

झल्लरी, झलरी — दे० पृ० ५९ लोपविधान।

६. 'व' का 'लोप' :—

ऊर्ध्व, ऊर्ध — दे० पृ० ५८ लोपविधान।

७. 'स' का 'लोप' :—

स्तूप, तूप — दे० पृ० ५७ लोपविधान।

८. 'अनुस्वार का 'लोप' :—

अम्बा, अब्वा — दे० पृ० ९७ नि० २१ तथा पा० प्र० पृ० ८२ नि० २५।

९. स्वर का लोप तथा स्वरसहित मध्यस्थित व्यंजन का लोप :—

रसना, रस्ना
वासर, वास्र
भगिनी, भग्नी
उदुम्बर, उम्बुरक, उम्बर — दे० पृ० ५४ नि० २६।

सुदत्त, सुत्त
आदत्त, आत्त
प्रदत्त, प्रत्त
वह्नी, वेणी

१०. 'अनुस्वार' का 'आगम' :—
मद्र, मन्द्र — दे० पृ० ८७ अनुस्वार का आगम।
अत्तिका, अन्तिका
लक्षण, लाञ्छन

११. र्थ, र्भ, म्र, र्प और ह्र इन संयुक्तव्यंजनों के बीच में अकार तथा इकार का आगम :—
मनोऽर्थ, मनोरथ
कम्र, कमर
गर्भ, गरभ — दे० पृ० ८६ आगम।
हर्ष, हरिष
वर्षा, वरिषा
वर्ष, वरिष
पर्षत्, परिषत्
दह्र, दहर

१२. 'क्ष' को 'ख' :—
क्षुल्लक, खुल्लक — दे० पृ० ६२ खविधान।
क्षुर, खुर
पक्ष, पुङ्ख

१३. 'क्ष' को 'च्छ' :—
पक्ष, पिच्छ — दे० पृ० ६४ नि० ४।
क्षुरी, छुरी
कक्ष, कच्छ

१४. 'त्त को 'ट्ट' :—

पत्तन, पट्टण — दे० पृ० ६७ नि० ७।

१५. 'र्त' को 'ट' :—

कर्तक, कण्टक — दे० पृ० ५७ नि० ७।

१६. 'त्स' को 'च्छ' :—

मत्स, मच्छ — दे० पृ० ६५ नि० ४।

गुत्स, गुच्छ

१७. 'र' को 'ल' :—

ह्रीका, ह्लीका

प्रवङ्ग, प्लवङ्ग — दे० पृ० ५२ 'र' का परिवर्तन।

१८. 'श्च' को 'च्छ' :—

पश्च, पुच्छ अथवा पिच्छ — दे० पृ० ६५ नि० ४।

१९. 'श्म' को 'म्भ' :—

काश्मरी, कम्भारी — दे० पृ० ७२ नि० १४— ग्रीष्म, गिम्ह, गिम्भ।

२०. 'ष्ट्र' को 'ढ' :—

दंष्ट्रिका, दाढिका — दे० पृ० ६३ शब्दों में विविध परिवर्तन।

२१. 'र' का 'आगम' :—

पामर, प्रामर — दे० पृ० ८७ नि० २६

चैत्य, चैत्र

दाढिका, द्राढिका

२२. 'अयू' को 'ओ' :—

मयूर, मोर — दे० पृ० ८२ शब्दों में विशेष परिवर्तन नि० २७— मयूख–मोह।

२३. 'एक ही शब्द के विविध उदाहरण :—

चन्द्र, चन्द, चन्दिर ।

विकुस, विकस, विक्रस ।

हट्ट, अट्ट ।

मुसल, मुषल ।

बुक्कस, पुक्कस, पुल्कस ।

तविश, तविष, ताविष ।

वनीपक, वनीयक, वनवक ।

खोट, खोड, खोर ।

वराणसी, वाराणसी, बाणारसी ।

हण्डे, हञ्जे ।

सुवासिनी, स्ववासिनी ।

मौक्तिक, मुकुतिक, मकुतिक ।

मस्तक, मस्तिक ।

अषाढ, आषाढ ।

एतश, ऐतश ।

बिडोजा, बिडौजा ।

निघण्टु, निर्घण्टु ।

नेतृ, नेत्र ।

दिवोका, दिवौका ।

यहाँ जो संस्कृत के ये शब्द दिये गए हैं उन सबका उल्लेख प्राचीन संस्कृत कोशों में है। देखिए, अमरकोश, हेमचन्द्र अभिधान-नाममाला-कोश, पुरुषोत्तमदेवप्रणीत द्विरूपकोश, शब्दरत्नाकरकोश, शब्दकल्पद्रु-कोश इत्यादि।

विविध परिवर्तनयुक्त वैदिकशब्द तथा संस्कृत के शब्द इसलिए यहाँ दरसाये गए हैं कि इन शब्दों के तथा उनमें हुए परिवर्तनों के साथ

प्राकृतभाषा के शब्द तथा उनके परिवर्तन कितनी अधिक समानता रखते हैं। इससे यह भी फलित होता है कि वैदिक संस्कृत, पुरोहितों की संस्कृत तथा प्राकृतभाषा—ये तीनों भाषाएँ अंग्रेजी, गुजराती, उड़िया भाषा की तरह सर्वथा स्वतंत्र रूप से नहीं हैं परन्तु भाषा तो एक ही है मात्र उच्चारण का तथा उनकी शैली का ही इसमें भेद है। जैसे; दिल्ली की हिन्दी, अजमेर—मेवाड़ की हिन्दी और साक्षरी हिन्दी—इन तीनों हिन्दी भाषाओं में कोई भेद नहीं है परंतु उनमें बोलने की शैली तथा उच्चारणों का ही भेद है।

वाक्यपदीयकार श्रीभर्तृहरि ने कहा है कि

यद् एकं प्रक्रियाभेदैर्बहुधा प्रविभज्यते।
तद् व्याकरणमागम्य परं ब्रह्माधिगम्यते ॥ २२ ॥

—वाक्यपदीय प्रथम खंड.

एक दूसरी स्पष्टता—

आजकल एक ऐसी कल्पना प्रचलित है कि प्राकृतभाषा नीचों की भाषा है, स्त्रियों की और शूद्रों की भाषा है परन्तु पंडितों की भाषा नहीं।

सचमुच यह कल्पना सच होती तो प्रवरसेन, वाक्पति, शालिवाहन, राजशेखर जैसे धुरंधर वैदिक पांडतों ने इस भाषा में सुंदर से सुंदर काव्य ग्रन्थ न लिखे होते तथा वररुचि, भामह, वाल्मीकि, लक्ष्मीधर, क्रमदीश्वर, मार्कंडेय कात्यायन, सिंहराज इत्यादि वैदिक पंडितों ने इस भाषा के विविध व्याकरण ग्रंथ भी न लिखे होते। सच तो बात यह है कि प्राकृत भाषा आमजनता की भाषा रही इसी कारण इस भाषा का उपयोग सब लोग करते रहे और पंडित लोग भी अपने बच्चों के साथ तथा वृद्ध माता-पिता और अपठित पत्नियों के साथ इसी भाषा से व्यवहार करते रहे, केवल यज्ञादिक विधियों में तथा शास्त्रार्थ-सभा में पुरोहित पंडित प्रचलित भाषा को ही अपने ढंग के उच्चारणों द्वारा बोलते थे और उन्होंने

ही उसे संस्कृत नाम रख दिया, महर्षि पणिनि तथा महर्षि भाष्यकार पतंजलि ने तो भाषा का नाम 'संस्कृत' कहा ही नहीं परन्तु केवल भाष्यकार ने ही लौकिक शब्दों के अनुशासन की बात कही है उससे मालूम होता है कि भाष्यकार को भाषा का नाम 'लौकिक' अभिप्रेत था, न कि संस्कृत।

इसके अतिरिक्त अमरकोश, वैजयन्तीकोश, मखकोश, धनंजयकोश इत्यादि कोशकारों ने भी अपने-अपने कोशों में भी 'संस्कृत शब्दों का कोश करते हैं' ऐसा कहीं भी नहीं दरसाया है। अमरकोश में कहा है कि 'संस्कृत' शब्द के दो अर्थ हैं—१. कृत्रिम, २. लक्षणोपेत—शास्त्र के अनुशासनसहित अर्थात् शास्त्र द्वारा व्यवस्थित . "संस्कृतम् । कृत्रिमे लक्षणोपेते" कां० ३, नानार्थवर्ग श्लो० १२५४ अभिधान संग्रह-निर्णय-सागर, सन् १८८९ का संस्करण।

पाठमाला—वाक्यरचना विभाग

पहला पाठ

वर्तमानकाल

एकवचन के पुरुषबोधक[1] प्रत्यय

१. पुरुष–मैं   मि[2], ए[3]
२. पुरुष–तू   सि[4], से[5]
३. पुरुष–वह   ति, ते[5]
               इ, ए[5]

धातु—

हरिस्[6] (हर्ष्) हर्ष होना, प्रसन्न होना   घरिस् (घर्ष्) घसना, घंसना, घुसना, घृष्ट होना

---

१. पुरुष याने कर्ता अथवा कर्म, ये प्रत्यय जब प्रयोग 'कर्तरि' होगा तब कर्ता को सूचित करते हैं और जब प्रयोग 'कर्मणि' होगा तब कर्म को सूचित करते हैं—क्रियापद के साथ जिसका सम्बन्ध सीधा हो—समानाधिकरणरूप हो उसका नाम पुरुष–देक्खामि—मैं देखता हूँ अथवा देक्खिज्जामि—उनसे मैं दीख पड़ता हूँ, 'देक्खामि' का 'मैं' के साथ सीधा सम्बन्ध है और 'मैं' कर्ता है, तथा देक्खिज्जामि का भी मैं के साथ सीधा सम्बन्ध है, देक्खिज्जामि का कर्म 'मैं' है पर कर्ता तो 'उनसे' है अर्थात् तृतीयपुरुष है (हे० प्रा० व्या० ८।३।१४१, १४०, १३९)।

२. पालि के प्रत्यय— शौरसेनी के प्रत्यय— मागधी के प्रत्यय— अपभ्रंश के प्रत्यय— संस्कृत के प्रत्यय—

पालि के प्रत्यय—	शौरसेनी के प्रत्यय—	मागधी के प्रत्यय—	अपभ्रंश के प्रत्यय—	संस्कृत के प्रत्यय—
१. मि, ए	मि, ए	मि, ए,	उ, मि	मि, ए
२. सि, से	सि, से	शि, शे	हि, सि, से	सि, से
३. ति, ते	दि, दे	दि, दे	दि, दे, इ, ए	ति, ते

३. *प्रथमपुरुष के एकवचन के इस 'ए' प्रत्यय का प्रयोग विरल होता है—प्राचीन प्राकृत में—आर्ष प्राकृत में—प्राय होता है—* वन्दे उसभ अजिअ "चतुर्विंशतिस्तव-लोगस्स" सूत्र द्वितीय गाथा।

४. संस्कृत के समान पालि भाषा में धातुओं का गणभेद है तथा आत्मनेपद और परस्मैपद के प्रत्यय भी जुदा-जुदा है (देखो पा० प्र० पृ० १७१ *आख्यातकल्प) परन्तु प्राकृतभाषा में वैसा गणभेद नहीं है तथा* आत्मनेपद के और परस्मैपद के प्रत्यय भी जुदे-जुदे नहीं है परन्तु इन्हीं प्रत्ययों के अन्तर्गत दोनों पदों के प्रत्यय बता दिए हैं। जब शौरसेनी, मागधी, पैशाची, अपभ्रंश में इन प्रत्ययों का उपयोग करना *हो तब उस उस भाषा के अक्षरपरिवर्तन के नियम लगाकर करना* चाहिए, *शौरसेनी वगैरह भाषा के प्रत्यय दूसरे टिप्पण में बता दिए* हैं, पैशाची के प्रत्यय प्राकृत के समान है अत नहीं बताए हैं।

शौरसेनी रूप प्राकृत के समान है परन्तु तृतीयपुरुष में 'हसदि, हसदे' दो रूप होते हैं।

मागधी रूप शौरसेनी के समान हैं परन्तु 'हम्' के स्थान में 'हश्' होगा।

पैशाची रूप प्राकृत के समान हैं।

अपभ्रंश रूप— १ हसउ, हसमि।
२ हसहि, हससि, हससे।
३ हसदि, हसदे, हसइ, हसए।

वरिस्[७] (वर्ष्) वरसना, वरसात, होना

करिस् (कर्ष्) काढ़ना, खींचना

मरिस् (मर्ष्) सहन करना, क्षमा रखना

घरिस् (घर्ष्) घिसना

तुरिय् (तूर्य्) त्वरा करना, उतावला करना, जलदी करना

अरिह् (अर्ह्) पूजना, अर्घना

पुरिय् (पूर्य्) पूरना, पूर्ण करना, भरना

मरिस् (मर्श्) विचारना, विचार-विमर्श करना

गरिह् (गर्ह्) गर्हणा करना, निंदा करना

जेम् (जेम्) जीमना, भोजन करना

देक्ख (दृश्) देखना, जोहना, आंखों से देखना

पुच्छ् (पृच्छ्) पूछना, प्रश्न करना

पूर् (पूर्) पूरा करना, भरना

कर् (कर्) करना, बनाना

वंद्, वन्द् (वन्द्) वंदन करना, नमस्कार करना

पत्, पड् (पत्) पड़ना, गिरना।

---

५. हे० प्रा० व्या० ८।३।१४५। जब धातु के अन्त में 'अ' हो तब ही से, ते और ए प्रत्यय लगते हैं, 'अ' न हो तो ये प्रत्यय नहीं लगते— ठा धातु से ठासे, ठाते, ठाए रूप नहीं होंगे परन्तु ठासि, ठाति और ठाइ रूप ही बनेंगे।

६. देखिए पृ० ८६ आगम।

७. ( ) इस निशान में दिये हुए सब शब्द (धातु वा संज्ञा शब्द) संस्कृत भाषा के हैं और मात्र तुलना के लिए बताए हैं। बताए हुए धातु वा संज्ञा शब्द का शौरसेनी, मागधी, पैशाची में प्रयोग करना हो तब उन धातुओं में व संज्ञा शब्दों में उस उस भाषा के अक्षरपरिवर्तन का नियम लगाना जरूरी है।

नियम

१. मि, ति, न्ति आदि प्रत्ययों को लगाने के पूर्व मूल धातुओं के अन्त में विकरण 'अ' का प्रयोग होता है।[1] जैसे—
वन्द् + ति–वन्द् + अ + ति = वदति।
पुच्छ् + ति–पुच्छ् + अ + ति = पुच्छति।

२. प्रथमपुरुष के मकारादि प्रत्ययों के पूर्व आनेवाले 'अ' विकरण का विकल्प से 'आ' होता है।[2] जैसे:—
वद् + अ + मि = वदामि, वदमि।
पढ् + अ + मि = पढामि, पढमि।

३. पुरुषबोधक प्रत्यय लगाने के बाद धातु के अग 'अ' का विकल्प से 'ए' हो जाता है।[3] जैसे —
वद् + अ + इ = वदेइ, वदइ, [4]वन्दए, वन्देए।
जाण् + अ + सि = जाणेसि, जाणसि, [4]जाणसे, जणेसे।
पुच्छ् + अ + मि = पुच्छेमि, पुच्छामि, पुच्छमि।

रूपाख्यान

१. देक्खमि देक्खामि देक्खेमि।
२. [4]देक्खसि देक्खेसि देक्खसे, देक्खेसे।
३ [4]देक्खइ देक्खेइ देक्खए, देक्खेए।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२३९। २. हे० प्रा० व्या० ८।३।१५४-१५५। ३. हे० प्रा० व्या० ८।३।१५८। ४. देखिए पृ० १४० टिप्पण ७। शौरसेनी रूप—२. देक्खसि, देक्खेसि, देक्खसे, देक्खेसे। ३. देक्खदि, देक्खेदि, देक्खदे, देक्खेदे। मगधी रूप—शौरसेनी की तरह समझ लें।

ठीक इसी प्रकार शौरसेनी, मागधी तथा अपभ्रंश के रूप भी बना लेने चाहिए। उस भाषा के प्रत्यय तथा रूप के कुछ उदाहरण टिप्पण में भी दिये गये हैं।

भाषान्तर वाक्य

वन्दना करता हूँ।
बसता हूँ।
करता हूँ।
तू वन्दना करता है।
तू जीमता (भोजन करता) है।
तू हर्ष करता है।
वह देखता है।
वह करता है।
वह सहता है।
मैं घिसता हूँ।
मैं गिरता हूँ।
मैं पूछता हूँ।
मैं करता हूँ।
मैं गिरता हूँ

वह घिसता है।
वह जानता है।
वह गिरता है।
तू खींचता है।
तू बरसता है।
भोजन करता है।
वह विचार करता है।
वह पूर्ण करता है।
तू उतावला करता है।
तू निन्दा करता है।
तू पूजता है।
मैं सहता हूँ।

[1]वंदामि
करिससे
हरिसमि
वरिसति

करते
जाणेसि
करिससि
पूरइ

१. प्रथमपुरुष के एकवचन में 'वंदे' रूप भी प्रयोग में आता है। वन्द् अ + ए = वंदे। (संस्कृत में वंदे—मैं वन्दना करता हूँ) "उसभं अजिअं च वंदे"।
—चतुर्विंशतिस्तव सूत्र गाथा २

देवसासि
गरिहामि
तुरियइ
अरिहेइ
पुच्छामि
धरिससि

हरिससि
मरिसामि
गरिहसि
जेमइ
धरिसेमि
मरिसामि, तुरियेसि ।

●

दूसरा पाठ

किसी भी लोक-व्यापक दूसरी भाषा में द्विवचन-सूचक प्रत्यय अलग उपलब्ध नहीं होते। इसी प्रकार लोकव्यापक प्राकृतभाषा में भी द्विवचनदर्शक अलग प्रत्यय नहीं है। इसीलिए इस पाठ में एकवचनीय प्रत्ययों के पश्चात् बहुवचनीय प्रत्ययों का ही प्रकरण दिया गया है। परन्तु जब द्विवचन का अर्थ सूचित करना हो तब क्रियापद अथवा संज्ञा शब्द साथ 'द्वि' शब्द के बहुवचनीय प्राकृतरूपों का उपयोग करना पड़ता है। वे रूप इस प्रकार हैं :—

प्रथमा तथा द्वितीया	दोण्णि, दुण्णि (द्वीनि ?)
	वेण्णि, विण्णि
	दो (द्वौ)
	दुवे (द्वे)
	वे, वे (द्वे)

प्रयोग :—वे सिव्वामो—हम दोनों सीते है।

---

१. 'दु' शब्द के जो रूप ऊपर बताये है उसके साथ बिल्कुल मिलते-जुलते रूप आज भी अलग-अलग लोक भाषाओं में प्रचलित हैं। जैसे :—

वे, वे गुजराती—बे
विण्णि, वेण्णि ,,—बन्ने
दो, हिन्दी—दो
दुण्णि, दोण्णि मराठी—दोन
दुवे बंगाली—दुई

वर्तमान काल

बहुवचन के पुरुषबोधक प्रत्यय

	प्रा०प्र०	पालिप्र०	शौ०प्र०	मा०प्र०	सं० प्र०
१ पु०	मो, मु, म[1]	म्हे	मो, मु, म[4]	शौरसेनी	म, महे
२ पु०	इत्था, ह[2]	व्हे	इत्था, ध, ह	के समान	थ, ध्वे
३ पु०	न्ति[3], न्ते, इरे	अन्ते, रे	न्ति, न्ते, इरे	होत है	न्ति, न्ते।

---

१ हे० प्रा० व्या० ८।३।१४४। 'मो' प्रत्यय के साथ 'मु' और 'म' प्रत्यय तथा संस्कृत के 'महे' प्रत्यय की भाँति 'म्ह' प्रत्यय भी प्रयुक्त होता है—देवखामो, देवखामु, देवखाम, देवखम्ह।

२. 'ह' की तरह 'इत्था' प्रत्यय भी प्रयुक्त होता है—बोल्लह, बोल्लित्था —हे० प्रा० व्या० ८।३।१४३।

३. 'न्ति' की तरह 'न्ते' तथा 'इरे' प्रत्यय भी प्रयोग में आते हैं—करन्ति करन्ते, करिरे—हे० प्रा० व्या० ८।३।१४२। तथा देखिए वैदिक भाषा के साथ समानता पृ० १२१, नि० ३१।

४. अपभ्रंश के बहुवचन के प्रत्यय :—१ हु, मो, मु, म। २ हु, ह, ध, इत्था। ३ हिं, न्ति, न्ते, इरे।

अपभ्रंश रूपाख्यान का उदाहरण—१ हरिसहुं, हरिसेहुं, हरिसमो, हरिसामो, हरिसिमो, हरिसेमो, हरिसमु, हरिसामु, हरिसिमु, हरिसेमु, हरिसम, हरिसाम, हरिसिम, हरिसेम, हरिसेज्ज, हरिसिज्ज, हरिसेज्जा, हरिसिज्जा। २ हरिसहु, हरिसेहु, हरिसह, हरिसेह, हरिसध, हरिसेध, हरिसइत्था, हरिसित्था, हरिसेत्था, हरिसेज्ज, हरिसिज्ज, हरिसेज्जा, हरिसिज्जा। ३ हरिसहिं, हरिसेहिं, हरिसंति, हरिसेंति, हरिसिंति, हरिसते, हरिसेंते, हरिसिन्ते, हरिसइरे, हरिसिरे, हरिसेइरे, हरिसेज्ज, हरिसिज्ज, हरिसेज्जा, हरिसिज्जा।

धातुएँ—

खुब्भ् (क्षुभ्य[1]) क्षुब्ध होना, घबराना

कुप्प् (कुप्य) कोप करना, क्रोध करना, गुस्सा करना,

सिव्व् (सिव्य) सीना

लव् (लप्[2]) लप्-लप् करना, व्यर्थ बोलना

तव् (तत्) तपना, संतान होना तप करना,

वेव् (वेप्) काँपना

सव् (शप्) शाप देना

दीव (दीप्) दीपना, चमकना, प्रकाशित होना

जव् (जप्) जपना, जाप करना ।

खिव् (क्षप्) फेंकना ।

खिप्प् (क्षिप्य) फेंकना

लुढ् (लुप्य) लोटना, आलोटना

दिप्प् (दीप्य) दीपना, चमकना, शोभित होना, प्रकाशित होना

गच्छ् (गच्छ्) जाना

बोल्ल् (ब्रू) बोलना

४. प्रथम पुरुष के 'म' से शुरु होने वाले बहुवचनीय प्रत्ययों के पूर्व आये 'अ' का विकल्प से 'इ'[3] हो जाता है । जैसे :—

बोल्ल् + अ + मो = बोल्लमो, बोल्लामो,[4] बोल्लिमो, बोल्लेमो ।

श्री तुलसीकृत रामायण में करहिं, नच्चहिं, लहहुं ऐसे अनेक प्रयोग पाये जाते हैं ।

१. देखिए पिछे के पकरण में नियम १. ।

२. देखिए पिछले प्रकरण में नियम–९ । ३. हे०प्रा०व्या० ७।३।१५५ ।

४. 'मो' की भाँति 'मु', 'म', तथा 'म्ह' प्रत्ययों के रूप भी इसी प्रकार करने चाहिए जैसे :—

बोल्लमु, बोल्लामु, बोल्लिमु, बोल्लेमु । बोल्लम, बोल्लाम, बोल्लिम, बोल्लेम । बोल्लम्ह, बोल्लाम्ह । बोल्लिम्ह, बोल्लेम्ह ।—दे०पृ० १२ नि०२

रूपाख्यान

१. पु० बोल्लमो, बोल्लामो, बोल्लिमो, बोल्लेमो
२ पु० बोल्लह, बोल्लेह[1]
३. पु० बोल्लति,[2] बोल्लेंति

वाक्य

हम सीते हैं।
हम वन्दना करते हैं।
हम लोटते हैं।
तुम दोनों बोलते हो।
तुम दोनो सीते हो।
हम दोनों फेंकते हैं।
हम दोनों कांपते हैं।
वे दोनों शाप देते हैं।
वे दोनो वन्दना करते हैं।
वे दोनो जाप करते हैं।
मैं जाता हूँ।

तुम दोनो वन्दना करते हो।
तुम जाप कहते हो।
तुम कुपित होते हो।
तुम घबराते हो।
हम दोनो शोभित होते हैं, चमकते हैं।
वह खाता है।
मैं कांपता हूँ।
मैं फेंकता हूँ।
तू लोटता है।
तू खाता है।
तू जाप करता है।

वह दीप्त होता है, शोभित होता है चमकता है, प्रकाशित होता है।

वदामो	वंदेन	वन्दद[3]
सविरे	गच्छन्ति	वन्दधे

---

१. बोल्ल्+अ+इत्था=बोल्लित्था अथवा बोल्लइत्था देखिए पृ० ६५ नि० ९। २ बोल्ल्+अ+न्ते=बोल्लन्ते, बोल्ल्+अ+इरे= बोल्लिरे रूप भी समझना चाहिए। ३. अभ्यास के लिए शौरसेनी के तथा मागधी भाषा के नियम लगाकर ऐसे धातु रूपों के वाक्य बनाना जरूरी है।

वंदह	जीवमो
वोल्लमो	वंदेम
लवेम	वन्दंते
तुण्णि लुट्टह	वोल्लामु
वे खिप्पित्था	लुट्टामि
दो खुब्भित्था	कुप्पेह
कुप्पेह	खिवामि
गच्छम्ह	वोल्लसि
	वंदति

०

तीसरा पाठ

वर्तमानकाल

सर्व पुरुष } ज्ज
सर्व वचन } ज्जा

'ज्ज' तथा 'ज्जा' प्रत्ययों के लगने से पूर्व 'अंग' के अन्त्य अ' को 'ए' होता[2] है।

वंद् + अ + ज्ज = वदेज्ज[3]।
वंद् + अ + ज्जा = वदेज्जा।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१७७। २. हे० प्रा० व्या० ८।३।१५६।
३. पुरुषबोधक प्रत्यय और स्वरान्त धातुओं के बीच में ज्ज तथा ज्जा दोनों में से किसी एक प्रत्यय के लगाने से भी रूप बन सकते हैं। जैसे:—
हो + इ = हो + ज्ज + इ = होज्जइ अथवा होइ।
हो + इ = हो + ज्जा + इ = होज्जाइ अथवा होइ —हे० प्रा० व्या० ८।३।१७८। विकरण लगने के पश्चात् :—
हो + अ + इ = हो + अ + ज्ज + इ = होएज्जइ, होअइ।
हो + अ + इ = हो + अ + ज्जा + इ = होएज्जाइ, होअइ।
होज्जइ अथवा होएज्जइ के साथ श्रीज्ञानेश्वरप्रणीत गीताजी (चौदहवाँ शतक) में 'अर्पेचिजे', 'मंथिजे', 'भोगिजे', 'कीजे', 'विजमो' 'साहिजे' ऐसे अनेक क्रियापद आते हैं वे तथा होजे, थजे, करज, चालजे, देजे, लेजे इत्यादि वर्तमान में प्रचलित गुजराती भाषा के क्रियापद के रूप बिल्कुल मिलते-जुलते हैं।

स्वरान्त धातुएँ :—

दा (दा)—देना।	ठा (स्था)—स्थिर रहना, ठहरना।
वा (वा)—बोना, वपन करना, उगाना।	झा (ध्या)—ध्याना, ध्यान करना।
	हा (हा)—छोड़ना, त्यागना।
पा (पा)—पीना।	बू (ब्रू)—बोलना।
गा (गा)—गाना।	हो (भू)—होना।
जा (जा)—जाना।	णी / णे } (नी)—ले जाना, पहुँचाना।
धा (धाव्)—दौड़ना।	
खा (खाद्)—खाना, भोजन करना।	

अकारान्त धातुओं को छोड़कर शेष सभी स्वरान्त धातुओं के अन्त में पुरुषबोधक प्रत्यय लगाने से पहले विकरण 'अ' विकल्प से होता है (हे० प्रा० व्या० ८।४।२४०)।

हो + इ = होइ।	हो + अ + इ = होअइ।
खा + इ = खाइ।	खा + अ + इ = खाअइ।
धा + इ = धाइ।	धा + अ + इ = धाअइ।

(अकारान्त धातुओं के अन्त में 'अकार' विद्यमान है। इसलिए उनके बाद विकरण 'अ' दुबारा लगाने की आवश्यकता नहीं है।)

अकारान्त धातुएँ :—

चिइच्छ (चिकित्स)—चिकित्सा करना, शंका करना, अथवा उपाय करना, उपचार करना।

जुउच्छ (जुगुप्स)—घृणा करना अथवा दया करना।

अमराय (अमराय)—देव की भाँति रहना।

चिइच्छइ। जुउच्छइ। अमरायइ।

रूपाख्यान

विना विकरण के रूप :—

	एकवचन	बहुवचन
१. पु०	होमि	होमो
२. पु०	होसि	होह
३. पु०	होइ	होंति, हुंति ।

विकरण वाले रूप :—

१. पु०	होअमि, होआमि, होएमि ।	होअमो, होआमो, होइमो, होएमो ।
२. पु०	होअसि, होएसि ।	होअह, होएह ।
३. पु०	होअइ, होएइ ।	होअंति, होएंति, होइंति ।

सर्व पुरुष } होज्ज, होज्जा (विकरण रहित)
सर्व वचन } होएज्ज, होएज्जा (विकरण वाले)

वाक्य

हम गाते हैं । तुम पीते हो ।
तुम दौड़ते हो । वे गाते हैं ।
वे बोलते हैं । हम दोनों छोड़ते हैं, त्याग करते हैं ।
वे दोनों खाते हैं । वे देते हैं ।
मैं खड़ा हूँ । वह बोता है, उगाता है ।
तू ले जाता है । हम ले जाते हैं ।
हम जाते हैं । वे ले जाते हैं ।
तुम चिकित्सा करते हो । मैं घृणा करता हूँ ।
हम देव की भांति रहते हैं ।

हुंति	धाह	गाह
होंति	गाइ	ठाह
जंति	जासि	ठाइत्था
वूमो	ठामि	हामि
विंति[1]	वूम	णेंति
वेजामो	णेमि	पामो
झामो	देंति	वेमि[2]
गाएसि	खाएमो	

०

---

१. वू + अ + न्ति = वू + ए + न्ति = वेंति तथा विंति।

२. वू + अ + मि = वू + ए + मि = वेमि। पालिभापा में 'व्रू' धातु है। उसके रूप—

एकवचन	वहुवचन
१. व्रूमि	व्रूम
२. व्रूसि	व्रूथ
३. व्रूति, व्रवीति	व्रुवन्ति

देखिए—पा० प्र० पृ० १७६।

चौथा पाठ

अस्=विद्यमान होना।

अस् धातु के रूप अनियमित हैं। वे इस प्रकार हैं[1] :—

	एकवचन	बहुवचन
१. पु०	अम्हि, म्हि (अस्मि) मि, असि[3], अत्थि[3]	म्ह, म्हो, मो[2] मु० (स्म) अत्थि
२. पु०	सि, असि (असि), अत्थि[3]	त्थ (स्थ), अत्थि
३. पु०	अत्थि[4]	अत्थि, संति (सन्ति)।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१४६, १४७, १४८।

२. व्याकरण में 'म्ह' तथा 'म्हो' रूप विहित किये गये हैं परन्तु प्राचीन आर्ष प्राकृत भाषा में म्ह, मु, मो, ऐसे रूप भी प्राप्त होते हैं।

३. 'असि' (अस्मि) रूप विशेषतः आर्षप्राकृत में पाया जाता है और 'अत्थि' रूप सभी पुरुषों और सभी वचनों में प्रयुक्त होता है।

४. अस् धातु के पालि रूप—

	एकव०	बहुव०
१.	अस्मि, अम्हि	अस्म, अम्ह
२.	असि, अहि	अत्थ
३.	अत्थि	सन्ति

—देखिए पा० प्र० पृ० १७८।

धातुएँ

मज्ज् , (मद्य)—मद करना, खुश होना, अभिमान करना ।

खिज्ज् (खिद्य)—खीझना, खिन्न होना, खेद करना :

सं + पज्ज् (सं + पद्य)—प्राप्त होना ।

नि + प्पज्ज (निष्पद्य) निष्पादन करना, होना ।

विज्ज् (विद्य)—विद्यमान होना, उपस्थित होना ।

जोत्, जोअ (द्योत)—द्योतित होना, प्रकाशित होना, देखना ।

सिज्ज् (स्विद्य)—स्वेद का आना (होना), पसीजना, चिकना होना ।

दिव्व् (दीव्य)—द्यूत खेलना, क्रीड़ा करना ।

वाक्य

तू देता है ।	हम दोनों ध्यान करते है ।
वह होता है ।	तुम पीते हो ।
हम गाते हैं ।	वे दोनों खेलते है ।
तुम दौड़ते हो ।	पसीजता है ।
वे दोनों खाते है ।	(हम) हैं ।
मैं खड़ा हूँ ।	विद्यमान है।
(तुम) हो ।	तुम दो हो ।
वह जाता है ।	तू दीप्त होता है ।
मैं खुश होता हूँ ।	हम छोड़ते हैं ।
वह खेद करता है ।	मैं जाता हूँ ।
वह निष्पादन करता है ।	मैं हूँ । मैं पूर्ण करता हूँ ।
वह सम्पादन करता है ।	हम प्रकाशित होते है ।

हुति
जति
बूम
वाइ
बे जाम
दो मो
निप्पज्जसे
सति
सिज्जति
मज्जते
म्ह
सि

गाएमि
जोतसि
जोआमु
खिज्जेह
वेण्णि सति
धाह
वूमि
सपज्जइ
गाइ
थ
असि
अम्हि

जासि
ठामि
म्हि
निप्पज्जह
असि
अत्थि
दो मज्जह
दोण्णि
दिव्वामु
बूमो
वे खाएमु
मज्जेसि

पाचवाँ पाठ

पुज्ज् (पूर्य)[1]—पूरा करना।
विज्झ् (विध्य[2])—बींधना।
गिज्झ् (गृध्य)—ललचाना।
कुज्झ् (क्रुध्य)—क्रोध करना।
सिज्झ् (सिध्य)—सिद्ध होना।
नज्झ् (नह्य[2])—बाँधना।
जुज्झ् (युध्य)—जूझना, युद्ध करना।
बोह् (बोध)—बोध होना, जानना, ज्ञान होना।
वह् (वध)—वध करना, जान से मारना, प्राणों का हनन करना।
सोह् (शोभ)—शोभना, शोभित होना।
खाद्, खाय् (खाद)—खाना।
कह् (कथ[3])—कहना।
कुह् (कुथ)—सड़ना।
बाह् (बाध)—बाधा करना, अड़चन—रुकावट डालना।
लिह् (लिख[3])—लिखना।
लह् (लभ)—लेना, प्राप्त करना।
सिलाह (श्लाघ)—श्लाघा करना, सराहना, प्रशंसा करना।
सोह् (शोध)—शोधना, शुद्ध करना, साफ करना।

---

१. देखिए पृ० ६६ ५। २. पृ० ६७ नियम ६। ३. पृ० ३७ नियम ८।

सुज्झ् (शुध्य)—शोधना, साफ करना।
धाव्,धाय् (धाव)—दौड़ना, भागना।

वाक्य

हम दोनों ध्यान करते हैं।	तुम हो।
वह वींधता है।	वे हैं।
हम ललचाते हैं।	हूँ।
तुम दोनों घबराते हो	तू है।
तुम दोनों सड़ते हो।	हम हैं।
हम वींधते हैं।	वह है।
तुम सुशोभित होते हो।	तुम ज्योतित होते हो।
तुम शोधते हो।	वह जानता है।
तुम साफ करते हो।	मैं खुश होता हूँ।
हम दोनों लिपते हैं।	वे दोनों जाते हैं।
तुम खोचते हो।	तुम कांपने हो।
वह सम्पादन करता है।	वे दोनों प्रशंसा करते हैं।
वे दोनों निन्दा करते हैं।	वह बोता है।
तुम दोना दौड़ते हो।	हम होते हैं।
मैं गाता हूँ।	हम खेद करते हैं।
वह शाप देता है।	वह खड़ा रहता है।
वह प्रकाशित होता है।	मैं सिद्ध करता हूँ।

कुहंति	झाम
सिलाहति	होति
गिज्झाम	दुन्नि बोहेंति
मि	जुज्झेम
कहेमि	सि

नज्झसि	विंति
ठाइ	लिहेज्ज
वे सोहामो	सिज्झंति
मुज्झिमु	दो लहेज्जा
वेन्नि विज्जंति	कुज्झेसि
ठाएह	अंसि
वे वाहह	

धातुएँ

वीह्[1] (भी)—भयभीत होना, डरना।

छज्ज् (सज्ज)—छाजना, शोभा देना।

वेढ् (वेष्ट)—वेष्टन करना, वींटना, लपेटना।

कर् (कर)—करना।

तर् (तर)—तरना, तैरना।

चिण् (चिनु)—चयन करना, चुनना, इकट्ठा करना।

डह (दह्)—दग्ध होना, दाझना, जलना।

डज्झ् (दह्य)—दग्ध होना, जलना, जलाना।

नम्, नव् (नम)—नमना, झुकना, प्रणाम करना।

चय् (त्यज)—त्यागना, छोड़ना।

जिण् (जिना)—जीतना।

छिंद् (छिनद्)—छेदन करना, फाड़ना।

चल् (चल)—चलना।

निंद्, निन्द् (निन्द)—निन्दना, निन्दा करना, शिकायत करना।

---

१. समानता 'वीह्' और 'भी' :—व् + ह + ई; व् और ह् के मिल जाने से भ् और ई के मिलने से 'भी'।

सूस } (शुष्य[1])—शोषण करना।
सुस्स }

सुण् (शृणु)—सुनना।

सुमर् (स्मर)—स्मरण करना, याद करना।

गच्छ् (गच्छ)—गति करना, जाना।

नस्स } (नश्य) नाश होना।
नास् }

गेण्ह् (गृह्ण)—ग्रहण करना।

नच्च् (नृत्य)—नाचना।

कुण् (कृणु)—करना।

रूस } (रूष्य)—रूठना, रोश करना, गुस्सा करना, क्रोध करना।
रूस्स }

हण् (हन्)—हनना, मारना।

सार और प्रश्न

	एकवचन	बहुवचन
१. पु०	वदमि, वदामि, वदेमि।	वदमो, वदामो, वदिमो, वंदेमो, वंदमु, वदामु, वदिमु, वदेमु, वदम, वदाम, वदिम, वदेम।
२. पु०	वदसि, वंदेसि, वदसे, वंदेसे।	वदह, वंदेह, वदइत्था, वंदेइत्था, वदित्था।
३. पु०	वंदइ, वंदेइ, वदए, वदेए, वदंति, वंदेंति, वदने वदेते।	वदंति, वदेंति, वंदिंति, वदंते, वंदेंते, वंदिंते, वदइरे, वंदेइरे, वदिरे।

सर्व पुरुष } वदेज्ज, वंदेज्जा
सर्व वचन }

---

१. देखिए पृ० ११ नि० १।

स्वरान्त धातुओं के विना विकरण के रूप :—

१. पु० होमि ।	होमो, होमु, होम ।
२. पु० होसि ।	होह, होइत्था ।
३. पु० होइ, होति ।	होंति, हुंति, होन्ति, हुन्ति, होन्ते, हुन्ते, होइरे ।

सर्व पुरुष
सर्व वचन } होज्ज, होज्जा

स्वरान्त धातुओं के विकरण वाले रूप :—

एकवचन	वहुवचन
१. पु० होअमि, होआमि, होएमि ।	होअमो, होआमो, होइमो, होएमो, होअमु, होआमु, होइमु, होएमु, होअम, होआम, होइम, होएम ।
२. पु० होअसि, होएसि, होअसे, होएसे ।	होअह, होएह, होअइत्था, होए-इत्था ।
३. पु० होअइ, होएइ, होअए, होएए, होअति, होएति ।	होअंति, होएंति, होइंति, होंते, होअंते, होएंते, होअइरे, होएइरे ।

सर्व पुरुष
सर्व वचन } होएज्ज, होएज्जा

प्रश्न

१. प्राकृत भाषा में कौन-कौन से स्वरों का प्रयोग नहीं होता ? जिन स्वरों का प्रयोग नहीं होता, उनके स्थान पर कौन-कौन से स्वर प्रयुक्त होते हैं ? उदाहरण सहित समझाओ ।

२. निम्नलिखित शब्दों के प्राकृत में रूप बताओ ?
मृत्तिका, ताम्बूल, कीदृश, दैत्य, पौर, कौमुदी, तमस्, तीर्थंकर, गोष्ठी, नग्न, चन्द्र ।

३. निम्नलिखित शब्दों के संस्कृत रूप बताओ ।

समुद्द, वक, साहा, पवइ, साड्ड, हल्हा, अगाल, सद्द, चोद्दह, छट्ठ, भायण ।

४ निम्नलिखित संयुक्त व्यंजनों के परिवर्तित रूप उदाहरण सहित बताओ ?

द्य, त्म, ध्र, प्स, ष्ट ।

५. निम्नांकित संयुक्त व्यञ्जन वाले शब्दों के प्राकृत-रूपान्तर बताओ ?

ग्रीष्म, स्तम्भ, पुष्प, प्रश्न, मुष्टि, ध्यान, शौण्डीय, ऊर्ध्व, तीर्थ, निम्न, कर्तरी ।

६. निम्नलिखित शब्दों में संधि बताओ ?

वासेसि, दसामह, बहूदगं, पुहवीसो, काही ।

७. निम्नलिखित शब्दों में समास समझाओ ?

देवदाणवगंधव्वा, वीतरागो, तित्थयरो, नरिंदो, महावीरो ।

८ दीर्घ को ह्रस्व और ह्रस्व को दीर्घ कब-कब होता है ? उदाहरण सहित समझाओ ।

९. स्वरान्तधातु और व्यञ्जनान्तधातु की रूप-साधना में क्या-क्या अन्तर है ?

१०. प्राकृत में द्विवचन है ? वहाँ द्विवचन का अर्थ किस प्रकार सूचित किया जाता है ?

११. प्राकृत भाषा के रूपों के साथ गुजराती भाषा के रूपों का कैसा सम्बन्ध है ?

१२. शौरसेनी, मागधी तथा अपभ्रंश भाषा के परिवर्तन के नियमानुसार प्राकृत भाषा से कहाँ-कहाँ भिन्नता है ?

१३. पालि भाषा तथा प्राकृत भाषा के परिवर्तनों में समानता बताओ ?

उवसग्ग (उपसर्ग)

उपसर्ग धातु के पूर्व में आकर धातु के मूल अर्थ में न्यूनाधिकता करके विशेष, न्यून, अधिक अथवा भिन्नार्थ बताते हैं । जो इस प्रकार हैं :—

प (प्र) = आगे, प + जाइ=पजाइ=आगे जाता है ।
प + जोतते=प्रजोतते=विशेष प्रकाशित होता है ।
प + हरति=पहरति=प्रहार करता है ।

परा—सामने, उल्टा, परा + जिणइ=पराजिणइ=पराजय करता है ।

ओ, अव, अप } (अप)—हल्का, रहित, नीचे, दूर, ओ + सरइ, अव + सरइ, अप + सरइ } =सरकता है, दूर हटता है ।

अप + अर्थकम् = अवत्थयं = अपार्थक, व्यर्थ ।

ओ + माल्यम् = ओमल्लं = निर्माल्य ।

सं (सम)–इकट्ठा, साथ,		सं + गच्छति = संगच्छति = साथ जाता है ।
		सं + चिणइ = संचिणइ = संचय करता है, इकट्ठा करता है ।
अनु	(अनु)–पीछे, समान,	अणु + जाइ = अणुजाइ = पीछे जाता है ।
अणु	,, ,, ,,	अणु + करइ = अणुकरइ = अनुकरण करता है ।
ओ	(अव)–नीचे	ओ + तरइ = ओतरइ=अवतार लेता है ।
अव	,, ,,	अव + तरइ=अवतरइ=उतरता है, नीचे जाता है ।

निर् नि नी	(निर्)–निरन्तर, सतत, रहित ,,	निर् + इक्खइ = निरिक्खइ=निरीक्षण करता है देखता है। नि + ज्झरइ=निज्झरइ=झरता है। नि + सरइ=नीसरइ=निकलता है। निर् + अतर=निरतर=निरंतर। निर् + धन:=निद्धणो=निर्धन,गरीब।
दु (दुर्)—दुष्टता		दु + गच्छइ = दुग्गच्छइ=दुर्गति में जाता है।
दू	,,	दो + गच्च = दोगच्च=दौर्गत्य, दुर्गति। दू + हवो = दूहवो=भाग्यहीन, बदनसीब।
अभि	(अभि)–सामने	अभि + भासइ = अभिभासइ = सामने जाता है।
अहि	,, ,,	अहि + मुहं = अहिमुहं = अभिमुख, सामने।
वि—विशेष, नहीं, विपरीत		वि + जाणइ = विजाणइ = विशेष जानता है (करता है)। वि + जुजइ = विजुजइ = वियुक्त होना है (करता है)। अलग होना है। वि + कुव्वइ = विकृत करता है।

१. 'दू' और 'मू' का उपयोग केवल 'हव' (भग) शब्द के पूर्व ही होता है। देखिए, पृ० २३ नियम ५।

अधि	(अधि)–अधिक	अधि + गच्छति = अधिगच्छइ = प्राप्त करता है, जानता है, ऊपर जाता है।
अहि	,, ,,	अधि + गमो = अहिगमो = अधिगम, ज्ञान।
[1]सु	(सु)–श्रेष्ठ	सु + भासए = अच्छा बोलता है।
सू	,, ,,	सू + हवो = सूहवो=भाग्यवान।
उ	(उत्)–ऊँचा	उ + गच्छते = उग्गच्छते—ऊँचा जाता है, ऊगता है।
अइ	(अति)—अतिशय,हदसे बाहर, अमर्यादित	अइ + सेइ = अइसेइ = अतिशय करता है, अति प्रशंसा करता है।
अति	,, ,,	'अइ + गच्छति = अतिगच्छति = हद से बाहर जाता है।
णि	(नि)–निरन्तर, नीचे	णि + पडइ = णिपडइ = निरन्तर गिरता है, नीचे गिरता है।
नि	,, ,,	नि + पडइ = निपडइ = नीचे गिरता है, निरन्तर गिरता है।
पडि	(प्रति)–सामने, समान, विपरीत	पडि + भासए = पडिभासए=सामने बोलता है।
पति	,, ,,	पति + ठाइ = पतिठाइ=प्रतिष्ठित होता है।
[1]परि	,, ,,	परि + ट्ठा = परिट्ठा = प्रतिष्ठा। पडि + मा=पडिमा=समान आकृति। पडि + कूलं = पडिकूलं = प्रतिकूल।

१. 'परि' यह 'पडि' का ही एक भिन्न उच्चारण है। 'र' और 'ड' का–उच्चारण स्थान भी समान ही है। देखिए,पृ० ५२ नि० १६ 'र' को 'ट'।

परि (परि)—चारों तरफ	परि + वुडो = परिवुडो=परिवृत, चारों ओर से घिरा हुआ।
पलि ,, ,,	पलि + घो = पलिघो=परिघ,घन।
अपि (अपि)–भी, उल्टा	अवि + हेइ = अविहेइ = ढाँकता है।
अवि ,, ,, ,,	अपि + हेइ = अपिहेइ = ,,
ॅपि ,, ,, ,,	पि + हेइ = पिहेइ = ,,
वि ,, ,, ,,	को + वि = कोवि = कोइ भी।
इ ,, ,, ,,	को + इ = कोइ = ,,
	किम् + अवि = किमवि = कुछ भी।
	जं + पि = जंपि = जो भी।
उ (उप)—पास	उव + गच्छइ = पास जाता है।
ओ ,, ,,	ऊ + ज्झायो = ऊज्झायो = उपाध्याय।
उव ,, ,,	ओ + ज्झायो = ओज्झायो = ,,
	उव + ज्झायो = उवज्झायो = ,,
आ—मर्यादा, उल्टा,	*आ + वसइ = आवसइ=अमुक* मर्यादा में रहता है।
	आ + गच्छइ = आता है।

उपसर्गों के अर्थ निश्चित नहीं होते। इसीलिए कोइ उपसर्ग धातु के मूल अर्थ से विपरीत अर्थ बताता है, कोई मूल अर्थ को बनाता है, कोई

---

१. इन सब संस्कृत उपसर्गों में शौरसेनी, मागधी, तथा पैशाची भाषा के अनुसार परिवर्तन कर लेना चाहिये, जैसे—अति, शौ० अदि। परि, मा० पलि। अभि, पै० अभि।

धातु के मूल अर्थ में कुछ अतिशय अर्थ बताता है और कोई केवल शोभा के लिये ही प्रयोग में आता है—धातु के अर्थ में बिल्कुल परिवर्तन नहीं करनेवाला उपसर्ग 'अपि' है और वह 'भी' अर्थ में अव्यय भी है। इसलिए 'अपि' के उदाहरणों में उसके दोनों प्रकार के प्रयोग दिखाये हैं।

धातुएँ

पुण् (पुना)—पवित्र करना।
थुण् (स्तु)—स्तुति करना।
वच्च् (व्रज)—गति करना, जाना।
कुद्द (कुर्द)—कूदना।
अच्च् (अर्च)—अर्चना करना, पूजा करना।
वड्ढ् (वर्ध)—बढ़ना।
भम (भ्रम)—भ्रमण करना, घूमना।
भम्म (भ्राम्य)— ,, ,,
भिद् (भिनद्)—भेदना, टुकड़े-टुकड़े करना।
चिइच्छ (चिकित्स)—चिकित्सा करना, रोग का उपचार करना।
जग्ग् (जागृ)—जागना।
छिद् (छिनद्)—छेदना, चीरना, फाड़ना।
सिच् (सिञ्च)—सींचना, पीना, तर करना।
मुंच् (मुञ्च)—छोड़ना, त्यागना।
लुण् (लुना)—काटना, लवना।
गंठ् (ग्रन्थ)—गाँठना, गूँथना।

गज्ज् (गज)—गाजना गजना।

मिला (म्ला)—म्लान होना कुम्हला जाना।

गिला (ग्ला)—ग्लानि होना क्षीण होना।

वीसर (वि + स्मर)—विस्मृत होना भूल जाना।

जम्म् (जन्मन्)—जन्म लेना, पैदा होना।

रुव् (रुद्)—रोना।

तोल (तोल)—तोलना मापना।

छठा पाठ

अकारान्त शब्द के रूप (पुंलिंग)

वीर+

	शब्द: प्रत्यय एकव०	बहुव०
प्र०	वीर + ओ = वीरो (वीरः[1])	वीर + आ = वीरा[1] (वीराः)
	वीर + ए = वीरे	

+तुलना के लिए 'अकारान्त' 'वुद्ध' शब्द के पालिभाषा के एकवचनी रूप :—

एकवचन	बहुवचन
प्र० वुद्धो	वुद्धा (वुद्ध से)
द्वि० वुद्धं	वुद्धे
तृ० वुद्धेन	वुद्धेहि, वुद्धेभि

[किसी-किसी स्थान मे तृतीया के एकवचन में वुद्धसो' रूप भी होता है और तृतीया के एकवचन में कहीं-कहीं 'सा' प्रत्यय भी लगता है—जलसा, वलसा]

च० वुद्धाय, वुद्धस्स	वुद्धानं
पं० वुद्धा, वुद्धस्मा, वुद्धम्हा	वुद्धेहि, वुद्धेभि
प० वुद्धस्स	वुद्धानं
स० वुद्धे, वुद्धस्मि, वुद्धम्हि	वुद्धेसु
सं० वुद्ध !, वुद्धा !	वुद्धा—दे०पा०प्र०पृ०, ८५, ८६।

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।२। तथा ८।४।२८७, ८।३।४।

द्वि० वीर+म्=वीर[2] (वीरं) वीर+आ=वीरा (वीरान्),
वीर+ए=वीरे[3]

संस्कृत भाषा में 'स्मात्' 'स्मिन्' प्रत्यय मात्र सर्वादि शब्द में हो सकते हैं। प्राकृत भाषा में ये प्रत्यय व्यापक हैं इसी हेतु वुद्धस्मा, वीरस्सि जैसे रूप प्राकृत भाषा में प्रचलित हैं।

शौरसेनी, मागधी, पैशाची भाषा के रूप भी 'वीर' के रूप जैसे ही बनेंगे, विशेषता इस प्रकार है

पंचमी एकवचन—शौरसेनी—वीरादो, वीरादु।

मागधी रूप—

प्रथमा एकवचन–'वीले' (मागधी भाषा में पुल्लिंग में प्रथमा के एकवचन में 'वीले' ऐसा एकारान्त रूप होता है, 'वीलो' ऐसा ओकारान्त रूप नहीं होता)।

पंचमी एकवचन—वीलादो, वीलादु।
षष्ठी ,, वीलाह, वीलस्स।

षष्ठी बहुवचन—वीलाहं, वीलाणं (हे०प्रा०व्या० ८।४।२९९,३००)।

पैशाची रूप—

पंचमी एकवचन—वीरातो, वीरातु।

अपभ्रंश रूपों में विशेष भिन्नता है :—

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	वीरु, वीरो, वीर, वीरा।	वीर, वीरा।
द्वि०	वीरु, वीर, वीरा।	वीर, वीरा।
तृ०	वीरें, वीरेण, वीरेण	वीरेंहि, वीराहिं, वीरहिं।
ष०	वीरस्सु, वीरासु, वीरसु, वीराहो,	वीराहं, वीरहं, वीर,

२. हे० प्रा० व्या० ८।३।५। ३. हे० प्रा० व्या० ८।३।१४।

तृ०	वीर + ऐण = वीरेण[४] (वीरेण), वीरेणं	[५]वीर + एहि=वीरेहि (वीरेभिः) वीरेहिं, वीरेहिँ[६] (वीरैः)
च०	वीर + आय = वीराय (वीराय), वीर + आए = वीराए, वीर + स्स = वीरस्स (वीरस्य)	वीर + ण=वीराण[७] (वीराणाम्), वीराणं
पं०	*वीर + आ = वीरा[८] (वीरात्),	वीर + ओ = वीराओ[९]

	वीरहो, वीर, वीरा।	वीरा।
पं०	वीराहु, वीरहु, वीराहे, वीरहे।	वीराहुं, वीरहुं।
प०	वीरस्सु, वीरासु, वीरसु, वीराहो, वीरहो, वीर, वीरा।	वीराहं, वीरहं।
सं०	वीरि, वीरे।	वीराहिं, विरहिं।
सं०	वीरु, वीरो, वीर, वीरा।	×वीराहो, वीरहो, वीर, वीरा।

× वैदिक छान्दस—'देवासः' रूप के साथ 'वीराहो' रूप की तुलना हो सकती है।

४. हे० प्रा० व्या० ८।३।६।, ८।३।१४।, ८।१।२७। ५. हे० प्रा० व्या० ८।३।७।, ८।३।१५। ६. हे० प्रा० व्या० ८।४।४४८।, ८।३।१३१, १३२। ७. हे० प्रा० व्या० ८।३।६।, ८।३।१२। *पांचमी विभक्ति में निम्न अधिक रूप बनते हैं :

एकवचन	बहुवचन
वीर + तो = वीरातो	वीरातो
वीर + तु = वीरातु	वीरातु
वीर + हि = वीराहि	वीराहि,
वीर + हिंतो = वीराहिंतो	वीरेहि,
वीर + त्तो = वीरत्तो (वीरतः)	वीरत्तो (वीरतः)

८. हे० प्रा० व्या० ८।३।८।, ८।३।१२। ९. हे० प्रा० व्या० ८।३।६।

	एकवचन	बहुवचन
	वीर + ओ = वीराओ	वीर + उ = वीराउ
	वीर + उ = वीराउ	वीर + हिंतो = वीराहिंतो, वीरेहिन्तो (वीरेभ्य)
		वीर + सुंतो = वीरासुंतो, वीरेसुंतो
ष०	वीर + स्स = वीरस्स[10] (वीरस्य)	वीर + ण = वीराण[11] (वीराणाम्), वीराण
स०	वीर + ए = वीरे[12]	वीर + सु-वीरेसु[13] (वीरेषु),
	वीर + अंसि = वीरंसि (वीरस्मिन्),	वीरेसु
	वीर + म्मि = वीरम्मि १२	
सं०	वीर ! (वीर !)	वीरा[14] (वीरा !)
	वीरा !	
	वीरो !	
	वीरे !	

( ) इस निशान में बताये हुए संस्कृत रूपों और प्राकृत रूपों के उच्चारण में नहीं जैसा भेद है। यह भेद रूपों के बोलते ही समझ में आ जाता है। केवल पंचमी विभक्ति में अधिक अनियमित रूप बनते हैं।

तथा १२।१५। १०. हे० प्रा० व्या० ८।३।१०। ११. हे० प्रा० व्या० ८।३।६, ८।१।२७। १२. हे० प्रा० व्या० ८।३।११। १३. हे० प्रा० व्या० ८।३।१५, ८।१।२७। १४. हे० प्रा० व्या० ८।३।३८, तथा ४,१२।

रूप बताते समय शब्द (नाम) का मूल अंग और प्रत्यय का अंश दोनों पृथक्-पृथक् बताये गये हैं और उसके साथ ही उस पद्धति से साधित रूप भी अलग-अलग बताये गए है । अतः पाठक उक्त पद्धति से ही अकारान्त शब्द के रूप समझ लेंगे ।

साधनपद्धति की जानकारी

१. प्रथमा, द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी और सप्तमी विभक्ति के 'स्वरादि-प्रत्यय' तथा पंचमी का केवल 'आ' प्रत्यय लगाने पर अंग के अन्त्य 'अ' का लोप करना चाहिए (देखिए पृ० ९५ नियम—९) ।
जैसे :—
वीर + ओ = वीरो

२. वीर + म् = वीरं (विरं)
वीरम् + अवि = वीरं अवि, वीरमवि, (देखिये पृ० ९६, ९७; क्रमशः नियम १७, १८) ।

३. तृतीया और षष्ठी विभक्ति के 'ण' तथा सप्तमी विभक्ति के 'सु' परे रहने पर (आगे) विकल्प से अनुस्वार होता है ।
वीर + एण = वीरेण, वीरेणं ।
वीर + ण = वीराण, वीराणं ।
वीर + सु = वीरेसु, वीरेसुं ।

४. तृतीया और सप्तमी विभक्ति के बहुवचनीय प्रत्ययों के पूर्व अकारान्त अंग के अन्त्य 'अ' को 'ए' तथा इकारान्त और उकारान्त अङ्ग के अन्त्य 'इ' तथा 'उ' को दीर्घ हो जाता है ।
वीर + हि = वीरेहि । रिसि + हि = रिसीहि । भाणु + हि = भाणूहि ।
वीर + सु = वीरेसु । रिसि + सु = रिसीसु । भाणु + सु = भाणूसु ।

५. पञ्चमी के 'ओ', 'उ', 'हितो' प्रत्ययों के पूर्व स्वरान्त अंग के

अन्तिम स्वर को दीर्घ होता है और पञ्चमी के बहुवचन के 'हि', 'हिंतो', 'सुंतो' प्रत्ययों के पूर्व अकारान्त अंग के अन्त्य 'अ' को 'ए' भ हो जाता है।

एकवचन	बहुवचन
वीर + ओ = वीराओ	वीर + हि = वीराहि, वीरेहि।
वीर + उ = वीराउ	वीर + हिंतो = वीराहिंतो, वीरेहिंतो।
	वीर + सुंतो = वीरासुंतो, वीरेसुंतो।
	रिसि + हि = रिसीहि।
रिसि + ओ = रिसीओ	भाणु + हि = भाणूहि।
भाणु + ओ = भाणूओ	रिसि + हिंतो = रिसीहिंतो।

६. षष्ठी के बहुवचन 'ण' से पूर्व अंग के अन्तिम स्वर को दीर्घ होता है। वीर + ण = वीराण, वीराणं।
रिसि + ण = रिसीण।

७. सम्बोधन—(विभक्ति) के रूप सर्वथा प्रथमा जैसे हैं; विभक्ति रहित केवल मूल अंग भी प्रयोग में देखने को मिलता है। जैसे, वीर! वीरो! वीरा! वीरे।

८. तृतीया विभक्ति के 'हि' प्रत्यय परे रहने पर अनुस्वार और अनुनासिक भी होता है। इस प्रकार इसके तीन रूप होते हैं। वीरेहि, वीरेहिं, वीरेहिँ।

९. वीराए[1] (च० ए०), वीरंसि (स० ए०) रूपों का व्यवहार विशेषत आर्ष प्राकृत में दिखाई देता है। कई स्थानों में चतुर्थी के एकवचन में 'आइ' प्रत्यय वाला रूप भी उपलब्ध होता है (हे०

---

१. अजिणाए (अजिनाय), मसाए (मासाय), पुच्छाए (पुच्छाय) आदि 'आए' प्रत्यय वाले तथा 'लोगंसि', 'कंसि', अगारंसि, सुसाणंसि आदि 'अंसि' प्रत्यय वाले रूप आचारांगादि आर्ष सूत्रों में मिलते हैं।

प्रा० व्या० ८।३।१३३)—वहाइ (वधाय), 'आय', 'आए' और 'आइ' इन तीनों में विशेष समानता है। 'आइ' प्रत्ययवाला रूप वहुत प्रचालत नहीं है। इसीलिए उपर्युक्त रूपों में नहीं वताया गया है। कई स्थानों में 'आए' के वदले 'आते' प्रत्यय भी उपलब्ध होता है अतः 'वीराए' की भाँति 'वीराते' रूप भी आर्ष प्राकृत में मिलता है।

छांदस नियम की तरह चतुर्थी विभक्ति के अर्थ में षष्ठी विभक्ति का उपभोग होता है अतः इन दोनों के समान रूप होते हैं।

पुंलिंग शब्द [नरजाति]

अरिहंत[2] (अर्हत्) = वीतराग देव। वाल (वाल) = वालक।

---

२. अरिहंत वगैरह अनेक शब्द समग्र पुस्तक में दिए गए हैं। उन शब्दों को शौरसेनी, मागधी तथा पैशाची के शब्दपरिवर्तन के नियम लगाकर शौरसेनी, मागधी, पैशाची रूप वनाना, वादमें उनके सातों विभक्तियों के रूप वनाने चाहिए।

अरिहंत का मागधी अलिहंत।
णिव का पैशाची निप
नयण का ,, नयन
जिण का ,, जिन
जिण का मागधी यिण
पुच्छ का ,, पुश्च
पिच्छ का ,, पिश्च
हस्त का ,, हस्त
वदण का पैशाची वतन
वात का शौरसेनी वाद
अज्ज का शौरसेनी अय्य।

इस प्रकार सब शब्दों में तत्-तत् भाषा के परिवर्तन नियमों का उपयोग करना चाहिए।

हर (हर) = महादेव ।
वुद्ध (वुद्ध) = वुद्धदेव ।
मग्ग (मार्ग) = मार्ग (रास्ता) ।
कलह (कलह) = कलह (झगडा) ।
हत्थ (हस्त) = हाथ ।
पाय (पाद) = पाद (पैर), पाँव, पग ।
भार (भार) = भार ।
उवज्झाय (उपाध्याय) = उपाध्याय, अध्यापक, गुरु, ओझा ।
आयरिय (आचार्य) = सदाचारवान्-चरित्रवान्-गुरु ।
सिद्ध (सि) = अदेही, वीतराग ।
निव (नृप) = नृप, राजा ।
वुह (वुध) = वुद्धिमान् ।
पुरिस (पुरुष) = पुरुष ।
आइच्च (आदित्य) = आदित्य, सूर्य ।
इंद (इन्द्र) = इन्द्र ।
चद (चन्द्र) = चन्द्र ।
मेह (मेघ) = मेघ, वादल ।
भारवह (भारवह) = भार उठानेवाला, मजदूर ।
समुद्द, समुद्र (समुद्र) = समुद्र ।
नयण (नयन) = नयन, नेत्र, आँख ।
कण्ण (कर्ण) = कान ।
महावीर (महावीर) = महावीर देव ।
जिण (जिन) = जय पानेवाला—वीतराग ।
अज्ज (आर्य) = आर्य, सज्जन ।

वाक्य (हिन्दी में)

बादल मार्ग को सींचते हैं ।
इन्द्र बुद्धदेव को नमस्कार करता है ।
बुद्धिमान् पुरुष बालक को पूछता है ।
आँख से चन्द्र को देखता हूँ ।
कान से समुद्र को सुनता हूँ ।
बालक के हाथ में चन्द्र है ।
कलह को छिन्न कर (मिटा) दो ।
सूर्य तपता है ।
राजा मार्ग को जानता है ।
सिद्धों को नमस्कार करो ।
मजदूर लोग मार्ग पर दौड़ते हैं ।
हम समुद्र में चन्द्र को देखते हैं ।
बालक उपाध्याय को पूछते हैं ।
राजा के चरणों में पड़ता हूँ ।
वीतराग देव ! नमस्कार करता हूँ ।
दो बालक बोलते हैं ।
समुद्र गरजते हैं ।
राजा सुशोभित होता है ।

वाक्य (प्राकृत में)

नमो[1] अरिहन्ताणं ।
भारवहो हरं वंदइ ।
महावीरो जिणो झाअइ ।

---

१. 'णमो' अथवा 'नमो' के साथ प्रयुक्त शब्द षष्ठी विभक्ति में आते हैं ।

कण्णेहिं सुणेमि ।
नयणेहिं देक्खामु ।
भारवहा भार चिणंति ।
नमो उवज्झायाण ।
समुद्दो खुब्भइ ।
मेहा समुद्दम्मि पडइ ।
बाला हत्थे घरिसति ।
समुद्द तरह ।
हत्थेण हर अच्चेमि ।
नमो आयरियाण ।
आयरियाण पाए नमाम ।
बाला कुद्दति
चन्दो वड्ढइ ।

०

सातवाँ पाठ

अकारान्त कमल शब्द के रूप (नपुंसकलिंग)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	कमल + म् = कमलं (कमलम्)	कमल + णि = कमलाणि[1] कमल + इं = कमलाइं कमल + इँ = कमलाइँ } कमलानि
द्वि०	” ” ”	” ”
सं०	[2]कमल ! (कमल !)	” ”

शेष रूप (तृतीया से सप्तमी विभक्ति पर्यन्त) वीर शब्द की भाँति होते हैं।

१०. 'णि', 'इं', 'इँ' प्रत्ययों के पूर्व अंग के अन्त्य ह्रस्व स्वर का दीर्घ हो जाता है। जैसे :—

[3]कमल + णि = कमलाणि।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।२६।

२. हे० प्रा० व्या० ८।३।३७।

पालि रूप :—

३. प्र० एकव०
कमलं

प्र० बहुव०
कमला, कमलानि।

द्वि० एकव०
कमलं

द्वि० बहुव०
कमले, कमलानि।

वारि + इ = वारीइ ।

महु + इ = महूइ ।

११. सम्बोधन के एकवचन में केवल मूल अंग ही प्रयुक्त होता है। जैसे, कमल !

---

४. प्र० एकव० — वारि | प्र० बहुव० — वारी, वारीनि ।

द्वि० एकव० — वारि | द्वि० बहुव० — वारी, वारीनि

५. प्र० एकव० — मधु | प्र० बहुव० — मधू, मधूनि ।

द्वि० एकव० — मधुं | द्वि० बहुव० — मधू मधूनि ।

पृ० ८९ में लिंगविचार बताया है तदनुसार मकारात तथा नकारात शब्द प्राकृत भाषा में पुलिंग हो जाते हैं लेकिन पालि भाषा में ये शब्द पुंलिंग होते हैं तथा नपुंसकलिंग भी। संस्कृत के सकारान्त तथा नकारान्त शब्द प्राकृत भाषा में अन्त्य व्यंजन के लोप होने के बाद स्वरान्त बन जाते हैं (दे० पृ० ३२ लोप०)। स्वरान्त होने से उनके रूप स्वरान्त जैसे समझने चाहिए।

पुंलिंग अकारान्त शब्द का अकारान्त की तरह तथा पुंलिंग इकारान्त, उकारान्त का इकारान्त उकारान्त की तरह। नपुंसकलिंगी अकारान्त का कमल की तरह तथा इकारान्त का वारि की तरह और उकारान्त का महु की तरह रूप होते हैं।

मनस्—मण तथा कम्म्—कम्म के रूपों में थोड़ी विशेषता है।

शब्द (नपुंसकलिंग)

नयण (नयन) = नयन, नेत्र, आँख।

मत्थय (मस्तक) = मस्तक, सिर।

मण—तृतीया एकवचन मणसा।

पंचमी ,, मणसो।

च० प० ,, मणसो।

सप्तमी ,, मणसि।

पालि में भी 'मन' शब्द के मनसा, मनसो, मनसि रूप होते हैं।

कर्मन्—कम्म—

तृ० ए०—कम्मणा, कम्मुणा।

च० प० ए०—कम्मणो, कम्मुणो।

पं० ए०—कम्मुणा, कम्मुणो।

स० ए०—कर्म्मणि।

इसी तरह पालि में भी कम्मना, कम्मुना, कम्मुनो, कम्मनि रूप होते हैं।

सिरस्—सिर का तृ० ए० में सिरसा रूप भी होता है। ये सब रूप आर्षप्राकृत में प्रचलित हैं। संस्कृत के रूपों में परिवर्तन करने से इन रूपों की सिद्धि करनी सरल है (हे० प्रा० व्या० शेषं संस्कृतवत् ८।४।४४८)।

पालि की विशेष विशेषता के लिए—दे० पा० प्र० पृ० १३५ नं० ६१–६२।

अपभ्रंश रूपों की विशेषता—

कम्मं कम्मनाइं, कम्मनइं।

णाण (ज्ञान) = ज्ञान ।
चदण (चन्दन) = चन्दन का वृक्ष अथवा लकड़ी ।
णगर, नगर, णयर, नयर (नगर) = नगर, शहर ।
मुह (मुख) = मुख ।
वित्त (वित्त) = वित्त ।
सिंग (शृङ्ग) = सींग ।
फल (फल) = फल ।

अपभ्रंश में 'क' प्रत्ययवाला शब्द हो तो उसके रूप इस प्रकार हैं—

कमलक—कमलअ

प्र० ए०	कमलउ	बहुवचन पूर्ववत्	
द्वि० ए०	कमलउँ	,,	
	केलक–केलअ (= केला)		
	केलउं	,,	प्रचलित गुजराती—केलुं
	केलउ	,,	
कुण्डक	(कुण्डा=पानी का कुंडा)	,,	कुंडूं
	कुंडउ	बहुवचन पूर्ववत्	
	कुंडउ	,,	

अपभ्रंश में शब्द (नाम) के रूप :

शब्द का अन्त्य स्वर दीर्घ हो तो ह्रस्व करके तथा ह्रस्व हो तो दीर्घ करके भी रूप बनते हैं। उन रूपों में कोई विभक्ति भी नहीं लगती तथा जैसा शब्द है उसमें कोई परिवर्तन न करके भी रूप बनते हैं अतः विभक्ति लगाने की जरूरत नहीं होती। जैसे—पुंलिंग में वीरा, वीर, नपुंसकलिंग में केला, कुण्डा।

हिन्दीमें प्रचलित चितारा (चित्रकर), केला, जल शब्द से इनकी तुलना की जा सकती है।

वण (वन) = वन ।
भायण, भाण (भाजन) = भाजन, पात्र ।
वेर (वैर) = वेर, वैर ।
वयण (वचन) = वचन ।
वयण, वदण (वदन) = वदन, मुख ।
मंगल (मङ्गल) = मंगल ।
पास (पार्श्व) = पास, नज़दीक ।
हियय (हृदय) = हृदय ।
गल (गल) = गला, गर्दन, ।
पुच्छ (पुच्छ) = पूंछ ।
पिच्छ (पिच्छ) = पींछी ।
मंस (मांस) = मांस ।
अजिन (अजिन) = अजिन, चमड़ा ।
भय (भय) = भय, डर ।
चम्म (चर्म) = चमड़ा ।

शब्द (पुंलिंग)

सीह, सिंघ (सिंह) = सिंह ।
वग्घ (व्याघ्र) = वाघ ।
सिगाल, सिआल (शृगाल) = शियाल, सियार ।
सीआल (शीतकाल) = शरद् काल ।
गय (गज) = गज, हाथी ।
वसह (वृषभ) वृषभ, बैल ।
ओट्ठ (ओष्ठ) = होठ, ओठ ।
दन्त (दन्त) = दांत ।
कुम्भार (कुम्भकार) = कुम्हार, कोंहार ।

चम्मार (चर्मकार) = चमार ।
हव्ववाह (हव्यवाह) = हव्यवाह, अग्नि ।
कोह (क्रोध) = क्रोध ।
लोह (लोभ) = लोभ ।
दोस (द्वेष) = द्वेष ।
दोस (दोष) = दोष ।
राग (राग) = राग, आसक्ति ।

धातु (क्रियापद)

घड् (घट्) = घड़ना, गढ़ना, बनाना ।
जहा (जहा) = छोड़ना, त्यागना ।
जागर् (जागर) = जागना ।
भक्ख (भक्ष) = भक्षण करना, खाना ।
जाय (जाय) = जन्म होना, पैदा होना ।
परि + क्कम् (परिक्रम्) = परिक्रमा करना, प्रदक्षिणा करना, चारों तरफ घूमना ।
इच्छ (इच्छ) = इच्छा करना ।
रक्ख (रक्ष) = रक्षा करना, पालना ।
वह् (वह्) = वपन करना, बोना ।

विशेषण

लंब (लम्ब) = लम्बा ।
बज्झ (बाह्य) = बाहर का ।
लण्ह (श्लक्ष्ण) = छोटा ।

अव्यय

न (न) = नहीं ।

व (वा) = वा, अथवा ।

विणा, विना (विना) = विना ।

सया, सइ (सदा) = सदा, हमेशा ।

सह (सह) = साथ ।

सद्धि (सार्धम्) = साथ ।

निच्चं, णिच्चं (नित्यम्) = नित्य ।

वाक्य (हिन्दी में)

वैर से वैर बढ़ता है।

नगर के पास चन्दन का वन है ।

सिंह अथवा वाघ से शृगाल डरता है ।

कुम्हार सर्दी में पात्र बनाता है ।

वाघ के सींग नहीं होते ।

अग्नि वन को जलाती है ।

ज्ञान में मंगल है ।

महावीर को मस्तक झुकाकर वन्दन करता हूँ ।

राजा के कान नहीं होते ।

सिंह के हृदय में भय नहीं है ।

वन में हाथी सूंढ़ से फल खाता है ।

मांस के लिए सिंह को मारते हो ।

दांतो के लिए हाथियों को मारते हैं ।

बुद्ध के साथ महावीर बोलते हैं ।

चमड़े के लिए वाघ को मारता है ।

हाथी बैलों से नहीं डरते ।

सिंह की पूंछ लम्बी होती है।
आंख में क्रोध को देखता हूँ।
सूर्य अथवा चन्द्र नहीं घूमते।
बैल सींगों से शोभा पाता है।
चमार चमड़े को साफ करता है।
मुख से वचन बोलता हूँ।
पुरुष पतले होठ से शोभा पाता है।
वर्षा नित्य होती है।
वर्षा बिना वन सूखते हैं।

वाक्य (प्राकृत में)

अजिणाए वहंति वग्घे।
फलाइं मायणम्मि सोहन्ति।
वुहा पुरिसा हियये वेरं न रक्खन्ति।
निवो वणेसु सिंघे वा वग्घे वा हणइ।
सिंघो फल न खायइ।
चंदणस्स वणंसि जामि।
कुम्मारो नगराओ आगच्छइ।
चम्मारो अजिणाए नगरं जाइ।
निवस्स मत्थयमि कमलाणि छज्जन्ति।
मत्थयेण वदामि महावीरं।
वणे गए देक्खह।
वग्घस्स वा सीहस्स वा मिगं नत्थि।
लोहाओ लोहो वड्ढइ।
रागा दोसो जायइ।
कोहेण पित्तं कुप्पई।

०

आठवाँ पाठ

पुंलिंग शब्द

घड (घट) = घड़ा ।
नड (नट) = नट, अभिनेता ।
पडह (पटह) = ढोल ।
भड (भट) = भट, शूर, वीर ।
मोह (मोह) = मोह, मूढ़ता ।
काय (काय) = काय, काया, शरीर ।
सद्द (शब्द) = शब्द, आवाज़ ।
हरिस (हर्ष) = हर्ष, खुशी ।
मढ (मठ) = मठ, सन्यासियों का निवास-स्थान ।
सढ (शठ) = शठ, धूर्त ।
कुढार (कुठार) = कुठार, कुल्हाड़ी ।
पाढ (पाठ) = पाठ ।
समण (श्रमण) = शुद्धि के लिए श्रम करने वाला सन्त पुरुष ।
मोक्ख (मोक्ष) = मोक्ष, छुटकारा ।
वेय (वेद) = ऋग्वेद आदि चारों वेद ।
फास (स्पर्श) = स्पर्श ।
तलाय (तडाग) = तालाव ।
गरुल (गरुड) = गरुड, एक पक्षी ।
खार, छार (क्षार) = खार ।

खध (स्कन्ध) = स्कन्ध, भाग, मोटी डाली ।
पोक्खर (पुष्कर) = तालाब ।
खय (क्षय) = क्षय ।
कोस (कोश) = पानी निकालने का कोस, खजाना ।
पाण (प्राण) = प्राण, जीव ।
गध (गन्ध) = गध ।
काम (काम) = काम, इच्छा, तृष्णा ।
अप्पाण (आत्मन्) = आत्मा, स्वय ।

नपुंसकलिंग शब्द

जल (जल) = जल, पानी ।
रयय (रजत) = रजत, चाँदी ।
गीअ, गीत (गीत) = गीत, गाया हुआ ।
सीस (शीर्ष) = मस्तक, सिर ।
गुत्त (गोत्र) = गोत्र, वश ।
गहण (ग्रहण) = ग्रहण करने का साधन ।
पञ्जर (पञ्जर) = पिंजडा ।
सील (शील) = शील, सदाचार ।
लावण्ण, लायण्ण (लावण्य) = लावण्य, कांति ।
रसायल (रसातल) = रसातल, पाताल ।
कुम्पल, कुपल (कुड्मल) = कुपल, कोपल, अकुर ।
रुप्प (रुक्म) = चाँदी ।
जुम्म, जुग्ग (युग्म) = युग्म, जोडा ।
कम्म (कर्म) = कर्म, काम, अच्छी-बुरी प्रवृत्ति ।

मित्त (मित्र) = मित्र ।

दुक्ख (दुःख) = दुःख ।

सुक्ख (सुख) = सुख ।

चारित्त (चारित्र) = सच्चारित्र, सद्वर्तन ।

घाण (घ्राण) = नाक, सूँघने का साधन ।

सयढ (शकट) = शकट, गाड़ी, छकड़ा ।

पद, पय (पद) = पग, चरण, पाद ।

जुग (युग) = युग, जुआ ।

छीर, खीर (क्षीर) = क्षीर, खीर, दूध ।

लक्खण, लच्छण (लक्षण) = लक्षण, चिह्न ।

छीअ (क्षुत्) = छींक ।

खेत्त, छेत्त (क्षेत्र) = क्षेत्र, खेत, मैदान ।

सोअ, सोत्त (श्रोत्र) = श्रोत्र, कान, सुनने का साधन ।

वीरिय (वीर्य) = वीर्य, बल, शक्ति ।

विशेषण

मूढ (मूढ) = मूढ, मोहवाला, अज्ञानी ।

पुट्ठ (पुष्ट) = पुष्ट ।

संजय (संयत) = संयम वाला ।

पुट्ठ (पृष्ट) = पूछा हुआ ।

पण्डित, पंडिअ (पण्डित) = पण्डित, शिक्षित, पठित, तोता, शुक पक्षी ।

दुल्लह (दुर्लभ) = दुर्लभ, दुल्लभ, कठिन ।

अव्यय

नो (नो, नहि) = नहीं।
च
अ } (च) = और।
य
बहिआ } (बहिर्) = बाहर।
बहिया
बज्झओ (बाह्यतः) = बाहर की ओर

जहासुत (यथासूत्रम्) = सूत्र के अनुसार।
ण
पुणो } (पुनः) = पुनः,
उण दुबारा, फिर से।
तत्तो (ततः) = उससे।
किं (किम्) = किसलिए।

धातु

गवेस् (गवेष) = गवेषणा करना, खोजना।
वस् (वस) = निवास करना, रहना।
वय् (वद) = बोलना।
पिव् (पिब) = पीना।
आ + पिव् = थोड़ा पीना।
आ + पिय् = मर्यादा से पीना।
आ + पिय् = किसी प्राणी को हानि न हो इस रीति से चूसना।
जय् (जय) = जीतना।
हव्, भव् (भव) = होना।
पढ् (पठ) = पढ़ना।
सोअ्, सोच् (शोच) = सोचना, विचारना, शोक करना।
भण् (भण) = पढ़ना।

आकारान्त ' लिंग हाहा शब्द के रूपः—

	एकव०	बहुव०
प्र०	हाहा	हाहा
द्वि०	हाहं	हाहा

तृ० हाहाण	हाहाहि, हाहाहिं, हाहाहिँ
च०प० हाहस्स, हाहे	हाहाण, हाहाणं
पं० हाहत्तो, हाहासो,	हाहत्तो, हाहासो,
हाहाउ, हाहाहितो	हाहाउ, हाहाहितो, हाहासुंतो
स० हाहम्मि, हाहंसि	हाहासु, हाहासुं
संवो० हाहा	हाहा

इसी प्रकार गोवा (गोपा), सोमवा (सोमपा),किलालवा (किलालपा) इत्यादि शब्दों के रूप होंगे ।

'षड्भाषा चंद्रिका' नामक व्याकरण के नियमानुसार गोवा वगैरह शब्द ह्रस्व हो जाते हैं अर्थात् गोव, सोमव, किलालव ऐसे हो जाते हैं तब इन सबके रूप अकारात 'वीर' शब्द की तरह चलेंगे ।

वाक्य (हिन्दी में)

बड़े में तालाव का पानी है ।

नट ढोल के साथ मार्ग में नाचते हैं ।

बालक कान्ति से शोभायमान होते हैं ।

जिन शील की स्तुति करते हैं ।

कुल्हाड़ी से चन्दन को काटता हूँ ।

गरुड़ का जोड़ा तालाव में है ।

वालक छींकते है ।

क्षेत्र में क्षार तत्त्व है इसलिए अंकुर जल जाते है ।

शब्दों का कोश वताता हूँ ।

कलह मे वैर होता है ।

श्रमण मठ में रहते हैं ।

तुम खीर पीते हो ।

बैल जल का गोट खींचते हैं ।

राजा के भण्डार में चांदी है।

पण्डित पुरुष मोक्ष चाहते हैं।

तृष्णा से कलह होता है और कलह से द्वेष होता है।

सयमी श्रमण न तो सुख से हर्षित होता है और न दुखो से घबराता ही है।

नट गीत गाते हैं और नाचते है।

सिंह और बाघ तालाब का पानी पीते हैं।

बाघ और सिंह पिंजरे में दौडते है।

बैल के कन्धे पर जुआ शोभा पाता है।

पण्डित शील को ढूंढते हैं, लेकिन गोत्र नहीं पूछते।

शील का मार्ग दुर्लभ (कठिन) है।

बालक उपाध्याय से पढता है।

वीर पुरुष दुख से शोक नहीं करते।

प्रयोग (प्राकृत में)

घाण गन्धस्स गहण वयति।

लोहा मोहो जायइ।

दुक्खेसुंतो वेया वि न रक्खति।

सोत्त सद्दस्स गहण वयति।

दुक्खेहितो बीहति पडिता।

काय फासस्स गहण वयति।

सुक्खेसु मित्त सुमिरति।

समणे महावीरे जयति।

मुक्खो पुणो पुणो वज्जा देक्खइ।

पण्डिता धीर पिवित्था।

मूढा कामेसु मुज्झति।

चन्दणस्स रसमापिवति ।

अप्पाणो अप्पाणस्स मित्तं किं वहिया मित्तमिच्छसि ।

पुरिसे वीरियं पुण दुल्लहं ।

अप्पाणं जिणामु संजया ।

पुट्ठो पंडिओ जहासुत्तं वदति ।

पण्डिता पुट्ठा न होंति ।

गीअस्स सद्दं सुणह ।

नवाँ पाठ

अकारान्त सर्वादि शब्द (पुंलिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग)

सव्व (सर्व)
ज (यद्)
त (तद्)
क (किम्)

अकारान्त सर्वनामों के रूप पुंलिंग में 'वीर' जैसे और नपुंसकलिङ्ग में 'कमल' जैसे होते हैं। उनमें जो विशेषताएँ हैं वे निम्नलिखित हैं :—

१. प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में केवल 'सव्वे' (सर्वे), 'जे' (ये), 'ते' (ते), 'के' (के) होता है अर्थात् अकारान्त सर्वनामों के पुंलिङ्ग में प्रथमा के बहुवचन में 'ए' प्रत्यय होता है (हे० प्रा० व्या० ८।३।५८)।

६. षष्ठी के बहुवचन में 'सव्वेसिं' (सर्वेषाम्), 'जेसिं' (येषाम्), 'तेसिं' : (तेषाम्), 'केसिं' (केषाम्) भी होता है अर्थात् षष्ठी के बहुवचन में अकारान्त सर्वनामों के पुलिङ्ग में 'ण' के अतिरिक्त 'एसिं' प्रत्यय भी होता है (हे० प्रा० व्या० ८।३।६१)। जैसे, सव्व + एसिं = सव्वेसिं, सव्व + ण = सव्वाण।

७. सप्तमी के एकवचन में सव्वस्सि, सव्वहिं (सर्वस्मिन्), सव्वत्थ (सर्वत्र); जस्सि, जहिं (यस्मिन्), जत्थ (यत्र), तस्सि, तहिं (तस्मिन्); तत्थ (तत्र); कस्सि, कहिं (कस्मिन्); कत्थ (कुत्र), इस प्रकार तीन-तीन रूप बनते हैं। सप्तमी के एकवचन में अकारान्त

सर्वनामों के पुंलिङ्ग में 'स्सि', 'हिं' और 'त्थ' प्रत्ययों (हे० प्रा० व्या० ८।३।५९) के अतिरिक्त पूर्वोक्त 'अंसि' और 'म्मि' प्रत्यय' भी लगते हैं।

[1]सव्व (सर्व, पुंलिङ्ग)

	एकव०	बहुव०
प्र०	सव्वे (सर्वः)	सव्वे (सर्वे)
द्वि०	सव्वं (सर्वम्)	सव्वे, सव्वा (सर्वान्)

---

१. सव्व शब्द के पालि रूप :—

	एकव०	बहुव०
प्र०	सव्वो	सव्वे
द्वि०	सव्वं	सव्वे
तृ०	सव्वेन	सव्वेभि, सव्वेहि
च०	सव्वस्स	सव्वेसं, सव्वेसानं
पं०	सव्वस्मा, सव्वम्हा	सव्वेभि, सव्वेहि
ष०	सव्वस्स	सव्वेसं, सव्वेसानं
स०	सव्वस्मि, सव्वम्हि	सव्वेसु

मागधी में 'शव्व' होगा।

अपभ्रंश में 'सव्व' तथा 'साह' (हे० प्रा० व्या० ८।४।३६६) शब्द प्रचलित हैं।

	एकव०	बहुव०
प्र०	सव्वु, सव्वो, सव्वं, सव्वा	सव्वे, सव्वं, सव्वा
द्वि०	सव्वु, सव्वं, सव्वा	सव्वं, सव्वा
तृ०	सव्वेण, सव्वेणं, सव्वें	सव्वेहिं, सव्वाहिं, सव्वहिं
च०-प०	सव्वस्सु, सव्वासु, सव्वसु, सव्वहो, सव्वाहो, सव्व, सव्वा	सव्वहं, सव्वाहं, सव्व, सव्वा

	एकवचन	बहुवचन
तृ०	सव्वेण, सव्वेण (सर्वेण)	सव्वहि सव्वेहिं, सव्वहिँ (सर्वैः)
च०	सव्वस्स (सर्वस्मै)	सव्वसि, सव्वाअ, सव्वाण (सर्वेभ्य,)
प०	सव्वओ सव्वाउ सव्वम्हा (सर्वस्मात)	सव्वाओ, सव्वाउ (सर्वत) सव्वाहि, सव्वहि सव्वाहितो, सव्वेहिता (सर्वेभ्य)
ष०	सव्वस्स (सर्वस्य)	सव्वसि, सव्वाण, सव्वाण (सर्वेषाम्)
स०	सव्वसि, सव्वस्मि, सव्वम्मि (सर्वस्मिन्) सव्वहिं, सव्वत्थ (सर्वत्र)	सव्वसु सव्वसु (सर्वेषु)

सव्व (नपुंसकलिङ्ग)

प्र०	सव्व (सर्वम्)	सव्वाणि, सव्वाइ, सव्वाइँ (सर्वाणि)
द्वि०	,, ,,	,, ,, ,,

शेष रूप पुलिङ्ग 'सव्व' शब्द की भाँति ही चलते हैं।

ज[1] (यद् , पुंल्लिङ्ग)

प्र०	जो, जे (य)	जे (ये)

स०	सव्वहीं, सव्वाहा	सव्वहु, सव्वाहु
	सव्वहिं, सव्वाहिं	सव्वहिं, सव्वाहिं

सब विभक्ति और वचनों में 'सव्व' 'सव्वा' रूप तो समझना ही, 'साह' शब्द के भी रूप सव्व' की तरह समझना चाहिये।

१. पालि भाषा में 'ज' नहीं होता परन्तु 'य' होता है तथा मागधी भाषा में भी 'य' समझना दे० पृ० ३४ मागधी ज-य।

द्वि०	जं (यम्)	जे, जा (यान्)
तृ०	जेण, जेणं (येन)	जेहि, जेहिं, जेहिँ (यैः)
च०	जस्स, जास (यस्मै यस्मै)	जेसि जाण, जाणं (ये येभ्यः)
पं०	जम्हा (यस्मात्)	जाओ, जाउ (यतः)
	जाओ, जाउ (यतः)	जाहि, जेहि, जाहिन्तो, जेहितो, जासुंतो, जेसुंतो (येभ्यः)
ष०	षष्ठी के रूप चतुर्थी विभक्ति के समान होंगे।	
स०	जंसि, जस्सि (यस्मिन्)	जेसु, जेसुं (येषु)
	जहि, जम्मि, जत्थ (यत्र)	जाहे, जाला, जईआ★(यदा)

ज (नपुंसकलिङ्ग)

जं (यत्)	जाणि, जाइं, जाइँ (यानि)
,, (,,)	,, ,, (,,)

शेष सभी रूप पुंल्लिग 'ज' के समान चलते हैं।

[1]त, ण (तद्, पुंल्लिङ्ग)

प्र०	स, सो, से (सः)	ते, णे (ते)
द्वि०	तं, णं (तम्)	ते, ता, णे, णा (तान्)
तृ०	तेण, तेणं, तिणा (तेन)	तेहि, तेहिं, तेहिँ; णेहि, णेहिं, णेहिँ (तैः)

★ हे० प्रा० व्या० ८।३।६५।

१. प्राकृत भाषा में 'त' और 'ण' तथा पालि भाषा में 'त' और 'न' दोनों 'वह' (ते) के अर्थ में प्रयुक्त होते है (हे० प्रा० व्या०

ष०	तस्स, तास (तस्मै, तस्मै) सि, तास, तेसिं, (तेभ्य , ते)	ताण, ताण
६०	तो, ताओ, ताउ (तत)	ताओ, ताउ (तत)
	तम्हा (तस्मात्) ताहि, तेहि, ताहितो, तेहितो (तेभ्य.)	तासुनो, तेसुतो
	णाओ, णाउ	णाओ, णाउ
		णाहि, णेहि
		णाहितो, णेहितो
		णासुतो, णेसुतो
ष०	चतुर्थी विभक्ति के समान होते हैं।	
स०	तसि, तस्सि, तहि	तेसु, तेसु (तेषु)
	तम्मि (तस्मिन्)	णेसु, णेसु
	तत्थ (तत्र)	
	[1]*ताहे, ताला, तइआ*★ *(तदा)*	
	णसि, णस्सि, णहि	
	णम्मि, णत्थ	

त (नपुंसकलिंग)

प्र०	तं (तत्)	ताणि, ताइ, ताइँ (तानि)

८।३।७० तथा पा० प्र० पृ० १४१। इसीलिए 'न' के साथ 'ण' के रूप भी बता दिए हैं। 'त' और 'न' तथा 'ण' लिखने में सर्वथा समान है इसलिये यह 'ण' तथा 'न' लिपिदोष के कारण कदाचित् प्रचलित हुए हों। 'त्था' के स्थान में 'न्था' का प्रयोग गुजराती गोहिलवाडी में प्रचलित ही है।

१. ये तीनों रूप 'तद' (तदा) अर्थ में ही प्रयुक्त होते हैं।

★ हे० प्रा० व्या० ८।३।६५।

	णं	णाणि, णाइं, णाइँ
द्वि०	,, (,,)	,, ,, ,, (,,)

शेष रूप पुंल्लिग 'तत्' शब्द के समान बनते हैं।

क (किम्, पुंल्लिङ्ग)

प्र०	को (कः)	के (के)
द्वि०	कं (कम्)	के, का (कान्)
तृ०	केण, केणं, किणा, किण्णा (केन)	केहि, केहिं, केहिँ, (कैः)
च०	कस्स, कास (कस्मै, कस्य)	कास, केसिं, (केभ्यः, के)
पं०	कम्हा (कस्मात्)	काओ, काउ
	किणो, कीस	काहि, केहि
	काओ, काउ	काहितो, केहितो
		कासुंतो, केसुंतो
ष०	चतुर्थी विभक्ति के समान होते हैं।	
स०	कंसि, कस्मि, कहिं	केसु, केसुं (केषु)
	कम्मि (कस्मिन्)	
	कत्थ (कुत्र)	
	[1]काहे, काला, कइआ* (कदा)	

क (नपुंसकलिङ्ग)

प्र०-द्वि० किं (किम्) काणि, काइं, काइँ (कानि)

('क' के पालिरूप भी इन रूपों के समान है, दे० पा०प्र० पृ०१४९)

सर्वनाम शब्द

अण्ण, अन्न(अन्य) = अन्य, दूसरा।

---

१. ये तीनों रूप 'तव' अर्थ में ही प्रयुक्त होते हैं।

* हे० प्रा०व्या० ८।३।६५।

अन्नयर, अन्नयर	(अन्यतर) = दूसरा कोई।
अतर	(अतर) = अन्दर का, आन्तरिक।
अवर	(अपर) = अपर, अन्य, दूसरा।
अहर	(अधर) = नीचा।
इम	(इदम्) = यह।
इयर	(इतर) = कोई अन्य।
उत्तर	(उत्तर) = उत्तर दिशा, उत्तर का।
एग, इक्क, एक्क	(एक) = एक।
एय, एअ	(एतद्) = यह।
तुम्ह	(युष्मद्) = तू।
अम्ह	(अस्मद्) = मैं।
क	(किम्) = कौन।
कइम, कतम	(कतम) = कितना।
कयर	(कतर) = कौन-सा।
अमु	(अदस्) = यह।
ज	(यद्) = जो।

त, ण (तद्) = वह।
दाहिण, दक्खिण (दक्षिण) = दक्षिण, दक्षिण का।
पुरिम (पुरा + इम) = पहले का, पूर्व।
पुव्व (पूर्व) = पूर्व, पूर्व का।
वीस (विश्व) = विश्व, सर्व (सब)।
स, सुव (स्व) = स्व, अपना, आत्मा का।
सम (सम) = सब।
सव्व (सर्व) = सर्व, सब।

---

१. दे० पृ० ८३ शब्दों में विविध परिवर्तन।

सिम (सिम) = सब ।

सामान्य शब्द

भूअ (भूत) = भूत—प्राण—जीव, पृथ्वी आदि ।
सिस्स, सीस (शिष्य) = चेला, छात्र, शागिर्द ।
कसिवल (कृषिवल) = किसान ।
अंक (अङ्क) = अंक, गोद ।
बंधव (बान्धव) = भाई-बन्धु ।
पासाय (प्रासाद) = प्रसाद, महल ।
जीव (जीव) = जीव ।
ताव (ताप) = उष्णता, गर्मी, धूप ।
बंभण, बम्हण, माहण (ब्राह्मण) = ब्राह्मण ।
कोड (क्रोड) = गोद ।
पास (पास) = पाश-फांसी, फंदा ।
दिणयर (दिनकर) = सूर्य, लड़का ।
संसार (संसार) = संसार, जगत् ।

नपुंसकलिङ्ग शब्द

अंगण (अङ्गण) = आंगन ।
सीअ (शीत) = सर्दी ।
खेम (क्षेम) = क्षेम, कुशल ।
महब्भय (महाभय) = बड़ा भय, महद् भय ।
वत्थ (वस्त्र) = वस्त्र ।
कट्ठ (काष्ठ) = काष्ट, काठ, लकड़ी ।

कम्मबीअ (कर्मबीज) = कर्मबीज, सदसत्संस्कार का बीज।
भोयण (भोजन) = भोजन, आहार।
धण (धन) = धन।
ताण (त्राण) = रक्षण, शरण, आश्रय।
घर (गृह) = गृह।
आउय (आयुष्य) = आयुष्य, जिन्दगी, उमर।

विशेषण

पडुप्पन्न (प्रत्युत्पन्न) = वर्तमान, ताजा, ठीक समय पर होने वाला।
पमत्त (प्रमत्त) = प्रमत्त, प्रमादी।
सम (सम) = समान वृत्तिवाला, सदृश।
वीयराग, वीयराय (वीतराग) = जिसमें राग नहीं वह व्यक्ति।
सुजह (सु + हान) = अनायासेन छोड़ने या त्यागने योग्य।
जुन्न (जीर्ण) = जीर्ण, पुराना, गला हुआ, फटा हुआ।
पिय (प्रिय) = प्रिय, इष्ट, प्यारा।
आसत्त (आसक्त) = आसक्त, मोही।
हअ (हत) = वध किया हुआ, नष्ट हुआ, मारा हुआ।
आगअ, आगत, आअ (आगत) = आया हुआ।
पिआउय (प्रियायुष्क) = आयुष्य को प्रिय समझने वाला।
उत्तम, उत्तिम (उत्तम) = उत्तम, श्रेष्ठ।
बुद्ध (बुद्ध) = ज्ञानी, बोध पाया हुआ।
बद्ध (बद्ध) = बंधा हुआ, बद्ध।
सीअ (शीत) = शीतल, सर्दी, ठंडक।
अधीर (अधीर) = अधीर, बिना धैर्य का।
हंतव्व (हन्तव्य) = मारने योग्य।

अप्प (अल्प) = अल्प, थोड़ा ।

अणाइअ (अनादिक) = जिसकी आदि नहीं ।

अव्यय

कत्तो, कुत्तो, कुओ, कओ (कुतः) = क्यों, कहाँ से, किस ओर से ।

जहा, जह, (यथा) = जैसे, यथा, जिस प्रकार ।

एव, एवं (एवम्) = एवं, इस प्रकार ।

सव्वत्तो, सव्वतो, सव्वओ (सर्वतः) = सब प्रकार से, चारों ओर से, सर्वतः ।

तहा, तह (तथा) = तथा, वैसे, उस प्रकार से ।

अन्तो (अन्तर) = अन्दर ।

खलु (खलु) = निश्चय ।

धातुएँ

जाण् (ज्ञा)—जानना, मालूम करना, ज्ञात करना ।

प + मत्थ् (प्र + मथ्)—मन्थन करना, नाश करना ।

कील्, कीड् (क्रीड्)—खेलना, क्रीड़ा करना ।

रम् (रम्) = खेलना, रमना, रमाना ।

णम्, नम् (नम्)—नमस्कार करना, झुकना ।

दह्, डह् (दह्)—दग्ध होना, जलना, जलाना ।

सह् (सह्)—सहन करना ।

पास (पश्य)—देखना ।

परि + अट्ट (परि + वर्त)—घूमना, पर्यटन करना ।

आ + इक्ख (आ + चक्ष)—कहना, बोलना ।

वाक्य (हिन्दी में)

सभी को सदा सुख प्रिय है ।

जो शरीर में आसक्त है वे मूढ़ है।
संसार में राग और द्वेष अनादिकाल से है।
मेघ सर्वत्र चारों ओर से बरसते हैं।
हम दोनों जिसका कपड़ा सीते हैं वह राजा है।
जैसे अग्नि लकड़ी को जलाती है वैसे ही महापुरुष अपने दोषों को जलाते हैं।
प्रमादी पुरुष भय से कांपता है।
उत्तर-पूर्व में शीत है और दक्षिण में ताप है।
एक भी प्राणी मारने योग्य नहीं।
सभी बालक गाते हैं।
सभी किसान सर्दी और गर्मी सहन करते हैं।
जो किसी प्राणी को मारता नहीं उसे हम ब्राह्मण कहते हैं।
कौन कहाँ से आया है ?
मनुष्य शरीर की कुशलता के लिए तप करते हैं।
पण्डित लोग हर्ष से दुःख सहन करते है।
सभी शिष्य आचार्य को मस्तक झुका कर प्रणाम करते हैं।
मैं सभी के लिए चन्दन घिसता हूँ।
जो आकुल-व्याकुल हो जाता है वह शूर नहीं।
बद्ध और आसक्त पुरुष कर्मबीज से संसार में चक्र काटते है।
हम दूसरों का कल्याण चाहते हैं।
वह अपने दोषों को देखता है।
हाथी से घायल किसान भय से कांपता है।
तुम्हारे आंगन में सभी बालक खेलते है।
जो मूढ़ शिष्य आचार्य के सामने झुकता नहीं वह दुःख सहन करता है।
वीतराग पुरुष सबमें उत्तम ब्राह्मण है।

वीतराग सभी जीवों को समान दृष्टि से देखता है।

वाक्य (प्राकृत में)

जहा जुन्नाइं कट्ठाइं हव्ववाहो पमत्थति तहा जुन्ने दोसे समणो दहइ।
जस्स मोहो हओ तस्स न होइ दुक्खं।
सव्वेसि पाणाणं भूआणं दुक्खं महब्भयं ति वेमि।
सव्वे पि पाणा न हंतव्वा एवं जे पडुप्पन्ना जिणा ते सव्वे वि आइक्खंति।
जे एगं जाणइ से सव्वं जाणइ।
पमत्तस्स सव्वतो भयं विज्जइ।
इअ महावीरो भासते
जस्स मोहो न होइ तस्स दुक्खं हयं।
एगेसि भाणवाणं आउयं अप्पं खलु।
अधीरेहिं पुरिसेहि इमे कामा न सुजहा।
पुरिमाओ, दाहिणाओ उत्तराओ वा कत्तो आगओ त्ति न जाणइ जीवो।
जे सव्वं जाणइ से एगं जाणइ।
समो य जो सव्वेसु भूएसु स वीअरागो।
जेहिं वद्धो जीवो संसारे परियट्टइ ते रागा य दोसा य कम्मवीअं।
जेण मोहो हओ न सो संसारे परियट्टइ।
सव्वे पाणा पियाउअ सुहमिच्छन्ति।

दसवाँ पाठ

तुम्ह, अम्ह, इम और एअ के रूप —

तुम्ह (युष्मद्) = तुम (तीनों लिङ्ग)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	तु, तुम, तं (त्वम्)	तुम्हे, तुब्भे (यूयम्)
द्वि०	,, ,, ,, तुमे, तुए (त्वाम्), थो (व)	तुम्हे, तुब्भे (युष्मान्)
तृ०	ते, तइ (त्वया)	तुम्हेहि, तुम्हेहिं, तुम्हेहिँ, तुब्भेहि, तुब्भेहिं, तुब्भेहिँ (युष्माभिः)
च०	तुह, तुज्झ, तुव, तुम, ते, तुत्र, तुह (तव, ते तुभ्यम्)	तुमाण, तुमाण (युष्माकम्) तुम्हाण, तुम्हाण तुज्झाण, तुज्झाणं तुम्हाहँ, थो (व)
प०	तुवत्तो, तुवाओ, तुवाउ (त्वत्) तुमत्तो, तुमाओ, तुमाउ तुज्झत्तो तुज्झाओ तुज्झाउ तुहत्तो, तुहाओ, तुहाउ, तुम्हत्तो, तुम्हाओ, तुम्हाउ	तुम्हत्तो, तुम्हाओ, तुम्हाउ, तुम्हाहितो, तुम्हेहितो, तुम्हासुतो, तुम्हेसुतो (युष्मत्)
ष०	चतुर्थी के समान होते हैं।	

१. देखिए हे० प्रा० व्या० ८।३।९० से १०४ तक।

स०	तुवम्मि, तुवंसि, तुवस्सि,	तुवेसु, तुवेसुं,
	तुमम्मि, तुमंसि, तुमस्सि,	तुवसु, तुवसुं,
	तुमे, तुम्हम्मि, तुम्हंसि,	तुमेसु, तुमेसुं,
	तुम्हस्सि,	तुमसु, तुमसुं,
	तुम्मि, तइ, तए (त्वयि)	तुहसु, तुहसुं,
		तुम्हेसु, तुम्हेसुं,
		तुम्हसु, तुम्हसुं,
		तुसु, तुसुं (युष्मासु)

('तुम्ह' के पालि रूपों के लिए दे० पा० प्र० पृ० १५१)

अम्ह (अस्मद्) = मैं (तीनों लिङ्ग)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	[1]अहं, अहयं (अहम्)	मो, अम्ह, अम्हे, अम्हो (वयम्)
	(मागधी-[2]हगे)	(मागधी-हगे)
द्वि०	म्मि, अम्मि, अम्ह, मं,	,, ,, ,,
	(माम्)	(अस्मान्), णे (नः)
तृ०	मइ, मए (मया)	अम्हेहि, अम्हाहि,
		अम्ह, अम्हे, णे (अस्माभिः)
च०	मम, मज्झ, मज्झं,	मज्झ, अम्ह, अम्हं अम्हे,
	(मह्यम्, मम, मे)	अम्हो, अम्हाण, अम्हाणं,
	ममत्तो, ममाओ, ममाउ	णो (नः) (अस्माकम्)
पं०	अम्ह, अम्हं, महं	ममत्तो, ममाओ, ममाउ
	ममाहि, ममा (मत्)	अम्हत्तो, अम्हाओ, अम्हाउ,
		(अस्मत्)

---

१. देखिए, हे० प्रा० व्या० ८।३।६१।७२।७३।७४।७५।७७।७८।८१ ।

२. हे० प्रा० व्या० ८।४।३०१ ।

प० चतुर्थी के समान होते हैं।

स० मे, ममाइ, मि, मए, (मयि) मइ, अम्हेमु, मम्हेमु, अम्हमु, अम्हसुं★ (अस्मासु)

('अम्ह' के पालि रूपों के लिए दे० पा० प्र० पृ० १५३)

इम (इदम्) = यह (पुंल्लिङ्ग)

	एकव०	बहु०
प्र०	अय, इमो, इमे, (अयम्)	इमे (इमे)
द्वि०	इम, इण, ण (इयम्)	इमे इमा, णे, णा (इमान्)
तृ०	इमेण, इमेण, इमिणा णेण, णेण (अनेन)	इमेहि, इमेहिं, इमेहिँ एहि, एहिं, एहिँ (एभिः) णेहि, णेहिं, णेहिँ
च०	इमस्स, से, अस्स (अस्मै)	सिं, इमेसिं, इमाण, इमाणं (एभ्य)
प०	इमत्तो, इमाओ, इमाउ इमाहि, इमाहितो, इमा (अस्मात्)	इमत्तो, इमाओ, इमाउ, इमाहि, इमेहि (एभ्यः) इमाहितो, इमेहितो, इमासुंतो, इमेसुंतो
ष०	षष्ठी के समान होंगे।	
स०	इमसि, इमस्सि, इमम्मि इह, अस्सि (अस्मिन्)	इमेसु, इमेसुं, एसु, एसुं (एषु)

('इम्' के पालि रूपों के लिये दे० पा० प्र० पृ० १४४–१४५)

★ 'अम्ह' के शेष रूप 'सर्व' की भाँति होंगे।

'इम' (नपुंसकलिंग)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	इमं[1], इणमो, इदं, (इदम्)	इमाणि, इमाइं, इमाइँ (इमानि)
द्वि०	,, ,, ,,	,, ,, ,,

शेष रूप पुल्लिङ्ग की भाँति।

[2]एअ (एतत्) = यह (पुल्लिङ्ग)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	एस, एसो, एसे (एषः) इणं, इणमो	एए (एते)
द्वि०	एअं (एतम्)	एए, एआ (एतान्)
तृ०	एएण, एएणं (एतेन) एइणा	एएहि, एएहिं, एएहिँ (एतैः)
च०	से, एअस्स (एतस्मै, एतस्य)	सिं, एएसिं (एतेभ्यः एते) एआण, एआणं
पं०	एत्तो, एत्ताहे, एअत्तो, एआओ, एआउ एआहि, एआहिंतो (एतस्मात्)	एअत्तो, एआओ, एआउ, एआहि, एएहि एआहिंतो, एएहिंतो, (एतेभ्यः) एआसुंतो, एएसुंतो
ष०	चतुर्थी के समान होते हैं।	
स०	एत्थ, अयम्मि, ईअम्मि, एअंसि, एअस्सि, (एतस्मिन्) एअम्मि	एएसु, एएसुं (एतेषु)

१. देखिए, हे० प्रा० व्या० ८।३।७९।
२. देखिए, हे० प्रा० व्या० ८।३।८१।८२।८३।८४।८५।८६।

एअ (नपुंमकलिङ्ग)

प्र० एम, एअ, इणं, इणमा (एतन) एआणि,एआइ , एआइँ★(एतानि)
द्वि० ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,,
शप रूर पुल्लिङ्ग की भाँति होगे।

सामान्य शब्द

दुम (द्रुम) = द्रुम, वृक्ष।
भमर (भ्रमर) = भ्रमर, भँवरा।
रस (रस) = रस।
जणय (जनक) = जनक, पिता।
साव (शाप) = शाप श्राप, दुराशीष।
भारहर (भारहर) = भार वहन करने वाला, मजदूर।
लाभ, लाह (लाभ) = लाभ।
अलाभ, अलाह (अलाभ) = अलाभ, लाभ न होना, हानि, घाटा, नुकसान।
कयविक्कय (क्रय-विक्रय) = क्रयविक्रय, खरीदना और बेचना।
जम्म (जन्मन्) = जन्म, उत्पत्ति।
छत्त (छात्र) = छात्र, विद्यार्थी।
वद्धमाण (वर्धमान) = वर्धमान—महावीर का नाम।
पमाद (प्रमाद) = प्रमाद, आलस्य, असावधानता।
सग (सग) = सग, सगति, मोहबत।
असमण (अश्रमण) = अश्रमण, जो श्रमण न हो।
तेअ (तेजस्) = तेज।

★ हे० प्रा० व्या० ८।३।८५।

तस (त्रस) = त्रास पाने पर गति करने वाला प्राणी ।

थावर (स्थावर) = स्थावर, स्थिर रहनेवाला प्राणी, जो गति न कर सके ऐसा प्राणी, पृथ्वी आदि ।

एरावण (एरावण) ऐरावत, एक हाथी विशेष का नाम, बड़ा हाथी।

लोग, लोअ (लोक) = लोग–लोक, जगत् ।

मुहुत्त (मुहूर्त) = मुहूर्त, समय, थोड़े समय का नाम ।

नह (नभस्) = नभ, आकाश, गगन ।

महादोस (महादोष) = महादोष, बड़ा दोष ।

नास (नाश) = नाश, अन्त ।

नास (न्यास) = न्यास, रखना, स्थापन करना ।

सूअर (शूकर) = सूअर ।

काल (काल) = काल, समय ।

खत्तिअ (क्षत्रिय) = क्षत्रिय (जाति विशेष का नाम) ।

नमिराय (नमिराज) = मिथिला का एक राजर्षि ।

पव्वय (पर्वत) = पर्वत, पहाड़ ।

तव (तपस्) = तप, तपश्चर्या ।

नह (नख) = नख, नाखून, नह ।

अय (अयस्) = लोहा ।

जायतेय (जाततेजस्) = अग्नि ।

पाय (पाद) = पाद–चौथा (चतुर्थ) भाग ।

उट्ट (उष्ट्र) = ऊँट ।

नपुंसक शब्द

पाव (पाप) = पाप ।

पावग (पापक) = पाप ।

फंदण (स्पन्दन) = फरकना, थोड़ा-थोड़ा हिलना ।

जुज्झ, जुद्ध (युद्ध) = युद्ध ।
कारण (कारण) = कारण ।
पय (पद) = पद, चरण ।
सत्थ (शस्त्र) = शस्त्र, हथियार ।
महाभय महब्भय (महाभय) = बड़ा भय ।
रय (रजस्) = रज पाप, धूल ।
अरविंद (अरविन्द) = अरविन्द, कमल विशेष ।
दाण (दान) = दान ।
छत्त (छत्र) = छत्र, छत्री, छाता ।
बम्हचेर, बमचेर (ब्रह्मचर्य) = ब्रह्मचर्य, सदाचारवृत्ति, ब्रह्म में परायण रहना ।
सच्च (सत्य) = सत्य ।
अभयप्पयाण (अभयप्रदान) = अभयदान, प्राणियों को निर्भय करना ।
असाय, असात (असात) = असाता होना, सुख न होना, दुःख होना ।
रज्ज (राज्य) = राज्य ।
सरण (शरण) = शरण, आश्रय ।
धीरत्त (धीरत्व) = धीरत्व, धैर्य, धीरता ।
पुप्फ (पुष्प) = पुष्प फूल ।
अत्थ (अस्त्र) = अस्त्र, फेंककर मारने का हथियार ।
सत्थ (शास्त्र) = शास्त्र ।
चेइअ (चैत्य) = चिता ऊपर बनाया हुआ स्मारक चिह्न—छत्री, चरणपादुका, वृक्ष, बुद्ध, मूर्ति आदि ।
साय, सात (सात) = साता, सुख होना ।
गुरुकुल (गुरुकुल) = सदाचारी गुरुओं का निवासस्थान ।
सुत्त (सूत्र) = सूत्र, छोटा वाक्य ।

अव्यय

अलं[1] (अलम्) = वस, पर्याप्त ।
तओ, तत्तो (ततः) = उससे, उसके पश्चात् ।
अवरि, उवरि (उपरि) = ऊपर ।
मुसं, मुसा, मूसा, मोसा (मृषा) = मिथ्या, झूठ, असत्य ।
हु, खु, खो (खलु) = निश्चय ।
एगया (एकदा) = एकदा, एक समय, एक वार ।
धुवं (ध्रुवम्) = निश्चय ।
अज्झप्पं, अज्झत्थं (अध्यात्म) = आत्मा सम्बन्धि, आंतरिक ।
सततं, सययं (सततम्) = सतत, निरन्तर ।
इइ[2], इअ, त्ति, ति, इति (इति) = इति—इस प्रकार, समाप्ति सूचक अव्यय ।

विशेषण

अवज्ज (अवद्य) = अवद्य, न कहने योग्य काम—पाप, दोष ।
अणवज्ज, अनवज्ज (अनवद्य) = पापरहित निर्दोष ।
दुरणुचर (दुरनुचर) = जिसका आचरण कठिन लगे ।
सुत्त (सुप्त) = सुप्त, सोया हुआ ।
सुत्त (सूक्त) = सुभाषित ।
वद्धमाण (वर्धमान) = बढ़ता हुआ ।
गढिय (गृद्ध) = अतिशय लालची ।

---

१. 'अलं' के योग में तृतीया विभक्ति होती है—'अलं जुद्धेण', 'अलं तवेणं' ।

२. 'इति' अव्यय के उपयोग के लिये देखिए पृ० ९६ नि० १३, १४ ।

अहम (अधम) = अधम, नीच, हलका ।
जिइंदिय (जितेन्द्रिय) = इन्द्रियों को जीतनेवाला ।
निरट्ठय (निरर्थक) = निरर्थक, व्यर्थ ।
धीर (धीर) = धीर, धैर्यधारी ।
अणारिय (अनार्य) = अनार्य, आर्य से विपरीत ।
पिय (प्रिय) = प्रिय, इष्ट, प्यारा ।
दुप्पूरिय (दुष्पूर्य) = दुष्पूर्य—जो कठिनता से पूरा हो सके ।
सयल (सकल) = सकल, सब, सम्पूर्ण ।
कुसल (कुशल) = कुशल, चतुर ।
दुरतिक्कम (दुरतिक्रम) = जिसका अतिक्रमण करना कठिन हो ।
मड, मय (मृत) = मृत, मरा हुआ ।
सेट्ठ (श्रेष्ठ) = श्रेष्ठ, उत्तम ।
दंत (दान्त) = तृष्णा का दमन करने वाला, शान्त ।
कड, कय (कृत) = कृत, किया हुआ ।
विविह (विविध) = विविध, भिन्न-भिन्न प्रकार का ।

धातुएँ

भास् (भाष्) = भाषण करना, बोलना ।
प + मय (प्र + माद) = प्रमाद करना, आलस्य करना ।
जुर् (जुर्) = जूरना, वियोग से दुःखित होना ।
तिप्प् = (तिप्) = देना, झरना, रोना ।
पिट्ट (पिट्ट) = पीटना, मारना, पीड़ा देना ।
परि + तप्प (परि + तप्य) = परिताप पाना, दुःखी होना ।
सम् + आ + यर् (सम् + आ + चर) = आचरण करना ।
कप्प् (कल्प) = आवश्यकता होना, उचित होना ।
वज्ज् (वर्ज) = वर्जन करना, रोकना, छोड़ना ।

चय् (त्यज्) = त्यागना, छोडना, तज देना ।
चर् (चर) = चर्वण करना, चबाना, चलना ।
सं + जल् (सं + ज्वल) = जलना, तपना, क्रोध करना ।
अणु + तप्प् (अनु + तप्य्) = अनुताप करना, पश्चात्ताप करना ।
प + यय् (प्र + यत्) = प्रयत्न करना ।
अभि + नि + क्खम् (अभि + निष् + क्रम्) = सदा के लिए घर से निकल जाना, संन्यास लेना ।
परि + हर (परि + हर्) = छोड़ना ।
तच्छ् (तक्ष्) = छीलना, पतला करना ।
अभि + प्प + त्थ / अभिपत्थ } (अभि + प्र + अर्थ) = प्रार्थना करना ।
अभि + जाण् (अभि + ज्ञा) = पहचानना ।
खण् (खन्) = खोदना, कुरेदना ।
परि + च्चय् (परि + त्यज) = परित्याग करना ।

वाक्य

आचार्य कुशलता के लिए सतत प्रयास करते हैं ।
संसार में पाप का बोझ बढता है ।
जैसे-जैसे वासना बढ़ती है वैसे-वैसे लोभ बढ़ता है ।
युद्ध के समय धैर्य दुर्लभ होता है ।
हम निरर्थक नहीं बोलते ।
भँवरे फूलों पर दौड़ते हैं ।
वृक्ष पानी पीते हैं और ताप सहन करते हैं ।
प + ट्ठव् (प्र + स्थाप्) = प्रस्थान करवाना, भेजना ।
वि + ण्णव् (वि + ज्ञप्) = विज्ञापन करना, आज्ञा देना ।
अल्लिव् (अर्पय्) = अर्पण करना ।
ओम्वाल् (उत् + प्लाव)=प्लावित करना ।
वग्गोल (रोमन्थय्, वि + उद् + गार) = व्युद्गार, जुगाली करना ।
परि + आल् (परि + वार्) = परिवृत्त करना, लपेटना ।
पयल्ल (प्र + सर) = फैलना ।
नी + हर् (निर् + सर्)=निकलना ।
समार् (सम् + आ + रच्) = सँवारना, शुद्ध करना ।
सूड्, सूर् (सूद्) = सूदना, नाश करना ।

गढ (घट) = गढ़ना ।

जम्भा (जृम्भ) = जँभाई या उवासी लेना ।

तुवर् (त्वर्) = त्वरा करना, जल्दी करना ।

पेच्छ् (प्र + ईक्ष) = देखना ।

चोप्पड् (म्रक्ष्) = चोपड़ना, घी, तेल वगैरह लगाना ।

अहि + लंख् }
अहि + लंघ } (अभि + लप) = अभिलाषा करना, इच्छा करना ।

चड् (चट्) = चढ़ना, वृक्ष पर चढ़ना, ऊपर चढ़ना ।

नि + क्खाल् }
नि + क्खार् } (नि + क्षाल्)=निखारना, साफ करना, कपड़े आदि धोना ।

वि + च्छल् (वि + क्षल) = धोना ।

सामान्य शब्द (पुंल्लिङ्ग)

खग्ग (खड्ग) = खड्ग, तलवार ।

उप्पाअ (उत्पाद) = उत्पादन, उत्पत्ति ।

रस्सि (रश्मि) = घोड़े की लगाम ।

मुइंग, मिइंग (मृदङ्ग) = मृदंग ।

विंचुअ (वृश्चिक) = विच्छू ।

भिंग (भृङ्ग) = भृंग, भ्रमर ।

सिंगार (शृङ्गार) = शृंगार ।

निव (नृप) = नृप, राजा ।

छप्पअ, छप्पय (षट्पद) = भ्रमर, भँवरा ।

जामाउअ (जामातृक) = जामाता, लड़की का पति ।

मग्गु (मद्गु) = एक प्रकार की मछली ।

सज्ज (षड्ज) = षड्ज—स्वर विशेष, संगीत के सात स्वरों में एक स्वर ।

इसि (ऋषि) = ऋषि ।
थव (स्तव) = स्तुति, स्तवन ।
नेह (स्नेह) = स्नेह, प्रीति ।
सर (स्मर) = स्मर, कामदेव ।
पाउस (प्रावृष)=वर्षा ऋतु, बरसात ।
वुत्तंत (वृत्तान्त) = वृत्तान्त, समाचार ।
नत्तुअ, नत्तिअ (नप्तृक) = नप्तृक, नाती, लड़की का लड़का ।
वुड्ढ (वृद्ध) = वृद्ध, बूढ़ा व्यक्ति ।
खंद (स्कन्द) = स्कन्द, कार्तिकेय ।
हरिअंद (हरिश्चन्द्र) = हरिश्चन्द्र राजा ।

नपुंसकलिङ्ग

दुद्ध (दुग्ध) = दूध ।
सित्थ (सिक्थ) = एक कण मात्र ।
आमलय (आमलक) = आँवला ।
बिंबय (बिम्बक) = प्रतिबिंब ।
कुंडलय (कुण्डलक) = कुण्डल ।
उप्पल (उत्पल) = उत्पल, कमल ।
मसाण (श्मशान) = श्मशान, मसान ।
अहिन्नाण (अभिज्ञान) = अभिज्ञान, निशानी, वह चिन्ह जिसे देखकर पूर्व की घटना का स्मरण होता, स्मृति-चिन्ह ।
चम्म (चर्मन्) = चमड़ा, चाम ।
पुट्ठय (पृष्ठक) = पीठ अथवा पूठा ।

स्त्रीलिंग

गोट्ठी (गोष्ठी) = गोष्ठी ।
विट्ठि, वेट्ठि (विष्टि) = बेगार उतारना, अभिरुचि से काम न करना ।

धत्ती (धात्री) = धात्री, धाय ।
किवा (कृपा) = कृपा ।
घिणा (घृणा) = घृणा ।
सामा (श्यामा) = श्यामा नायिका, युवती स्त्री ।
गोरी (गौरी) = गौरी, पार्वती, गोरी स्त्री ।
रेखा, रेहा, लेहा (रेखा) = रेखा—लकीर ।
किया (क्रिया) = क्रिया—विधि-विधान ।
किसरा (कृसरा) = खिचड़ी ।
समिद्धि (समृद्धि) = समृद्धि ।

विशेषण

मुत्त (मुक्त) = मुक्त, स्वतन्त्र, बंधनहीन ।
सत्त (शक्त) = शक्त, समर्थ, शक्तिमान् ।
भुत्त (भुक्त) = भुक्त–उपभुक्त ।
नग्ग (नग्न) = नग्न, नंगा ।
निठुर (निष्ठुर) = निष्ठुर, कठोर, निर्दयी ।
छट्ठ (षष्ठ) = छठा ।
सत्त (सक्त) = सक्त, आसक्त ।
किलिन्न (क्लृन्न) = भीगा हुआ, आर्द्र ।
निच्चल (निश्चल) = निश्चल ।
गुत्त (गुप्त) = गुप्त, सुरक्षित ।
सुत्त (सुप्त) = सोया हुआ ।
मुद्ध (मुग्ध) = मुग्ध ।

वाक्य (हिन्दी)

दुर्जन पुरुष स्त्री को भ्रष्ट करवाता है ।
माता ने बालक को स्नान करवाया ।

नौकर बच्चों को खेलायेंगे।
बढ़ई लकड़ी को छीलते तो चिकनी होती।
राजा ने घी खरीदवाया।
गोपाल पशु को पानी पिलाए।
भाई बहिन को ससुराल भेजता है।
माता पुत्री के लिए आभूषण गढ़वायेगी।
वह अच्छे-अच्छे कार्यों से कीर्ति फैलाता है।
सेठ चौमासा (चतुर्मास) के पहले घर को साफ करवायेंगे।

वाक्य (प्राकृत)

सेट्ठी सरीरम्मि तेल्ल चोप्पडावइ।
निवो कुमार हत्थिम्मि चडाविहिइ।
भिक्खो भिक्खूणं दाण अल्लिवावसी।
इत्थीओ वेज्जस्स सरीर देक्खावति।
माया पुत्त मिट्ठ किसर अण्हावेहिइ।
नणदा पुत्ति उग्घावती[1] तया पुत्तो न रुवंतो।
विज्जत्थी अन्न विज्जत्थि विहाणम्मि उट्ठावेइ।
गुरू सीस पणामावइ।
महावीरो गोयम सरावइ।
गोयमो लोगे धम्म सुणावइ।

---

१. क्रियातिपत्ति का स्त्रीलिङ्गी रूप है।

वीसहाँ पाठ

भावे तथा कर्मणि-प्रयोग के प्रत्यय*—

ईअ, ईय, इज्ज (य)—(देखिए हे० प्रा० व्या० ८।३।१६०)।

---

* पालिभाषा में भावे तथा कर्मणि प्रयोग के प्रत्यय इस प्रकार है—

य, इय, ईय।

इन प्रत्ययों के लगने के बाद 'ति' 'ते' आदि पुरुषबोधक प्रत्यय लगाने से निम्नोक्त रूप बनते है। 'य' लगाने के बाद अक्षरपरिवर्तन के नियमानुसार 'य' का लोप होता है और शेष व्यंजन का द्विर्भाव होता है।

तुस्—तुस्यते—तुस्सते, तुसियति

पुच्छ्—पुच्छ्यते—पुच्छते, पुच्छियति

मह्—महीयति

मथ्—मथीयति—देखिए पा० प्र० पृ० २३४।

पैशाची भाषा में कर्म में तथा भाव में 'इय्य' प्रत्यय लगता है।

—देखिए हे० प्रा० व्या० ८।४।३१५।

गा + इय्य + ते = गिय्यते (गीयते)।

दा + इय्य + ते = दिय्यते (दीयते)।

रम् + इय्य + ते = रमिय्यते (रम्यते)।

पठ् + इय्य + ते = पठिय्यते (पठ्यते)।

मात्र 'कृ' धातु को 'ईर' प्रत्यय लगता है—

कृ + ईर + ते = कीरते।

कृ + ईर + माणो = कीरमाणो।

—देखिए हे० प्रा० व्या० ८।४।३१६।

किसी भी धातु का भावप्रधान अथवा कर्म-प्रधान अंग बनाना हो तो उसके साथ 'ईअ', 'ईय' और 'इज्ज' इन तीन प्रत्ययों में से कोई एक प्रत्यय लगाना चाहिए।

ये तीनों प्रत्यय केवल वर्तमानकाल, विध्यर्थ, आज्ञार्थ और ह्यस्तन-भूतकाल में ही प्रयुक्त हो सकते हैं। अत भविष्यत्काल तथा क्रियातिपत्ति आदि अर्थ में भावे और कर्मणि प्रयोग, कर्तरि-प्रयोग की भाँति ही समझने चाहिए।

भाव—याने क्रिया, जो प्रयोग मुख्यत क्रिया को ही बताता है वह भावेप्रयोग होता है।

भावेप्रयोग अकर्मक धातुओं से बनता है। हिन्दी व्याकरण में 'रोना, पैदा होना, सोना, ऊंघना, लज्जित होना' आदि धातुएँ ही अकर्मक रूप से प्रसिद्ध हैं। जबकि यहाँ जिस धातु के प्रयोग में कर्म न हो अथवा अध्याहार में कर्म हो, वह सकर्मक धातु भी अकर्मक माना जाता है। इसीलिए खाना, पीना देखना, गढना, करना आदि सकर्मक धातुएँ भी कर्म की अविवक्षा की अपेक्षा से अकर्मक रूप से प्रयुक्त होते हैं। इन दोनों प्रकार के अकर्मक धातुओं का भावेप्रयोग होता है।

जिसे कर्ता क्रिया द्वारा विशेष रूप से चाहता है वह कर्म—छोटो-बडी सभी क्रियाओं का फल। जो प्रयोग कर्म को ही सूचित करता है वह कर्मणि-प्रयोग कहलाता है।

भावे और कर्मणि प्रयोग के अंग—

भावसूचक अंग

बोह्—बोहीअ, बोहिज्ज	सा—साईअ, साइज्ज
उंघ्—उंघीअ, उंघिज्ज	लज्ज—लज्जीअ, लज्जिज्ज
कह्—कहीअ, कहिज्ज	बुह्—बुहीअ, बुहिज्ज
बोल्ल—बोल्लीअ, बोल्लिज्ज	हो—होईअ, होइज्ज।

कर्मसूचक अंग

पा—पाईअ, पाइज्ज ।
दा—दाईअ, दाइज्ज ।
झा—झाईअ, झाइज्ज ।
ला—लाईय, लाइज्ज ।
पढ्—पढीय, पढिज्ज ।
कड्ढ—कड्ढीअ, कड्ढिज्ज ।
घड्—घडीय, घडिज्ज ।
खा—खाइय, खाइज्ज ।
कह्—कहीय, कहिज्ज ।
बोल्ल्—बोलीय, बोल्लिज्ज ।

इस प्रकार धातुमात्र के भाववाची और कर्मवाची अंग बना लेने चाहिए और तैयार हुए इस अंग में वर्तमान आदि कालवाचक तथा पुरुष-बोधक प्रत्यय लगाकर उसके रूप सिद्ध कर लें ।

वर्तमानकालिक

भावप्रधान (उदाहरण)

वीहीअइ, वीहिज्जइ (भीयते) ।
वीह् + ईअ + इ = वीही-अइ, एइ, अए, एए ।
वीह् + इज्ज + इ = वीही,-ज्जइ, ज्जेइ, ज्जए, ज्जेए ।
वीहीएज्ज, वीहीएज्जा }
वीहिज्जेज्ज, वीहिज्जेज्जा } सर्वपुरुष-सर्ववचन में ।

भावप्रधान प्रयोगों में भाव—क्रिया ही मुख्य होती है । प्रथम अथवा द्वितीय पुरुष का प्रयोग इसमें सम्भव नहीं है । इसी प्रकार दो-तीन अथवा इससे अधिक संख्या का प्रयोग भी इसमें नहीं होता । अतः साधारणतः भावेप्रयोग तीसरे पुरुष के एकवचन द्वारा व्यवहार में आता है ।

कर्मप्रधान

भणीयइ, भणिज्जइ गंथो (भण्यते ग्रन्थः) ।
भण् + ईअ + इ = भणी-अइ, एइ, अए, एए ।
भण् + इज्ज + इ = भणि-ज्जइ, ज्जए, ज्जेए ।

मणीयंति गया (भण्यन्ते ग्रन्थाः)

भणिज्जंति ।

मण् + ईय + न्ति = मणी-यंति, येंति, यते, येंत, यइरे, येइरे

मण् + इज्ज + न्ति=मणि-ज्जति, ज्जेंति,-ज्जते, ज्जेंते, ज्जइरे, ज्जेइरे ।

सर्वपुरुष
सर्ववचन } मणीएज्ज, भणिज्जेज्ज।

पुच्छीयसि तुम (पृच्छ्यसे त्वम्) ।

पुच्छिज्जसि

पुच्छ् + ईय + सि = पुच्छी-यसि, येसि, यसे, येसे ।

पुच्छ् + इज्ज + सि = पुच्छि-ज्जसि, ज्जेसि, ज्जसे ।

पुच्छीयामि । पुच्छिज्जामि अह (पृच्छ्ये अहम्) ।

पुच्छ् + ईय + मि = पुच्छी-यमि, यामि, येमि ।

पुच्छ + इज्ज + मि = पुच्छि-ज्जमि, ज्जामि, ज्जेमि ।

सर्वपुरुष } पुच्छीयेज्ज, पुच्छीयेज्जा
सर्ववचन } पुच्छिज्जेज्ज, पुच्छिज्जेज्जा ।

आज्ञार्थ

पुच्छी-यउ, येउ, पुच्छि-ज्जउ, ज्जेउ ।

पुच्छी-यतु, येंतु, पुच्छि-ज्जंतु, ज्जेंतु ।

विध्यर्थ

पुच्छ् + ईय = पुच्छीयिज्जामि, पुच्छीयेज्जामि (अहं पृच्छ्येय) ।

पुच्छीयिज्जामो, पुच्छीयेज्जामो (वयं पृच्छ्येमहि) ।

ह्यस्तनभूतकाल

मण्—भणीअसी, भणीअही, भणीअहीअ, भणीयइत्था, भणीयइत्थ, भणीइंसु, भणीअंसु, भणिज्जसी, भणिज्जही, भणिज्जहीअ, भणिज्जइत्था, भणिज्जइत्थ, भणिंज्जिंसु, भणिज्जंसु ।

अद्यतनभूतकाल

भणीअ, भणित्था, भणित्थ, भणिसु, भणंसु ।

भविष्यत्काल

भणिस्सं, भणेस्सं, भणिस्सामि, भणेस्सामि, भणिहामि, भणेहामि, भणिहिमि, भणेहिमि आदि सभी रूप कर्तरिवाच्य के समान समझें (देखो पाठ १३) ।

क्रियातिपत्ति

भणंतो, भणमाणो, भणेज्ज, भणेज्जा (पुंलिंग) ।

भणंती, भणमाणी (स्त्रीलिंग) ।

भणंता, भणमाणा (,,) ।

प्रेरक भावेप्रयोग और कर्मणिप्रयोग—

१. धातु का प्रेरक भावे अथवा कर्मणिप्रयोगी रूप बनाना हो तो मूलधातु के प्रेरणासूचक एकमात्र 'आवि' प्रत्यय लगाकर उस अंग में भावे और कर्मणि प्रयोग के सूचक उक्त ईअ, ईय, अथवा इज्ज प्रत्यय पूर्वोक्त प्रक्रिया के अनुसार लगा लेने चाहिए ।

अथवा

२. प्रेरणासूचक कोई भी प्रत्यय न लगाकर केवल मूलधातु के उपान्त्य 'अ' को 'आ' करके उसके पीछे उक्त ईअ, ईय अथवा इज्ज प्रत्यय पूर्व की भाँति लगा लें । इस प्रकार भी प्रेरक भावे और प्रेरक कर्मणि-प्रयोग के रूप बन सकते है । इसके सिवाय अन्य किसी भी रीति से प्रेरकभावे अथवा प्रेरककर्मणि प्रयोग के अंग नहीं बन सकते ।

'कर्' अंग के रूप

करावीअइ (काराप्यते) ।

कर् + आवि = करावि + ईअ = करावीअ, करावी-अइ, अए, असि, असे इत्यादि ।

कर्—कार + ईअ = कारीअ-कारी-अइ, अए (कार्यते) ।
कारी-असि, कारी-असे (कार्यसे) ।
कर् + आवि = कराविं + इज्ज = कराविज्ज-ज्जइ, ज्जए (कारायते) ।
कर् + कार—इज्ज = कारिज्ज-कारि-ज्जइ, ज्जए (कार्यते) ।
कारि-ज्जसि, ज्जसे (कार्यसे) ।

इस प्रकार धातुमात्र से प्रेरकभावे और प्रेरककर्मणि के अंग बनाकर सर्वकाल के रूप उक्त प्रक्रिया से तैयार कर लेने चाहिए ।

भविष्यत्काल

कराविहिइ, कराविहिए, कराविस्सते (कारापयिष्यते)
(देखिए पाठ तेरहवाँ)
कराविहिसि, कराविहिसे (कारापयिष्यसे)
कराविस्सामि, कराविहामि, कराविस्स (कारापयिष्ये)
कारिस्सते, कारिहिए (कारयिष्यते) इत्यादि ।

कुछ अनियमित अंग तथा उसके रूप (उदाहरण)

मूलधातु—भा० क० का अंग ।
दरिस्—दीस्[1]—दीसइ (दृश्यते), दीसउ, दीससी, दीसिज्जइ, दीसिज्जउ ।
वच्—वुच्च-वुच्चइ (उच्यते), वुच्चउ, वुच्चसी, वुच्चिज्जइ, वुच्चिज्जउ ।
चिण्— } चिम्म[2]–चिम्मइ (चीयते), प्रे० चिम्माविइ, चिम्माविहिइ,
} चिम्म–चिम्मइ, प्रे० चिम्माविइ, चिम्माविहिइ ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१६१ । दीस और वुच्च ये दोनों अंग केवल वर्तमान, विध्यर्थ, आज्ञार्थ और ह्यस्तनभूत में ही प्रयुक्त होते हैं ।

२. हे० प्रा० व्या० ८।४।२४२-२४३ । चिम्म से लेकर पुव्व पर्यंत के *अंग सह्यभेद के सिवाय कहीं भी प्रयुक्त नहीं होते ।*

हण्[१]—हम्म–हम्मइ (हन्यते), हम्माविइ, हम्माविहिइ।

खण्—खम्म–खम्मए (खन्यते), खम्माविइ, खम्माविहिइ।

दुह्[२]—दुब्भ–दुब्भते (दुह्यते), दुब्भाविइ, दुब्भाविहिइ।

लिह्[२]—लिब्भ-लिब्भए (लिह्यते), लिब्भाविइ, लिब्भाविहिइ।

वह्[२]—वुब्भ–वुब्भए (उह्यते), वुब्भाविइ, वुब्भाविहिइ।

रुंभ्[२]—रुब्भ–रुब्भए (रुध्यते), रुब्भाविइ, रुब्भाविहिइ।

डह्[३]—डज्झ–डज्झए (दह्यते), डज्झाविइ, डज्झाविहिइ।

वंध्[४]—वज्झ–वज्झए (बध्यते), वज्झाविइ, वज्झाविहिइ।

सं[५] + रुध्—संरुज्झ–संरुज्झए (संरुध्यते), संरुज्झाविइ, संरुज्झाविहिइ।

अणु + रुध्—अणुरुज्झ–अणुरुज्झए (अनुरुध्यते), अणुरुज्झाविइ, अणुरुज्झाविहिइ।

उव + रुध्—उवरुज्झ–उवरुज्झए (उपरुध्यते), उवरुज्झाविइ, उवरुज्झाविहिइ।

गम्[६]—गम्म–गम्मए (गम्यते), गम्माविइ, गम्माविहिइ।

हस्—हस्स–हस्सते (हस्यते), हस्साविइ, हस्साविहिइ।

भण्—भण्ण–भण्णते (भण्यते), भण्णाविइ, भण्णाविहिइ।

छुप्, छुव्—छुप्प–छुप्पते (छुप्यते=स्पृश्यते), छुप्पाविइ, छुप्पाविहिइ।

रुव्—रुव्व–रुव्वए (रुद्यते), रुव्वाविइ, रुव्वाविहिइ।

लभ्—लब्भ–लब्भए (लभ्यते), लब्भाविइ, लब्भाविहिइ।

कथ्—कत्थ–कत्थते (कथ्यते), कत्थाविइ, कत्थाविहिइ।

भुंज्—भुज्ज–भुज्जते (भुज्यते), भुज्जाविइ, भुज्जाविहिइ।

हर्[७]—हीर–हीरते (ह्रियते), हीराविइ, हीराविहिइ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२४४। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।२४५।
३. हे० प्रा० व्या० ८।४।२४६। ४. हे० प्रा० व्या० ८।४।२४७।
५. हे० प्रा० व्या० ८।४।२४८। ६. हे० प्रा० व्या० ८।४।२४९।
७. हे० प्रा० व्या० ८।४।२५०।

तर्—तीर्-तीरते (तीर्यते) तीराविइ, तीराविहिइ।
कर्—कीर्-कीरते (क्रियते) कीराविइ, कीराविहिइ।
जर्—जीर्-जीरते (जीर्यते) जीराविइ, जीराविहिइ।
अज्ज्[1]—विढप्प-विढप्पते (अर्ज्यते) विढप्पाविइ, विढप्पाविहिइ।
जाण्[2]—णज्ज—णज्जत (ज्ञायते) णज्जाविइ, णज्जाविहिइ।
णव्व—(णव्वते) णव्वाविइ, णव्वाविहिइ।
[3]वि + आ + हर्—वाहर्—वाहिप्पते (व्याह्रियते) वाहिप्पाविइ, वाहिप्पाविहिइ।
गह्[4]—घेप्प-घेप्पते (गृह्यते) घेप्पाविइ, घेप्पाविहिइ।
छिव्[5]—छिप्प-छिप्पते (स्पृश्यते) छिप्पाविइ, छिप्पाविहिइ।
सिच्[6]—सिप्प-सिप्पते (सिच्यते) सिप्पाविइ, सिप्पाविहिइ।
सिह्[6]— „ „ (स्निह्यते)
जिण्[8]—जिव्व-जिव्वते (जीयते) जिव्वाविइ, जिव्वाविहिइ।
सुण्—सुव्व-सुव्वते (श्रूयते) सुव्वाविइ, सुव्वाविहिइ।
हुण्—हुव्व-हुव्वते (हूयते) हुव्वाविइ, हुव्वाविहिइ।
थुण्—थुव्व-थुव्वते (स्तूयते) थुव्वाविइ, थुव्वाविहिइ।
लुण्—लुव्व-लुव्वते (लूयते) लुव्वाविइ, लुव्वाविहिइ।
धुण्—धुव्व-धुव्वते (धूयते) धुव्वाविइ, धुव्वाविहिइ।
पुण्—पुव्व-पुव्वते (पूयते) पुव्वाविइ, पुव्वाविहिइ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२५१। 'विढप्प' यह अग 'अर्ज' धातु के अर्थ में प्रयुक्त होता है लेकिन उसका मूलस्वरूप 'अज' में नहीं, 'अृज'—'अज्ज' और विढप्प में परस्पर कोई समानता नहीं उपलब्ध होती।
२. हे० प्रा० व्या० ८।४।२५२। ३. हे० प्रा० व्या० ८।४।२५३। ४. हे० प्रा० व्या० ८।४।२५६। ५ हे० प्रा० व्या० ८।४।२५७। ६ हे० प्रा० व्या० ८।४।२५५। ७ हे० प्रा० व्या० ८।४।२५४। ८. हे० प्रा० व्या० ८।४।२४२।

*स्त्रीलिङ्ग सर्वादि शब्द

'सव्वी' 'सव्वा' 'ती' 'ता' 'जी' 'जा' 'की' 'का' 'इमी' 'इमा' 'एई' 'एआ' और 'अमु' इत्यादि स्त्रीलिंगी सर्वादि शब्दों के रूप 'माला', 'नदी' (? धेणु) की भाँति होते हैं।

विशेषता यह है।

ती, ता / णी, णा } (तत् का स्त्री० ता) शब्द के रूप

प्र० सा (सा) तीआ, तीउ, तीओ, ती।
ताउ, ताओ, ता (ताः)

द्वि० तं (ताम्) तीआ, तीउ, तीओ, ती
णं ताउ, ताओ, ता (ताः)

तृ० तीअ, तीआ[1] तीई, तीए, तीहि, तीहिं, तीहिँ।
ताअ, ताई, ताए, (तया) ताहि, ताहिं, ताहिँ।

च० } से[2] सि[3]
तास, तिस्सा, तीसे
प० } (तस्यै, तस्याः)
तीअ, तीआ, तीइ, तीए तेसि (तासाम्)
ताअ, ताइ, ताए ताण, ताणं (तानाम् ?)

स० ताहि[4] (तस्याम्) तासु, तासुं (तासु)
तीअ, तीआ, तीइ, तीए।
ताअ, ताइ, ताए।

'णी' और 'णा' के रूप भी 'ती' और 'ता' के समान ही होते हैं।

---

* स्त्रीलिंगी 'सर्व' आदि शब्दों के पालिरूप के लिए देखिए पा० प्र० पृ० १४०, १४३, १४५, १४७, १५० वगैरह।

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।२९। २. हे० प्रा० व्या० ८।३।६२।६४। ३. हे० प्रा० व्या० ८।३।८१। ४. हे० प्रा० व्या० ८।३।६०।

जो, जा (यत् का स्त्री० या) शब्द के रूप

प्र० जा (या) जोआ, जोउ, जोओ, जो ।
जाउ, जाओ, जा (याः)

द्वि० जं (याम्) ,, ,, ,, (,,)

च०
प० } जास, जिस्सा, जीसे (यस्यै, यस्याः) जाण, जाणं (यासाम्) (यानाम् ?)

जीअ, जोआ, जीइ, जीए ।

जाअ, जाइ, जाए ।

स० जाहि (यस्याम्) जासु (यासु)

जीअ, जोआ, जीइ, जोए, जासुं

जाअ, जाइ, जाए ।

की, का (किम् का स्त्री० का) शब्द के रूप

प्र० का (का) कोआ, कोउ, कोओ, को ।
काउ, काओ, का (काः)

द्वि० कं (काम्) ,, ,, ,, (,,)

च०
प० } किस्सा, कीसे, कास (कस्यै, कस्याः) काण, काणं (काभ्यः, कासाम्)

कोअ, कीआ, कोइ, कोए ।

काअ, काइ, काए ।

स० काहिं कीसु, कीसुं

कोअ, कीआ, कोइ, कोए कासु, कासुं (कासु)

काअ, काइ, काए (कस्याम्)

अमु (अदस्) शब्द के रूप

	एकव०	बहुव०
प्र०	अह[1], अमू	अमुउ, अमूओ, अमू (अमूः)

शेष रूप 'धेणु' की भाँति होंगे।

सामान्य शब्द

केवट्ट (कैवर्त) = केवट, खेवट, नौका चलानेवाला।
जट्ट (जर्त)) = एक जाति, जाट, कृषक, किसान जाति के लोग।
धुत्त (धूर्त) = धूर्त, शठ, वंचक।
मुहुत्त (मुहूर्त) = मुहूर्त।
सम्ह (सह्य) = सह्याद्रि, एक पर्वत विशेष।
गुम्ह (गुह्य) = गुह्यक—यक्ष, गुह्य—गुप्त, गूढ।
सव्वज्ज (सर्वज्ञ) = सर्वज्ञ, सब को जाननेवाला।
देवज्ज (दैवज्ञ) = दैव—भाग्य को जाननेवाला।
किलेस (क्लेश) = क्लेश, कलह।
पिलोस (प्लोष) = प्लोष—दाह, दहन।
कलाव (कलाप) = कलाप—समूह।
साव (शाप) = शाप, शाप।
सवह (शपथ) = शपथ, सौगन्ध।
पल्हाअ (प्रह्लाद) = 'प्रह्लाद' नामक एक राजकुमार।
आल्हाअ, आल्हाद (आह्लाद) = आह्लाद, आनन्द।
पज्ज (प्राज्ञ) = प्राज्ञ, बुद्धिमान्।
सिलोग, सिलोअ (श्लोक) = श्लोक, कीर्ति।
सिलिम्ह (श्लेष्मन्) = श्लेष्म, कफ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।८७।८८।८९।

कासव (काश्यप) = कश्यप गोत्र का ऋषि-ऋषभदेव अथवा महावीर स्वामी।

कविल (कपिल) = कपिल ऋषि।

वाक्य (हिन्दी)

केवट से सरोवर तिरा जाता है।

पिता द्वारा प्रह्लाद बांधा जाता है।

कश्यप द्वारा चण्डाल स्पर्श किया जाता है।

राजा द्वारा कीर्ति इकट्ठी की जाती है।

कपिल द्वारा तत्त्व कहा जाता है।

ऋषभदेव द्वारा धर्म कहा जाता है।

सर्वज्ञ द्वारा क्लेश जीते जाते हैं।

उसके द्वारा शास्त्र सुनाया जाता है।

जिसके द्वारा बकरा होमा जाता है उसके द्वारा धर्म नही जाना जाता।

वाक्य (प्राकृत)

निवेण सत्तुणो जिव्वंति।

गोवालेण गउओ दुब्भते।

भारवहेहिं भारो वुब्भए।

दायारेण दाणेण पुण्णाइ लब्भंते।

मुणिणा संजमो घप्पते।

मालाआरेण जलेण उज्जाणाणि सिप्पंते।

कसिवलेण तणाइं लूव्वंति।

सोयारेहिं मत्थयाइं धुव्वंते।

वद्धमाणेण मम घरं पुव्वते।

बालेण गामो गम्मइ।

बालेहिं हस्सइ।

इक्कीसवाँ पाठ

व्यञ्जनान्त शब्द

प्राकृत में रूपाख्यान के समय कोई भी शब्द व्यञ्जनान्त नहीं रहता। अतः सभी के रूप स्वरान्त की भाँति समझने चाहिए। 'अत्' और 'अन्' अन्त वाले नामों (शब्दों) के रूप में जो विशेषता है वह इस प्रकार है:—

नाम के अन्त में वर्तमान कृदन्त-सूचक 'अत्'[1] प्रत्यय के स्थान में 'अंत' तथा मत्वर्थीय 'मत्' प्रत्यय के स्थान में 'मंत'[2] अथवा 'वंत'[2] का व्यवहार होता है।

अत्—भवत्—भवत।

गच्छत्—गच्छत।

नयत्—नयत, नेंत।

गमिष्यत्—गमिस्सत।

भविष्यत्—भविस्संत।

मत्—भगवत्—भगवंत।

गुणवत्—गुणवंत।

धनवत्—धणवत।

ज्ञानवत्—णाणवंत, नाणवंत।

नीतिमत्—नीइवत, णीइवंत।

ऋद्धिमत्—रिद्धिवंत।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१८१। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१५९।

'अन्त' प्रत्ययान्त नामों के सभी रूप अकारान्त नाम (शब्द) की भाँति होते हैं :—

भगवंतो, भगवंतं, भगवंतेण इत्यादि रूप 'वीर' की भाँति समझने चाहिए।

'अत्' प्रत्ययान्त नामों के कुछ अनियमित रूप

भगवत्

प्र० ए० भगवं[1] (भगवान्)

प्र० व० भगवंतो (भगवन्तः)

तृ० ए० भगवता, भगवया (भगवता)

प० ए० भगवतो, भगवओ (भगवतः)

सं० ए० भगवं[2] !, भयवं !, भयव ! (हे भगवन् !)

भवत्

प्र० ए० भवं[3] (भवान्)

प्र० व० भवंतो (भवन्तः)

द्वि० ए० भवंतं (भवन्तम्)

द्वि० व० } भवतो (भवतः)
भवओ

तृ० ए० } भवता (भवता)
भवया

प० व० } भवतो (भवतः)
भवओ (,,)

प० व० भवयाण (भवताम्)

'अन्' प्रत्ययान्त नामों के 'अन्' को विकल्प से 'आण' होता है (हे० प्रा० व्या० ८।३।५६ ।) । जैसे—

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६५ । २. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६४।

३. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६५ ।

अध्वन्—[अध्व् + अन् = अद्ध + आण = अद्धाण] अद्धाण अद्ध ।

आत्मन्—अप्पाण, अप्प अत्ताण, अत्त ।

उक्षन्—उच्छाण उच्छ उक्खाण उक्ख ।

ग्रावन्—गावाण, गाव ।

युवन्—जुवाण, जुव ।

तक्षन्—तच्छाण, तच्छ तक्खाण तक्ख ।

पूषन्—पूसाण, पूस ।

ब्रह्मन्—बम्हाण, बम्ह ।

मघवन्—मघवाण, मघव ।

मूर्धन्—मुद्धाण, मुद्ध ।

राजन्—रायाण, राय ।

श्वन्—साण, स ।

सुकर्मन्—सुकम्माण, सुकम्म ।

इन सब नामों के रूप अकारान्त नाम की भाँति बना लेना चाहिए —

अद्धाणो, अद्धाण, अद्धाणण ।

अद्धो, अद्ध, अद्धेण ।

साणो, साण, साणण ।

सो, स, सेण ।

रायाणो, रायाण, रायाणण ।

रायो, राय, रायण इत्यादि ।

जब नाम (शब्द) के अन्तिम 'अन्' को 'आण' नहीं होता तब उनके कुछ अन्य रूप भी बनते हैं ।

*'राय' (राजन्) शब्द के रूप

	एकव०	बहुव०
प्र०	÷राया[1] (राजा)	राइणो[2], रायाणो[3] (राजानः)
द्वि०	राइणं[4] (राजानं)	,, ,, रण्णो[5] (राज्ञः)

* पालि भाषा में राजन् वगैरह शब्दों के रूप थोड़े भिन्न होते हैं। जैसे—प्राकृत में 'राय' शब्द है वैसे पालि में 'राज' शब्द है। पालि में 'राज' शब्द के रूप अकारान्त के समान होते हैं।

राजा	राजानो
राजानं, राजं	राजानो
राजेन	राजेभि, राजेहि इत्यादि।

प्राकृत में जहाँ 'रण्णा' जैसे दो णकारवाले रूप होते हैं वहाँ पालि में रञ्ञा, रञ्ञो ऐसे दो 'ञ्ञ' कार वाले रूप होंगे और प्राकृत में जहाँ राइणा, राइणो इत्यादिक 'इ' कार वाले रूप होते है वहाँ पालि में राजिना, राजिनो इत्यादि रूप बनेंगे और तृ० बहु० राजूभि तथा च०-प० बहुवचन में राजूनं, रञ्ञं सप्तमी के एकवचन में राजिनि, बहुव० में राजुसु इत्यादिक रूप होते हैं (देखिए पा० प्र० पृ० १२३)।

पालि में अत्त, अत्तन, अत्तान (आत्मन्) के रूप अकारान्त 'वुद्ध' के समान होते हैं। विशेषता यह है कि द्वि० व० अत्तानो, तृ० ए० अत्तना, च०-प० ए० अत्तनो, च०-प० व० अत्तानं, स० ए० अत्तनि ऐसे रूप भी होते है।

ब्रह्म, ब्रह्मु (ब्रह्मन्) के रूप :—

प्र० ब्रह्मा, ब्रह्मानो

द्वि० ब्रह्मानं ,,

तृ० ब्रह्मुना इत्यादि होते है।

पालि में 'ब्रह्मु' के रूप उकारान्त की तरह होंगे।

तृ०	राइणा[६], रण्णा (राज्ञा)	राईहि[७], राईहिं, राईहिँ (राजभि)
च०	राइणो[८], रण्णो + (राज्ञ)	राईण[९], राईण, राइण[९] (राज्ञाम्)
प०	राइणो[८], रण्णो (राज्ञ)	राइत्तो[१०], राईतो, राईओ राईउ (राजत) राईहि, राईहितो (राजभ्य)
ष०	राइणो, रण्णो (राज्ञ)	राईण[९], राईण, (राज्ञाम्) राइण[९]

अद्ध, अद्ध (अध्वन्) के रूप पालि में ब्रह्म, ब्रह्म‌ की तरह समझें।

इसी प्रकार युवान, युव (युवन्), स, सान (श्वन्) के रूपों के लिए पा० प्र० पृ० १२५ से १२७ तक देख लें और पुम, पुमु (पुमन्) के रूप के लिए भी देखिए पा० प्र० पृ० १३०–१३१ ।

— मागधी में 'लाया', 'लाइणो', 'लायाणो' इत्यादि रूप होंगे ।

+ पैशाची में 'रण्णा' के स्थान में 'राचिञा', 'रण्णो' के स्थान में राचिञो' रूप भी होता है (हे० प्रा० व्या० ८।४।३०४) और प्राकृत में जहाँ 'ण्ण'—दो ण कारयुक्त रूप है वहाँ पैशाची में 'ञ्ञ'—दो ञकार युक्त रूप होता है (हे० प्रा० व्या० ८।४।३०३) ।

१ हे० प्रा० व्या० ८।३।४९ । २. हे० प्रा० व्या० ८।३।५०।५२ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।३।५० । ४ हे० प्रा० व्या० ८।३।५३ । ५. हे० प्रा० व्या० ८।२।४२ । तथा ८।१।३७ । यह 'रण्णो' रूप 'राज ' शब्द से सिद्ध करना । ६ हे० प्रा० व्या० ८।३।५१।५२ तथा ५५ । ७ हे० प्रा० व्या० ८।३।५४ । ८. हे० प्रा० व्या० ८।३।५०।५२ तथा ५५ । ९ हे० प्रा० व्या० ८।३।५४ । तथा ५३ । १० हे० प्रा० व्या० ८।३।५४ ।

स० राइंसि[११], राइम्मि (राज्ञि) राइसु[१२], राईसुं (राजसु)
सं० हे राया ! (हे राजन् !) राइणो, रायाणो (राजानः)

अत्त अथवा अप्प (आत्मन्=आत्मा) शब्द के रूप

प्र० अप्पा[१३], अत्ता (आत्मा) अप्पाणो (आत्मानः)
द्वि० अप्पिणं[१४], अत्ताणं (आत्मानम्) ,, (,,)
तृ० अप्पणिआ[१५], अप्पणइआ अप्पेहि, अप्पेहिं, अप्पेहिँ
अप्पणा, (आत्मना) (आत्मभिः)
अत्तणा
च० } अप्पाणो (आत्मनः) अप्पिणं (आत्मनाम्)
प० } अत्तणो
पं० अप्पाणो (आत्मनः) अप्पत्तो, अप्पतो (आत्मतः)
इत्यादि ।

'पूस' (पूषन्=इन्द्र, सूर्य) शब्द के रूप

प्र० पूसा (पूषा) पूसाणो (पूषणः)
द्वि० पूसिणं (पूषणं) ,, (पूष्णः)
तृ० पूसणा (पूष्णा) पूसहि, पूसहिं, पूसहिँ (पूषभिः)
च० } पूसाणो (पूष्णः) पूसिणं (पूष्णाम्)
प० }
पं० ,, ,, पूसत्तो, पूसतो (पूषतः)
इत्यादि ।

---

११. हे० प्रा० व्या० ८।३।५२ । १२. हे० प्रा० व्या० ८।३।५४ ।
१३. हे० प्रा० व्या० ८।३।४९ । १४. हे० प्रा० व्या० ८।३।५३ ।
१५. हे० प्रा० व्या० ८।३।५७ ।

मघव, महव (मघवन्) शब्द के रूप

प्र० मघव[1], मघवा (मघवा) मघवाणो (मघवन्त)

इत्यादि 'पूसा' की भाँति।

रूप की प्रक्रिया

प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	+	णो
द्वि०	इण	
तृ०	णा	
च०, प०	णो	इण
ष०	णो	
स०	+	णो

+ इस चिह्न वाले अर्थात् प्रथमा और सम्बोधन के एकवचन में राय, पूस, मघव, आदि नामों के अन्त्य स्वर को दीर्घ होता है —

राय = राया, मघव = मघवा, पूस = पूसा।

'णा' प्रत्यय को छोड 'ण'कारादि प्रत्यय पर रहने पर पूस आदि शब्दों के अन्त्य स्वर को दीर्घ होता है —

पूस + णो = पूसाणो, राय + णो = रायाणो।

अपवाद

प्रथमा और सम्बोधन के सिवाय णकारादि प्रत्यय परे रहने पर 'राय के स्थान में 'राइ' और 'रण्' का उपयोग होता है। जैसे—

राय + णा = राइणा, रण्णा।

राय + णो = राइणो, रण्णो।

---

1. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६५।

प्रथमा और सम्बोधन के बहुवचन में 'णो' प्रत्यय लगने पर 'राय' के स्थान में केवल 'राइ' का ही उपयोग होता है।

'इणं' प्रत्यय परे रहने पर 'राय' के 'य' कार का लोप हो जाता है। जैसे—

राय + इणं = राइणं (राजानम्)

राय + इणं = राइणं (राज्ञाम्)

संकेत :—राइ + ण = राईण, राईणं इन रूपों में 'इणं' प्रत्यय नहीं है बल्कि षष्ठी बहुवचन का 'ण' प्रत्यय है।

'अन्' प्रत्ययान्त किसी-किसी शब्द को तृतीया के एकवचन में 'उणा' और पञ्चमी तथा षष्ठी के एकवचन में 'उणो' प्रत्यय लगता है। जैसे :—

कम्म (कर्मन्)

कम्म + उणा = कम्मुणा (कर्मणः)।

कम्म + उणो = कम्मुणो (कर्मणः)।

कुछ अनियमित रूप

मणसा (मनसा)

मणसो (मनसः)

मणसि (मनसि)

मणसि (मनसि)

वयसा (वचसा)

सिरसा (शिरसा)

कायसा (कायेन)

कालधम्मुणा (कालधर्मेण)

*'तद्धित' प्रत्ययों का उदाहरण

१ 'उसका यह'—इस अर्थ में 'केर' प्रत्यय लगता है। जैसे—

अम्ह + केर = अम्हकेर[1] (अस्माकं इदम्—अस्मदीयम्)=हमारा।

तुम्ह + केर = तुम्हकेर (युष्माकम्-इदम्=युष्मदीयम्) = तुम्हारा।

पर + केर=परकेर (परस्य इदम्=परकीयम्) = पराया।

राय + केर = रायकेर (राज्ञः इदम् = राजकीयम्) = राजा का।

२. 'तत्र भव'—'उसमें होने वाला' अर्थ मे 'इल्ल' और 'उल्ल' प्रत्ययों का उपयोग होता है। जैसे—

गाम + इल्ल = गामिल्ल[2] (ग्रामे भव) = ग्राम में होनेवाला।

घर + इल्ल = घरिल्ल (गृहे भव) = घरेलू, घर में होने वाला।

अप्प + उल्ल = अप्पुल्ल (आत्मनि भव) = आत्मा में होनेवाला।

नयर + उल्ल = नयरुल्ल (नगरे भव) = नगर में होनेवाला।

३ 'इव'—'उसके जैसा' अर्थ में 'व्व'[3] प्रत्यय का उपयोग होता है। यथा :—

महुर व्व पाडलिपुत्ते पासाया (मथुरावत् पाटलिपुत्रे प्रासादा)।

४. 'इमा'[4], 'त्त', 'त्तण' प्रत्यय 'भाव'* अर्थ का सूचक है। जैसे—

पीणा + इमा = पीणिमा (पीनिमा-पीनत्वम्) = पीनत्व, पीनता, मोटापा, मोटापन।

---

* पालि भाषा में तद्धित प्रत्ययों को समझ के लिए सकीर्णकल्प में आया हुआ 'तद्धित' का प्रकरण देखना चाहिए (देखिए पा० प्र० पृ० २५६-२६१)।

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१४७। २ हे० प्रा० व्या० ८।२।१६३।

३ ८।२।१५०। ४ हे० प्रा० व्या०८।२।१५४।

* 'भाव' अर्थ में पालि में भी 'त्तन' प्रत्यय होता है।

देव + त्त = देवत्तं (देवत्वम्) = देवपना, देवत्व ।

वाल + त्तण = वालत्तणं (वालत्वं) = बचपन, शिशुत्व, वालत्व ।

५. 'वार' *अर्थ को बताने के लिए 'हुत्तं'[1] और 'खुत्तो' प्रत्यय का उपयोग होता है। जैसे :—

एग + हुत्तं = एगहुत्तं (एककृत्वः–एकवारम्) = एक वार ।
ति + हुत्तं = तिहुत्तं (त्रिकृत्वः–त्रिवारम्) = तीन वार ।
ति + खुत्तो = तिखुत्तो
तिक्खुत्तो } (त्रिकृत्वः ,,) ,,

६. आल[2], आलु, इत्त, इर, इल्ल, उल्ल', मण, मंत और वंत आदि प्रत्यय 'वाले' अर्थ को प्रकट करते हैं। जैसे :—

आल—रस + आल = रसाल (रसवान्) = रसवाला ।
जटा + आल = जटाल (जटावान्) = जटाओं वाला ।

आलु—दया + आलु = दयालु (दयालुः) = दयालु, दयावाला ।
लज्जा + आलु = लज्जालु (लज्जालुः) = लज्जावाला ।

इत्त — मान + इत्त = माणइत्तो (मानवान्) = मानवान, मानवाला ।

इर — रेहा + इर = रेहिरो (रेखावान्) = रेखावान, रेखावाला ।
गव्व + इर = गव्विरो (गर्ववान्) = गर्ववान, गर्ववाला ।

इल्ल—सोभा + इल्ल = सोभिल्लो (शोभावान्) = शोभावान् ।

---

*'वार' अर्थ में 'क्खत्तु'' प्रत्यय होता है जैसे—द्विक्खत्तु—दो वार। आर्ष प्राकृत में 'हुत्तं' का प्रयोग कम दीखता है परन्तु 'क्खुत्तो' का प्रयोग अधिक होता है। जैसे—दुक्खुत्तो (दो वार), तिक्खुत्तो (तीन वार) ऐसे रूप होते हैं।

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१५८ । २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१५९ ।

उल्ल—सद्द + उल्ल = सद्दल्लो (शब्दवान्) =शब्दवान्, शब्दवाला।
मण—धण + मण = धणमणो (धनवान्) =धनवान।
सोहा + मण = साहामणो (शोभावान्) =सुहावना, शोभावान्।
बीहा + मण = बीहामणो (भयवान्) =भयावना, भय वाला।
मत—धी + मत = धीमता (धीमान्) =धीमत, बुद्धिमान्।
वत—भत्ति + वत = भत्तिवतो (भक्तिमान्) =भक्तिवत।

७ 'त्तो'[1] प्रत्यय पञ्चमी विभक्ति को सूचित करता है।

सव्व + त्ता = सव्वत्तो (सर्वत) =सब प्रकार से, सब ओर से।
क + त्ता = कत्तो (कुत) =कहाँ से, किससे।
ज + त्तो = जत्तो (यत) =जहाँ से, जिससे।
त + त्तो = तत्तो (तत) =वहाँ से, उससे।
इ + त्तो = इत्तो (इत) =यहाँ से, इससे।

८ 'हि'[2], 'ह' और 'त्थ' प्रत्यय सप्तमी के अर्थ सूचित करते हैं। जैसे :—

ज + हि = जहि (यत्र) = यहाँ।
ज + ह = जह ,, ,,
ज + त्थ = जत्थ (यत्र) ,,
त + हि = तहि (तत्र) = वहाँ।
त + ह = तह ,, ,,
त + त्थ = तत्थ ,, ,,
क + हि = कहि (कुत्र) = कहाँ।
क + ह = कह ,, ,,
क + त्थ = कत्थ (कुत्र) ,,

---

१. हे० प्रा० व्या ८।२।१६०। २ हे० प्रा० व्या० ८।२।१६१।

९. 'उसका तेल'[1]—इस अर्थ में 'एल्ल' (तेल[2]) प्रत्यय का प्रयोग होता है। जैसे :—

कडुअ + एल्ल = कडुएल्लं (कटुकस्य तैलम्–कटुकतैलं) = कड़ुवा तेल, सरसों का तेल।

दीव + एल्ल = दीवेल्लं (दीपस्य तैलम्–दीपतैलम्) = दीपक का तेल।

एरंड + एल्ल = एरंडेल्लं (एरण्डस्य तैलम्–एरण्ड तैलम्) = एरण्डी–का तेल।

धूप + एल्ल = धूपेल्लं (धूपस्य तैलम्–धूपतैलम्) = धूपयुक्त तेल।

१०. 'स्वार्थ'[3] अर्थ को सूचित करने के लिए 'अ', 'इल्ल' और 'उल्ल' प्रत्यय का व्यवहार विकल्प से होता है। जैसे :—

चन्द्र + अ = चन्द्रओ, चन्द्रो (चन्द्रकः) = चाँद, चन्द्रमा।

पल्लव + इल्ल = पल्लविल्लो, पल्लवो (पल्लवकः) = पल्ला, किनारा।

हत्थ + उल्ल = हत्थुल्लो, हत्थो (हस्तकः) = हाथ।

११. कुछ अनियमित तद्धित :—

एक्क[4] + सि = एक्कसि
एक्क + सिअं = एक्कसिअं } (एकदा) = एक समय।
एक्क + इआ = एक्कइआ

भ्रू[5] + मया = भुमया } (भ्रूः) = भौंह।
भ्रू + मया = भमया

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१५५। २. दीपस्य तैलं—'दीपतैलं' शब्द में 'तैल' शब्द ही किसी समय अपना स्वतन्त्र व्यक्तित्व खोकर प्रत्यय बना होगा। इसीलिए भाषा में (गुजराती भाषा में) 'धूपेल' में तैल शब्द समा गया है तो भी 'धूपेल तेल' शब्द का व्यवहार होता है।

३. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६४। ४. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६२। ५. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६७।

सण[1] + इअ = सणिअं (शनैः) = धीरे-धीरे ।

उवरि[2] + ल्ल = अवरिल्लो (उपरितनः) = ऊपर का ।

ज[3] + एत्तिअ = जेत्तिअ
ज + एत्तिल = जेत्तिलं } (यावत्) = जितना ।
ज + एद्दह = जेद्दहं

त + एत्तिअ = तेत्तिअं
त + एत्तिल = तेत्तिल } (तावत्) = उतना ।
त + एद्दह = तेद्दहं

क + एत्तिअ = केत्तिअ
क + एत्तिल = केत्तिल } (कियत्) = कितना ।
क + एद्दह = केद्दह

एत + एत्तिअ = एत्तिअ } (एतावत्) = इतना ।
एत + एत्तिल = एत्तिल्ल
एत + एद्दह = एद्दह } (इयत्) ,,

पर[4] + क्क = परक्क, पारक्क (परकीयम्) = पराया ।

राय + क्क = रायक्क (राजकीयम्) = राजा का, राज का ।

अम्ह[5] + एच्चय = अम्हेच्चय (अस्मदीयम्) = हमारा ।

तुम्ह + एच्चय = तुम्हेच्चय (युष्मदीयम्) = तुम्हारा ।

सव्वग[6] + इअ = सव्वगिअ (सर्वाङ्गीणम्) = सर्वाङ्गीण, सब अंगों में व्याप्त ।

पह[7] + इअ = पहिओ (पथिक.) = पथिक ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६८ । २ हे० प्रा० व्या० ८।२।१६६ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।१५७ ।

४. हे० प्रा० व्या० ८।२।१४८ । ५. हे० प्रा० व्या० ८।२।१४९ । ६. हे० प्रा० व्या० ८।२।१५१ । ७. हे० प्रा० ८।२।१५२ ।

अप्प[1] + णय = अप्पणयं (आत्मीयम्) = अपना ।

कुछ वैकल्पिक रूप

नव[2] + ल्ल = नवल्लो, नवो (नवक:) = नया, नवीन ।

एक + ल्ल + एकल्लो, एक्को (एकक:) = एक, अकेला ।

मनाक्[3] + अयं = मणयं }
,, + इयं = मणियं } (मनाक्) = थोडा, इषत् ।

मिस्स[4] + आलिअ = मीसालिअं, मीसं (मिश्रम्) = मिश्र—मिला हुआ, ममाले वाला आदि ।

दीघ[5] + र = दीघरं, दीघं, दिग्घं, (दीर्घं) = दीर्घ, लम्बा ।

विज्जु[6] + ल = विज्जुला (विद्युत्) = बिजली ।

पत्त + ल = पत्तलं, पत्त (पत्रम्) = पत्तल, पत्ता ।

पीत + ल = पीअलं, पीतलं, पीवलं, पीअं (पीतम्) = पीला ।

अन्ध + ल = अंधलो (अन्ध:) = अन्धा ।

तद्धितान्त शब्द

धणि (धनिन्) = धनी, धनाढ्य, साहुकार, श्रीमंत ।

अत्थिअ (आर्थिक) = आर्थिक, अर्थ सम्बन्धी ।

आरिस (आर्ष) = ऋषिओं द्वारा भाषित, कहा हुआ ।

मईय (मदीय) = मेरा ।

कोसेय (कौशेय) = कौशेय, रेशमी वस्त्र ।

हेट्ठिल (अधस्तन:) = नीचे का ।

जया (यदा) = जब ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१५३ । २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६५ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६९ । ४. हे० प्रा० व्या० ८।२।१७० । ५. हे० प्रा० व्या० ८।२।१७१ । ६. हे० प्रा० व्या० ८।२।१७३ ।

अण्णया (अन्यदा) = अन्य समय में।
तवस्सि (तपस्विन्) = तपस्वी।
मणंसि (मनस्विन्) = मनस्वी, बुद्धिमान।
काणीण (कानीन) = कन्या का पुत्र—व्यास ऋषि।
वम्मय (वाङ्मय) = वाङ्मय, शास्त्र।
पिआमह (पितामह) = दादा, पिता का पिता।
उवरिल्ल (उपरितन) = ऊपर का।
कया (कदा) = कब।
सव्वया (सर्वदा) = हमेशा, सर्वदा, सदैव।
रायण्ण (राजन्य) = राजपुत्र, राजकुमार।
अत्थिअ (आस्तिक) = आस्तिक, ईश्वर को माननेवाला।
भिक्ख (भैक्ष) = भिक्षा।
नाहिअ, नत्थिअ (नाहिक—नास्तिक) = नास्तिक, पाप-पुण्य को नहीं माननेवाला।
पीणया (पीनता) = पुष्टता, मोटापा।
मायामह (मातामह) = नाना, माता का पिता।
सव्वहा (सर्वथा) = सब प्रकार से।
तया (तदा) = तब।

वाक्य (हिन्दी)

प्रजा के दु:ख से दु:खी राजा द्वारा एकबार भोजन किया जाता है।
वहाँ पराये बालकों द्वारा रोया जाता है।
घरेलू वस्तु आँखों द्वारा देखी जाती है।
मुनि द्वारा मधु खाया नहीं जाता।
वह मन, वचन और काया से किसी को नहीं मारता।
जीव कर्म द्वारा ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र होता है।

मेरे द्वारा रोया जाता है और तेरे द्वारा हँसा जाता है।
गुरु द्वारा शिष्य को ग्रन्थ पढ़ाया जाता है।
भील द्वारा पर्वत जलाया जाता है।
महावीर द्वारा समभाव के साथ धर्म कहा जाता है।

वाक्य (प्राकृत)

अप्पणा अप्पा लब्भई।
रण्णा रज्जं भुज्जइ।
राईहि पयाण दुहाणि लुब्भंति।
तीए पइणा सह सिप्पते।
मघवाणो वंभणेहि थुब्भंति।
अत्थिएण अत्थो चिम्मई।
आरिसाणि वयणाणि कविलेण वुच्चंति।
राइणा सहाए कोसेयं परिहिज्जइ।
इत्थीए मत्थयम्मि थूपेल्ल दीसइ।
सक्खं खु दीसइ तवविसेसो।
न दीसइ जाइविसेसो को वि।

बाइसवाँ पाठ

कुछ नाम धातुएँ

संस्कृत में प्रेरक प्रक्रिया के अतिरिक्त और भी अनेक प्रक्रियाएँ हैं। जैसे सनन्त[1], यङन्त, यङ्लुगन्त और नामधातु प्रक्रिया। परन्तु प्राकृत में इनक लिए कोई विशेष विधान नहीं है। आप प्राकृत में इन प्रक्रियाओं के कुछेक रूप अवश्य उपलब्ध होते हैं। अत वर्ण विकार अथवा उच्चारण-भेद के नियमों द्वारा उन्हें सिद्ध कर लेना चाहिए।

सनन्त—सुस्सूसइ (शुश्रूषति)=सुनने की इच्छा करता है, शुश्रूषा—सेवा करता है।

वीमसा (मीमासा) =विचार करना।

यङन्त—लालप्पइ (लालप्यते) = लप-लप करता है, बकवास करता है।

यङलुगन्त—चकमइ (चक्रमीति) = चक्रमण करता है, घूमता रहता है।

चकमण (चङ्क्रमणम्) = चक्रमण-घूमा घूमा करता है।

नाम धातु—गरुआइ (गुरुकायते) = गुरु की भाँति रहता है।

गरुआअइ (,,) = गुरु क जैसा दिखावा करता है।

अमराइ, अमराअइ } (अमरायते) = अमर-देववत आचरण करता है, अपने आपको देव समझता है।

तमाइ, तमाअइ } (तमायते) = तम-अँधेरा जैसा है, अँधेरा करता है।

---

१. पालि में भी सनन्त, यङन्त यङ्लुगन्त तथा नामधातु के रूपों के लिए देखिए पा॰ प्र॰ पृ॰ २२९-२३३।

धूमाइ } (धूमायते) = धूआँ निकालता है, धुएँ
धूमाअइ } का उद्गमन करता है।

सुहाइ } (सुखायते) = सुख का अनुभव होता है,
सुहाअइ } अच्छा लगता है।

सद्दाइ } (शब्दायते) = शब्द करता है।
सद्दाअइ }

नामधातु के उक्त संस्कृत रूपों में जो 'य' दिखाई देता है प्राकृत में उसका विकल्प से लोप हो जाता है। यह नियम केवल नामधातु में ही लगता है।

कृदन्त

हेत्वर्थ[1] कृदन्त*

मूल धातु में 'तुं' और 'त्तए'[2] प्रत्यय लगाने पर हेत्वर्थ कृदन्त§ रूप बनते हैं।

---

१. हे० प्रा० व्या ८।३।१२८।

* पालि में धातु को 'तुं' तथा 'तवे' प्रत्यय लगाने से हेत्वर्थ कृदन्त बनते हैं (देखिए पा० प्र० पृ० २५७)। जैसे—

पा० कत्तुं प्रा० कातुं

पा० कत्तवे प्रा० करित्तए इत्यादि।

हेत्वर्थ कृदन्त के 'तुं' प्रत्यय के स्थान में शौरसेनी और मागधी में 'दुं' प्रत्यय होता है तथा पैशाची में तो 'तुं' प्रत्यय ही लगता है। जैसे :—

शौरसेनी—हस् = + दुं = हसिदुं

मागधी—हश् + दुं = हशिदुं

पैशाची—हस् + तुं = हसितुं।

२. हेत्वर्थ कृदन्त बनाने के लिए वैदिक संस्कृत में 'तवे' प्रत्यय का उपयोग होता है। प्राकृत का 'त्तए' और वैदिक 'तवे' प्रत्यय बिल्कुल समान है। 'त्तए' प्रत्यय वाले रूप आर्ष प्राकृत में विशेषतः उपलब्ध होते हैं।

'तु' और 'तए' प्रत्यय परे रहने पर पूर्व के 'अ' को 'इ' अथवा 'ए' होता है।

तु—

भण् + तुं— { भणितु,[2] भणेतु / भणिउ, भणेउ, } (भणितु) = पढने के लिए।

हो + तु— { होतु, होइउं / होउ, होएउ } (भवितुं) = होने के लिए।

§ अपभ्रंश भाषा में धातु को एव, अण, अणहं, अणहिं, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु इसमें से कोई प्रत्यय लगाने से हेत्वर्थ कृदन्त बनते हैं। जैसे—

चय् + एवं = चयेवं (त्यक्तुम्)
दा + एव = देवं (दातुम्)
भुज् + अण = भुजण (भोक्तुम्)
कर् + अण = करण (कर्तुम्)
सेव् + अणहं = सेवणहं (सेवितुम्)
भुज् + अणहं = भुजणहं (भोक्तुम्)
मुच् + अणहिं = मुचणहिं (मोक्तुम्)
सुव् + अणहिं = सुवणहिं (स्वप्तुम्)
कर् + एप्पि = करेप्पि (कर्तुम्)
जि + एप्पि = जेप्पि (जेतुम्)
कर् + एप्पिणु = करेप्पिणु (कर्तुम्)
बोल्ल + एप्पिणु = बोल्लेप्पिणु (वक्तुम्)
चर् + एवि = चरेवि (चरितुम्)
पाल् + एवि = पालेवि (पालयितुम्)

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१५७। २. व्यञ्जनान्त धातु के अन्त में 'अ' हमेशा होता है और स्वरान्त धातु के अन्त में 'अ' विकल्प से होता है। यह एक साधारण नियम है। जैसे—

प्रेरक हेत्वर्थ कृदन्त

(मूलधातु के प्रेरक अंग बनाने के लिए देखिए पाठ १९वाँ)

भण्—भणावि + तुं = भणावितुं } (भणापयितुम्) = पढ़ाने के लिए।
भणाविउ }

त्तए—

कर् + त्तए = करित्तए, करेत्तए (कर्तवे–कर्तुम्) = करने के लिए।

गम् + त्तए = गमित्तए, गमेत्तए (गन्तवे, गन्तुम्) = जाने के लिए।

आहर् + त्तए = आहरित्तए, आहरेत्तए (आहर्तवे, आहर्तुम्) = आहार करने के लिए।

दल् + त्तए = दलइत्तए, दलएत्तए (दातवे–दातुम्) = देने के लिए।

(आहरित्तए के बदले 'आहारित्तए' रूप भी उपलब्ध होता है और 'दल + त्तए' में 'अइ' का आगम होता है।)

हो + त्तए = होइत्तए, होएत्तए (भवितवे–भवितुं) = होने के लिए।

हो + त्तए = होत्तए (भवितवे–भवितुं) = होने के लिए।

सुस्सूस + त्तए = सुस्सूसित्तए, सुस्सूसेत्तए (शुश्रूषितवे–शुश्रूषितुम्) = शुश्रूषा करने के लिए।

चंकम + त्तए = चंकमित्तए } (चंक्रमितवे–चङ्क्रमितुम्) = चंक्रमण
चंकमेत्तए } करने के लिए।

भण्—भणावि + त्तए = भणावित्तए } (भणापयितवे–भणापयितुम्) = पढ़ाने के लिए।

अनियमित हेत्वर्थ कृदन्त

कर् + तुं = कातुं, काउं, कट्टुं, कट्टु (कर्तुम्) = करने के लिए।

भण् + तुं – भण + तुं = भणितुं, भणेतुं

हो + तुं—होअ + तुं = होइतुं, होएतुं

हो + तुं— होतुं

गेण्ह + तु = घेत्तु (ग्रहीतु) = ग्रहण करने लिए।
दरिस् + तु = दट्ठु (द्रष्टुम्) = देखने के लिए।
भुज् + तु = भात्तु (भोक्तुम्) = भोगने के लिए, खाने के लिए।
मुञ्च् + तु = मोत्तु (मोक्तुम्) = मुक्त होने के लिए, छूटने के लिए।
रुद् + तु = रोत्तु (रोदितुम्) = रोने के लिए।
वच् + तु = वात्तु (वक्तुम) = बोलने के लिए।
लह् + तु = लद्धु (लब्धुम्) = लेने के लिए प्राप्त करने के लिए।
रुध् + तु = रोद्धु (रोद्धुम्) = रोकने के लिए, निरोध करने के लिए।
युध् + तु = योधु, जोद्धु (योद्धुम्) = युद्ध करने के लिए।

सम्बन्धक भूतकृदन्त*

मूल धातु में तु, तूण, तुआण, अ, इत्तु इत्ताण, आए और आए (इन आठ प्रत्ययों में से कोई एक) प्रत्यय लगाने पर सम्बन्धक भूतकृदन्त

---

* पालि में धातु को 'त्वा', त्वान' तथा 'तून' प्रत्यय तथा 'य'-प्रत्यय लगाने से सम्बन्धक भूतकृदन्त के रूप बनते हैं। जैसे—

पालि—करित्वा प्रा० करित्ता।

पालि—हसित्वान प्रा० हसित्ताण।

,, कत्तून प्रा० कातून।

,, आदाय प्रा० आदाय (देखिए पा० प्र० पृ० २५५ से २५६)।

शौरसेनी तथा मागधी भाषा में सम्बन्धक भूतकृदन्त के सूचक 'इय,' और 'दूण' प्रत्यय हैं। जैसे—

हो + इय = हविय प्रा० होत्ता स० भूत्वा
हो + दूण = होदूण ,, ,,
पढ + इय = पढिय पढित्ता सं० पठित्वा
पढ + दूण = पढिदूण ,,

बनता है। 'तुं' इत्यादि पहले चार प्रत्यय परे रहने पर पूर्व के 'अ' को 'इ' और 'ए' विकल्प से होते हैं।

'तूण', 'तुआण' और 'इत्ताण' प्रत्यय के 'ण' के ऊपर अनुस्वार विकल्प[2] से होता है। जैसे—तूण, तूणं, तुआण, तुआणं, इत्ताण, इत्ताणं।

तुं—

हस् + तुं— { हसितुं, हसेतुं / हसिउं, हसेउं } (हसित्वा) = हंसकर।

हो + अ + तुं – { होइतुं, होएतुं / होइउं, होएउं } (भूत्वा) = होकर।

हो + तुं – होतुं, होउं (भूत्वा) = होकर।

तूण—

हस् + तूण – { हसितूण, हसेतूण / हसिऊण, हसेऊण } (हसित्वा) = हँसकर।

---

* पालि में सम्बन्ध भूतकृदन्त के उदाहरण—

रम् + इय = रमिय प्रा० रंता सं० रन्त्वा

रम् + दूण = रंदूण ,, ,,

पैशाची भाषा में 'दूण' के स्थान पर 'तून' प्रत्यय होता है। जैसे—

गम् + तून = गंतून (गत्वा)

हस् + तून = हसितून (हसित्वा)

पढ् + तून = पढितून (पठित्वा)

अपभ्रंश भाषा में इ, इउ, इवि, अवि, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु इनमें से कोई भी प्रत्यय लगाने से सम्बन्धक भूतकृदन्त बनता है। जैसे—

लह् + इ = लहि (लब्ध्वा)

कर् + इउ = करिउ (कृत्वा)

हो + अ + तूण = होइतूण होएतूण } (भूत्वा) = होकर
होइऊण, होएऊण

हो + तूण = होतूण, होतूण } (भूत्वा) = होकर
होऊण, होऊण

तुआण—

हस् + तुआण = हसितुआण, हसेतुआण } (हसित्वा) = हँसकर
हसिउआण, हसेउआण

कर् + इवि = करिवि (,,)
कर् + अवि = करवि (,,)
कर + एप्पि = करेप्पि (,,)
कर् + एप्पिणु = करेप्पिणु (,,)
कर् + एवि = करेवि (,,)
कर् + एविणु = करेविणु (,,)

अपवाद—

शौरसेनी में सिर्फ 'कृ' धातु का तथा 'गम्' धातु का सम्बन्धक भूतकृदन्त 'कडुअ' तथा 'गडुअ' होता है।

संस्कृत में जहाँ 'ष्ट्वा' होता है तो वहाँ पैशाची में ड्डून तथा त्थून प्रत्यय होता है। जैसे—

नष्ट्वा पैशाची—नद्धून, नत्थून
तष्ट्वा ,, —तद्धून, तत्थून।

अपभ्रंश में केवल 'गम्' धातु का सम्बन्धक भूतकृदन्त का रूप 'गम्प्पि' और 'गम्पिणु' भी होते हैं।

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१४६। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२७।

हो + अ + तुआण = होइतुआण, होएतुआण } (भूत्वा) = होकर
होइउआण, होएउआण }

हो + तुआण = होतुआण, होउआण (भूत्वा) = होकर

अ—

हस् + अ = हसिअ, हसेअ (हसित्वा) = हँसकर

हो + अ + अ = होइअ, होएअ (भूत्वा) = होकर

हो + अ = होअ ,, ,,

इत्ता—

हस् + इत्ता = हसित्ता, हसेत्ता (हसित्वा) = हँसकर

इत्ताण—

हस् + इत्ताण = हसित्ताण, हसेत्ताण (हसित्वा) = हँसकर

आय—

गह् + आय = गहाय (गृहीत्वा) = ग्रहण करके

आए—

आय + आए = आयाए (आदाय) = ग्रहण करके

संपेह + आए = संपेहाए (संप्रेक्ष्य) = खूब विचार करके

('आय' और 'आए' प्रत्यय का उपयोग जैन आगमों की भाषा में प्रायः उपलब्ध होता है ।)

इसी प्रकार सुस्सूसितुं, सुस्सूसितूण, सुस्सूसितुआण, सुस्सूसिअ, सुस्सूसित्ता, सुस्सूसित्ताण (शुश्रूषित्वा = शुश्रूषा करके); चंकमि + तुं—मितूण–मितुआण, मिअ, मित्ता, मित्ताण (चंक्रमित्वा = चंक्रमण करके) इत्यादि रूप भी समझ लें ।

प्रेरक सम्बन्धक भूतकृदन्त

भणावि + तुं—वितूण–वितुआण, विअ, वित्ता–वित्ताण (भणापयित्वा)
= पढ़वा कर

हासि + तुं = सितूण, सितुआण, सिअ, सित्ता, सित्ताण (हासयित्वा)
= हँसा कर

अनियमित सम्बन्धक भूतकृदन्त

कर् + तु = कातु[1], काउ, कट्टु कर् + तूण = कातूण, काऊण कर् + तुआण = कातुआण, कातुआण	(कृत्वा) = करके
गह् + तु = घेत्तु[2] ,, + तूण = घेत्तूण, घेत्तूण ,, + तुआण = घेत्तुआण, घेत्तुआण	(गृहीत्वा) = ग्रहण करके
दरिस + तु = दट्ठु[3], दट्ठु ,, तूण = दट्ठूण, दट्ठूण ,, तुआण = दट्ठुआण, दट्ठुआण	(दृष्ट्वा) = देखकर
भुञ्ज् + तु = मात्तु[4] ,, तूण = भोत्तूण, मोत्तूण ,, तुआण = मोत्तुआण, मोत्तुआण	(भुक्त्वा) = भोजन करके, खा कर, भोग कर।
मुञ्च् + तु = मात्तु ,, तूण = मातूण, मोत्तूण ,, तुआण = मात्तुआण, मात्तुआण	(मुक्त्वा) = छोड़कर, त्याग कर।

इसी प्रकार—

'रुद्' ऊपर से रोत्-रोत्तु, रोत्तूण, रोत्तुआण, (रुदित्वा) = रोकर, 'वच्' धातु से वोत—वोत्तु, वोत्तूण, वोत्तुआण (उक्त्वा) = बोल कर; 'वद्' धातु से वदितु, वदित्तु[5] (वन्दित्वा) = वन्दना करके, 'कर्' से कट्टु, कट्टु (कृत्वा) = करके।

(निर्देश —'वदित्तु' और 'कट्टु' में 'तु' के ऊपर का अनुस्वार लोप भी हो जाता है।)

---

१ हे० प्रा० व्या० ८।४।२१४। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।२१०। ३ हे० प्रा० व्या० ८।४।२१३। ४ हे० प्रा० व्या० ८।४।२१२। ५ हे० प्रा० व्या० ८।२।१४६।

आयाय (आदाय) = ग्रहण करके

गच्चा, गत्ता (गत्वा) = जाकर

किच्चा, किच्चाण (कृत्वा) = करके

नच्चा, नच्चाण (ज्ञात्वा) = जान कर

नत्ता (नत्वा)= नम कर, झुककर

वुज्झा (बुद्ध्वा) = जान कर

भोच्चा (भुक्त्वा) = खा कर, भोग कर

मत्ता, मच्चा (मत्वा) = मान कर

वंदित्ता (वन्दित्वा) = वन्दना करके

विप्पजहाय (विप्रजहाय, विप्रहाय) = त्याग कर, छोड़कर

सोच्चा (श्रुत्वा) = सुनकर

सुत्ता (सुप्त्वा) = सोकर

आहच्च (आहत्य) = आघात करके, पछाड़कर

साहट्टु (संहृत्य) = संहार करके, बलात्कार करके

हंता (हत्वा) = मार कर

आहट्टु (आहृत्य) = आहार करके

परिन्नाय (परिज्ञाय) = जानकर

चिच्चा, चेच्चा, चइत्ता (त्यक्त्वा) = छोड़कर

निहाय (निधाय) = स्थापित कर

पिहाय (पिधाय) = ढाँक कर

परिच्चज्ज (परित्यज्य) = परित्याग करके, छोड़कर

अभिभूय (अभिभूय) = अभिभव करके, तिरस्कार करके

पडिवुज्झ (प्रतिबुध्य) = प्रतिबोध पाकर ।

उच्चारणभेद से उत्पन्न इन सभी अनियमित रूपों को सावनिका-संस्कृत रूपों द्वारा ही समझी जा सकती है । इसके अतिरिक्त अन्य अनेक अनियमित रूप भी संस्कृत की तरह समझ लें ।

तेइसवाँ पाठ

विध्यर्थ कृदन्त* के उदाहरण

मूलधातु में †तव्व, अणीअ, अथवा अणिज्ज प्रत्यय लगाने से विध्यर्थ कृदन्त बनते हैं। तव्व प्रत्यय के पूर्व 'अ' को 'इ' और 'ए'[1] होता है।

तव्व—

हस् + तव्व—हसितव्वं, हसेतव्वं, हसिअव्वं, हसेअव्वं } (हसितव्यम्) = हंसना चाहिए, हंसने योग्य।

हो + तव्व—होइतव्वं, होएतव्वं, होइअव्वं, होएअव्वं, होतव्वं, होयव्व, होअव्वं } (भवितव्यम्) = होने योग्य, होना चाहिए।

ना + तव्व— नातव्वं, नायव्वं (ज्ञातव्यम्) = जानने योग्य, जानना चाहिए।

---

*पालि भाषा में तव्व, अनीय और 'य' प्रत्यय लग कर धातु का कृत्य प्रत्ययात रूप बनता है। जैसे, भवितव्वं। सयनीयं। कारियं। तथा देय्य, मेय्यं, मेतव्वं, मातव्वं, कच्चं (कृत्यम्), भच्चो (भृत्य) वगैरह रूप होते हैं (दे० पा० प्र० पृ० २५४)। †अपभ्रंश भाषा में 'तव्व' के स्थान में 'इएव्वउं', 'एव्वउं' तथा 'एवा' प्रत्यय का उपयोग होता है। जैसे—

कर + इएव्वउं—करिएव्वउं (कर्तव्यम्), सह + एव्वउं—सहेव्वउं (सोढव्यम्), जग्ग + एवा—जग्गेवा (जागरितव्यम्)।

1. हे० प्रा० व्या० ८।३।१५७।

चिव्व + तव्व—चिव्वितव्वं, चिव्वेतव्वं } (चेतव्यम्) = इकट्ठा करने
चिव्विअव्वं, चिव्वेअव्वं } योग्य, इकट्ठा करना चाहिए।

अणीअ, अणिअ—

हस् + अणीअ—हसणीअं, हसणीयं } (हसनीयम्) = हँसने योग्य,
हस् + अणिअ—हसणिज्जं } हँसना चाहिये।

प्रेरक विध्यर्थ कृदन्त

हसावि + तव्व—हसावितव्वं } (हसावयितव्यम्) = हँसाने योग्य, हँसाना
हसाविअव्वं } चाहिए।
हसावियव्वं }

हसावि + अणीअ } हसावणीअं, हसावणीयं } (हसापनीयम्)
हसावि + अणिज्ज } हसावणिज्जं }

इसी प्रकार वयणीयं, वयणिज्जं, करणीयं, करणिज्जं, सुस्सूसितव्वं, चंकमितव्वं, सुस्सूसणिज्जं, सुस्सूसणीयं इत्यादि रूप समझ लेना चाहिये।

अनियमित विध्यर्थ कृदन्त

कज्जं (कार्यम्) = करने योग्य।

किच्चं (कृत्यम्) = कृत्य।

गेज्झं (ग्राह्यम्) = ग्रहण करने योग्य।

गुज्झं (गुह्यम्) = छुपाने योग्य, गुप्त रखने योग्य।

वज्जं (वर्ज्यम्) = वर्जने योग्य, निरोध करने योग्य।

अवज्जं (अवद्यम्) = नहीं बोलने योग्य, पाप।

वच्चं (वाच्यम्) = बोलने योग्य।

वक्क (वाक्यम्) = कहने योग्य, वाक्य।

कातव्वं }
कावंव्य } (कर्तव्यम्) = कर्तव्य, करने योग्य।
काअव्वं }

जन्न (जन्यम्) = जन्य, पैदा होने योग्य।

भिच्चो (भृत्य) = भृत्य, नौकर ।
भज्जा (भार्या) = भार्या, भरण-पोषण करने योग्य स्त्री ।
अज्जो (अर्य) = अर्य—वैश्य—स्वामी ।
अज्जो (आर्य.) = आर्य ।
पच्च (पाच्यम्) = पचने योग्य ।
भव्वं (भव्यम् = होने योग्य ।
घेतव्व (ग्रहीतव्यम्) = ग्रहण करने योग्य ।
वोत्तव्वं (वक्तव्यम्) = कहने योग्य ।
रोत्तव्व (रुदितव्यम्) = रुदन करने योग्य, रोने योग्य ।
भोत्तव्वं (भोक्तव्यम्) = भोजन करने योग्य, भोगने योग्य ।
मोत्तव्व (मोक्तव्यम्) = छोड़ने योग्य ।
दट्ठव्व (द्रष्टव्यम्) = देखने योग्य ।

चौबीसवाँ पाठ

वर्तमान कृदन्त

मूल धातु में 'न्त'[1], 'माण' और 'ई' प्रत्यय लगाने से उसके वर्तमान कृदन्त रूप बनते हैं। परन्तु 'ई' प्रत्यय केवल स्त्रीलिङ्ग में ही प्रयुक्त होता है। 'न्त', 'माण' और 'ई' प्रत्यय परे रहते पूर्व के 'अ' को विकल्प से 'ए' होता है।

न्त—

भण् + न्त—भणंतो, भणेंतो, भणितो, (भणन्) = पढ़ता हुआ।
भणंत, भणेंतं, भणितं (भणन्) = पढ़ता हुआ।
भणंती[1], भणेंती, भणिती, (भणन्ती) = पढ़ती हुई।
भणंता, भणेंता, भणिता[1] (भणन्ती) = ,, ,,

हो + अ + न्त—होअंतो, होएंतो, होइंतो (भवन्) = होता हुआ।
होंतो, हुंतो
होअंतं, होअेंतं, होइंतं (भवत्) = होता हुआ।
होंतं, हुंतं
होअंती, होएंती, होइंती (भवन्ती) = होती हुई।
होअंता, होएंता, होइता (,,) = ,,
होंती, होंता
हुती, हुता

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१८१। तथा १८२।

माण—

भण् = माण—भणमाणो, भणेमाणो (भणमान) = पढ़ता हुआ ।

भणमाण, भणेमाण (भणमानम्) = पढ़ता हुआ ।

भणमाणी, भणेमाणी (भणमाना) = पढ़ती हुई ।

भणमाणा, भणेमाणा

हो + अ + माण—होअमाणो, होएमाणो, (भवमानः) = होता हुआ ।

होमाणो

होअमाणं, होएमाणं, (भवमानम्) = होता हुआ ।

होमाण

होअमाणी, होएमाणी
होअमाणा, होएमाणा } (भवमाना) = होती हुई ।
होमाणी, होमाणा

ई—

भण् + ई—भणई, भणेई (भणन्ती) = पढ़ती हुई ।

हो + अ—ई—होअई, होएई, होई (भवन्ती) = होती हुई ।

इसी प्रकार कर्तरि प्रेरक अंग, सामान्य भावे अंग, सामान्य कर्मणि अंग तथा प्रेरक भावे और कर्मणि अंग को उक्त तीनों प्रत्ययों में से एक लगाने से उसके वर्तमान कृदन्त बनते हैं ।

